वाराणसी, शुक्रवार, 14 अप्रैल, 2023

बैशाख मास, कृष्ण पक्ष 9, वर्ष 12, अंक 65, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित



अन्दर : शिक्षित बनो, संगठित रहो, आगे बढ़ो



अन्दर : क्या वनडे विश्व कप भी नहीं खेलेंगे जसप्रीत बुमराह?

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# माफिया अतीक के बेटे असद का एनकाउंटर

## उमेश की हत्या के 48 दिन बाद असद झांसी में एनकाउंटर में ढेर, शूटर गुलाम भी मारा गया

**लखनऊ/झांसी।** उमेश पाल हत्याकांड में यूपी एसटीएफ ने बड़ी कार्रवाई की है। माफिया अतीक अहमद के बेटे असद और शूटर गुलाम अहमद का एनकाउंटर किया गया है। यूपी एसटीएफ ने यह कार्रवाई झांसी में की है। उमेश पाल हत्याकांड में पांच लाख के इनामी असद और शूटर गुलाम का एनकाउंटर कर दिया गया है। प्रयागराज एसटीएफ की टीम ने दोनों को झांसी में मार गिराया। उमेश पाल की हत्या के बाद से पांचों शूटर फरार थे। इनमें से असद और गुलाम को आज एसटीएफ ने मार गिराया। जबकि पुलिस ने घटना के चार दिन बाद एनकाउंटर में अरबाज को मार गिराया। छह मार्च को उस्मान उर्फ विजय को एनकाउंटर में ढेर कर दिया गया था। उमेश पाल को 24 फरवरी 2023 को उनके घर में घुसकर गोलियों से भून दिया गया था। अतीक अहमद का बेटा असद समेत छह शूटर गोली और बम मारते हुए सीसीटीवी में दिखे थे। अगले दिन उमेश की पत्नी ने अतीक, अशरफ, शाइस्ता, अतीक के बेटे, गुड्डू मुस्लिम, उस्मान समेत अतीक के कई अज्ञात गुर्गों और सहयोगियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने उस्मान उर्फ विजय चौधरी को पहले ही एनकाउंटर में ढेर कर दिया था। असद, गुलाम, गुड्डू मुस्लिम, साबिर और अरमान पर पांच-पांच लाख का इनाम घोषित किया गया था। एसटीएफ के अधिकारियों के मुताबिक, बृहस्पतिवार दोपहर झांसी में असद और गुलाम के होने की सूचना पर टीम ने घेराबंदी की। दोनों ने फायरिंग की। जवाबी फायरिंग में दोनों ढेर हो गए। उनके पास से विदेशी पिस्टल मिली है। असद अहमद पर एक मुकदमा था और पांच लाख का इनाम था। गुलाम पर छह मुकदमे थे और पांच लाख का इनाम था। झांसी में पुलिस एनकाउंटर में मारा गया असद अहमद के तीसरे नंबर का बेटा था। बड़ा बेटा उमर लखनऊ जेल में बंद है। दूसरे नंबर का अली नैनी जेल में है। चौथे और पांचवे नंबर के नाबालिग बेटे बाल सुधार गृह राजरूपपुर में हैं।

एसटीएफ ने असद के पास से अत्याधुनिक ब्रिटिश बुलडॉग रिवाल्वर बरामद की है। यह अत्याधुनिक विदेशी पिस्टल है। एक राउंड में 12 फायर इस पिस्टल से किए जा सकते हैं। असद ने इसी पिस्टल से एसटीएफ पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। जिसके जवाबी कार्रवाई में असद मारा गया। वहीं, उसके साथी गुलाम के पास वाल्थर पी 88 पिस्टल थी। यह भी अत्याधुनिक स्वचालित विदेशी पिस्टल है मकसूद ने भी 12 राउंड फायर किए थे। एसटीएफ टीम में 2 कमांडो भी मौजूद थे। उनके पास स्वचालित हथियार थे। कमांडो ने भी जवाबी फायरिंग की जिसमें असद और गुलाम ढेर हो गए। दोनों के शव पुलिस ने कब्जे में लेकर उसे मेडिकल कॉलेज भिजवाया है। मुठभेड़ की सूचना मिलते ही एसएसपी राजेश एस समेत अन्य मौके पर पहुंच गए। एनकाउंटर को लेकर कुछ देर पहले राजधानी में स्पेशल डीजी लॉ एंड आर्डर प्रशांत कुमार ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की है। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि यूपी पुलिस अपराधियों के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई जरूरत पड़ने पर आगे भी करती रहेगी। उन्होंने कहा कि यूपी डीजीपी और सरकार ने अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को लगातार जारी रखा है।

### यूपी एसटीएफ ने की बड़ी कार्रवाई

**दोनों पर पांच लाख का था इनाम, सीएम योगी ने टीम को दी बधाई, बैठक कर कानून व्यवस्था का लिया जायजा**

**केशव बोले-हत्यारों को सजा मिलना तय, ब्रिटिश बुलडॉग रिवाल्वर से असद ने पुलिस पर झोंका था फायर, गुलाम के पास थी वाल्थर पी88 पिस्टल**

**उमेश की मां और पत्नी बोलीं-बहुत सुकून मिला, स्पेशल डीजी का खुलासा-काफिले पर हमला कर अतीक-अशरफ को छुड़ाने का मिला था इनपुट**



### सीएम योगी ने एसटीएफ को दी बधाई

उमेश पाल हत्याकांड में फरार चल रहा माफिया अतीक अहमद का बेटा असद अहमद और शूटर गुलाम के एनकाउंटर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने अधिकारियों की तारीफ की और वरिष्ठ अफसरों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री योगी ने यूपीएसटीएफ के साथ, यूपी डीजीपी, स्पेशल डीजी और पूरी पुलिस टीम की सराहना की। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने इस एनकाउंटर की जानकारी मुख्यमंत्री योगी को दी। पूरे मामले की रिपोर्ट सीएम योगी को सौंप दी गई है।

### यूपी पुलिस और एसटीएफ के लिए जरूरी केस था : अमिताभ

अतीक अहमद के बेटे असद अहमद के एनकाउंटर पर यूपी एसटीएफ के एडीजी अमिताभ यश ने कहा कि यह यूपी पुलिस और एसटीएफ के लिए जरूरी केस था क्योंकि एक केस में एक मुख्य गवाह जिसे यूपी पुलिस ने सुरक्षा प्रदान की थी उसकी हत्या कर दी गई थी। इस केस में आज दो शूटर को एनकाउंटर में मारा गया। इनके पास से परिष्कृत विदेशी हथियार मिले। यूपी के डिप्टी सीएम केपी मौर्य ने पूर्व सांसद अतीक अहमद के बेटे असद और सहयोगी के पुलिस मुठभेड़ में मारे जाने के बाद यूपी एसटीएफ को बधाई दी है। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि हत्यारों को सजा मिलना तय था। उन्होंने कहा कि अपराधियों के साथ अपराधी जैसा व्यहवार होना चाहिए।

### आज दिल को सुकून मिला है : जया पाल

उमेश पाल की पत्नी जया ने कहा कि इंसाफ की शुरूआत हो गई है। जो हुआ अच्छा हुआ। उन्होंने कहा कि आज दिल को सुकून मिला है। अतीक का भी हो एनकाउंटर तब होगा असली न्याय मिलेगा। उमेश की मां शांतिपाल ने कहा कि हम तो पहले से मांग कर रहे थे कि उनका एनकाउंटर किया जाए। योगी जी का बहुत-बहुत धन्यवाद जो उनका एनकाउंटर किया गया। पुलिस ने अपना फर्ज अदा किया है जो उन्हें करना चाहिए था। जो भी हुआ है वह कानूनी आधार पर फैसला हुआ है। यह लोग इतने दिन से भागदौड़ कर रहे थे। पुलिस ने उनको अंजाम तक पहुंचा दिया है। मुख्यमंत्री जी का बहुत आभार है, बहुत अच्छा फैसला किया है मेरी आत्मा को संतुष्टि मिली है। इन्होंने मेरे बेटे और उसके पीछे बैठे गनर को गोलियां मारी थीं। आज एनकाउंटर से बहुत सुकून मिला है।

## कर्नाटक में बीजेपी को झटका

बेंगलुरू। आगामी विधानसभा चुनाव के लिए टिकट ना मिलने से नाराज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और मुडिगेरे से तीन बार के विधायक एम पी कुमारस्वामी ने बृहस्पतिवार को पार्टी से इस्तीफा देने की घोषणा की। कुमारस्वामी ने भाजपा द्वारा टिकट काटे जाने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सी टी रवि को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि वह विधायक के तौर पर भी विधानसभा अध्यक्ष को जल्द ही अपना इस्तीफा सौंप देंगे। भाजपा ने बुधवार रात 23 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी थी। इसके मुताबिक भाजपा ने कुमारस्वामी के स्थान पर दीपक डोड्डैया को मुडिगेरे से अपना उम्मीदवार बनाया है। कुमारस्वामी ने टिकट नहीं मिलने पर भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सीटी रवि पर निशाना साधा और कहा कि वह अपने समर्थकों और अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के साथ चर्चा करने के बाद अपने अगले कदम पर फैसला करेंगे। विधायक ने टिकट नहीं मिलने का कारण उनके और रवि के बीच व्यक्तिगत प्रतिद्वंद्विता को बताया। अटकलें लगाई जा रही हैं कि अनुसूचित जाति समुदाय से ताल्लुक रखने वाले कुमारस्वामी जनता दल (सेक्यूलर) में शामिल हो सकते हैं या बतौर निर्दलीय उम्मीदवार भी चुनाव में उतर सकते हैं।

**टिकट नहीं मिलने से नाराज एम पी कुमारस्वामी ने पार्टी छोड़ी**









# सजा पर राहुल को राहत नहीं

## सूरत सेशंस कोर्ट 20 अप्रैल को सुनाएगी फैसला

**अहमदाबाद।** मोदी सरनेम मानहानि केस में सूरत सेशंस कोर्ट 20 अप्रैल को अपना फैसला सुनाएगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अपील पर कोर्ट में करीब छह घंटे तक सुनवाई चली। इसके बाद कोर्ट फैसले को सुरक्षित रख लिया और 20 अप्रैल को फैसला सुनाने का ऐलान किया। सेशंस कोर्ट में 12 बजे के बाद राहुल गांधी की अपील पर सुनवाई हुई तो सबसे पहले राहुल गांधी के वकीलों ने कोर्ट के समक्ष अपनी दलीलें रखीं और निचली अदालत के फैसले को गलत बताया। इसके बाद इस मामले के याचिकाकर्ता पूर्णेश मोदी के वकीलों ने दलीलें रखीं। करीब सवा पांच बजे तक कोर्ट में सुनवाई चली और आखिर में दलील पूरी हो गई तो कोई ने इस मामले में फैसला 20 अप्रैल सुनाने का ऐलान किया।

सेशंस कोर्ट में राहुल गांधी के वकील ने दलील दी कि विरोध पक्ष का सरकार का विरोध करना होता है। फ्रीडम ऑफ स्पीच के तरह राहुल गांधी को सरकार की आलोचना करने का अधिकसार है। ऐसे में राहुल गांधी के बयान को सरकार की आलोचना के संदर्भ में लिया जाना चाहिए। राहुल गांधी के वकील ने कहा कि 2016 में नारन काछडिया के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। उस मामले में सांसद नारन काछडिया के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की गई? तो कोर्ट पूर्णेश मोदी के वकील ने भी इसका विरोध किया। राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का केस करने वाले पूर्णेश मोदी की तरफ से कहा गया कि राहुल ने अपने बयान से 13 करोड़ लोगों की मानहानि की। इसके जवाब में राहुल गांधी के वकील ने कहा कि कुल गुजराती जनसंख्या 6 करोड़ है। ऐसे में यह लॉजिक ही गलत है। दोनों पक्षों की तरफ एक-एक तथ्य पर दलीलें रखी गई। सेशंस कोर्ट के जज रोबिन मोगेरा ने दोनों पक्षों की कई घंटे तक दलीलें सुनने के बाद फैसले को सुरक्षित रखते हुए 20 अप्रैल की तारीख तय कर दी।

### सुनवाई

**मोदी सरनेम अवमानना मामले में मिली सजा को लेकर राहुल गांधी की अपील पर सुनवाई पूरी**



# आरक्षण पर कर्नाटक सरकार की धारणा गलत

## मुस्लिम ओबीसी आरक्षण को लेकर सरकार का फैसला पहली नजर में दोषपूर्ण : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** कर्नाटक की बसवराज बोम्मई सरकार ने मुस्लिम ओबीसी का चार प्रतिशत आरक्षण खत्म कर दिया। सरकार ने इस कोटे को वोक्कालिगा और लिंगायत के बीच बराबर दो-दो फीसदी बांट दिया। बोम्मई सरकार के इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका पर आज सुनवाई हुई।

उच्चतम न्यायालय ने कहा कि पहली नजर में कर्नाटक सरकार का फैसला त्रुटिपूर्ण दिखता है।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस केएम जोसेफ की अगुवाई वाली बेंच ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के सामने जो रेकॉर्ड पेश किया गया है, उससे जाहिर होता है कि कर्नाटक सरकार का इस मामले में लिया गया फैसला गलत अवधारणा पर आधारित है। कर्नाटक की मुस्लिम कम्युनिटी की ओर से सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल, दुष्यंत दवे और गोपाल शंकर नारायणन पेश हुए। उन्होंने कहा कि कर्नाटक सरकार ने मुस्लिम ओबीसी का जो रिजर्वेशन खत्म किया है, उसका कोई ठोस आधार नहीं है। उन्होंने सरकार ने कोई स्टडी नहीं कराई और न ही कोई आनुभव आधारित आंकड़ा ही उपलब्ध है। कर्नाटक सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता सुप्रीम कोर्ट में पेश हुआ। उन्होंनेकहा कि उन्हें याचिका पर जवाब के लिए वक्त दिया जाए। मेहतना सुप्रीम कोर्ट को आश्वस्त किया कि इस दौरान 24 मार्च के आदेश के तहत कोई नियुक्ति नहीं की जाएगी। इस बीच वोक्कालिगा और लिंगायत समुदायों की ओर से पेश वकील मुकुल रोहतगी ने अपना जवाब दाखिल करने से पहले कोई अंतरिम आदेश पारित न करने की गुहार सुप्रीम कोर्ट से लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में अगली सुनवाई के लिए 18 अप्रैल की तारीख तय कर दी है और इस दौरान सॉलिसिटर जनरल और रोहतगी से जवाब दाखिल करने को कहा है।

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच के सामने सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल पेश हुए थे। सिब्बल ने कहा था कि याचिका में जो खामी थी, उसे ठीक कर लिया गया है। यह याचिका मुस्लिमों को दिए जाने वाले चार फीसदी रिजर्वेशन खत्म करने के खिलाफ दाखिल की गई है। इसके बाद चीफ जस्टिस ने कहा कि हम याचिका को सुनवाई के लिए लिस्ट करेंगे। फिर मामला जस्टिस जोसेफ की बेंच के सामने लंच के बाद सुनवाई के लिए लिस्ट हुआ। कर्नाटक सरकार ने मुस्लिमों को दिए जाने वाले चार फीसदी रिजर्वेशन को खत्म कर दिया है। राज्य सरकार ने ओबीसी के मुसलमानों के चार फीसदी रिजर्वेशन कोटा खत्म करते हुए सरकारी नौकरियों और एजुकेशनल संस्थान में रिजर्वेशन की दो नई श्रेणियां घोषित की हैं। ओबीसी मुस्लिमों के चार फीसदी कोटे को वोक्कलिगा और लिंगायत श्रेणी में बांट दिया गया है। रिजर्वेशन के लिए जो मुस्लिम पात्र हैं उन्हें आर्थिक आधार के तहत रखा गया है। इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है।

### झटका

**कर्नाटक सरकार ने मुस्लिम ओबीसी का जो रिजर्वेशन खत्म किया है, उसका कोई ठोस आधार नहीं**



# एनकाउंटर पर विपक्ष हुआ हमलावर

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने माफिया अतीक अहमद के बेटे असद अहमद के एनकाउंटर पर ट्वीट कर भाजपा सरकार पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि झूठे एनकाउंटर करके भाजपा सरकार सच्चे मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाना चाह रही है। भाजपाई न्यायालय में विश्वास ही नहीं करते हैं। आज के व हालिया एनकाउंटरों की गहन जांच-पड़ताल हो और दोषियों को छोड़ा न जाए। सही-गलत के फैसले का अधिकार सत्ता का नहीं होता है। उन्होंने कहा कि भाजपा भाईचारे के खिलाफ है। वहीं, बसपा सुप्रीमो मायावती ने उच्चस्तरीय जांच की मांग की। उन्होंने ट्वीट किया कि प्रयागराज के अतीक अहमद के बेटे व एक अन्य की आज पुलिस मुठभेड़ में हुई हत्या पर अनेकों प्रकार की चचाएं गर्म हैं। लोगों को लगता है कि विकास दुबे काण्ड के दोहराए जाने की उनकी आशंका सच साबित हुई है। अतः घटना के पूरे तथ्य व सच्चाई जनता के सामने आ सके इसके लिए उच्च-स्तरीय जांच जरूरी है। अखिलेश यादव का ये ट्वीट तब आया है जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उमेश पाल हत्याकांड के आरोपी असद अहमद व गुलाम पर यूपीएसटीएफ की कार्रवाई की तारीफ की है।



# कश्मीर पर हाई-लेवल बैठक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान एनएसए अजित डोभाल, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, गृह सचिव अजय भल्ला, डीजीपी जम्मू-कश्मीर दिलबाग सिंह, केंद्रीय सुरक्षा बलों और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। बैठक में लाइन ऑफ कंट्रोल और अंतरराष्ट्रीय सीमा के हालात को लेकर भी चर्चा हुई। इस दौरान शाह को जम्मू-कश्मीर की कानून-व्यवस्था को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई और एक प्रेजेंटेशन भी दी गई। इस दौरान लाइन ऑफ कंट्रोल और अंतरराष्ट्रीय सीमा के हालात, सीमा से घुसपैठ की साजिशों और अल्पसंख्यकों को निशाना बनाए जाने की घटनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इससे पहले छह अप्रैल को डीजीपी सिंह ने कहा था कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है, लेकिन यह समाप्त रहा है। यहां अब कानूनी विरोधी घटनाएं निम्नतम स्तर पर पहुंच गई हैं।

# अतीक और अशरफ पुलिस के हवाले

## अतीक अहमद और अशरफ की पांच दिन की पुलिस रिमांड मंजूर

**प्रयागराज।** प्रयागराज के उमेश पाल मर्डर केस में अतीक अहमद का रिमांड याचिका पर सुनवाई पूरी हो गई है। कोर्ट ने सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। बाद में अतीक और अशरफ को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बाद में कोर्ट ने दोनों को 5 दिनों की पुलिस रिमांड पर भेजने का आदेश दिया। गुजरात के साबरमती जेल से लाए गए माफिया डॉन अतीक अहमद को बुधवार को नैनी जेल में रखा गया।

गुरुवार को उसे प्रयागराज के सीजेएम कोर्ट में पेश किया गया। अतीक अहमद के साथ-साथ उसके भाई अशरफ को लेकर पुलिस की टीम कोर्ट परिसर पहुंची। कोर्ट में पेशी के बाद दोनों भाइयों को उमेश पाल मर्डर केस के मामले में यूपी पुलिस अपनी हिरासत में लेने की तैयारी कर रही है। हालांकि, अभी पुलिस को कोर्ट के आदेश का इंतजार करना होगा। इससे पहले अतीक अहमद ने साबरमती जेल से लाए जाने के दौरान उमेश पाल मर्डर केस में अपनी संलिप्तता न होने का दावा किया। उसने कहा कि हमें पूरे मामले में फंसाया जा रहा है। हम तो साबरमती जेल में बंद थे।

वहां से फोन करना भी संभव नहीं है। साबरमती जेल प्रशासन पर भी माफिया डॉन ने गंभीर आरोप लगाए। साथ ही, बेटे असद अहमद और पत्नी शाइस्ता परवीन के गायब होने के मसले पर भी वह जानकारी न होने की बात करता रहा। यूपी पुलिस उमेश पाल हत्याकांड की साजिश रचने के मामले में दोनों भाइयों को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ करने की तैयारी कर रही है। उमेश पाल मर्डर केस में एक बार फिर माफिया अतीक अहमद के खिलाफ वकीलों का गुस्सा फूटा। वकील उमेश की हत्या के आरोपी बनाए गए अतीक अहमद, उसके भाई अशरफ, परिवार के सदस्यों और शूटरों पर वकीलों का गुस्सा फूटा। वकीलों ने अतीक के खिलाफ जमकर नारे लगाए। वकीलों के प्रदर्शन और हंगामे को देखते हुए प्रयागराज सीजेएम कोर्ट में भारी संख्या में पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। उन्होंने अतीक और अशरफ तक वकीलों को पहुंचने से रोका। वकीलों के हंगामा को देखते हुए कोर्ट परिसर में हालात काफी तनावपूर्ण बने हुए हैं। कोर्ट परिसर के बाहर हो रहे भारी हंगामा को देखते हुए कोर्ट रूम में रैपिड एक्शन फोर्स की टीम को बुलाया गया। किसी भी प्रकार की स्थिति से निपटने के लिए पुलिस की टीम तैयार दिखी। वकीलों ने इस दौरान कोर्ट परिसर में अतीक और अशरफ की पेशी को कवर कर रहे पत्रकारों के साथ भी बदसलूकी की। एजेंसी

### सुनवाई पूरी

**झांसी में असद का पोस्टमॉर्टम तो प्रयागराज में माफिया भाइयों की रिमांड शुरू, अतीक के खिलाफ वकीलों ने की नारेबाजी**



# नया भारत नयी नीतियों और रणनीतियों के साथ आगे बढ़ रहा : पीएम मोदी

## पीएम मोदी ने 71 हजार युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि नया भारत नयी नीतियों और रणनीतियों के साथ आगे बढ़ रहा है और उनकी सरकार अतीत के प्रतिक्रियाशील दृष्टिकोण को छोड़कर प्रौद्योगिकी व बुनियादी ढांचे के मामलों में सक्रियता से काम कर रही है। मोदी ने रोजगार मेले को वीडियो कांफ्रेंस के जरिए संबोधित करते हुए कहा कि लघु एवं सूक्ष्म उद्यमों के लिए 'मुद्रा' ऋण परियोजना से आठ करोड़ से अधिक नए उद्यमी पैदा हुए हैं और सरकार की नीतियों एवं रणनीतियों ने नयी संभावनाओं के द्वार खोले हैं। उन्होंने उन लोगों पर भी निशाना साधा जो खुद को बड़ा अर्थशास्त्री मानते हैं, ये बड़े कारोबारियों को फोन पर कर्ज देते थे और आज मुद्रा योजना का मजाक उड़ा रहे हैं।

हालांकि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन उनका कटाक्ष स्पष्ट रूप से कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम पर था। चिदंबरम ने हाल ही में 'मुद्रा' योजना पर सवाल उठाया था और आश्चर्य जताया था कि 50,000 रुपये के ऋण के साथ किस तरह के व्यवसाय शुरू किए जा सकते हैं। मोदी ने कहा कि इस योजना के तहत 23 लाख करोड़ रुपये का ऋण दिया गया है, जिसमें 70 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि माइक्रो फाइनांसिंग जमीनी स्तर की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में बहुत कुछ करता है, लेकिन कुछ लोग जो खुद को बड़ा अर्थशास्त्री मानते हैं, उन्हें कभी इसका एहसास नहीं हुआ और वे आम आदमी की क्षमताओं को नहीं समझते हैं।

कार्यक्रम में विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में 71,506 भर्तियों के लिए अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए गए। मोदी ने 2014 में सत्ता में आने के बाद से बदलाव के पैमाने को रेखांकित करने के लिए विकास के कई आंकड़ों का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि 2014 तक सात दशकों में केवल 20,000 किलोमीटर रेल लाइन का विद्युतीकरण किया गया था, लेकिन पिछले नौ वर्षों में यह आंकड़ा 40,000 किलोमीटर हो गया है। उन्होंने कहा कि 2014 तक ग्रामीण सड़क की लंबाई चार लाख किलोमीटर थी लेकिन अब यह 7.25 लाख किलोमीटर हो गई है जबकि गांवों में छह लाख किलोमीटर ऑप्टिकल फाइबर बिछाया गया है। मोदी ने कहा कि देश में 148 हवाई अड्डे हैं जबकि पहले यह संख्या 74 थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में केंद्र सरकार ने पूंजीगत व्यय में चार गुना की वृद्धि की है जिसकी वजह से ना सिर्फ रोजगार के अवसर बढ़े बल्कि लोगों की आय में भी वृद्धि हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' गांव से लेकर शहरों तक, भारत में रोजगार के करोड़ों अवसर पैदा करने वाला अभियान है। प्रधानमंत्री ने भारत को दुनिया की सबसे तेज रफ़्तार से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था करार देते हुए कहा कि आज जहां पूरी दुनिया कोविड महामारी के बाद मंदी से जूझ रही है और ज्यादातर देशों की अर्थव्यवस्था लगातार गिरती जा रही है, वहीं इन सबके बावजूद पूरी दुनिया भारत को एक उभरती ताकत (ब्राइट स्पॉट) के रूप में देख रही है।

### संबोधन

**रोजगार मेले को वीडियो कांफ्रेंस के जरिए संबोधित करते हुए कहा, मुद्रा योजना का मजाक उड़ाने वालों को सामान्य जन की क्षमताओं का एहसास नहीं**



# संदिग्ध हाल में विवाहिता की मौत

**हत्या की आशंका**

## फांसी लगाने से एक दिन पहले पति से हुई थी बात

जनसंदेश न्यूज

**चौबेपुर।** चौबेपुर थाना क्षेत्र के रामपुर (चंद्रावती) गांव निवासी लालबहादुर यादव की पत्नी मधुबाला (28) गुरुवार को फंदे के सहारे लटकी मिली। सूचना पाकर पहुंचे मायके वालों ने मधुबाला की हत्या की आशंका जताई। चौबेपुर थाने की पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की बात कही है। पुलिस ने मधुबाला का मोबाइल जांच के लिए कब्जे में लिया है। घटना की जानकारी पर एसीपीप और चौबेपुर थाना प्रभारी मौक पर पहुंची। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलन किया।

मृतका के ससुराल वालों की माने तो सबकुछ सामान्य ऐसे में मुधबाला ने ऐसा कदम क्यों उठाया से समझ से परे है। वहीं मायके से पहुंचे लोगों ने आत्महत्या पर सवाल खड़े किये। जानकारी के अनुसार मधुबाला की शादी तीन साल पहले चंद्रावती के रामपुर गांव निवासी लाल बहादुर यादव से हुई थी। लाल बहादुर दिल्ली में रहकर प्राइवेट नौकरी करता है और पत्नी मधुबाला पहड़ियां स्थित एक कंप्यूटर संस्था में प्राइवेट नौकरी करती थी। एक दिन पहले उसने फोन से पति से बात की थी। मुधबाला के बुलाने पर लाल बहादुर गुरुवार के दिन घर पहुंचा लेकिन इसके पहले पत्नी मधुबाला ने फांसी लगा ली। मधुबाला मोहन यादव निवासी अजोर पट्टी बेनीपुर खुर्द की बेटी थी।



महिला की मौत के बाद विलाप करते परिजन



मृतका की फाइल फोटो

## ज्ञानवापी प्रकरण में चादर चढ़ाने की अर्जी पर सुनवाई हुई

**वाराणसी।** सिविल जज फास्ट ट्रैक कोर्ट सीनियर डिवीजन महेंद्र कुमार पांडेय की अदालत में गुरुवार को ज्ञानवापी प्रकरण में चादर चढ़ाने सबंधित अर्जी पर सुनवाई हुई। इसमें एक और पक्षकार बनाने के अर्जी पर सुनवाई हुई। कोर्ट में प्रतिवादी अंजुमन मस्जिद के से भी आपत्ति दाखिल करने की मांग की गई। कोर्ट ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए चार मई की तिथि नियत की है।

## अजीत सिंह के दाखिल वाद पर सुनवाई टली

**वाराणसी।** फास्ट ट्रैक ।कोर्ट/ सिविक जज सीनियर डिविजन की कोर्ट में अविमुक्तेश्वर भगवान की ओर से दिल्ली निवासी हिन्दू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता व खजुरी निवासी अजीत सिंह की तरफ से दाखिल वाद पर सुनवाई होनी थी मगर इसमें भी अगली सुनवाई आगे के लिए टाल दी गयी।

# वसूली की वायरल लिस्ट की जांच के बाद कांस्टेबल निलंबित

**कार्रवाई**

### एडीसीपी काशी जोन की वसूली हुई थी वायरल एसीपी ने की जांच

### चौकियों की कथित वसूली की धनराशि अंकित है

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** काशी जोन के एडीसीपी ऑफिस की कथित वसूली लिस्ट की शिकायत होने पर हेड कांस्टेबल अमरजीत को निलंबित कर दिया गया है। अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने बताया कि उनके द्वारा काशी जोन के एडीसीपी ऑफिस से संबंधित कथित वसूली लिस्ट की शिकायत की गई थी। उन्होंने पुलिस आयुक्त मुथा अशोक जैन से मांग की थी कि प्रकरण की जांच करा कर दोषी पुलिसकर्मियों को दंडित किया जाए।

अमिताभ ठाकुर ने बताया कि बुधवार को एसीपी चेतगंज श्रुति श्रीवास्तव ने कॉल कर बताया था कि जांच उन्हें मिली है। अमिताभ ठाकुर ने कहा कि जब प्रथमद्दष्टया इस मामले में उनकी शिकायत सही पाई गई है तो मात्र एक अधीनस्थ कर्मी का निलंबन पर्याप्त नहीं है। बल्कि, इस बात की जांच होना नितांत आवश्यक है कि वह पुलिस कर्मी किसके कहने पर और किसके लिए अवैध वसूली का काम कर रहा था। अमिताभ ठाकुर ने यह भी कहा कि एसीपी स्तर के अधिकारी एडिशनल डीसीपी ऑफिस से जुड़ी शिकायत की जांच नहीं कर सकती हैं। उन्होंने इस मामले की जांच वरिष्ठ अधिकारी के स्तर पर कराए जाने की मांग की है।

अमिताभ ठाकुर ने कहा कि विश्वस्त विभागीय सूत्रों से मिली कथित लिस्ट में काशी जोन के सभी थानों और उनकी चौकियों की कथित वसूली की धनराशि अंकित है।

ब अदालत सिविल जज (जू0 डी0)
जिला-गाजीपुर
ओ0 एस0 नं0-1005 सत्र 2022
शशिकान्त श्रीवास्तव बनाम
विमला श्रीवास्तव

विशाल श्रीवास्तव पुत्र रजनीकांत श्रीवास्तव उम्र अ 30 वर्ष नि0- ददरीघाट, मु0-सुभाष नगर, पो0- सुभाष नगर, शहर व जिला-गाजीपुर।

हरगाह.........ने इस न्यायालय में एक दावा दाखिल किया है। जिसमें आपको सूचित किया जाता है कि तारीख 25 माह 04 सन् 2023 ई0 पर 10 बजे दिन में खुद या मार्फत वकील हाजिर अदालत होकर मुकदमा में जवाब देही दावा दाखिल करें। वरना आपके अनुपस्थित में मुकदमें की कार्यवाही आपके खिलाफ एक तरफा समायत की जायेगी।

आज तारीख 05 माह 04 सन् 2023 ई0।

अदालत सिविल जज (जू0 डी0)
जिला-गाजीपुर

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2020 अनुक्रमांक 23178249 व इंटरमीडिएट वर्ष 2022 अनुक्रमांक 2226706903 का अंक पत्र सह प्रमाण पत्र खो गया है। शशांक पाण्डेय पुत्र राकेश पाण्डेय पता-वन विहार रोड वाजिदपुर, जौनपुर।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2019 अनुक्रमांक 2093583 का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। रागिनी कुमारी पुत्री अशोक राम, ग्राम-मयरामपुर, पोस्ट-रानीकीसराय, जिला-आजमगढ़।

श्रीमती इंद्रावती देवी (INDRAVATI DEVI) जन्म तिथि 25 जुलाई 1971 पत्नी आर्मी नंबर 14593430ट सेवनिवृत नायक स्व0 छोटेलाल का आधार कार्ड एवं पेन कार्ड के अनुसार सही एवं सत्य नाम तथा जन्म तिथि श्रीमती इंद्रावती (INDRAWATI) जन्म तिथि 1 जनवरी 1974 है अब से इन्हें श्रीमती इंद्रावती (INDRAWATI) जन्म तिथि 1 जनवरी 1974 जाना जाए तथा आर्मी एवं अन्य सभी दस्तावेजों में भी दर्ज किया जाऐ।

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है**- श्री रामचंद्र बदामी महिला महाविद्यालय विद्यापारा चौकिया, गाजीपुर संबद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववितपोषित योजनान्तर्गत प्राचार्य एक पद स्नातक स्तर पर कला संकाय गृह विज्ञान हेतु प्रवक्ता एक पद तथा स्नातकोत्तर स्तर पर समाज शास्त्र दो पद तथा भूगोल एवं शिक्षा शास्त्र विषयों में तीन-तीन प्रवक्ता पद हेतु वेतन एवं शैक्षिक योग्यता यूजीसी रेगुलेशन 2016 एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाणपत्रों की छाया प्रति एवं पासपोर्ट साइज की दो फोटो 21दिनों के अंदर महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक /दूरभाष से दी जाएगी।
**प्रबंधक**, 9838416101, 6394521431

**आवश्यकता है**

जे.डी.एस. महाविद्यालय दुधौड़ा पतरहीं, जौनपुर संबद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत हिन्दी, समाजशास्त्र, भूगोल, शिक्षाशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, अर्थशास्त्र, गृहविज्ञान विषयों में प्रवक्ताओं एवं आचार्य पद की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतन यूजीसी, एनसीटीई, उ.प्र. शासन, विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार, इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज चार फोटो एवं आधार कार्ड के साथ-साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अंदर प्रबंधक के पद नाम महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष से दी जायेगी।
**प्रबन्धक-मो0-7379517379**

**आवश्यकता है**

श्री कमला प्रसाद सिंह डिग्री कॉलेज, गॉगकलां, बड़ागांव, वाराणसी (सम्बद्ध महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी) में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर बी0 काम0 विषय प्रवक्ता की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतन यू0जी0सी0/ विश्वविद्यालय के परिनियमावली के अनुसार देय होगा। इच्छुक अभ्यर्थी 2 पासपोर्ट साइज फोटो, आधार, पेन कार्ड एवं समस्त शैक्षिक प्रमाणपत्रों के साथ प्रकाशन के तिथि के 21 दिनों के अन्दर आवेदन प्रस्तुत करें।
**प्रबन्धक**
**मो0-8218383441, 8755176353**

**आवश्यकता है**-रामभजन डिग्री कालेज, चकहुसेन थलईपुर, हलधरपुर-मऊ सम्बद्ध-महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ में स्वीवित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर शिक्षा संकाय (बी0एड0) पाठ्यक्रम में एन0सी0टी0ई0 रेगुलेशन 2014 के क्रम में विभागाध्यक्ष-1, शिक्षा के परिप्रेक्ष्य-4 पद, शिक्षण विषय (गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, भाषा)-8 पद, स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा-1 पद, ललित कला-1 पद, निष्पादन कलाएं (संगीत, नृत्य, रंगमंच) -1 पद पर प्रवक्ताओं की। योग्यता एवं वेतनमान यू0जी0सी0, एन0सी0टी0ई0, उ0प्र0 शासन/ विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छाया प्रति एवं पासपोर्ट साइज का 4 फोटो के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के प्रबन्धक के पदनाम महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक व दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
**प्रबन्धक**
**मो0-9415009238, 9415956054**

**सरस्वती उच्च शिक्षा एवं तकनीकी स्नातकोत्तर महाविद्यालय**
गहनी, आयर, वाराणसी
सम्बद्ध म0 गां0 का0 विद्यापीठ, वाराणसी

**आवश्यकता है**-स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत कला संकाय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर निम्न विषयों के अन्तर्गत प्राचीन इतिहास, राजनीतिशास्त्र, हिन्दी, अंग्रेजी, मनोविज्ञान, गृहविज्ञान एवं स्नातक स्तर पर संस्कृत, बी0 एड0, बी0 पी0 एड0 एवं स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर पर वाणिज्य संकाय के बी0 काम0/ एम0 काम0 प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यता यू0 जी0 सी0/ विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार इच्छुक अभ्यर्थी 21 दिनों के अन्दर समस्त शैक्षिक अभिलेखों एवं फोटोग्राफ के साथ आवेदन करें।
**प्रबन्धक**
मो0-8299207141, 9721970777
ईमेल-124sheat@gmail.com

# अपहृत किशोरी बरामद अपहरणकर्ता गिरफ्तार



पुलिस के कब्जे में आरोपी

जनसंदेश न्यूज

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के एक गांव से दो अप्रैल किशोरी(13) रहस्यमय परिस्थिति में घर से गायब हो गई थी। पुलिस ने किशोरी के भाई के तहरीर पर अपरहण का मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरु की। गुरुवार को सटिक जानकारी पर किशोरी को बरामद किया साथ ही आरोपी को गिरफ्तार। थाना प्रभारी दीपक कुमार रनावत ने बताया कि किशोरी की तलाश जारी थी गुरुवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर रूपापुर के पास से अपरहणकर्ता भोरकला निवासी बादल पांडेय किशोरी के साथ मौजूद है। उक्त सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई की। आगे की कार्रवाई में आरोपी बादल पांडेय को जेल भेजा। किशोरी को परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसओ दीपक कुमार रनावत, एसआई संग्राम सिंह यादव, कांस्टेबल फूलचन्द्र व धर्मेंद्र कुमार रहे।

# पेड़ से टकराया स्कूली वाहन आधा दर्जन बच्चे घायल



स्कूली वाहन को सीधा करते लोग

जनसंदेश न्यूज

**रोहनिया।** राजातालाब थाना क्षेत्र के शाहंशाहपुर स्थित गोबर गैस प्लांट के पास गुरुवार को सुबह स्कूल वाहन (विक्रम ऑटो) अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरायी। हादसे में करीब आधा दर्जन बच्चे घायल हुए। घायल होने वालों में प्रांजल 6 वर्ष, गौरी 4 वर्ष, आयुष 13 वर्ष, पीयूष 11 वर्ष समेत अन्य हैं। सभी सभी को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया। हादसे में गौरी नाम की बच्ची का सिर फटा तो आयुष का हाथ फैक्कर हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल बच्चों को पास के हॉस्पिटल में इलाज के लिए भिजवाया गय।जानकारी के अनुसार भवानीपुर स्थित एक पब्लिक स्कूल के बच्चों को विक्रम ऑटो में बैठा कर चालक स्कूल लेकर जा रहा था। गोबर गैस प्लांट के पास अचानक ऑटो का स्टेरिंग जाम हो गया। ऑटो असंतुलित होकर सड़क के किनारे पेड़ से टकराई। ऐसे में उक्त वाहन में सवार बच्चे घायल हो गये।

**कार्यालय ग्राम पंचायत-नसीराबाद वि0 ख0-भांवरकोल, गाजीपुर**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में चौदहवां राज्य वित्त/पंद्रहवां राज्य वित्त/मनरेगा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण आंगनबाड़ी केन्द्र योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यो के लिए निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 15.04.2023 से 21.04.2023 तक कार्यालय दिवस में अपरान्ह 2.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं जो दिनांक 21.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्य के समक्ष अपरान्ह 2.00 बजे खोली जायेगी। निविदा फार्म पैड पर होगी।

| क्र0सं0 | सामग्री आपूर्ति | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | ईंट प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | इंटरलाकिंग 200X160X80 एमएम, 200X160 एमएम | प्रति हजार | |
| 03 | बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू | प्रति घनमी0 | |
| 04 | ईंट गिट्टी 25 एमएम/40एमएम | प्रति घनमी0 | |
| 05 | सरिया/एस्बोस्ट्स शीट/पैन शीट, दरवाजा, टाइल्स फ्लोर टाइल्स व प्लास्टिक शीट इत्यादि | प्रति नग | |
| 06 | स्टोन ब्लास्ट 22.4एमएम, 53एमएम, 8.22एमएम, 6.0एमएम | प्रति घनमी0 | |
| 07 | एच0 पी0 3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400, 450 500, 600, 1000 एमएम | प्रति नग | |
| 08 | स्ट्रीट लाइट व सोलर लाइट पैनल | प्रति नग | |
| 09 | सीमेंट पोर्ट लैण्ड व हवाईट सीमेंट | प्रति नग | |
| 10 | चौखट 450X450X100 एमएम | प्रति नग | |
| 11 | जी0 आई0 पाइप बी क्लास साकेट | प्रति नग | |
| 12 | पी0 वी0 सी0 पाईप साकेट 110, 140, 150 एमएम | प्रति नग | |
| 13 | पटिया 0.90X0.45 एमएम | प्रति नग | |
| 14 | सुर्खी | प्रति घन मी0 | |
| 15 | हैण्डपम्प सेट इण्डिया मार्का 2 | प्रति नग | |
| 16 | चूना, ब्लीचिंग पाउडर, पेंट डिस्टेम्पर | प्रति किग्रा0 | |
| 17 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 18 | नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर ऊर्जा स्थापना पंचायत, भवन मरम्मत, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, एन0 एम0 सेंटर की बाउण्ड्रीवाल एवं मरम्मत | | |
| 19 | आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री | | |

**नोट-टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस में 100 रु0 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।**

**प्रतिबन्ध व शर्तें** :- 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद आपूर्ति के लिए सूचित की जायेगी। 2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर की जायेगी। 3. स्वीकृति आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामग्री की आपूति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/- स्टैम्प पेपर पर बाण्ड भरना होगा इसी के साथ-साथ दस हजार रूपये की प्रतिभूति एन0एस0सी0/एफ0 डी0 के रुप में जमा करना होगा जो कि एक वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किये जायेगें। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एम0 डी0 होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता को सेलटैक्स विभाग में अनिवार्य रुप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैन कार्ड धारक होना चाहिए। जी0 एस0 टी0 प्रपत्र व पैन कार्ड की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा। 7. आपूर्ति दरें पी0 डब्ल्यू0 डी0 की स्वीकृति दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रुप से होगा।

ग्राम प्रधान-हीरा देवी
ग्राम पंचायत-नसीराबाद
वि0ख0-भांवरकोल, गाजीपुर

ग्रा0पं0अ0/सचिव-अजीत कुमार गौतम
ग्राम पंचायत-नसीराबाद
वि0ख0-भांवरकोल, गाजीपुर

# एन्टी रोमियो टीम के हत्थे चढ़े आधा दर्जन मनचले

**दानगंज।** चोलापुर थाना क्षेत्र में कार्यरत एंटी रोमियो टीम नेयुवतियों पर फब्तियां कसने वाले व अश्लील इशारे करने वाले आधा दर्जन मनचलों को गुरुवार को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक चोलापुर राजेश त्रिपाठी को थाना क्षेत्र के कटारी ग्राम के पास खड़े होकर आधा दर्जन की संख्या में मनचलों द्वारा रास्ते से गुजर रही युवतियों पर फब्तियां कसने तथा गलत इशारे करने की सूचना मिली।

सूचना पर तुरंत एंटी रोमियो टीम रवाना हुई तथा मौके पर उक्त कृत्य करते हुए आधा दर्जन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए युवकों की पहचान धीरज सेठ पुत्र चन्द्रमा सेठ निवासी धरसौना थाना चोलापुर उम्र 28 वर्ष, मनीष यादव पुत्र रामसागर यादव निवासी भवानीपुर थाना चोलापुर उम्र करीब 19 वर्ष, मनीष यादव पुत्र रमाशंकर यादव निवासी ग्राम धरांग थाना चोलापुर उम्र करीब 19 वर्ष, पंचदेव यादव पुत्र झग्गन यादव निवासी ग्राम लोहगाजर थाना चोलापुर उम्र 19 वर्ष, विशाल यादव पुत्र कमलेश यादव निवासी धरांग थाना चोलापुर उम्र करीब 19 वर्ष, गोविन्द उर्फ गोलू यादव पुत्र रामदुलार निवासी ग्राम धरसौना थाना चोलापुर उम्र 20 वर्ष के रूप में हुई। पुलिस ने आईपीसी की धारा 294 के तहत कार्रवाई करते हुए सभी को न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तारी टीम में उनि. रोहित तिवारी, हेका. रजनीश सिंह, का. शिवशंकर कुमार शामिल रहे।

## पोलिंग पार्टियों के लिए तैयार करें मेडिकल किट

**वाराणसी।** जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एस. राजलिंगम ने गुरुवार को विकास भवन सभागार में नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी बैठक की। उन्होंने सभी प्रभारी एवं सहायक प्रभारी अफसरों को संबंधित कवायदों का पहले से जायजा ले लेकर व्यवस्थित कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये। इस मौके पर सीडीओ हिमांशु नागपाल ने बताया कि यूपी कॉलेज, रानी मुरारका इंटर कॉलेज एवं यूपी पब्लिक इंटर कॉलेज में दो पालियों में एक दिन में कुल 26 सौ कार्मिकों को ट्रेनिंग दी जाएगी। आगामी 27 अप्रैल को आरओ-एआरओ को प्रशिक्षण देंगे। इस पर श्री राजलिंगम ने निर्देश दिया कि ट्रेनिंग में गैरहाजिर कार्मिकों के खिलाफ उसी दिन एफआईआर दर्ज कराएं। गर्भवती महिलाओं और छह माह तक की उम्र के बच्चों की माताओं की ड्यूटी न लगाएं। अन्य बिंदुओं पर निर्देश देते हुए उन्होंने कोरोना के प्रति सावधानी बरतने के उद्देश्य से पोलिंग पार्टियों के लिए 20 अप्रैल तक 15 सौ मेडिकल किट तैयार करा लेने पर जोर दिया।

## लेढुआई के केंद्र प्रभारी को नोटिस

**वाराणसी।** एसडीएम राजातालाब गुरुवार को गेहूं क्रय केंद्र मिर्जामुराद का जायजा लिया। यह पीसीएफ का सेंटर है। निरीक्षण के दौरान केंद्र प्रभारी विभूति नारायण श्रीवास्तव मौजूद थे। यहां खरीद संबंधी सभी व्यवस्था पर एसडीएम संतोष व्यक्त किया। मौके पर किसान अशोक कुमार एवं श्यामधर ने उन्हें बताया कि फिलहाल गेहूं की मड़ाई जारी है और एक सप्ताह में तैयार हो जाएगा। सेंटर पर अबतक गेहूं की खरीद शुरु न होने के बारे में प्रभारी ने एसडीएम को बताया कि एक कृषक ने आज गेहूं लाने की जानकारी दी थी लेकिन सत्यापन न होने के चलते खरीद नहीं हो सकी। इस पर तत्काल उस किसान का सत्यापन कराया गया। मुआयने के दौरान एसडीएम ने लेढुआई क्रय केंद्र प्रभारी राहुल सिंह से मोबाइल पर संपर्क किया तो बताया गया कि वह किसी कार्य ने शहर गए हैं। इस पर केंद्र प्रभारी को नोटिस जारी की गयी।

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**

**आवश्यकता**

**माँ खण्डवारी महिला महाविद्यालय**
चहनियाँ-चन्दौली

**आवश्यकता है**-माँ खण्डवारी महिला महाविद्यालय चहनियां, चन्दौली में स्ववित्तपोषित योजनांतर्गत प्राचार्य एवं स्नातक स्तर पर शिक्षा संकाय के अन्तर्गत बी0 एड0 विभागाध्यक्ष, बी0 एड0 प्रवक्ताओं एवं स्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत मध्यकालीन इतिहास, भूगोल, गृहविज्ञान, समाजशास्त्र विषय में प्रवक्ताओं की। चयन एवं वेतनमान यू0 जी0 सी0 / एन0 सी0 टी0 / विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार होगा। अभ्यर्थी अपना आवेदन विज्ञापन तिथि से 21 दिन के भीतर रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रेषित करें।
**प्रबन्धक-(राजेन्द्र प्रताप सिंह)**
मो0-8960373747, 9450242458

**माँ खण्डवारी पी0 जी0 कालेज**
चहनियाँ-चन्दौली

**आवश्यकता है**-माँ खण्डवारी पी0 जी0 कालेज चहनियां, चन्दौली में स्ववित्तपोषित योजनांतर्गत प्राचार्य एवं स्नातक स्तर पर शिक्षा संकाय के अन्तर्गत बी0 एड0 विभागाध्यक्ष, बी0 एड0 प्रवक्ताओं एवं स्नातकोत्तर स्तर पर शिक्षा संकाय के अन्तर्गत एम0 एड0 प्रवक्ताओं एवं स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय के अन्तर्गत रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित, कम्प्यूटर साइंस, बायोटेक्नॉलाजी एवं स्नातकोत्तर स्तर पर विज्ञान संकाय के अन्तर्गत रसाय विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित एवं स्नातक स्तर पर वाणिज्य संकाय के अन्तर्गत बी0 काम0 पाठ्यक्रम में प्रवक्ताओं की। चयन एवं वेतनमान यू0जी0सी0 /एन0सी0 टी0ई0/ विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार होगा। अभ्यर्थी अपना आवेदन विज्ञापन तिथि से 21 दिन के भीतर रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रेषित करें।
**प्रबन्धक**
**(राजेन्द्र प्रताप सिंह)**
मो0-8960373747, 9450242458

## संक्षेप

### नशे में धुत कार चालक ने मारी टक्कर, घसीटा भी

**वाराणसी।** कैंट रोडवेज क्षेत्र स्थित होटल प्लाजा इन वाली गली में एक गेस्ट हाउस संचालक को कार ना केवल टक्कर मारी बल्कि उसे बीस मीटर तक घसीटा भी। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी कैद है। गेस्ट हाउस संचालक को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। कैंट रोडवेज क्षेत्र स्थित होटल प्लाजा इन वाली गली में एक गेस्ट हाउस के संचालक मनीष गुप्ता (28 वर्ष) अपने कुछ साथियों के साथ बैठे बातचीत कर रहा था। इस बीच एक सफेद रंग की कार तेजी से आयी और उसे टक्कर मारी और घसीटा। वहां मौजूद लोगों की माने तो कार चालक ने ज्यादा शराब पी थी। घटना के बाद आसपास के लोग मनीष गुप्ता को कार के नीचे से खींचा और पास के ही सिंह मेडिकल में लाये। यहां हालत ज्यादा खराब होने पर उन्हें बीएचयू ट्रामा सेंटर भिजवाया गया।

### गंगा में डूबने से राजस्थान के युवक की मौत, दो बचाये गए

**वाराणसी।** तुलसी घाट पर गंगा स्नान के दौरान गुरुवार को एक युवक की डूबने की वजह से मौत हो गई। वहीं, उसके दो दोस्तों को मल्लाहों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया। स्थानीय लोगों की सूचना पर आई भेलूपुर थाने की पुलिस ने युवक के परिजनों को सूचित कर शव को मोर्चरी में रखवाया। राजस्थान के भीलवाड़ा के आजाद नगर का रहने वाला विनय शर्मा (28) अपने दोस्त रजत जोशी, प्रभाकर स्वामी, धनीत सैनी और प्रिया सुधार के साथ वाराणसी घूमने आया था। शाम के समय सभी तुलसी घाट पहुंचे और गंगा स्नान का मन बनाए। स्नान के दौरान गहराई का अंदाजा न होने के कारण विनय, रजत और प्रभाकर डूबने लगे। तीनों को डूबते देख कर मल्लाह आगे बढ़े और रजत व प्रभाकर को बचा लिए, लेकिन विनय डूब गया। सूचना पाकर पुलिस ने गोताखोरों की मदद से विनय का शव गंगा से बाहर निकलवाया।

### विद्यालय में चोरी करने वाला गिरफ्तार

**पिंडरा।** फूलपुर पुलिस ने गुरुवार को सिंधोरा थाने में पंजीकृत चोरी के मुकदमे में वांछित अभियुक्त को चोरी के सामान और तीन जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अभियुक्त राजकुमार राजभर निवासी गाजीपुर को मुखबिर की सूचना पर फूलपुर के मीराशाह के पास से पकड़ा। इस मामले में प्रधानाध्यापक दिनेश सिंह ने अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### पढ़ने निकली बच्ची घर जाने का रास्ता भूली

**मंडुवाडीह।** मंडुवाडीह थाना क्षेत्र के गुरुवार की सुबह हिमाच्छी तिवारी (3) पढ़ाई के लिए बौलिया स्थित एक स्कूल के निकली। छुट्टी होने के बाद वह घल लौटी लेकिन रास्ता भूल गयी। आसपास के लोगों ने उसे रोता देख पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक इमरान खान व कांस्टेबल अविनाश कुमार ने बच्ची को मंडुवाडीह थाने लाए। स्कूल में सपंर्क साधा यहां से उसके घरवालों को नबंर मिला। बच्ची की पहचान दीपू तिवारी निवासी पुरुषोत्तम पुरी कॉलोनी थाना कैंट के तौर पर हुई और उसे परिजनों को सौंपा गया।

### किशोरी को भगाने वाले पर मुकदमा

**वाराणसी।** लंका थाना क्षेत्र के नगवा निवासी कक्षा 9वीं में पढ़ने वाली छात्रा घर से स्कूल के लिए निकली और फिर लौटी नहीं। इस दौरान किशोरी की मां दर्शन पूजन के लिए संकट मोचन गयी थी लौटी तो देखा कि घर के बक्सा का ताला टूटा था और करीब 70 हजार नकदी गायब थी। किशोरी को घर न पाकर और नकदी गायब होने पर शक बढ़ा, किशोरी की खोजबीन शुरु हुई इस बीच पता चला कि किशोरी लोहता निवासी किसी विक्की नामक युवक के साथ भाग गयी है। पुलिस ने रपट दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

### दस हजार का इनामी गिरफ्तार

**वाराणसी।** कैंट थाना पुलिस में दस हजार का इनामी बदमाश संतोष कुमार (35) निवासी पहलू का पुरा फुलवरिया को पुलिस ने दुर्गा मन्दिर के पास से गुरुवार की दोपहर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध लूट, चोरी समेत अन्य मामलों में मुकदमें दर्ज थे। गिरफ्तारी टीम में इंस्पेक्टर कैंट प्रभुकांत, उपनिरीक्षक राघवेंद्र कुमार मौर्य, का.संजय यादव, भवन कुमार सूर्यप्रकाश विमल आदि शामिल रहे।

### साल्वर गैंग के अभियुक्तों को नहीं मिली जमानत

**वाराणसी।** जिला जज डॉ अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने शिक्षक की आनलाइन परीक्षा साल्वर गैंग द्वारा ठेका लेकर पास कराने वाले अभियुक्तों की जमानत अर्जी खारिज कर दी। इस मामले में 23 फरवरी को निरीक्षक पुनीत परिहार ने आरोपियों के खिलाफ चितईपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। अंतरराज्यीय गैंग के सात आरोपियों हरियाणा निवासी चितरंजन शर्मा, सुजीत कुमार,संजय कुमार यादव, दीपक सिंह, दिग्विजय यादव, दीपक मलिक और चन्द्रकेश पटेल है। आरोपियों की जमानत अर्जी का विरोध डीजीसी फौजदारी आलोक चंद्र शुक्ला ने किया। पूछताछ में सामने आया कि 10 लाख लेकर सॉल्वरों को परीक्षा में बिठाया जाता था।

**कार्यालय ग्राम पंचायत अइलकर विकास खण्ड चतरा जनपद सोनभद्र**

पत्रांक- मेमो/टेण्डर सूचना/2023-24 दिनांक- 13.04.2023

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में चतुर्थ राज्य वित्त/पंचम राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/बी.आर.जी.एफ./जिला योजना अन्तर्गत/स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्य/मनरेगा/पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त एवं अन्य प्राप्त निधियों द्वारा धनराशि से निर्माण कराये जाने हेतु व्यापारकर विभाग आयकर में पंजीकृत फर्मो के द्वारा ग्राम पंचायत परिधि के अन्दर निम्न विवरणानुसार कार्यस्थल पर सामग्री आपूर्ति कराने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्म के लेटर पैड पर दिनांक 13.04.2023 से दिनांक 20.04.2023 से सायं 05.00 बजे तक सील बन्द लिफाफे में प्रस्तुत कर/निविदा बाक्स में डाल सकते है। जो दिनांक 24.04.2023 को सायं 03.00 बजे क्रय समिति/निर्माण कार्य समिति के सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी। ग्राम पंचायत बबुरी कार्यालय पर दिनांक 13.04.2023 से दिनांक 20.04.2023 को 04.00 बजे तक 500 रुपये जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का विवरण निम्नवत है:-

क्र. सं. सामग्री का विवरण मात्रा दर -

1. ईंट प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2. इण्टरलाकिंग ईंट प्रति हजार, 3. बालू, मोरंग, बालू सफेद, महीन बालू प्रति मी0, 4. ईंट गिट्टी 25 एम.एम./40 एम.एम. प्रति मी0, 5. एसबेस्टस सीट, पैन सीट, दरवाजा, टाईल्स व प्लास्टिक सीट इत्यादि। प्रति नग, 6. स्टोन ब्लास्ट प्रति मी0, 7. NP3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400, 450, 500, 600, 1000 एम. एम. प्रति नग, 8. सोलर लाईट पैनल/स्ट्रीट लाईट प्रति नग, 9. सीमेन्ट पोर्टलैण्ड व ह्वाईट सीमेन्ट प्रति नग, 10. चौखट प्रति नग, 11. जी.आई. पाईप बी.आई. साकेट प्रति नग, 12. पी.वी.सी. पाईप साकेट 110, 140, 150 एम. एम. प्रति नग, 13. ग्राम पंचायत में खेल मैदान हेतु आवश्यक सामग्री प्रति नग, 14. हैण्ड पम्प सेट इण्डिया मार्का-2 प्रति नग, 15. चुना, ब्लीचिंग पाउडर, पेन्ट डिस्टेम्पर, आईपी क्लोराईट प्रति कि.ग्रा./ली., 16. साईन बोर्ड, 17. बेन्च का क्रय/मेज निर्माण प्रति नग, 18. आप्रेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री। प्रति नग, 19. सोलर वॉटर पम्प प्रति नग, 20. खण्डा प्रति मी., 21 सरिया प्रति कुन्तल, 22. स्टोन बोल्डर प्रति मी., 23. स्टोन पटिया प्रति नग, 24. ग्राम पंचायत में रिबोर प्रति नग, 25. ग्राम पंचायत में टैंकर का क्रय प्रति नग, 26. ग्राम पंचायत में फागिंग मशीन/सेनिटाईजेशन प्रति नग, 27. स्वच्छता सम्बन्धित सामग्री प्रति नग, 28. सामुदायिक शौचालय निर्माण की आवश्यक सामग्री प्रति नग, 29. स्टेशनरी की सामग्री प्रति नग, 30. कुलर प्रति नग, 31. कुर्सी, मेज, दरी प्रति नग, 32. एल.ई.डी. बल्ब प्रति नग, 33. बाल्टी, मग, गिलास, प्लेस, ट्रे प्रति नग, 34. पंचायत भवन हेतु कम्प्यूटर प्रिन्टर, यू.पी.एस. प्रति नग, 35. अन्य आवश्यक सामग्री आवश्यकतानुसार:-

**निविदा की प्रतिबन्ध एवं शर्तें** -1. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स विभाग में पंजीकृत होना अनिवार्य है तथा आयकर भी जमा होना चाहिए। निविदा प्रपत्र के साथ में समस्त दस्तावेज यथा जी.एस.टी., R9 पैन कार्ड, चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, कम से कम तीन वर्ष का आई.टी.आर. की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। 2. आपूर्ति दरें पी.डब्लु.डी. की स्वीकृत दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 3. स्वीकृत आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत पर परिधि में कार्यस्थल पर ही सामग्री की आपूर्ति करना अनिवार्य होगा। 4. आपूर्तिकर्ता को 50000.00 की प्रतिभूति एन.सी.सी./एफ.डी. की मूल रूप में ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक कर जमा किया जाना अनिवार्य होगा, अन्यथा आपूर्ति आदेश निर्गत नहीं किया जायेगा। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एन.पी. पश्चात शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिलों का भुगतान किया जायेगा। 6. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद आपूर्तिकर्ता को सूचित किया जायेगा। 7. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव पंचायत के संयुक्त आदेश पर ही की जायेगी। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में संयुक्त रूप से होगा।

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी/ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत अइलकर
वि. ख. चतरा, जनपद सोनभद्र



# वाराणसी



# ...ताकि मेहमानों को लगे, बदल रहा है बनारस

जनसंदेश न्यूज

**मीटिंग**

**जी-20 समिट की तैयारी बैठक में वर्चुअल शामिल प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने दिये निर्देश**

**कहा : वर्दी, वाहन और अपनी कार्य प्रणाली से पुलिस पेश करे अंतरराष्ट्रीय पुलिसिंग का लुक**

**सम्मेलन को सोशल मीडिया पर भी हाईलाइट करने को लें कॉलेज के विद्यार्थियों आदि का सहयोग**

**वाराणसी।** सूबे के प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग अमृत अभिजात ने वाराणसी में जी-20 समिट को लेकर चल रही कवायदों के क्रमे में निर्देश दिया है कि तैयारियां इस प्रकार हों जिससे यहां आने वाले मेहमानों को महसूस हो सके की बनारस में चीजें बदल रही हैं। साहित्य कला परिषद की मदद से दीवारों पर विभिन्न मूर्तियां उकेरी जाएं। ताकि काशी की पौराणिक शहर की छवि आने वाले अतिथियों के सामने आ सके। देश के विभिन्न शहरों में भी हो रहे इस सम्मेलन में जिलाधिकारी हिस्सा लें जिससे समिट के आगामी आयोजनों को भव्य स्वरूप देना संभव हो।

जनपद में प्रस्तावित जी-20 समिट की तैयारियों के बारे में गुरुवार को कमिश्नर अनुश्रवण कक्ष में हुई एक बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये जुड़े प्रमुख सचिव ने यह निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पुलिस को अपना ड्रेस, वाहन और अपनी कार्य प्रणाली स्मार्ट रखनी होगी जिससे अंतरराष्ट्रीय पुलिसिंग का रूप आ सके। श्री अभिजात ने सम्मेलन को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी हाईलाइट करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इसके लिए विभिन्न टीमें, कॉलेज स्टूडेंट्स आदि का सहयोग लें।

इस मौके पर मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा, जिलाधिकारी एस. राजलिंगम व मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल समेत अन्य अफसरों ने अपनी-अपनी तैयारियों बतायीं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से इतर हुई तैयारी बैठक में कमिश्नर ने प्रमुख आयोजन स्थलों पर की गयी कवायदों की समीक्षा करते हुए आगामी रविवार को प्रमुख मार्गों पर कुछ आयोजन करने का सुझाव दिया। साथ ही पुलिस विभाग को प्रमुख स्थलों पर मीडिया के लिए स्थान सुरक्षित करने की सलाह दी ताकि कार्यक्रम को हाईलाइट किया जा सके। समिट के लिए गठित प्रोटोकाल समिति ने बताया कि अब तक 34 देशों व संगठनों के कुल 80 डेलीगेट्स का अनुमोदन मिल चुका है।



जी-20 समिट के बारे में गुरुवार को कमिश्नरी अनुश्रवण कक्ष में तैयारी बैठक की गयी

### यह आकर्षण भी रहेगा

विभिन्न आयोजन स्थलों पर बनारस की गरिमा के अनुरूप सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। विदेशी अतिथियों का एयरपोर्ट पर स्वागत के बाद, मार्ग में जयपुरिया स्कूल, अतुलानंद चौराहे पर स्वागत करते हुए पारंपरिक नृत्य, बांसुरी, सितार, संतूर वादन, गंगा आरती समेत सारनाथ में लाइट एंड साउंड शो के जरिये भगवान बुद्ध की कथा दिखायी जाएगी। दूसरी ओर, विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी भी कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। दस प्रमुख जगहों पर विभिन्न देशों के झंडे शुक्रवार तक लगा दिये जाएंगे।

# काशी में करें विदेशी मेहमानों का स्वागत

**आह्वान**

**व्यापारियों ने जी-20 के प्रति लोगों को किया जागरूक**

**वाराणसी।** वाराणसी व्यापार मंडल से जुड़े व्यापारियों ने गुरुवार को नगर निगम चौराहा स्थित तिलकजी की मूर्ति के पास जी-20 को लेकर जनजागरुकता अभियान चलाया। विभिन्न स्लोगन लिखीं तख्तियां हाथ में लिये व्यापारियों ने विदेशी मेहमानों का काशी में ऐसा स्वागत करने की अपील की, ताकि अपने वतन लौटने के बाद भी वह ताजिंदगी याद रखें। जी-20 की टोपी लगाये व्यापारियों ने 'स्वच्छता हमारी पहचान है', 'आपके स्वागत का इंतजार है', 'जी-20 सम्मेलन हमारा गौरव है', 'काशी का गौरव जी-20', 'काशी को चमकाना है, जी-20 को सफल बनाना है' आदि स्लोगन लिखीं तख्तियों के जरिए राहगीरों को जी-20 के प्रति जागरुक किया। इस दौरान उपस्थित जीएसटी अधिकारी राम प्रसाद ने लोगों से जी-20 के प्रति सहयोग की अपील की। अध्यक्ष अजीत सिंह बग्गा ने व्यापारियों का आह्वान किया कि वे अपने मकान-प्रतिष्ठान को दुल्हन की तरह सजाएं, ताकि विभिन्न देशों से आने वाले मेहमानों के बीच काशी की बेहतर छवि उभरे। कार्यक्रम में अरविंद जायसवल, धर्मेंद्र सिंह, प्रिंस गुप्ता, दिलीप सिंह चौहान, जसीम खान, सुजीत वर्मा, राकेश वर्मा, बंटू यादव, सुजीत चौरसिया, चांदनी श्रीवास्तव, आरती शर्मा, संगीता चौबे, नताशा तनेजा, खुशी श्रीवास्तव, सुप्रिया भट्टाचार्या आदि थीं।



# मेरी नजर है केवल चिड़िया की आंख पर

जनसंदेश न्यूज

**उम्मीदार ने कहा**

**कांग्रेस से वाराणसी नगर निगम के महापौर पद के प्रत्याशी बनाए गए अनिल श्रीवास्तव बोले**

**लगाया आरोप : भाजपा ने वादा खिलाफी कर मिनी सदन को बना दिया है 'उठल्लू का चूल्हा'**

**वाराणसी।** कांग्रेस से वाराणसी नगर निगम में महापौर पद के प्रत्याशी बनाए गये अनिल श्रीवास्तव कहते हैं कि वर्तमान नगरीय निकाय निर्वाचन में हम इस पचड़े में नहीं पड़ रहे हैं कि 'मुकाबला किससे है'। निगम में वर्षों से भाजपा का दबदबा रहा है। सो, यह इलेक्शन चुनौतीपूर्ण है। हम तृणमूल कांग्रेस यानि टीएमसी और कांग्रेस गठबंधन में चुनाव लड़ रहे हैं।



बीते बुधवार की शाम कांग्रेस से अनिल को वाराणसी से मेयर पद का उम्मीदवार घोषित किया। गुरुवार को 'जनसंदेश टाइम्स' ने उनसे महापौर पद पर अपनी चुनावी तैयारियों को लेकर बातचीत की तो उन्होंने यह कहा। एक प्रश्न के उत्तर में अनिल ने दावा किया कि हमें संगठन के प्रत्येक सदस्य का सहयोग मिल रहा है। हमारी नजर चिड़िया की आंख यानि मेयर की कुर्सी पर है। दशकों से काशी की जनता हमें कांग्रेस के साथ काम करते हुए सड़कों पर देख रही है। मेरा फोकस स्थानीय मुद्दों पर रहेगा। यह सीट जीतने के बाद जो मुद्दे हमारे वश में नहीं होंगे उनके लिए संघर्ष करेंगे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यदि स्व. राजीव गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल में अन्य तत्कालीन कांग्रेस शासित राज्यों की तरह यहां भी यदि 74वां संशोधन लागू हो गया होता तो निकाय क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए किसी पर आश्रित नहीं रहना पड़ता। महापौर की कुर्सी हासिल करने के बाद मैं यहां भी 74वां संशोधन लागू कराने का प्रयास करुंगा। अनिल ने आरोप लगाया कि भाजपा ने नगर निगम के मिनी सदन को 'उठल्लू का चूल्हा' बना दिया है। रुद्राक्ष इंटरनेशनल कंवेशन सेंटर निर्माण से पूर्व भाजपा ने वादा किया था कि इस जमीन पर मिनी सदन समेत मेयर व पार्षदों के लिए बैठने का कक्ष भी स्थापित होगा लेकिन ऐसा कुछ नहीं किया गया।

### कांग्रेस के अनिल श्रीवास्तव का नामांकन 16 को

**वाराणसी।** जनपद में कांग्रेस से नगर निगम के महापौर पद के प्रत्याशी बनाए गये अनिल श्रीवास्तव आगामी 16 अप्रैल को पर्चा दाखिल करेंगे। इस बारे में गुरुवार को सिगरा स्थित उनके आवास पर हुई एक बैठक में यह निर्णय लिया गया। मीटिंग में पार्टी के प्रयागराज जोन के प्रांतीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय, पूर्व सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, सतीश चौबे, राजेश्वर सिंह पटेल, राघवेंद्र चौबे, प्रजानाथ शर्मा, प्रो. सतीश राय, सीताराम केशरी, पूनम कुंडू आदि की उपस्थिति रही।

### शारदा टंडन 'आप' की मेयर प्रत्याशी



**वाराणसी।** आम आदमी पार्टी यानि 'आप' ने जनपद के नगर निगम के मेयर पद का प्रत्याशी संगठन में महिला विंग की महानगर अध्यक्ष शारदा टंडन को बनाया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मुकेश सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 'आप' के राज्यसभा सांसद और यूपी प्रभारी संजय सिंह ने गुरुवार को प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी करते हुए महापौर सीटों के लिए यह एलान किया। जिसके अंतर्गत मेयर पद के लिए वाराणसी से शारदा टंडन के अलावा मेरठ से ऋचा सिंह, प्रयागराज से मो. कादिर, अलीगढ़ से राजकुमार, गोरखपुर से रमेश शर्मा, फिरोजाबाद से राजकुमारी वर्मा को प्रत्याशी बनाया गया है।

# टिकट को लेकर उम्मीदवारों की बढ़ी धड़कनें

**निकाय चुनाव**

**राजनीतिक दलों की ओर से नहीं खोले गए पत्ते, कार्यालय पर डटे दावेदार**

**वाराणसी।** निकाय चुनाव के तारीखों की घोषणा के बाद अब नामांकन का दौर शुरू हो गया है। लेकिन मुख्य राजनीतिक दलों की ओर से उम्मीदवारों के नाम के पत्ते नहीं खोले गए हैं। जिसे लेकर टिकट के दावेदार आवेदकों की धड़कनें तेज हो गई हैं। नेता जी अपनी दवेदारी ओर टिकट की आश लिए पार्टी कार्यालयों पर डटे हैं। जिससे इन दिनों पार्टी दफ्तरों पर भीड़भड़ का माहौल देखा जा रहा है।

बनारस में पहले चरण में होने वाले मतदान के लिए 11 से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिसमें नामांकन के लिए पर्चे तो खरीदे जा रहे हैं। लेकिन दाखिले की संख्या काफी कम है। पहले दिन शुन्य और दूसरे दिन मात्र एक नामांकन दाखिल की गई। महापौर की सीट के अलावा पार्षद पद के लिए भी नामांकन दाखिल करने वालों की संख्या कम ही है। उम्मीद जताई जा रही है कि राजनीतिक पार्टीयों की ओर से प्रत्याशियों की सूची जारी होते ही नामांकन की संख्या में बढ़ोतरी होगी। वहीं 17 तक होने वाले नामांकन के मद्देनजर पार्टियों की ओर से आज-कल में तस्वीरें साफ कर दी जाएंगी। इसमें आम लोगों की समाजवादी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के उम्मीदवारों पर खास निगाह अटकी हैं तो वहीं अपनी दावेदारी सफल होने के इंतजार में बैठे उम्मीदवारों को पार्टी सिंबल की आश है। प्रत्याशियों की घोषणा होते ही नामांकन स्थलों पर नामांकन दाखिल करने वालों की संख्या में भी इजाफा हो जाएगा। जिसके लिए उम्मीदवार दस्तावेज तैयार कर समर्थकों को इकट्ठा करने में भी जुट गए हैं।

### पार्टी सिंबल तय करेगा जीत का रास्ता

उम्मीदवारों की ओर से पूरा प्रयास किया जा रहा है कि किसी तरह से पार्टी का सिंबल मिल जाए। क्योंकि ज्यादातर उम्मीदवारों का मानना है कि सिंबल मिलने पर जीत का रास्ता पूरी तरह साफ हो जाएगा। वहीं इस बार के निकाय चुनाव में पूर्व में विजेता कुछ उम्मदवारों के अरमानों पर पानी भी फिरने की संभावना जताई जा रही है।

### बागी सफर में अटका सकते हैं रोड़ा

पार्टी की ओर से टिकट बटवारे में सिंबल न मिलने पर उम्मीदवारों की ओर से बगावत के भी आसार नजर आ रहे हैं। इनमें कुछ का कहना है कि इस बार जो भी चुनाव में पीछे नहीं हटना है। वहीं पूर्व में प्रतीक्षा कर रहे उम्मीदवार भी इस बार पार्टी सिंबल मिलने की आश लगाए बैठे हैं। ऐसे में सभी राजनीतिक दलों को उन बागी उम्मीदवारों से खतरा भी बना रहेगा। इस लिए राजनीतिक दल फूंक-फूंक कर कदम रख रहे हैं।

### भाजपा : टिकट हथियाने के लिए शिकायत भी कर रहे दावेदार

**वाराणसी।** नगर निकाय चुनाव में भाजपा से टिकट पाने के लिए वार्डों से दावेदारी करने वालों में घमासान तेज हो गया है। जिन लोगों के नाम पैनल में भेजे गए हैं, वे टिकट पक्का करने के चक्कर में एक-दूसरे की शिकायत करने से बाज नहीं आ रहे हैं। पैनल में भेजे गए दावेदार एक-दूसरे की शिकायत पार्टी के बड़े पदाधिकारियों से कर रहे हैं ताकि उनका टिकट पक्का हो जाए। पार्टी सूत्रों की माने तो कार्यालय के चक्कर लगाने वालों की संख्या बढ़ गई हैं। हर कोई अपनी गोटी सेट करने में लगा है। उधर, कई जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी अपने-अपने चहेतों को टिकट दिलाने का आश्वासन भी दे रहे हैं। नगर निगम के 100 वार्ड और नगर पंचायत गंगापुर के 10 वार्डों के लिए सूची का इंतजार सभी दावेदार कर रहे हैं। हालांकि प्रत्याशियों के चयन पर मंथन भी हो चुका है। बस कागजी कोरम पूरा करने के साथ प्रदेश कार्यालय की ओर से इसकी घोषणा करना बाकी है।

# तीसरे दिन खरीदे गए 1279 नामांकन पत्र

**वाराणसी।** नगर निगम सामान्य निर्वाचन 2023 के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी होने के बाद मंगवार को नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई। तीसरे दिन गुरुवार को पार्षद और महापौर पद के लिए 1279 नामांकन पत्र खरीदे गए। इसमें महापौर पद के लिए कुल 18 नामांकन पत्र शामिल हैं। पहले दिन एक भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं किए गए। जिसमें अनारक्षित, आरक्षित व अन्य के लिए नामांकन पत्र की बिक्री हुई। आदमपुर जोन में कुल 147, भेलुपूर जोन में कुल 357, दशाश्वमेध में कुल 253, कोतवाली में कुल 56 और वरुणापार जोन में कुल 448 नामांकन पत्रों की खरीद हुई। उम्मीदवारों की ओर से कुल नामांकन पत्रों में 397 अनारक्षित फार्म और 864 आरक्षित व अन्य फार्मों की खरीद की गई। जबकि महापौर पद पर तीसरे दिन कुल 18 नामांकन पत्रों की खरीद हुई।

### दो अध्यक्ष और पांच ने सदस्य के लिए खरीदा पर्चा

नगर पंचायत गंगापुर में महिला सीट होने की वजह से इस बार चुनाव का कुछ अलग ही माहौल देखने को मिल रहा है। तीसरे दिन नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर दो और सदस्य के लिए पांच उम्मीदवारों ने पर्चा खरीदा।

## राजकुमार सोनकर चुने गये निर्विरोध डायरेक्टर

**वाराणसी।** क्रय विक्रय प्रतियात्मक सहकारी समिति नदेसर का निर्विरोध डायरेक्टर राजकुमार सोनकर 'कुंवर' को चुना गया। नेफेड व एनसीसीएफ नई दिल्ली के डायरेक्टर अजय राय ने नव निर्वाचित डायरेक्टर कुंवर को माला पहना कर स्वागत किया। इसके अलावा कुंवर को जिला सरकारी फेडरेशन वाराणसी, शिवपुर क्रय विक्रय समिति, जूड सरकारी क्रय विक्रय संघ समिति लखीमपुर खीरी व दी काशी सहकारी चीनी मिल औराई-भदोही का प्रतिनिधि बनाया गया है। इस अवसर जिले के क्रय विक्रय समिति के अध्यक्ष कैलाश यादव, दिनेश सिंह, डॉ. मनोज सिंह, नीरज राय, अजीत सिंह 'बब्बू', सर्वेश पांडेय, बाबी सिंह, अजीत यादव, सुनील सोनकर, अशोक यादव, दिलीप सिंह आदि मौजूद रहे।

## छुट्टियों में भी होगी पर्चों की बिक्री व नामांकन

**वाराणसी।** जनपद में नगरीय निकाय चुनाव के लिए चल रहे नामांकन के तहत अवकाश के दिन भी पर्चा दाखिला जारी रहेगा। अपर जिलाधिकारी प्रशासन एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नगरीय निकाय रणविजय सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग की अधिसूचना के माध्यम से निर्धारित समय सारिणी के अनुसार वाराणसी के नगरीय निकाय नगर निगम के महापौर एवं पार्षद पदों सहित नगर पंचायत गंगापुर के अध्यक्ष और सदस्यों सीटों के लिए नाम निर्देशन-पत्रों की बिक्री और जमा करने का कार्यक्रम गत 11 अप्रैल से चल रहा है। आगामी 17 अप्रैल तक पूर्वाह्न 11 बजे अपराह्न तीन बजे तक यह कार्यक्रम जारी रहेगा। इस अवधि के मध्य पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश के दिनों में भी पहले से तयशुदा कार्यक्रम का अनुसार पर्चों की बिक्री एवं नामांकन दाखिल करने का कार्य होगा।

# प्रवर्तन इकाइयों के कार्यों की होगी ऑडिट

**राज्य कर विभाग**

**सम्परीक्षा दल करेगा ऑनलाइन व ऑफलाइन अभिलेखों की जांच**

**वसूल की गयी धनराशियों के जमा कराने का भी करेंगे सत्यापन**

**कम टैक्स वसूली पर जिम्मेदार के खिलाफ तय हो सकती है कार्रवाई**

**वाराणसी।** राज्य कर विभाग के आयुक्त ने प्रदेश की सभी प्रवर्तन इकाइयों के कार्यों की जांच कराने का निर्देश दिया है। यह जांच सम्परीक्षा दल करेगा। इसके लिए जोरवार सम्परीक्षा दल की तैनाती की गयी है। यह दल सचल दल इकाइयों की वर्ष 2022-23 से संबंधित अभिलेखों की ऑडिट करेंगे और यदि कोई गड़बड़ी पायी गयी तो उसकी रिपोर्ट आयुक्त को सौंपेंगे। ऑडिट की कार्यवाही 24 अप्रैल से पांच जुलाई के मध्य संपादित की जाएगी। इसके लिए तिथिवार दल की तैनाती की गयी है।

विभागीय सूत्रों की मानें तो सम्परीक्षा दल के मांगने पर सचल दल इकाई के प्रभारी अपने कार्यालय के ऑनलाइन और ऑफलाइन अभिलेखों को उपलब्ध करायेंगे। इसमें पंजीकरण, एमओवी विवरण, रोड चेकिंग रजिस्टर, ट्रांसपोर्टरों से संबंधित पत्रावलियां, गोदाम रजिस्टर, बैंक गारंटी रजिस्टर, माल निस्तारण रजिस्टर, डिमांड ड्राफ्ट रजिस्टर, कार्यालय आदेश रजिस्टर, कोषागार प्रपत्र-385 की रसीद बुक, भौतिक सत्यापन रजिस्टर, कोषबही, जमा धनराशि की रिफंड रजिस्टर आदि वांछित अभिलेख शामिल है।

सम्परीक्षा दल वसूल की गयी धनराशि का जीएसटी/कोषागार वेबसाइट से जमा करने का सत्यापन भी करेंगे। कम टैक्स वसूली पर जिम्मेदार के खिलाफ कार्यवाही की संस्तुति भी कर सकते हैं। विभागीय सूत्रों की मानें तो सम्परीक्षा दल को यदि प्रवर्तन इकाई के प्रभारी अभिलेख उपलब्ध नहीं करायेंगे तो जोनल एडिशनल कमिश्नर से इस बाबत सम्पर्क करेंगे। साथ ही मुख्यालय के एडिशनल कमिश्नर (लेखा) को सूचित करेंगे।

सम्परीक्षा दल को दिये गये समय के अंदर ही अभिलेखों का शत-प्रतिशत ऑडिट करना होगा। ऑडिट की अवधि बढ़ायी नहीं जाएगी। यदि इस अवधि में अवकाश पड़ता है तो संबंधित प्रवर्तन के कर्मचारी उपस्थित रहेंगे और वांछित अभिलेख उपलब्ध करायेंगे। निकाय चुनाव में ड्यूटी होने पर मुख्यालय को सूचित करेंगे।

सम्परीक्षा दल के सदस्यों को ऑडिट अवधि में सामान्यतः किसी प्रकार का अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा। लेकिन अपरिहार्य परिस्थितियों में यदि किसी सदस्य को अवकाश पर जाना पड़े तो वह अपना लिखित प्रार्थना-पत्र सम्परीक्षा कार्यालय के प्रभारी अधिकारी को उपलब्ध कराकर ही अवकाश पर जायेंगे।

# ...काटे नहीं कटते दिन और रात

## भाजपा के सिंबल से चुनाव लड़ने के लिए दावेदारी करने वाले बेचैन

जितेंद्र श्रीवास्तव

**निकाय चुनाव**

**दो दर्जन सीटिंग पार्षदों का पत्ता साफ होने की चर्चा ने पार्टी में जोर पकड़ा**

**भाजपा व सहयोगी दलों के विधायकों की प्रत्याशियों के चयन में खूब चली**

**कांग्रेस के कई नाम ऐसे हैं, जिनको भाजपा से टिकट मिलना तय माना जा रहा**

**वाराणसी।** निकाय चुनाव का बिगुल बज चुका है। हर राजनीतिक दल अपने-अपने स्तर पर निकाय चुनाव में अपना सिक्का जमाने के लिए फूंक-फूंक कर कदम रख रहा है। पार्षदी की बात हो या फिर मेयर, चेयरमैनी की। इसके लिए प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया भी तेज हो चुकी है। कांग्रेस ने तो महापौर पद पर प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। जबकि भाजपा समेत अन्य राजनीति एक-दूसरे की चाल पर पैनी नजर रखे हुए हैं। लेकिन हम यहां बात करने जा रहे हैं सत्ताधारी दल भाजपा के सिंबल पर पार्षदी पद का चुनाव लड़ने वाले संभावित प्रत्याशियों के बारे में। ऐसे प्रत्याशियों के दिन और रात की चैन हराम हो गयी है। पार्षदी पद के लिए आवेदन करने वाले कार्यकर्ता इन दिनों खासे बेचैन है। इनके बारे में यह बात काफी सटीक बैठती है-...काटे नहीं कटते दिन और रात।

पार्टी सूत्रों की मानें तो पीएम मोदी और सीएम योगी के जादू के चलते भाजपा से पार्षदी का चुनाव लड़ने वालों की ख्वाहिश काफी बढ़ गयी है। पार्षदी के लिए दावेदारी करने वाले ऐसे लोग अपने-अपने आकाओं के सम्पर्क में लगातार हैं और अपने पक्ष में टिकट पक्का करने के लिए हर तिकड़म आजमा रहे हैं। पार्टी सूत्रों की मानें तो दो दर्जन सीटिंग पार्षदों का पत्ता साफ होना तय माना जा रहा है। पार्टी नेतृत्व ऐसे पार्षदों के क्रियाकलापों से खासे नाराज है। वजह, मौजूदा जिन पार्षदों का टिकट कटेगा, उनके बारे में उनके क्षेत्र के विधायकों ने नाराजगी जाहिर की है। इस बात को इससे और बल मिलता है कि पार्षदी पद के लिए संभावित प्रत्याशियों के चयन में पार्टी के विधायकों की खूब चली है। इतना ही नहीं, नगरीय क्षेत्र के बाहर के विधायकों का भी काम आया है।

कहने का आशय यह कि नगरीय क्षेत्र के साथ-साथ गैर नगरीय क्षेत्र के विधायकों ने भी पार्षदी पद के प्रत्याशियों के चयन में महती भूमिका अदा किया है। वजह साफ है कि तमाम गांव नगरीय सीमा में शामिल किए गए हैं और इन गांवों में भी पार्षदी पद का चुनाव होगा। पार्टी सूत्रों की मानें तो जिन मौजूदा पार्षदों के टिकट कटे हैं, वह निर्दल या गैर भाजपा दल के सिंबल पर निकाय चुनाव में प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतरने को कमर कस चुके हैं। इतना ही नहीं, सूत्र यह भी बताते हैं कि कांग्रेस के मौजूदा कई सक्रिय कार्यकर्ता ऐसे हैं, जिन्होंने फिलहाल भाजपा का दामन तो नहीं थामा है, लेकिन उनको भाजपा का टिकट मिलना तय माना जा रहा है। उदाहरण के तौर पर जोल्हा उत्तरी वार्ड से कांग्रेस के एक दिग्गज नेता के पुत्र को भाजपा ने टिकट देने का पूरा मन बना लिया है। इसमें कितनी सच्चाई है, यह तो सूची जारी होने के बाद ही सामने आ सकता है।



पार्टी सूत्रों का कहना है कि पार्षदी के लिए दावेदारी करने वालों में लोगों के नाम की सूची लखनऊ मुख्यालय पहुंच चुकी है। प्रदेश अध्यक्ष की अगुवाई में पार्षदी के लिए टिकट फाइनल किया जाएगा। इसके लिए बकायदे कमेटी बनाई गई है। प्रदेश नेतृत्व की मुहर लगने पर ही पार्षद पद के लिए प्रत्याशियों का नाम घोषित होगा। अब देखना यह है कि पार्टी का सिंबल किस दावेदार के हाथ लगता है। पार्टी सूत्रों की मानें तो शुक्रवार या शनिवार तक पार्षद पद के प्रत्याशियों की सूची प्रदेश नेतृत्व जारी कर सकता है।

## बीएचयू के डॉक्टर समेत 11 कोरोना संक्रमित मिले

**वाराणसी।** वाराणसी में कोरोना संक्रमण का खतरा बढ़ता जा रहा है। गुरुवार को आईएमएस बीएचयू के न्यूरोलॉजी विभाग में सीनियर रेजिडेंट, एक निजी अस्पताल में डॉक्टर समेत शहर के विभिन्न जगहों से 11 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इसमें बंगलुरु में एक कंपनी में निदेशक पद पर कार्यरत 52 वर्षीय व्यक्ति भी शामिल हैं। मार्च महीने से कोरोना संक्रमितों के मिलने का क्रम जारी है। मार्च की तुलना में अप्रैल महीने में अधिक मरीज मिले हैं। गुरुवार को नए मरीजों में बीएचयू न्यूरोलॉजी विभाग में 32 वर्षीय महिला सीनियर रेजिडेंट, चितईपुर में 82 वर्षीय बुजुर्ग, 87 वर्षीय रिटायर्ड बरेका कर्मचारी, 67 वर्षीय बुजुर्ग संक्रमित मिले। इसके साथ ही भगवानपुर में 20 वर्षीय, सुंदरपुर में 22 वर्षीय युवक, लंका में 32 वर्षीय युवक के साथ ही जलालीपट्टी में 68 वर्षीय बुजुर्ग, शिवपुर में 69 वर्षीय पुरुष की रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है। गुरुवार को होम आइसोलेशन में 11 लोगों को स्वस्थ घोषित किया गया है।




















# गंदगी से त्रस्त व्यापारियों ने किया चक्काजाम

**नाराजगी**

**नटिनियादाई से भोजूबीर तक खोदकर छोड़ दिए गए हैं सड़क के दोनों किनारे**


चक्काजाम करने वालों को समझाती पुलिस

**चांदमारी।** भोजूबीर से सिंधोरा मार्ग पर चौड़ीकरण करने के लिए सड़क के दोनों किनारे को खोद कर छोड़ दी गई है। व्यापारी धूल गर्दे से परेशान हो चुके है। समस्या की निदान के लिए कई बार अधिकारियों को पत्रक दिया। लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इससे क्षुब्ध व्यापारियों ने गुरुवार को मीरापुर-बसही चौराहे पर चक्काजाम कर दिया। इसके चलते सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग गयी।

व्यापार मंडल के महिला मोर्चा के अध्यक्ष कंचन मौर्य ने कहा कि सड़क खोदने एवं धूल गर्दे से परेशान होकर। इसकी शिकायत जलकल विभाग के जेई नीलम यादव, नगर निगम के अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार से कई बार शिकायत की गयी थी, लेकिन समस्या का कोई निदान नही निकाला गया। बार-बार झूठे आश्वासनों से आजित आकर व्यापारी चक्काजाम करने को बाध्य हुए है। मौके पर पहुंचे चांदमारी चौकी प्रभारी गौरव पांडेय ने व्यापारियों को समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराया। आंदोलन में शेखर बाबा, मुकुंद सेठ, अध्यक्ष मृत्युन्जय सोनकर, अंकुर यादव, किशन सेठ, प्रकाश गुप्ता, सरोज कुमार उर्फ कुनकुन, प्रभात सिंह आदि व्यापारी शामिल रहे।

## भारत विविध संस्कृतियों का देश : अजीत नामधारी

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के तुलनात्मक धर्म दर्शन विभाग के अंतर्गत खालसा पंथ के स्थापना दिवस एवं वैशाखी पर्व पर गुरुवार को राष्ट्रीय एक भारत श्रेष्ठ भारत विषयक संगोष्ठी (वेबिनार) का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि कूका यादगारी ट्रस्ट लुधियाना के उपाध्यक्ष अजीत सिंह नामधारी ने बताया कि भारत बहुभाषी विविध संस्कृतियों से संपन्न उत्सव प्रिय और अनेक प्रकार की ऋतुओं से संपन्न कृषि प्रधान देश है। यहां के विभिन्न अंचलों में प्रकृति परिवर्तन के साथ त्योहार मनाने की परंपरा रही है। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुये कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह चाहते थे कि हर सिख हर तरह से परिपूर्ण हो, उन्होंने प्रत्येक सिख में त्याग, स्वच्छता, ईमानदारी, दान और साहस जैसे पांच गुण पैदा किए। डॉ. विनोद बब्बर बतौर मुख्य वक्ता ने कहा कि सिखों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह जी ने 1699 में बैसाखी के दिन खालसा पंथ की स्थापना की और सिखों को सिंह मतलब शेर का नाम दिया था।

# केंद्रीय प्रवेश समिति तय करेगी पारदर्शी व त्रुटिमुक्त प्रवेश

**नयी व्यवस्था**

**बीएचयू प्रशासन ने प्रो. राकेश रमन की अध्यक्षता में गठित की प्रवेश समिति**

**प्रवेश व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए समिति सुझायेगी बेहतर तरीके**

**विद्यार्थियों-प्रवेशार्थियों के हित में सूचना प्रसार को विकसित की जाएगी नई विधियां**

**वाराणसी।** बीएचयू प्रशासन ने आगामी शैक्षणिक सत्र को समय पर आरंभ करने के लक्ष्य के मद्देनजर स्नातक, स्नातकोत्तर तथा पीएचडी के लिए प्रवेश प्रक्रियाओं को समय पर कुशलता के साथ पूर्ण करने को केंद्रीय प्रवेश समिति का गठन किया है। यह समिति यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेगी कि प्रवेश प्रक्रिया पारदर्शी और त्रुटिमुक्त रहे। साथ ही साथ स्नातक, स्नातकोत्तर, पीएचडी तथा विशेष पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश बुलेटिनों को भी नया स्वरूप देगी।

अर्थशास्त्र विभाग-सामाजिक विज्ञान संकाय के प्रो. राकेश रमन की अध्यक्षता वाली समिति को छात्रों और प्रवेशार्थियों की सहायता के लिए विश्वविद्यालय प्रवेश प्रणाली और प्रक्रियाओं को सुलभ व प्रभावी बनाने के लिए हेल्प वीडियो/हेल्प डेस्क जैसे सूचना प्रसार के नए तरीके विकसित करने का भी काम सौंपा गया है। यह समिति प्रवेश प्रणाली को और बेहतर बनाने की दिशा में भी काम करेगी और इस संबंध में आवश्यक उपाय करेगी। आवश्यकता पड़ने पर यह समिति ऑनलाइन प्रवेश व्यवस्था में बेहतरी के भी सुझाव देगी। उप कुलसचिव (शिक्षण) समिति के सदस्य सचिव बनाए गए हैं। परीक्षा नियंता समिति के पदेन सदस्य होंगे। समिति के अन्य सदस्यों में पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के प्रो. आदित्य त्रिपाठी, रसायनशास्त्र विभाग के प्रो. राजेश कुमार, अंग्रेजी विभाग के डॉ. उमेश कुमार, वाणिज्य संकाय के डॉ. चिन्मय रॉय और भूगोल- महिला महाविद्यालय की डॉ. सबीना बानो शामिल हैं।

## संक्षेप

### ट्रामा सेंटर में 60 यूनिट रक्तदान



**वाराणसी।** भारतरत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर वाराणसी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया ट्रामा सेंटर, बीएचयू में आयोजित रक्तदान शिविर में प्रो इंचार्ज, ट्रामा सेंटर प्रो. सौरभ सिंह ने बाबा साहेब के जीवन संघर्ष से प्रेरणा लेकर उनके बताये मार्ग पर चलने के लिये प्रेरित किया। रक्तदान शिविर में प्रो. केएन. द्विवेदी (डीन आयुर्वेद संकाय, कर्नल मनीष शर्मा, डॉ राजेश मीणा, डा. कविता मीणा, डॉ. सुनील मीणा एवं ट्रामा सेंटर और सरसुंदरलाल अस्पताल के नर्सिंग आफिसरों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में कुल 60 यूनिट का रक्तदान हुआ। इस अवसर पर प्रो. सौरभ सिंह प्रो. यशपाल सिंह, प्रो. एसके. भारतीय, प्रो केएन. द्विवेदी, डा. कविता मीणा डिप्टी नर्सिंग सुपरिटेंडेंट पुष्पा मिंज व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### अस्सी घाट पर नीरज पारीख का गायन

**वाराणसी।** सुबह- ए- बनारस में गुरुवार को अहमदबाद से पधारे मेवाती घराने के कलाकार पं नीरज पारीख का गायन हुआ । उनके साथ सारंगी पर आशीष मिश्र तथा गायन में श्रीमती अमी नीरज परीख ने संगत की। । तबला संगति पंकज राय की रही। गायन का आरंभ राग मंगल भैरव में विलंबित झपताल में निबद्ध से किया। बंदिश से बोल थे- मंगल माधो नाम उचार। इसके उपरांत द्रुत तीनताल मे निबद्ध रचना सुनाया। बोल थे जाऊ तो पे वारी हे गिरधारी । गायन का समापन हुआ श्री गुरु नानक के भजन से किया। बोल थे सुमिरन कर ले मेरे मना। कलाकार को प्रमाणपत्र सुबह ए बनारस के संस्थापक सचिव डॉ रत्नेश वर्मा ने प्रदान किया। संचालन डॉ प्रीतेश आचार्य ने किया।

### अभियान चलाकर दो गाड़ी सामान किया जब्त

**वाराणसी।** नगन निगम प्रवर्तन दल की ओर से गुरुवार को चौकाघाट से नमो घाट तक सघन अतिक्रमण अभियान चलाया गया। मार्ग में जितने भी गुमटी अवैध रूप से रखे हुए थे सभी को हटवाकर साइन बोर्ड आदि को जब्त कर लिया गया। अभियान के दौरान लावारिस हालत में मुख्य मार्ग से लगभग दो गाड़ी अतिक्रमित सामान जब्त किया। इस दौरान कुल जुमार्ना राशि 1,900 रुपये वसूल किया गया।

### श्री अखण्ड पाठ साहिब का आयोजन आज से

**वाराणसी।** पं. मदन मोहन मालवीय ने वर्ष 1927 में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के राजपूताना छात्रावास में गुरुद्वारा साहिब में श्री अखण्ड पाठ साहिब का आयोजन की शुरुआत की थी। इसके तहत श्री अखण्ड पाठ साहिब का आरम्भ 14 अप्रैल को पूर्वाह्न 11 बजे होगा। जबकि 16 अप्रैल को पूर्वाह्न 10 बजे इसका समापन होगा। बीएचयू गुरुद्वारा के अध्यक्ष प्रो. एसएम सिंह ने कहा है कि समाप्ति के पश्चात अपराह्न एक बजे तक अरदास एवं कीर्तन होगा। तत्पश्चात गुरु का लंगर सम्पन्न होगा।

### एलएलबी पंचम सेमेस्टर की परीक्षा टली

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में आठ अप्रैल से शुरू हुई एलएलबी पंचम सेमेस्टर के पांचवे पेपर की परीक्षा 19 को होने वाली थी। जो टाल दी गई है। उक्त परीक्षा अब 24 अप्रैल को निर्धारित किए गए समय पर होगी।

# नमाशी चक्रवर्ती व अमरीन की फिल्म बैड ब्वाय का ट्रेलर रिलीज



**वाराणसी।** नमाशी चक्रवर्ती और अमरीन कुरैशी अभिनीत फिल्म बैड ब्वाय का ट्रेलर गुरुवार को तेलियाबाग स्थित आनंद मंदिर में रिलीज हुआ। कलाकारों को देखने के लिए सिनेमाघर में पहले से ही दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी रही। अपने जमाने के सुपर स्टॉर मिथुन चक्रवर्ती के बेटे नमाशी चक्रवर्ती और उनके साथ अमरीन कुरैशी एक घंटा विलंब से पहुंचे।

ढोल-नगाड़ों की थाप व पुष्प वर्षा से कलाकारों का स्वागत किया गया। कलाकार सीधे सिनेमाघर के मंच पर पहुंचे और अपने प्रशंसकों से मुखातिब हुए। नमाशी चक्रवर्ती ने फिल्म डिस्को डांसर के फेमस सांग आई एम ए डिस्को डांसर पर जम कर डांस किया।

इस दौरान सिनेमाघर में आतिशबाजी भी की गई। बाद में नमाशी चक्रवर्ती और अमरीन कुरैशी मीडिया से मुखातिब हुए। यह पूछे जाने पर कि आपने आपके पापा मिथुन दा की झलक दिखायी पड़ती है। कहा कि देखिये मेरी तुलना मेरे पापा से मत करिये। बनारस के बारे में कहा कि एक दिन पूर्व हम दशाश्वमेधघाट पर गंगा आरती देखने गये थे। वाकई बनारस जैसा शहर विश्व में कहीं भी नहीं है। यह बहुत ही खूबसूरत शहर है।

## गंदगी करने वालों पर 6.5 हजार रुपये जुर्माना

**वाराणसी।** नगर निगम अब शहर को गंदा करने वालों की पहेचान करेगा। साथ ही उनपर जुर्माना लगाकर कार्यवाही भी की जाएगी। इसका सख्ती से पालन करने के साथ जुर्माना भी वसूल किया जाएगा। गुरुवार को खुले में पेशाब करने, सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने और पान खाकर थूकने वालों से कुल 21 लोगों से 6.5 हजार रुपये जुमार्ना वसूला गया।

नगर आयुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर व्यापारिक संस्थाओं, विज्ञापनकताओं और कोचिंग संचालकों द्वारा लगाए गए अवैध बैनर पोस्टर के खिलाफ 60 लोगों पर 80 लाख रुपये जुमार्ना लगाया गया। जिनसे जुमार्ना वसूली की कार्यवाही की जा रही है।

निगम परिधि में किसी भी प्रकार के अवैध बैनर पोस्टर चिपकाने वालों द्वारा शहर को गंदा करने पर नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए जाने पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही भी की जाएगी। नगर निगम द्वारा इधर-उधर खुले में ही पेशाब करने वालों पर भी जुमार्ना लगाया जा रहा है।

# हमारी समस्या का समाधान है संविधान में : प्रो त्यागी



**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में गुरुवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती की पूर्व संध्या पर दो सत्रों में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसके प्रथम सत्र में डॉ. भीमराव अंबेडकर : व्यक्तित्व एवं कृतित्व नामक विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अतिथियों का स्वागत संयोजक और विभागाध्यक्ष प्रो. रेखा ने किया।

उन्होंने कहा कि बाबा साहब कहते थे की मैं हमेशा दलितों श्रमिकों का पोषण करता रहूंगा। बाबा साहब हमारे लिए ज्योतिपुंज की तरह है। मुख्य अतिथि प्रो. सुशील कुमार संकाय अध्यक्ष शिक्षा संकाय ने कहा कि धरती पर मानव सर्वश्रेष्ठ प्राणी है उसमें भी सर्वश्रेष्ठ महिला हैं।

बाबा साहब ने महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने के लिए महिला सशक्तिकरण के लिए परंपरागत समाज से लड़ाई लड़ी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी ने कहा कि आज के भारत का जो स्वरुप है उसमें बाबा साहब का व्यक्तित्व दिखाई देता है, भारत के 130 करोड़ लोग जिस संविधान को मानते हैं वह संविधान बाबा साहब ने लिखा है, जब भी कोई समस्या हमारे सामने आती है तो उसका समाधान जरूर हमारे संविधान में होता है। मुख्य वक्ता प्रो. रंजन कुमार संकायअध्यक्ष विधि संकाय ने कहा कि संविधान के मूल अधिकारों में बाबा साहब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की झलक दिखती है। प्रो. सुरेंद्र राम ने कहां कि हम सभी भारत वासियों में बाबा साहब का अंश है।

इस दौरान संकाय अध्यक्ष प्रो. बृजेश कुमार सिंह ने कहा कि बाबा साहब ने जो भी समाज में देखा चाहे वह जातिवाद क्षेत्रवाद हो या धार्मिक कट्टरता हो, सबके निराकरण के लिए संविधान में प्रावधान कर दिया।



## याद किये जलियांवाला बाग गोलीकांड के शहीद

**वाराणसी।** शहीद उधम सिंह की प्रतिमा के समक्ष सलामी देते वाराणसी कमिश्नरेट के पुलिसकर्मी। जलियांवाला बाग नरसंहार कांड की 104 शहादत दिवस पर गुरुवार की शाम गिरजाघर चौराहे पर शहीद उधम सिंह याद किया। गिरजाघर चौराहा पर वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस के जवानों ने शहीद उधम सिंह की प्रतिमा के सामने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। घुड़सवार पुलिस के जवानों ने बिगुल बजाकर ऊधम सिंह वीरता और अदम्य साहस का परिचय कराया।

# जी-20 के प्रचार प्रसार के लिए क्विज

**आयोजन**

**माध्यमिक और परिषदीय मिलाकर एक लाख से ज्यादा प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा**



**वाराणसी।** जी-20 के प्रचार-प्रसार के निमित्त गुरुवार को माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा छह से आठ एवं कक्षा नौ से 12 के छात्रों की क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें पहली बार एक लाख से ज्यादा विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। क्विज प्रतियोगिता परीक्षा जनपद के समस्त बोर्डों के कुल 568 माध्यमिक विद्यालयों में तथा बेसिक शिक्षा परिषद के 432 परिषदीय विद्यालयों में आयोजित करायी गयी। परीक्षा सुचारू रूप से सम्पन्न कराये जाने के निमित्त 31 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को नोडल प्रभारी नियुक्त किया गया था। नोडल प्रभारी द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के अनुसार क्विज प्रतियोगिता में छात्रों की प्रतिभागिता अत्यंत ही सराहनीय रहा है। क्विज प्रतियोगिता के प्रतिभागियों का परीक्षाफल जनपद स्तर पर सनबीम स्कूल वरूणा वाराणसी में एकत्रित की गयी है। विद्यालयों के क्विज प्रतियोगिता में माध्यमिक विद्यालयों के प्रतिभागियों की संख्या (कक्षा छह से आठ एवं कक्षा नौ से 12) 100155 रही। बेसिक शिक्षा परिषद के परिषदीय, सहायता प्राप्त एवं मान्यता प्राप्त उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रतिभागियों की संख्या (कक्षा छह से आठ) 44252 रही। जिसमें कुल मिलाकर विद्यार्थियों की संख्या 144407 रही।

## किसानों को मुफ्त बांटे मूंग एवं उर्द के बीज

**चांदमारी।** हरहुआ विकास खंड के चांदमारी स्थित कृषि बीज गोदाम पर विभाग की ओर से गुरुवार को दलहनी फसलों के तहत मूंग और उर्द की दाल के चार-चार किलों के पैकेट में बीजों का निःशुल्क वितरण किया गया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख विनोद कुमार उपाध्याय थे। इस मौके पर ब्लॉक के सहायक विकास अधिकारी देवेंद्र पांडेय ने किसानों से कहा कि मूंग की बोआई से न सिर्फ दाल की पैदावार होगी बल्कि खेतों की उर्वरा शक्ति भी बढ़ेगी और भूमि में जीवाश्म की वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि उपलब्ध कराये गये विराट आईपीएम 205 प्रजाति के मूंग बीज से फसल 70-80 दिनों में तैयार हो जाती है। इसकी बोआई धान रोपने वाले खेत में भी हो सकती है। जैविक खाद के जरिये खेतों की उर्वरा शक्ति बढ़ाना संभव है। आयोजन में जिला किसान मोर्चा भाजपा के रामप्रकाश सिंह 'वीरू सिंह', केके मौर्य, सर्वेश कुमार सिंह, बच्चूलाल, नेहा कुमारी, रूमा, रामसकल, उर्मिला देवी, जितेंद्र पांडेय, शिवमूरत, अजीत, इंद्रजीत, कन्हैयालाल यादव आदि कृषक रहे।

# वर्ल्ड पार्किंसंस डे पर जागरूकता रैली



**वाराणसी।** वर्ल्ड पार्किंसंस डे के अवसर पर गुरुवार को न्यूरोलॉजी सेंटर ने एक जागरूकता रैली का आयोजन किया। जो शौर्य न्यूरोलॉजी सेंटर, सिगरा से रुद्राक्ष कंवेशन सेंटर तक निकाली गई। इस मौके पर डॉ. अविनाश चंद्र सिंह ने बताया की पार्किंसंस एक मानसिक रोग होता है, किसी को ये समस्या होती है तो इसके लक्षण धीरे-धीरे नजर आते हैं। 50 से ज्यादा आयु वाले लोगों में इस समस्या का खतरा ज्यादा रहता है। उन्होंने बताया की यह रोग शरीर की गतिविधियों को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है। उन्होंने पार्किंसंस रोग के कारण के बारे में बताते हुए कहा की जब व्यक्ति अत्यधिक तनाव का शिकार हो जाता है तो वह कम आयु में भी इस समस्या से ग्रस्त हो सकता है। इसके अलावा तंबाकू का सेवन, नशीले पदार्थों का सेवन, जरूरत से ज्यादा दवाओं का सेवन या फास्ट फूड की ज्यादा सेवन करता है वह इस समस्या का शिकार हो सकता है। यदि हम अपने डाइट का खास ख्याल रखे और डाइट में फाइबर से भरपूर चीजों को शामिल करे जिससे की फाइबर पाचन क्रिया को तंदुरुस्त करने के साथ-साथ शरीर से टॉक्सिन पदार्थ को निकालने में उपयोगी है। जिससे पार्किंसंस रोग से बचाव या इसे कम किया जा सकता है।

**प्रेमा-मोहनलाल क्रिकेट**

## शिवाय क्लब फाइनल में, यूनिवर्सल क्लब को 113 रन से हराया



**वाराणसी।** बृजेंद्र (52) और विराट (57) ने बल्लेबाजी की अगुआई कर शिवाय क्लब को रुइया मैदान पर चल रही प्रेमा-मोहनलाल चौरसिया क्रिकेट स्पर्धा के फाइनल में पहुंचा दिया। शिवाय क्लब ने 35 ओवरों में सात विकेट पर 259 बनाए और यूनिवर्सल क्लब को 146 पर ही रोक दिया। पहले खेलते हुए शिवाय क्लब के लिए बृजेंद्र ने शुरुआती नुकसान को सुधारा और संग्राम मलिक (39) और विराट जायसवाल के साथ दल को डेढ़ सौ तक पहुंचा दिया। इसके बाद अभिषेक व दिव्य प्रकाश ने अंतिम ओवरों में निर्णायक प्रहारों से दल को ढाई सौ के पार पहुंचाया। जवाब में उत्तम (63) ने अकेले मोर्चा संभाला जबकि सलामी बल्लेबाज अखिल ने 31 रन बनाये। दिव्य प्रकाश ने तीन जबकि सौरभ ने दो विकेट लिए।

# भज मन राम सुखदायी...

**संकटमोचन संगीत**

**रमा वैद्यनाथन ने भरतनाट्यम पर किया भजन पेश**

**न्यूयार्क के ठाकुर चक्रपाणि सिंह ने गिटार पर रिझाया**

**पं. अजय पोहनकर की गायकी ने किया रससिक्त**

**संकटमोचन संगीत समारोह की चौथी निशा**






**वाराणसी।** संकटमोचन संगीत समारोह की चौथी निशा में गुरुवार को गायन, वादन व नृत्य का सम्मिश्रण रहा। कलाकारों ने गायन, वादन व नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति करके वहां मौजूद सभी दर्शकों को भावविभोर कर दिया। संकटमोचन संगीत समारोह का इस वर्ष शताब्दी वर्ष है। इसके चलते इस वर्ष यह आयोजन भव्यतम रूप में किया जा रहा है।

समारोह में रोज सायंकाल से लेकर भोर तक संगीत प्रेमियों के आने का सिलसिला जारी रहता है। कार्यक्रम स्थल पर जिन लोगों को मंच के आसपास जगह नहीं मिल रही है उनके लिए प्रांगण में लगाये गये स्क्रीन पर दर्शक इस संगीत समारोह का आनंद उठा रहे हैं। पूरा मैदान संगीत प्रेमियों से खचाखच भरा रहता है। संकटमोचन संगीत समारोह की चौथी निशा में गुरुवार को दिल्ली से आयी रमा वैद्यनाथन का भरतनाट्यम हुआ। उन्होंने कार्यक्रम की शुरुआत भज मन राम सुखदायी भजन से किया। इसके बाद कई प्रसंगों पर भरतनाट्यम पेश कर सभी को भावविभोर कर दिया। उनके साथ उनकी सहयोगी कलाकार भी रहीं। भरतनाट्यम के बाद न्यूयार्क से आये ठाकुर चक्रपाणि सिंह का गिटार वादन हुआ।

उन्होंने गिटार पर कई धुनों की प्रस्तुति की। उनके साथ तबले पर कोलकाता से आये समर साहा ने कुशल संगत की। तत्पश्चात पुणे से आये पं. अजय पोहनकर का गायन हुआ। उन्होंने गायकी पेश कर सभी को रससिक्त किया। उनके साथ मुंबई से आये यशवंत वैष्णव तबला व दिल्ली से आयी श्रीमती पारोमिता मुखर्जी संवादिनी पर संगत कर रही थीं। तत्पश्चात पुणे से आये शाकिर खान का सितार वादन हुआ। उन्होंने सितार के तारों को झंकृत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकारों का स्वागत संकटमोचन मंदिर के महंत प्रो. विश्वम्भर नाथ मिश्र ने किया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत-गोंड़उर वि0 ख0-भांवरकोल, गाजीपुर**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में चौदहवां राज्य वित्त/पंद्रहवां राज्य वित्त/मनरेगा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण आंगनबाड़ी केन्द्र योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यो के लिए निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 15.04.2023 से 21.04.2023 तक कार्यालय दिवस में अपरान्ह 2.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं जो दिनांक 21.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्य के समक्ष अपरान्ह 2.00 बजे खोली जायेगी। निविदा फार्म पैड पर होगी।

| क्र0सं0 | सामग्री आपूर्ति | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | ईंट प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | इंटरलाकिंग 200X160X80 एमएम, 200X160 एमएम | प्रति हजार | |
| 03 | बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू | प्रति घनमी0 | |
| 04 | ईंट गिट्टी 25 एमएम/40एमएम | प्रति घनमी0 | |
| 05 | सरिया/एस्बोस्ट्स शीट/पैन शीट, दरवाजा, टाइल्स फ्लोर टाइल्स व प्लास्टिक शीट इत्यादि | प्रति नग | |
| 06 | स्टोन ब्लास्ट 22.4एमएम, 53एमएम, 8.22एमएम, 6.0एमएम | प्रति घनमी0 | |
| 07 | एच0 पी0 3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400, 450 500, 600, 1000 एमएम | प्रति नग | |
| 08 | स्ट्रीट लाइट व सोलर लाइट पैनल | प्रति नग | |
| 09 | सीमेंट पोर्ट लैण्ड व ह्वाईट सीमेंट | प्रति नग | |
| 10 | चौखट 450X450X100 एमएम | प्रति नग | |
| 11 | जी0 आई0 पाइप बी क्लास साकेट | प्रति नग | |
| 12 | पी0 वी0 सी0 पाईप साकेट 110, 140, 150 एमएम | प्रति नग | |
| 13 | पटिया 0.90X0.45 एमएम | प्रति नग | |
| 14 | सुर्खी | प्रति घन मी0 | |
| 15 | हैण्डपम्प सेट इण्डिया मार्का 2 | प्रति नग | |
| 16 | चूना, ब्लीचिंग पाउडर, पेंट डिस्टेम्पर | प्रति किग्रा0 | |
| 17 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 18 | नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर ऊर्जा स्थापना पंचायत, भवन मरम्मत, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, एन0 एम0 सेंटर की बाउण्ड्रीवाल एवं मरम्मत | | |
| 19 | आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री | | |

**नोट-टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस में 100 रु0 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।**

**प्रतिबन्ध व शर्तें** :- 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद आपूर्ति के लिए सूचित की जायेगी। 2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर की जायेगी। 3. स्वीकृति आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामग्री की आपूति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/- स्टैम्प पेपर पर बाण्ड भरना होगा इसी के साथ-साथ दस हजार रूपये की प्रतिभूति एन0एस0सी0/एफ0 डी0 के रुप में जमा करना होगा जो कि एक वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किये जायेगें। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एम0 डी0 होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता को सेलटैक्स विभाग में अनिवार्य रुप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैन कार्ड धारक होना चाहिए। जी0 एस0 टी0 प्रपत्र व पैन कार्ड की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा। 7. आपूर्ति दरें पी0 डब्ल्यू0 डी0 की स्वीकृति दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रुप से होगा।

**ग्राम प्रधान-राजू चौरसिया**
**ग्राम पंचायत-गोंड़उर**
**वि0ख0-भांवरकोल, गाजीपुर**

**ग्रा0पं0अ0/सचिव-अजीत कुमार गौतम**
**ग्राम पंचायत-गोंड़उर**
**वि0ख0-भांवरकोल, गाजीपुर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत-ज्ञानपुर वि0 ख0-भांवरकोल, गाजीपुर**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में चौदहवां राज्य वित्त/पंद्रहवां राज्य वित्त/मनरेगा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण आंगनबाड़ी केन्द्र योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यो के लिए निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 15.04.2023 से 21.04.2023 तक कार्यालय दिवस में अपरान्ह 2.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं जो दिनांक 21.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्य के समक्ष अपरान्ह 2.00 बजे खोली जायेगी। निविदा फार्म पैड पर होगी।

| क्र0सं0 | सामग्री आपूर्ति | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | ईंट प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | इंटरलाकिंग 200X160X80 एमएम, 200X160 एमएम | प्रति हजार | |
| 03 | बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू | प्रति घनमी0 | |
| 04 | ईंट गिट्टी 25 एमएम/40एमएम | प्रति घनमी0 | |
| 05 | सरिया/एस्बोस्ट्स शीट/पैन शीट, दरवाजा, टाइल्स फ्लोर टाइल्स व प्लास्टिक शीट इत्यादि | प्रति नग | |
| 06 | स्टोन ब्लास्ट 22.4एमएम, 53एमएम, 8.22एमएम, 6.0एमएम | प्रति घनमी0 | |
| 07 | एच0 पी0 3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400, 450 500, 600, 1000 एमएम | प्रति नग | |
| 08 | स्ट्रीट लाइट व सोलर लाइट पैनल | प्रति नग | |
| 09 | सीमेंट पोर्ट लैण्ड व ह्वाईट सीमेंट | प्रति नग | |
| 10 | चौखट 450X450X100 एमएम | प्रति नग | |
| 11 | जी0 आई0 पाइप बी क्लास साकेट | प्रति नग | |
| 12 | पी0 वी0 सी0 पाईप साकेट 110, 140, 150 एमएम | प्रति नग | |
| 13 | पटिया 0.90X0.45 एमएम | प्रति नग | |
| 14 | सुर्खी | प्रति घन मी0 | |
| 15 | हैण्डपम्प सेट इण्डिया मार्का 2 | प्रति नग | |
| 16 | चूना, ब्लीचिंग पाउडर, पेंट डिस्टेम्पर | प्रति किग्रा0 | |
| 17 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 18 | नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर ऊर्जा स्थापना पंचायत, भवन मरम्मत, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, एन0 एम0 सेंटर की बाउण्ड्रीवाल एवं मरम्मत | | |
| 19 | आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री | | |

**नोट-टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस में 100 रु0 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।**

**प्रतिबन्ध व शर्तें** :- 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद आपूर्ति के लिए सूचित की जायेगी। 2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर की जायेगी। 3. स्वीकृति आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामग्री की आपूति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/- स्टैम्प पेपर पर बाण्ड भरना होगा इसी के साथ-साथ दस हजार रूपये की प्रतिभूति एन0एस0सी0/एफ0 डी0 के रुप में जमा करना होगा जो कि एक वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किये जायेगें। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एम0 डी0 होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता को सेलटैक्स विभाग में अनिवार्य रुप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैन कार्ड धारक होना चाहिए। जी0 एस0 टी0 प्रपत्र व पैन कार्ड की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा। 7. आपूर्ति दरें पी0 डब्ल्यू0 डी0 की स्वीकृति दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रुप से होगा।

**ग्राम प्रधान-कमलेश सिंह यादव**
**ग्राम पंचायत-ज्ञानपुर**
**वि0ख0-भांवरकोल, गाजीपुर**

**ग्रा0पं0अ0/सचिव-अजीत कुमार गौतम**
**ग्राम पंचायत-ज्ञानपुर**
**वि0ख0-भांवरकोल, गाजीपुर**

# गोटीपुआ लोक नृत्य पर मंत्रमुग्ध हुए लोग


सनबीम स्कूल में गोटीपुआ लोक नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार

आयोजन

## करतल ध्वनियों से गूंज उठा सनबीम स्कूल का परिसर

**बलिया।** सनबीम स्कूल अगरसंडा एवं स्पिक मैके के संयुक्त तत्वावधान में विद्यालय परिसर के नमन हाल में उड़ीसा राज्य की शास्त्रीय नृत्य शैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दल के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा छात्रों व अभिभावकों के समक्ष गोटीपुआ लोक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक डॉ. कुंवर अरुण सिंह, अतिथि कलाकार विजय कुमार साहू व प्रधानाचार्या डॉ. अर्पिता सिंह ने दीप प्रज्जवलित करके किया।

वाद्य यंत्रों के साथ कलाकारों की भाव भंगिमाओं, चमकृत्त करने वाले पिरामिड्स संग नृत्य शैली ने ऐसा समा बांधा कि दर्शक समाप्ति तक प्रस्तुति का रसास्वादन करते रहे। करतल ध्वनियों की गड़गड़ाहट से समग्र परिसर गूंजता रहा। कार्यक्रम की समाप्ति पर छात्रों ने जटिल नृत्य की बारीकियों को समझा व संबंधित प्रश्न भी पूछे। कलाकार अतिथि विजय कुमार साहू ने बताया कि गोटीपुआ लोक नृत्य उड़ीसा राज्य का पारंपरिक लोक नृत्य है। आज से लगभग 700 वर्ष पूर्व चैतन्य महाप्रभु उड़ीसा आए थे, तब वहां के मंदिरों में इस नृत्य परंपरा का प्रादुर्भाव हुआ। समकालीन समय में एक लड़का ही लड़की के रूप में नृत्य के द्वारा अपने भाव को ईश्वर को समर्पित करता था। अंत में उन्होंने रहस्योद्घाटन किया कि इस कार्यक्रम में जिन लड़की कलाकारों को आप देख रहे थे, वह वास्तव में हमारे गुरुकुल के छात्र हैं। विशिष्ट अतिथि डॉ. विजय कुमार तिवारी ने बच्चों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समुचित जवाब देकर उन्हें संतुष्ट किया। विद्यालय के निदेशक डॉ. कुंवर अरुण सिंह ने कहा कि नई पीढ़ी को आधुनिक ज्ञान के साथ समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भी जानना चाहिए। भारत की वास्तविक आत्मा गांव में बसती है। इस लोक कला को कलाकार अपने परिश्रम, त्याग व समर्पण से जीवंत बनाए हुए है। प्रधानाचार्या डॉ. अर्पिता सिंह ने लोक विधाओं को भारतीय समाज का प्राचीन गौरव व अभिन्न अंग बताया। विद्यालय प्रशासन द्वारा मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मौके पर प्रशासक एसके चतुर्वेदी, पंकज सिंह, सहरबानो, नीतू, निधि सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन मेघना सिंह व दीक्षा यादव ने किया।


अतिथि को बुके देते विद्यालय के निदेशक डॉ. कुंवर अरूण सिंह एवं बगल में खड़ी प्रधानाचार्या डॉ. अर्पिता सिंह

## बस चालकों की बनेगी श्रेणियां, होंगे प्रशिक्षित

**बलिया।** अपर प्रबंध निदेशक अन्नपूर्णा गर्ग ने सभी डिपो पर बस चालकों की श्रेणियां बनाने के लिए निर्देशित किया है। रोडवेज में प्रतिदिन अच्छा और खराब प्रदर्शन करने वाले बस चालकों की सूची बनाई जाती है। अब दुर्घटना के आधार पर भी सतर्कता बरतने वाले चालकों को श्रेणीबद्ध किया जाएगा। जिस चालक के कार्यकाल में सबसे अधिक दुर्घटना होंगी, उसे ई एवं जिसके कार्यकाल में एक भी दुर्घटना नहीं हुई होगी उस बस चालक को ए श्रेणी में रखा जाएगा। श्रेणी निर्धारित करते समय बस चालकों के कौशल और सतर्कता को भी ध्यान में रखा जाएगा। जो बस चालक डी और ई श्रेणी में आएंगे, उन्हें प्रशिक्षण दिलाकर उनकी श्रेणियों में बदलाव किया जाएगा। बस चालकों को पांच श्रेणियों में बांटा जाएगा। ए श्रेणी में वह बस चालक होंगे, जिनसे कभी कोई दुर्घटना न हुई हो। बी श्रेणी में उन बस चालकों को शामिल किया जाएगा, जिनसे दुर्घटना में पांच हजार रुपये से कम क्षति हुई और कोई व्यक्ति घायल न हो हुआ हो। सी श्रेणी में उन्हें शामिल किया जाएगा, जिनसे हादसे में 50 हजार की क्षति और कोई भी व्यक्ति मामूली घायल हुआ हो। डी श्रेणी में 50 हजार रुपये की क्षति एवं गंभीर घायल तथा बस सात दिन से अधिक आफ रूट रही हो। सबसे निम्न श्रेणी ई श्रेणी रहेगी। इसमें वह बस चालक शामिल किए जाएंगे, जिनसे हादसे में किसी व्यक्ति की मौत या विकलांगता हो गई है।

## संक्षेप

### लोजपा की समीक्षा बैठक संपन्न



**बलिया।** लोक जनशक्ति पार्टी की समीक्षा बैठक बुधवार को जिलाध्यक्ष सुनील पासवान की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि कमला कुमारी ने बैठक का शुभारंभ किया। इस दौरान सर्वसम्मति से सुनील पासवान को पुनः जिलाध्यक्ष एवं प्रीतम पासवान को प्रदेश सचिव और प्रत्याशी घोषित किया गया। मौके पर प्यारेलाल सरोज, डा. लक्ष्मण प्रसाद, जया बनर्जी, राजेंद्र प्रसाद, रमेश पांडेय, झूलन अंसारी, लखन रावत, सागर सिंह नागेंद्र, रविशेखर चौबे, अमलेश, शमी, बलबीर, संजय राजभर आदि मौजूद रहे।

### गला दबाकर की गई थी बालक की हत्या

**बलिया।** सुखपुरा थाना क्षेत्र के हनुमानगंज निवासी पवन (09) पुत्र सुशील गोंड की हत्या गला दबाकर की गई है। इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ। नाबालिग बच्चे की हत्या क्यों और किसने की? यह बड़ा सवाल है। पुलिस हर विन्दुओं पर जांच-पड़ताल कर रही है। हनुमानगंज निवासी सुशील गोंड ने पुलिस को तहरीर दिया कि उसका नौ वर्षीय बेटा पवन 10 अप्रैल की सुबह 7-8 बजे से गायब है। काफी तलाश के बाद भी उसका कही पता नहीं चल रहा है। सुशील ने बेटे के अपहरण की आशंका जताते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने उसी दिन धारा 363 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। बुधवार को बालक का शव हनुमानगंज में ही एक मकान के पीछे गड्ढ़े में पाया गया। बालक का शव मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। पीड़ित परिवार ने हत्या का आरोप लगाया, जो पीएम रिपोर्ट आने के बाद पुख्ता हो गया है। दर्ज मुकदमें में धाराओं की बढ़ोतरी कर पुलिस जांच में जुटी है।

### 16 को प्रस्तावित पेंशन संवैधानिक मार्च स्थगित

**बलिया।** प्रदेश में निकाय चुनाव के मद्देनजर आदर्श अचार संहिता लागू होने के बाद 16 अप्रैल को अटेवा पेंशन बचावो मंच द्वारा प्रस्तावित संवैधानिक मार्च को प्रदेश नेतृत्व द्वारा स्थगित कर दिया गया है। यह जानकारी पेंशन संवैधानिक मार्च के जनपदीय प्रभारी राकेश कुमार मौर्य ने देते हुए बताया कि संवैधानिक मार्च का कार्यक्रम आगामी समय में प्रदेश नेतृत्व द्वारा निर्धारित किया जाएगा। इस बीच हम सभी लगातार एक-दूसरे से संवाद कायम कर संगठन को मजबूत करते रहेंगे। अटेवा के जिला संयोजक समीर कुमार पाण्डेय ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व द्वारा सदस्यता सहयोग का विवरण मांगा गया है। अतः जिन साथियों के पास सदस्यता सहयोग राशि का अवशेष हो, वह तत्काल जिले को उपलब्ध करायें।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**बलिया।** सदर कोतवाली पुलिस द्वारा वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया। एसपी राजकरन नय्यर द्वारा अपराध के समूल उन्मूलन एवं अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान में एएसपी दुर्गा प्रसाद तिवारी के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल निर्देशन में निरीक्षक अपराध संजय शुक्ला मय फोर्स क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अप्पु कुमार यादव पुत्र स्व.रामनाथ यादव निवासी भोजछपरा, थाना रेवती को एनसीसी तिराहे के पास से हिरासत में ले लिया।

### आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिया प्रशिक्षण

**बलिया।** विकास खंड बेलहरी के समस्त आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों, आगनवाड़ी सहायिकाओं व आगनवाड़ी सुपरवाइजर को आगामी 17 से 30 अप्रैल तक चलने वाले दस्तक अभियान हेतु प्रशिक्षण बीआरसी केन्द्र हल्दी के प्रांगण में दिया गया। इस अभियान के तहत बच्चों को दस्त रोग, निमोनिया, और जन्मजात बीमारियों से पीड़ित बच्चों की पहचान कर उन्हें निःशुल्क जांच एवं उपचार तथा परिवहन सुविधाएं प्रदान की जायेंगी। इस अभियान के अन्तर्गत स्वास्थ्य, ग्राम्य विकास व बेसिक शिक्षा एकसाथ मिलकर कार्य करेंगे तथा उपचार एवं बचाव के गुर बताएंगे। प्रशिक्षण कर्ता बाल विभाग परियोजना विभाग से सीडीपीओ सुरेन्द्र कुमार यादव, स्वास्थ्य विभाग से ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक राकेश, अभिषेक आदि उपस्थित रहे।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, दो गंभीर

**बलिया।** सदर कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर स्थित पेट्रोल पम्प के पास सड़क हादसे में गाजीपुर जिले के करीमुद्दीन थाना क्षेत्र के ताजपुर डेहमा निवासी एक युवक की मौत हो गयी। वहीं, भाई और बहन गंभीर रूप से घायल हो गये। आस-पास के लोगों ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। इसकी जानकारी होते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार गाजीपुर जनपद के करीमुद्दीनपुर थाना के ताजपुर डेहमा गांव निवासी मनोज कन्नौजिया अपनी बहन सुनीता व छोटे भाई बिट्टू कन्नौजिया के साथ बाइक से बलिया आ रहे थे। बिट्टू कन्नौजिया की तबियत खराब थी। उसे अस्पताल में दिखाना था। इसी दौरान जलालपुर स्थित पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक असंतुलित होकर सड़क पर पलट गई। वहीं बीच में बैठे बिट्टू के सिर पर ट्राली का पहिया चढ़ने से उसकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, बाइक चला रहे मनोज कन्नौजिया एवं पीछे बैठी बहन सुनीता घायल हो गये। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गयी। स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया। वहीं, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। इधर, मौका देखकर ट्रैक्टर चालक फरार होने में कामयाब हो गया।

### पड़ोसी पर लगाया पत्नी के अपहरण का आरोप

**बैरिया।** क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने अपने ही पड़ोसी पर अपनी पत्नी के अपहरण का आरोप लगाते हुए गुरुवार को बैरिया थाने में तहरीर दिया है कि मेरी पत्नी का अपहरण कर आरोपी कही ले जाकर बंधक बना कर रखा है। मुझे धमकी दिया है कि तुम्हे और तुम्हारे बच्चों की हत्या कर दूंगा। एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि आरोपी क्षेत्र के चांदपुर गांव का निवासी है। प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रपंच का लग रहा है। क्योंकि इससे पहले भी उक्त शिकायत कर्ता की पत्नी उसके साथ जा चुकी है और फिर लौट कर चली आयी। बावजूद इसके उक्त महिला की तलाश की जा रही है। महिला के बरामद होने पर उसके बयान के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बैंक शाखाओं में ग्राहक सुविधाओं का अभाव

जनसंदेश न्यूज

**बैरिया।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर स्थापित दो दर्जन से अधिक सरकारी बैंक शाखाओं में कहीं भी ग्राहकों के लिए पेयजल, शौचालय, दिव्यांगों को शाखा में जाने का रैम्प नहीं होने से ग्राहकों को घोर असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, अधिकांश सरकारी बैंक शाखाओं में ग्राहकों को बैठने के लिए पर्याप्त व्यवस्था का भी अभाव है।

बता दे कि यूपी बड़ौदा बैंक के आधा दर्जन से अधिक शाखा के अलावा भारतीय स्टेट बैंक की चार शाखाएं, यूनियन बैंक की दो शाखाएं, इंडियन बैंक की दो शाखाएं, पंजाब नेशनल बैंक की एक शाखा, बैंक आफ बड़ौदा की एक शाखा, सेंट्रल बैंक की तीन शाखा के अलावा कई जिला सहकारी बैंक की शाखाएं यहां कार्यरत है। इन बैंकों में लोगों के लगभग दस हजार करोड़ रुपए जमा है। बावजूद इसके इन बैंकों शाखाओं में ग्राहक सुविधाओं का टोटा है। बैंक मैनुअल के अनुसार हर शाखा में ग्राहकों के लिए पेयजल व मूत्रालय की व्यवस्था होनी चाहिए। अगर यह नहीं है तो इसके लिए शाखा प्रबंधक जिम्मेदार हैं।

अगर इंडियन बैंक शाखा रानीगंज को छोड़ दिया जाए तो कहीं ग्राहकों के लिए कोई माकूल व्यवस्था नहीं है। भारतीय स्टेट बैंक की शाखा कोटवां में बैठने की व्यवस्था जरूर है, किंतु पेयजल की कहीं कोई व्यवस्था नहीं है। इस चिलचिलाती गर्मी के मौसम में पेयजल की व्यवस्था का नहीं होना ग्राहकों के लिए परेशानी का सबब है। वही, कुछ बैंक शाखाएं दो मंजिला इमारतों पर है, जहां आने-जाने के लिए सीढ़ियां काफी कष्टकारक है। बैंक शाखा में ऊपर अपना पैसा जमा-निकासी के लिए बूढ़े और दिव्यांग ग्राहक नहीं जा पा रहे हैं। ऐसे में क्षेत्रवासियों ने अपेक्षा की है कि चिलचिलाती गर्मी को देखते हुए शाखा प्रबंधक अपने-अपने बैंक शाखाओं में ग्राहकों के लिए पेयजल के अलावा अन्य व्यवस्था उपलब्ध करायें।

मनमानी

## खाताधारकों को करना पड़ रहा घोर असुविधा का सामना

> सभी बैंकों में हमारी अधिकतम जानकारी के अनुसार पेयजल, मूत्रालय और दिव्यांगों के लिए रैंप की व्यवस्था है। अगर कहीं नहीं है तो उसके लिए शाखा प्रबंधक जिम्मेदार हैं। अगर ग्राहकों की तरफ से इस तरह की शिकायत प्राप्त होती है तो जरूरी कार्रवाई की जाएगी।
>
> राजकुमार पांडेय, अफसर, लीड बैंक बलिया

> बैरिया क्षेत्र के अधिकांश बैंक शाखाओं में पेयजल सहित ग्राहकों के लिए अन्य जरूरी सुविधाओं का अभाव है। इसे सुव्यवस्थित करने के लिए लीड बैंक के अफसर व सभी बैंकों के क्षेत्रीय प्रबंधकों को पत्र भेज रहा हूं, ताकि वह अपने यहां व्यवस्था सुनिश्चित कर सकें। ऐसा नहीं करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए रिजर्व बैंक को पत्र भेजा जाएगा।
>
> आत्रेय मिश्र, उपजिलाधिकारी बैरिया

# आग से 20 बीघा गेहूं की फसल राख



**रतसर।** गड़वार थाना क्षेत्र के रतसर कलां नगर पंचायत स्थित सुहवां गांव में गुरुवार को आग लगने से खेत में खड़ी 20 बीघा गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। सूचना मिलते ही आस-पास के किसानों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। सूचना मिलने के एक घंटे बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची, तब तक फसल जलकर नष्ट हो चुकी थी। रतसर क्षेत्र के डीएस स्कूल के पीछे सुहवां में बच्चे क्रिकेट खेलने के लिए पिच की तैयार कर रहे थे। इसी बीच कुछ बच्चे फील्ड में से कूड़ा एकत्र कर जलाने लगे। पछुआ हवा के कारण निकली चिंगारी से खेत में खड़ी फसल जलने लगी। तेज हवा चलने के कारण पास स्थित 20 बीघा गेंहू की खड़ी फसल में आग फैलने लगी। तेज पछुवा हवा के चलते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग लगने की सूचना पाकर ग्रामीण सहित पुलिस पहुंची और आग को डंडा एवं पानी से बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। अंततः पूरी फसल जलकर नष्ट हो गई। सूचना देने के एक घंटे बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची, तब तक सबकुछ समाप्त हो चुका था। आगलगी की घटना में बब्बन यादव, शिवजन्म यादव, जितेन्द्र सिंह आदि किसानों की फसल जलकर नष्ट हो गई।

**चार दिन में उपलब्ध करायें रिपोर्टः बैरिया।** इस बाबत पूछने पर उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने बताया कि मुझे यह जानकारी हुई है कि लेखपालों द्वारा कुछ गड़बड़ी की गई है। इसके चलते आगलगी की रिपोर्ट उचित माध्यम से मंडी समिति को नहीं मिली है और ना मेरे पास आई है। इस संबंध में मैंने चार दिन का समय सीमा लेखपालों व राजस्व निरीक्षक को दिया है। अगर चार दिन के भीतर सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर रिपोर्ट मेरे पास नहीं लाई गई तो संबंधित लेखपालों व राजस्व निरीक्षकों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई होगी।

## आग से लाखों रुपये का सामान राख



**बेरुआरबारी।** स्थानीय ब्लाक के ग्राम पंचायत मिड्ढा में बुधवार की शाम अचानक आग लगने से लाखों रुपए की गृहस्थी, श्रृंगार के अलावा दुकान में रखी अन्य सामाग्री जलकर राख हो गई। ग्रामीणों के अथक प्रयास से आग पर काबू पाया गया। मिड्ढा निवासी राम शीला शर्मा का घर बेरुआरबारी- सुखपुरा मार्ग पर स्थित है। बुधवार की शाम घर के पुरुष सदस्य किसी कार्य से बाहर गए थे। घर पर केवल महिलाएं ही थी, तभी आस-पास के लोगों एवं राहगीरों को आग की लपटों के साथ धुएं का गुबार दिखाई दिया। लोगों के शोर मचाने पर घर की महिलाएं बाहर निकली। ग्रामीण एवं राहगीरों ने घंटों प्रयास करके आग पर काबू पाया। आगलगी की घटना में रामशीला शर्मा का लाखों का लकड़ी का सामान, जरनेटर, चौकी तथा रमेश शर्मा का गुमटी में रखा हजारों रुपए के श्रृंगार का सामान सहित गुमटी जलकर राख हो गई।

## शासन के निर्देश का हो रहा उल्लंघन

**बैरिया।** अग्नि पीड़ितों ने बताया कि तहसील प्रशासन या मंडी समिति ने किसी भी तरह की सहायता नहीं दिया है, जबकि शासन की तरफ से 24 घंटे के भीतर किसानों को मुआवजा देने का निर्देश है। इसका खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। कतिपय अग्नि पीड़ितों ने बताया कि उनके नुकसान का रिपोर्ट लेखपाल अपने झोले में लेकर घूम रहे हैं। उन्होंने उसे तहसील पर जमा ही नहीं किया है। इसके चलते सहायता नहीं मिल रहा है। अग्नि पीड़ितों ने उपजिलाधिकारी एवं जिलाधिकारी से हस्तक्षेप की गुहार लगाई है।

## अग्नि पीड़ितों को नहीं मिली सहायता

**बैरिया।** एक तरफ जहां द्वाबा क्षेत्र आग के मुहाने पर खड़ा होकर जल रहा है, वहीं दूसरी तरफ अग्नि पीड़ितों का किसी तरह की कोई सहायता न मिलने पर परेशान है। क्षेत्र में आगलगी की ताबड़तोड़ घटनाओं में जहां हजारों बीघा खेत में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो चुकी है, वहीं आधा दर्जन से अधिक रिहायशी मड़हे आग में समा चुके हैं। करोड़ों रुपए का सामान आग की भेंट चढ़ चुका है। बावजूद इसके तहसील प्रशासन एवं मंडी समिति द्वारा किसी भी अग्नि पीड़ित को सहायता के नाम पर एक भी धेला नहीं दिया गया है। इससे अग्नि पीड़ितों की परेशानी बढ़ गई है। तीन अप्रैल को बकुलहा के दियारे में लगी आग में 500 बीघा खेत में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गयी। वही, पांच अप्रैल को नौका गांव रति छपरा में 200 बीघा गेहूं की फसल आग की भेंट चढ़ गई। सात अप्रैल को बघमरिया व श्रीनगर में 300 बीघा में खड़ी गेहूं की फसल आग में समा गई। आठ अप्रैल को महाज में तीन ट्रैक्टर, चार ट्राली व कृषि संयंत्र जलकर राख हो गये। चार लोगों के पक्के मकान एवं कुछ रिहायशी मड़हे जलकर राख हो गए। 10 अप्रैल को अधिसीझुआ गोपाल नगर में 200 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। 12 अप्रैल को शिवाल मठिया के दियारें में 100 बीघा गेहूं और एक भूसा बनाने की मशीन जलकर राख हो गई। वही, 29 मार्च को टोला बाज राय में एक व्यक्ति का रिहायशी मड़हा, दो बकरियां व एक भैंस जिंदा जलकर मर गई। 11 अप्रैल को नौका गांव में चार परिवारों का पक्का घर व चार मड़हे जलकर राख हो गए। 11 अप्रैल को धतूरी टोला में भी दो लोगों का रिहायशी मड़हा जलकर खाक हो गया। आग बुझाते समय दो लोग झुलस गए, जिनका इलाज चल रहा है। विडंबना यह है कि किसी भी अग्नि पीड़ित को सहायता के नाम पर तहसील प्रशासन या मंडी समिति द्वारा कोई सहायता नहीं दी गई है। उक्त सभी अगलगी की घटना में समय से फायर ब्रिगेड की गाड़ी कहीं नहीं पहुंची है। हर जगह आग लगने के एक से डेढ़ घंटे बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची है। इससे लोग फायर ब्रिगेड की उपयोगिता को लेकर सवाल खड़ा कर रहे हैं।

# निकाय चुनाव में निर्णायक होगी आधी आबादी

**बलिया।** नगर निकाय चुनाव को लेकर जिले के दो नगर पालिका और 10 नगर पंचायतों में बिसात बिछ चुकी है। सभी राजनीतिक दल वोटरों को अपनी ओर करने में जुटे है। महिलाओं ने भी राजनीति में हस्तक्षेप करना शुरू कर दिया है। पुरुषों के वर्चस्व वाले निकायों में महिला मतदाताओं की भूमिका अब बढ़ती जा रही है। महिला मतदान बढ़ने से चुनाव परिणामों में महिलाएं निर्णायक साबित हो रही हैं।

मतदाता के रूप में महिलाओं की भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। राजनीति में महिलाओं की भागीदारी पुरुषों की तुलना में कम रही है, लेकिन अब उनका भी दबदबा बढ़ने लगा है। इस निकाय चुनाव में आधी आबादी निर्णायक होने वाली है। वह जिसे चाहेगी, उसी के सिर अध्यक्ष का ताज सज जाएगा।

इस बार की मतदाता सूची में आधी आबादी की हिस्सेदारी करीब 46 फीसदी होगी। पिछले चुनाव की तुलना में महिला मतदाताओं में इस बार दस प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पिछले चुनाव में महिला मतदाताओं की तादाद 36 फीसदी थी। इस बार इनकी हिस्सेदारी 46 प्रतिशत हो गई है। जिले के 12 निकायों में तीन लाख 46 हजार 737 मतदाताओं में 186706 पुरुष मतदाता हैं, जबकि एक लाख 60 हजार 31 महिलाएं हैं। यह इनकी बढ़ती राजनीतिक चेतना के साथ-साथ महिलाओं की चुनावों में बढ़ती रुचि का संकेत है। इसका मतलब यह भी है कि महिलाएं राजनीतिक रूप से एक निर्णायक वोट के रूप में उभर रही हैं।

## आयोग की वेबसाइट पर अपलोड होगा रिकार्ड

**बलिया।** नगर निकाय चुनाव के लिये 17 अप्रैल से जिले के 12 निकायों का नामांकन शुरू हो जाएगा। इसी तैयारी में जिला प्रशासन पूरी तरह से जुट गया है। नामांकन करने वाले सभी प्रत्याशियों का विवरण चुनाव आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा। दावेदार अपना नामांकन आफलाइन करेंगे। उसके बाद उनका रिकार्ड अपलोड किया जाएगा। विकास भवन के सभागार में 38 आरओ और 42 एआरओ को प्रशिक्षण दिया गया। चुनाव के दौरान 32 आरओ की ड्यूटी लगायी जाएगी। छह आरओ सुरक्षित रखे जाएंगे। जिले की दो नगर पालिकाओं में से बलिया को अनारक्षित की श्रेणी में रखा गया है, जबकि रसड़ा को पिछड़ा वर्ग के लिये आरक्षित किया गया है। दस नगर पंचायत में से चार को अनारक्षित, दो को पिछड़ा वर्ग और चार का विभिन्न वर्ग की महिलाओं के लिये आरक्षित किया गया है। निकाय चुनाव में जिला प्रशासन की ओर से नामांकन कक्ष का निर्धारण किया जा रहा है। जिले में दो नगर पालिका बलिया और रसड़ा है। नगर पंचायत बैरिया, बांसडीह, रेवती, सहतवार, मनियर, सिकंदरपुर, बिल्थरारोड, चितबड़ागांव, नगरा और रतसर है। इस तरह अध्यक्ष पद की 12 एवं सभासद की 195 सीटों पर प्रत्याशी अपना नामांकन दाखिल करेंगे। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी (नगरीय निकाय) सर्वेश यादव ने बताया कि बलिया सदर तहसील में नगर पालिका बलिया सहित नगर पंचायत चितबड़ागांव और रतसर कलां के अध्यक्ष तथा सभासद पद के उम्मीदवार नामांकन करेंगे। बांसडीह तहसील में नगर पंचायत रेवती, सहतवार, बांसडीह और मनियर के अध्यक्ष एवं सभासद पद के उम्मीदवार अपना नामांकन करेंगे। सिकंदरपुर तहसील में नगर पंचायत सिकंदरपुर, बिल्थरारोड तहसील में नगर पंचायत बिल्थरारोड और बैरिया तहसील में नगर पंचायत बैरिया के उम्मीदवार अपना नामांकन करेंगे। इसके अलावा रसड़ा तहसील में नगर पालिका रसड़ा और नगर पंचायत नगरा के अध्यक्ष एवं सभासद प्रत्याशी अपना पर्चा दाखिला करेंगे।

## निकाय चुनाव के लिए बनेगा कंट्रोल रूम

**बलिया।** निकाय चुनाव के लिए अभी कंट्रोल रूम नहीं बनाया गया है। 16 अप्रैल को जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी रविंद्र कुमार द्वारा चुनाव की अधिसूचना जारी करने से पूर्व निर्वाचन के लिए कंट्रोल रूम को भी सक्रिय कर दिया जाएगा। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी (नगरी निकाय) सर्वेश यादव ने बताया कि कंट्रोल रूम को चुनाव की हर गतिविधि की सूचना दी जा सकती है।

## जमा करने होंगे ये कागजात

**बलिया।** निकाय चुनाव में प्रत्याशियों को नामांकन करने में विभिन्न प्रकार के कागजातों को जमा करना होगा। इसमें संबंधित निकाय में एक वर्ष से अधिक की बकायेदारी न होने का प्रमाणपत्र। जमानत राशि जमा करने की रसीद। आरक्षित पदों के प्रत्याशियों को जाति प्रमाणपत्र के साथ शपथ पत्र। आपराधिक और संपत्तियों का ब्योरा नोटरी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार से सत्यापित शपथ पत्र। कोई भी मतदाता एक से अधिक प्रत्याशी का प्रस्तावक नहीं बन सकेगा।

## 1950 में डॉ. रामानंद शर्मा चुने गये थे अध्यक्ष

पुष्पेन्द्र तिवारी 'सिंधु'



**रेवती।** 17 फरवरी 1873 को गठित टाउन एरिया रेवती में आजादी के बाद 1950 में डा. रामानंद शर्मा अध्यक्ष चुने गये। सन 1957 में पुनः अध्यक्ष पद की कुर्सी डा. रामानंद शर्मा के पाले में रही। सन 1964 में चुनाव की गिनती भी हुई, लेकिन निर्णय आने से पहले हाईकोर्ट का स्थगन आदेश आ गया। 1970 में टाउन एरिया भंग कर रेवती को नोटिफाइड एरिया के रूप में गठित किया गया। 1971 में हुए चुनाव में डा. रामानंद शर्मा विजयी हुए। तब रेवती नगर ए, बी, सी, डी, ई, एफ छह सेक्टर में 11 वार्ड के रूप में था। उस समय चयनित मेम्बरों के मत से अध्यक्ष का चयन होता था। सन 1973 में डा. रामानंद शर्मा की मृत्यु होने के पश्चात तीन माह तक रामकृष्ण तिवारी नगर पंचायत के कार्यवाहक अध्यक्ष रहे। 1973 में मध्यावधि हुए चुनाव में सभासदों द्वारा चंद्रप्रताप सिंह को अध्यक्ष चुना गया। बाद में अविश्वास प्रस्ताव द्वारा हटने पर कार्यवाहक अध्यक्ष डा. मैनुदिन रहे। 1977 से लेकर 1987 तक रेवती नगर में निकाय चुनाव नहीं हुआ। सन 1988 में प्रथम आम चुनाव हुआ, जिसमें चंद्र प्रताप सिंह को विजयश्री मिली। 1995 में रेवती नोटिफाइड एरिया के स्थान पर नगर पंचायत बना और सन 1995 में डा. रामानंद शर्मा की पुत्रवधू मंजू शर्मा को नगर पंचायत के लोगों ने अपना अध्यक्ष चुना। सन 2000 में हुए चुनाव में नगर पंचायत की जनता ने डा. रामानंद शर्मा के बड़े पुत्र डा. सुरेश चंद्र शर्मा को नगर पंचायत के प्रथम व्यक्ति के रूप में निर्वाचित किया। सन 2006 में डा. रामानंद शर्मा के परिवार का तिलिस्म टूट गया और रामेश्वर तिवारी ने अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। 2012 के चुनाव में जयश्री पाण्डेय तत्कालीन चेयरमैन रामेश्वर तिवारी को हराकर चेयरमैन की कुर्सी पर विराजमान हुई। सन 2017 के चुनाव में पुनः जयश्री पाण्डेय पर नगर पंचायत की जनता ने अपना विश्वास जताते हुए चेयरमैन चुना। आजादी से पूर्व मदन मोहन सिंह, राजा सिंह, चंद्रशेखर सिंह, रामधनी सिंह आदि रेवती के अध्यक्ष रहे।

### दर्जनों लोग प्रस्तुत कर रहे दावेदारी

**रेवती।** निकाय चुनाव में रेवती नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए दर्जनों लोग अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर रहे हैं। इन सबके बीच जनता भी दावेदारों को भली-भांति परखने में लगी हुई है। तत्कालीन नगर पंचायत अध्यक्ष जयश्री पांडेय, पूर्व चेयरमैन रामेश्वर नाथ तिवारी के पुत्र अभिज्ञान तिवारी, पूर्व चेयरमैन डा. रामानंद शर्मा के पुत्र तथा पूर्व चेयरमैन मंजू शर्मा के पति डा. गौतम शर्मा, राणा योगेंद्र विक्रम सिंह मांडलू, अतुल कुमार पांडेय बबलू, अमित पांडेय पप्पू, एडवोकेट महेश तिवारी, ओंकारनाथ ओझा, महावीर तिवारी फौजी, सुभाष, उधारी राजभर आदि मजबूती से दावेदारी प्रस्तुत कर रहे हैं। अब देखना होगा कि जनता नगर पंचायत अध्यक्ष का ताज किसके सिर पर बांधती है?

## दावेदारों को परख रही जनता

**रेवती।** निकाय चुनाव की तैयारी शबाब पर है। संभावित दावेदारों द्वारा मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए दिन-रात मेहनत किया जा रहा है। दावेदार मतदाताओं को अलग-अलग तरीके से अपने पाले में करने के लिए लगे हुए हैं। सुबह से लेकर देर रात तक संभावित दावेदार नगर पंचायत की गलियों में घूमते हुए जनता के बीच अपना पक्ष रख रहे हैं। उधर, जनता भी मौन साधे संभावित दावेदारों को परख रही है।

## चुनाव में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं : एसडीएम

**बैरिया।** स्थानीय नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए नामांकन उप जिलाधिकारी न्यायालय कक्ष में होगा, जबकि सभासदों का नामांकन तहसीलदार न्यायालय में होगा। यह निर्णय मुख्य राजस्व अधिकारी एके अग्निहोत्री के निर्देशन में उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने लिया है। इसके लिए तैयारी जोरो पर है। एसडीएम ने बताया है कि 17 अप्रैल से 24 अप्रैल तक पूर्वाह्न 11 बजे से तीन बजे तक नामांकन होगा। 25 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। नाम वापसी 27 अप्रैल को व चुनाव चिन्ह का आवंटन 28 अप्रैल को होगा। आवश्यक हुआ तो मतदान 11 मई को सुबह सात बजे से शुरू होगा। वही, मतगणना 13 मई को सुबह 08 बजे से शुरू होगी। आदर्श आचार संहिता तक संपूर्ण समाधान दिवस व थाना दिवस का आयोजन नहीं होगा। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि चुनाव में किसी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नही की जायेगी।

## नपं बांसडीह : बिगड़ जाता है जातिगत समीकरण

**बांसडीह।** स्थानीय नगर पंचायत की कुल आबादी लगभग 45 हजार के आस-पास है। बांसडीह नगर पंचायत में कुल 15 वार्ड है। इस सीट पर सभी राजनीतिक पार्टियों की विशेष नजर रहती है। हालांकि चुनावी नतीजों में इस सीट पर सपा एवं बसपा सहित निर्दलों का ही कब्जा रहा है। भाजपा का कमल अभी तक इस नगर पंचायत में नहीं खिला है। बांसडीह नगर पंचायत के जातिगत मतदाताओं की बात करें तो वैश्य समाज अग्रणी है, जो किसी भी चुनाव में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर उम्मीदवारों को कुर्सी तक पहुंचते है। वही, ब्राह्मण मतदाता भी चुनाव का रुख बदलने में सक्षम है। दलित, राजभर, मुस्लिम मतदाता भी चुनाव की दिशा बदलने में सक्षम है। हालांकि नगर पंचायत बांसडीह एक ऐसी सीट है, जहां पर लाख कोशिश करने के बाद भी सारी पार्टियों का जातिगत समीकरण बिगड़ जाता है।

## पहली बार मतदान करेंगे 190 मतदाता

**बांसडीह।** स्थानीय नगर पंचायत में इस बार 2017 की अपेक्षा नए मतदाताओं की संख्या बढ़ी है। इस बार निकाय चुनाव में 190 नए मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। वर्ष 2017 के चुनाव में बांसडीह नगर पंचायत में कुल 20543 मतदाता थे, जिसमे पुरुष मतदाताओं की संख्या 10736 और महिला मतदाताओं की संख्या 9807 थी। 2023 के निकाय चुनाव में कुल मतदाताओं की संख्या 20733 है, जिसमे पुरुष मतदाताओं की संख्या 10825 और महिला मतदाताओं की संख्या 9908 है। इसमे नए मतदाताओं के रूप में 190 मतदाता पहली बार मतदान करेंगे।

## बांसडीह में बूथों की स्थिति

**बांसडीह।** नगर पंचायत बांसडीह में कुल 15 वार्डो में छह मतदान केंद्र बनाए गए है, जिसमे 26 स्थलों पर मतदान कराए जायेंगे। बात करे संवेदनशील केंद्रों की तो तीन केंद्रों के 13 मतदान स्थल संवेदनशील की श्रेणी है। वही, अति संवेदनशील की श्रेणी में दो केंद्रो के नौ मतदान स्थल शामिल किए गए है। अति संवेदनशील प्लस की श्रेणी में एक केंद्र का चार मतदान स्थल शामिल है।

# 132वीं जयंती की पूर्व संध्या पर बाबा साहब को दी श्रद्धांजलि





आज अंबेडकर जयंती पर होगा भव्य कार्यक्रम

**बलिया।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती की पूर्व संध्या पर कलेक्ट्रेट स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष भाकपा माले शहर कमेटी के लोगों ने 132 कैंडल जलाकर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर माले नेता लक्ष्मण यादव ने कहा कि बाबा साहेब का संविधान समता और अधिकार का संदेश देता है।

संविधान लोगों के जीवन और संस्कृति की स्वतंत्रता के साथ ही अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार देता है। संविधान की भावनाओं से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ, लोकतांत्रिक अधिकार के लिए संघर्ष करना ही बाबा साहेब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी और उनके सपनों का भारत बनेगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजेश गोंड, रमेश बिंद, एकमी देवी, उपेंद्र कुमार, संगम कुमार, देवानंद माली, विजय सिंघानिया, माया देवी, लक्ष्मण यादव और डीपी सोनी आदि शामिल हुए।

**बेल्थरारोड।** स्थानीय नगर पंचायत के वार्ड नम्बर तीन नवकापुरा में बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयन्ती के अवसर पर 14 अप्रैल को बाबा साहब की मूर्ति के पास भव्य कार्यक्रम की तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है। इसके लिए समिति के सदस्यों ने बाबा साहब मूर्ति व स्थान की सफाई का कार्य जोरो पर है। बाबा साहब समिति के संरक्षक विनय प्रकाश डेविड ने बताया कि इसके उपलक्ष्य में आगामी 16 अप्रैल की शाम को दो गोला बिरहा का आयोजन किया गया है। इसमे महिला बिरहा गायक उजाला यादव और पुरुष गायक देवीलाल यादव भाग ले रहे हैं। कहा कि कोविड के नियम का पालन करते हुए कार्यक्रम किया जायेगा। उन्होंने लोगों से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील किया है। कार्यक्रम की तैयारी व साफ-सफाई में रानू किशोर, विनय प्रकाश, विजय कुमार, रमेश कुमार, सुशांत, सूरज कुमार, सचिन कुमार टुनटुन, अजीत कुमार गोलू, राजेश कुमार जगरल, अश्वनी, साहिल, पियूष, कौशल कुमार, अमित कुमार, प्रियांशु कुमार, आकाश, विनय कुमार दीपक, अखिलेश कुमार, हिमांशु आदि लगे रहे।

## जिलाधिकारी ने गेहूं क्रय केन्द्र भगवानपुर का किया निरीक्षण

**बलिया।** जनपद में रबी विपणन वर्ष 2023-24 हेतु पी.सी.एफ द्वारा संचालित गेहूं खरीद केन्द्र क्रय-विक्रय सहकारी समिति भगवानपुर, विकास खण्ड हनुमानगंज का निरीक्षण जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान क्रय केन्द्र प्रभारी दीपक कुमार सिंह अनुस्थित थे, कुछ समय बाद वह क्रय केन्द्र पर पहुंचे।



मौके पर खरीद नहीं हो रही थी, इस संबंध में जब केन्द्र प्रभारी से जिलाधिकारी ने पूछा तो उनके द्वारा बताया गया कि किसानों के न आने के कारण खरीद नहीं हो रही है। केन्द्र प्रभारी द्वारा अवगत कराया गया कि गेहूं की खरीद ई-पास मशीन द्वारा की जा रही है व स्टॉक रजिस्टर उपलब्ध है। अभी तक कुल 09 किसानों से 516 कुन्तल गेहूं की खरीद की जा चुकी है। 06 अप्रैल 2023 को प्रथम किसान से खरीद की गयी थी। किसानों के भुगतान के संबंध में केन्द्र प्रभारी द्वारा बताया गया कि अभी तक किसी भी किसान को भुगतान नहीं हुआ है। इस संबंध में पूछे जाने पर नीरज कुमार, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता द्वारा बताया गया कि भुगतान हेतु धनराशि 12 अप्रैल 2023 को प्राप्त हुई है यथाशीघ्र ही किसानों का भुगतान किया जाएगा। जिलाधिकारी ने जिला खाद्य विपणन अधिकारी व सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता को निर्देशित किया कि निर्धारित समयान्तर्गत किसानों का भुगतान किया जाए। केन्द्र प्रभारी को कृषकों से अधिक से अधिक सम्पर्क कर खरीद बढ़ाने एवं मानक व गुणवत्ता के अनुरूप गेहूँ क्रय करने के निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान अविनाश चन्द्र सागरवाल, जिला खाद्य विपणन अधिकारी व नीरज कुमार, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### नाइट ब्लड सर्वे में लिया 185 लोगों का सैंपल

**बलिया।** फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत स्वास्थ्य टीम ने पंदह ब्लाक के चड़वा-बड़वा ग्राम में नाइट ब्लड सर्वे में 185 लोगों का सैंपल लिया। सेंटर फार एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफार) संस्था के सहयोग से गठित फाइलेरिया नेटवर्क समिति के सदस्यों ने सर्वे किया। जिला मलेरिया अधिकारी सुनील कुमार यादव ने बताया कि नाइट ब्लड सर्वे के लिए टीम बनाई गई थी, जो रात में लोगों के ब्लड का सैंपल लेकर फाइलेरिया संक्रमण का पता लगाने का कार्य करती है। इसके परजीवी यानि माइक्रो फाइलेरिया रात में ही सक्रिय होते हैं। उन्होंने बताया कि इसमें 20 साल से अधिक आयु की महिलाओं एवं पुरुषों का सैंपल लिया गया। सैंपल लेकर रक्त पट्टिका बनाई गई। 20 नेटवर्क सदस्यों की ओर से 160 लोगों का नाइट ब्लड सर्वे कराने के लिए जांच स्थल पर आने के लिए प्रचार-प्रसार किया गया था। फाइलेरिया नेटवर्क के 20 लोगों ने भी जांच कराई। दो नेटवर्क सदस्य राजेश सिन्हा एवं अखिलेश कुमार ने 185 लोगों के पंजीकरण में सहयोग किया।

### नवागत क्षेत्राधिकारी ने किया कार्यभार ग्रहण



**बलिया।** नवागत क्षेत्राधिकारी नगर श्री एस. एन. वैभव पांडेय ने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। श्री पांडेय इससे पहले 48 बटालियन पीएसी, सोनभद्र में तैनात थे। 2012 बैच के पीपीएस अधिकारी हैं। उन्होंने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप पुलिस अधीक्षक बलिया के मार्ग दर्शन में जो भी कार्य होंगे बखूबी उसको करूंगा। इसके अलावा शांति व्यवस्था बनाए रखना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। अगर नगर की पुलिस की कोई समस्या हो तो तुरंत हमारे कार्यालय में आवेदन पत्र सहित मोबाइल नंबर अंकित हो ताकि समस्या का समाधान हो सके। इसके अलावा आपातकाल सेवा में 112 पर 24 घंटे पुलिस सेवा बहाल रखी है। उन्होंने ने कहा कि बलिया नगर क्षेत्र अपने में एक अलग पहचान रखता है। इस पहचान को बरकरार रखते हुए भाईचारा व एकता बनाए रखें।

### चोरी करते रंगेहाथ पकड़े गये दो चोर

**बैरिया।** थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में मौके पर चोरी करते दो चोरों को रंगेहाथ पकड़ कर ग्रामीणों ने खातिरदारी करते हुए पुलिस के हवाले कर दिया। बैरिया पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीत करते हुए दोनों आरोपियों को चालान न्यायालय कर दिया। जानकारी के अनुसार जगदेव ढाढ़ी निवासी दिनेश पासवान उप भूतनाथ के दरवाजे पर खड़ी ई-रिक्शा की बैटरी बुधवार की रात खोल रहे गोविंद पांडेय निवासी गोविंदपुर को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। लोगों ने उसकी धुनाई भी किया और पुलिस के हवाले कर दिया। वही, गोन्हिया छपरा निवासी श्याम बिहारी सिंह का मोबाइल फोन चुरा कर भाग रहे गांव के ही आशीष सिंह को ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। उसकी जमकर धुनाई के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। दोनों आरोपियों के पास से चोरी का सामान बरामद कर पुलिस ने चालान न्यायालय कर दिया।

# उप्र सीनियर बेसिक शिक्षक संघ का मनाया स्वर्ण जयंती समारोह

**आयोजन**

### 50वें स्थापना दिवस पर सेवानिवृत्त व नवनियुक्त शिक्षकों को किया गया सम्मानित



**बलिया।** उत्तर प्रदेश सीनियर बेसिक शिक्षक संघ के स्थापना की 50वीं वर्षगांठ यानी स्वर्ण जयंती समारोह गुरूवार को टाउन इंटर कालेज के सभागार में आयोजित किया गया। समारोह में सेवानिवृत्त शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के साथ ही 2015 के पश्चात नियुक्त शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

वक्ताओं ने उप्र सीनियर बेसिक शिक्षक संघ के संस्थापक स्व0 अयोध्या प्रासाद अवस्थी के संघर्षों को याद करते हुए कहा कि 1973 में आज ही के दिन उन्होंने संगठन की नींव रखी थी। उनके प्रयासों से जूनियर हाईस्कूलों के शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के लिए सेवा नियमावली बनाई गई थी। शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के खाते में आज सीधे वेतन जा रहा है तो यह भी उनके ही संघर्षों की देन है। सहायता प्राप्त जूनियर हाईस्कूलों में कार्यरत शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के हितों रक्षा के लिए अयोध्या प्रसाद अवस्थी कई बार जेल गए लेकिन अपने लक्ष्य से कभी डिगे नहीं। 2006 में एक हजार जूनियर हाईस्कूलों को अनुदानित किए जाने का ऐतिहासिक फैसला भी उनके ही नेतृत्व में हुए संघर्ष का प्रतिफल है। उनके द्वारा तैयार किया गया संगठन आज विशाल वट वृक्ष का रूप लेकर प्रदेश के 61 जिलों में सफलता पूर्वक संचालित है। इसके पहले स्वर्ण जयंती व सम्मान समारोह की शुरूआत संगठन के संस्थापक अध्यक्ष स्व अयोध्या प्रसाद अवस्थी, स्व0 कैलाशनाथ उपाध्याय व स्व0 तेजनारायण सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर हुई। विदेशीलाल यादव ने गीत प्रस्तुत किए। इस अवसर पर प्रांतीय संगठन मंत्री अनिल सिंह, कमलदेव सिंह, रामराज तिवारी, गिरिजा शंकर मिश्र, अशोक केसरी, अनूप सिंह, लक्ष्मण यादव, अमित सिंह, रामप्रताप सिंह, सुधीर उपाध्याय, नारायणदत्त तिवारी, अरुण सिंह, समर प्रताप सिंह, जितेंद्र सिंह, राजेश सिंह, कमलेश तिवारी, पुष्पराज सिंह, निर्भयशंकर राय, राजेन्द्र यादव, धर्मेन्द्र तिवारी, धनश्याम राय, विनोद मिश्रा, रामप्रवेश यादव, रजनीशधर द्विवेदी, दिलीप सिंह, अक्षयवर चैबे, विजय प्रताप ओझा आदि थे। अध्यक्षता गिरिजा शंकर राय व संचालन प्रांतीय उपाध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय कान्हजी ने किया।

### एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर द्वारा अपराध के समूल उन्मूलन एवं आपराधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल निर्देशन में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा 193/2023 से सम्बन्धित अभियुक्त की गिरफ्तारी के क्रम में 13 अप्रैल 2023 को निरीक्षक अपराध संजय शुक्ला मय फोर्स के देखभाल क्षेत्र व तलाश वांछित/ वारण्टी चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन के क्षेत्र में मामूर थे कि जरिए मुखबिर सूचना के आधार पर अभियुक्त अप्पू कुमार यादव पुत्र स्व. रामनाथ यादव निवासी भोज छपरा थाना थाना रेवती जनपद बलिया को एनसीसी तिराहे के पास से हिरासत पुलिस में लिया गया अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर नियमानुसार विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में नि0 अपराध संजय शुक्ला थाना कोतवाली बलिया, हे का गिरिश यादव थाना कोतवाली बलिया का शशि भूषण थाना कोतवाली बलिया, का0 अरमान थाना कोतवाली बलिया शामिल रहे।

### बसपा नेता की मां के निधन पर शोक

**बलिया।** भारतीय बौद्ध महासभा के जिला महासचिव पूर्व बसपा सेक्टर अध्यक्ष अरूण राम के माता का 75 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। माता कलपति देवी अपने पिछे तीन पुत्र, एक पुत्री व हरा भरा परिवार छोड़ गयी है। कलपति देवी के पति रामराज ने श्रीरामपुर घाट पर मुखाग्नि दी। निवास स्थान भिखमपुर पर शोक संवेदना प्रकट करने वालों का तांता लग गया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत-जोगा मुसाहिब वि0 ख0-भांवरकोल, गाजीपुर

### अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में चौदहवां राज्य वित्त/पंद्रहवां राज्य वित्त/मनरेगा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण आंगनबाड़ी केन्द्र योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यो के लिए निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 15.04.2023 से 21.04.2023 तक कार्यालय दिवस में अपरान्ह 2.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं जो दिनांक 21.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्य के समक्ष अपरान्ह 2.00 बजे खोली जायेगी। निविदा फार्म पैड पर होगी।

| क्र0सं0 | सामग्री आपूर्ति | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | ईंट प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | इंटरलाकिंग 200X160X80 एमएम, 200X160 एमएम | प्रति हजार | |
| 03 | बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू | प्रति घनमी0 | |
| 04 | ईंट गिट्टी 25 एमएम/40एमएम | प्रति घनमी0 | |
| 05 | सरिया/एस्बोस्ट्स शीट/पैन शीट, दरवाजा, टाइल्स फ्लोर टाइल्स व प्लास्टिक शीट इत्यादि | प्रति नग | |
| 06 | स्टोन ब्लास्ट 22.4एमएम, 53एमएम, 8.22एमएम, 6.0एमएम | प्रति घनमी0 | |
| 07 | एच0 पी0 3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400, 450 500, 600, 1000 एमएम | प्रति नग | |
| 08 | स्ट्रीट लाइट व सोलर लाइट पैनल | प्रति नग | |
| 09 | सीमेंट पोर्ट लैण्ड व हवाईट सीमेंट | प्रति नग | |
| 10 | चौखठ 450X450X100 एमएम | प्रति नग | |
| 11 | जी0 आई0 पाइप बी क्लास साकेट | प्रति नग | |
| 12 | पी0 वी0 सी0 पाईप साकेट 110, 140, 150 एमएम | प्रति नग | |
| 13 | पटिया 0.90X0.45 एमएम | प्रति नग | |
| 14 | सुर्खी | प्रति घन मी0 | |
| 15 | हैण्डपम्प सेट इण्डिया मार्का 2 | प्रति नग | |
| 16 | चूना, ब्लीचिंग पाउडर, पेंट डिस्टेम्पर | प्रति किग्रा0 | |
| 17 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 18 | नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर ऊर्जा स्थापना पंचायत, भवन मरम्मत, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, एन0 एम0 सेंटर की बाउण्ड्रीवाल एवं मरम्मत | | |
| 19 | आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री | | |

**नोट-टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस में 100 रु0 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।**

**प्रतिबन्ध व शर्तें** :- 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद आपूर्ति के लिए सूचित की जायेगी। 2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर की जायेगी। 3. स्वीकृति आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामग्री की आपूति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/- स्टैम्प पेपर पर बाण्ड भरना होगा इसी के साथ-साथ दस हजार रूपये की प्रतिभूति एन0एस0सी0/एफ0 डी0 के रुप में जमा करना होगा जो कि एक वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किये जायेगें। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एम0 डी0 होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता को सेलटैक्स विभाग में अनिवार्य रुप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैन कार्ड धारक होना चाहिए। जी0 एस0 टी0 प्रपत्र व पैन कार्ड की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा। 7. आपूर्ति दरें पी0 डब्ल्यू0 डी0 की स्वीकृति दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रुप से होगा।

**ग्राम प्रधान-राम प्रवेश राय**
**ग्राम पंचायत-जोगा मुसाहिब**
**वि0ख0-भांवरकोल, गाजीपुर**

**ग्रा0पं0अ0/सचिव-चन्द्रिका प्रसाद**
**ग्राम पंचायत-जोगा मुसाहिब**
**वि0ख0-भांवरकोल, गाजीपुर**


## संक्षेप

### क्रय विक्रय सहकारी समिति लिमिटेड के चुनाव में सतीश शाही सभापति हिमांशु राय उप सभापति निर्विरोध निर्वाचित



**दोहरीघाट, मऊ।** कस्बा स्थित ब्लॉक स्तरीय क्रय विक्रय सहकारी समिति लिमिटेड के संचालक मंडल के सदस्यों सहित सभापति और उप सभापति का निर्वाचन चुनाव अधिकारी राजा राम चैहान की देखरेख में सम्पन्न हुआ। जिसमें भाजपा के अधिकृत प्रत्यासी सतीश शाही सभापति हिमान्शु राय उप सभापति निर्विरोध निर्वाचित हुए। साथ ही विभिन्न समितियों के प्रतिनिधि का निर्वाचन निर्विरोध हुआ। जिसमें इफको और केंद्रीय उपभोक्ता भंडार में संतोष राय, जिला सहकारी बैंक में प्रदीप दुबे, मृत्युंजय त्रिपाठी, जितेंद्र भारती, चीनी मिल घोसी में संदीप राय मिंटू, हरि राय, डीसीएफ में अंगद, सुनैना, करुणाकर निर्विरोध चुने गए। इस विजय पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष व चुनाव प्रभारी संतोष राय पूर्व सभापति प्रवीण राय, अवधेश राय, राम अधीन पाण्डेय, विकास मल्ल, नखडू पाण्डेय, हरिवंश यादव, रामदरश सिंह, डब्बू राय, विनय राय, कमलेन्द्र राय आदि लोग ने बधाई दी।

### प्रधान ने दो पर दर्ज कराया मुकदमा

**इन्दारा, मऊ।** कोपागंज विकास खंड के दर्पनारायणपुर की ग्राम प्रधान सुनीता यादव ने अपने ही गांव के दो लोगों के खिलाफ खड़ंजा उखाड़ने को लेकर कोपागंज थाना में मुकदमा दर्ज कराया है ग्राम प्रधान ने आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत दर्पनरायनपुर के राजस्व ग्राम छपरा मे वित्तीय वर्ष 2022-23 मे मनरेगा के द्वारा रामध्यान यादव के खेत से बाबूराम यादव के घर तक खडन्जा निर्माण कराया गया था। जिसकी लागत (464000-00) चार लाख चैसठ हजार रुपए के लागत से किया गया था। उक्त खडन्जा को बाबूराम यादव व उनके भाई हरिलाल यादव के द्वारा खडन्जा को उखाड़ कर फेंक दिया गया। हमलोग के द्वारा मना करने पर लाठी डण्डे लेकर मारने के लिए दौड़े व गाली देकर जान से मारने की धमकी देने लगे। कोपागंज की पुलिस ने मामले में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले में छानबीन कर रही है।

### नालसा एप के बारे में विस्तार पूर्वक दी गई जानकारी

**मऊ।** जनपद न्यायाधीश रामेश्वर की अध्यक्षता में गुरूवार को जनपद में असक्षम व्यक्तियों को विधिक सहायता उपलव्ध कराये जाने हेतु अभिनय कुमार मिश्रा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने फ्रंट आफिस एवं नालसा एप के वारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान कर वताया गया कि नालसा एप्प भारत के समस्त नागिरकों को जिंदगी के किसी भी मोड़ पर सहायक है। पुलिस-थाना या कोर्ट-कचहरी के चक्कर से बचना में कानूनी सलाह की जरूरत होती है। ऐसे में नालसायानी राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण का एक खास ऐप आपकी मदद करेगा। यहां आपको घर बैठे कानूनी सलाह मुफ्त मिलेगी, फोन पर लीगल एड ऐप के जरिए देश के किसी भी गांव या शहर से कानूनी सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं। ऐप के माध्यम से लाभार्थी कानूनी सहायता के लिए अप्लाई कर सकते हैं। एप्लीकेशन ट्रैक कर सकते हैं और क्लेरिफिकेशन आदि ले सकते हैं। इस ऐप को प्ले स्टोर से अपने मोबाइल में इंस्टॉल कर नालसा, हाई कोर्ट लीगल सर्विस कमेटी, सुप्रीम कोर्ट लीगल कमेटी, डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विस अथॉरिटी, तालुका लीगल सर्विस अथॉरिटी में से चूज कर बेसिक डिटेल्स, मामला, अपोजिट पार्टी की डिटेल्स भरनी होगी। अगर आपकी कोई क्वेरी है, तो 15100 पर डायल कर राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर पर सीधे बात भी कर विधिक सहायता प्राप्त कर सकते है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की मौत

**इन्दारा, मऊ।** कोपागंज थाना क्षेत्र के इंदारा बड़ी नहर के समीप मऊ-मधुबन शहीद मार्ग पर बुधवार की देर रात हार्वेस्टर हेल्फर की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। विशुनपुरा थाना के बड़हरा बुजुर्ग गांव निवासी भागीरथी गिरी (34) ने इंदारा कंबाइन मशीन लेकर गेंहू की कटाई करने आया था। बुधवार की दिन में गेंहू कटाई करके देर रात मऊ ढाबे पर खाना लेने गया था। खाना लेकर बाइक से वापस आ रहा था इंदारा गांव के तरफ आ रहा था कि बड़ी नहर के पास पहुचा ही था कि पीछे से अज्ञात वाहन अनियंत्रित होकर पीछे से टक्कर मार दिया। इससे कंबाइन हेल्फर सड़क पर गिरकर छटपटाने लगा। इससे हेल्फर की मौके पर मौत हो गई। आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुचे सूचना पुलिस को दिए मौके पर पहुचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वाहन चालकों टक्कर मारते हुए फरार हो गया।

# नामांकन कक्षों, मतगणना व पार्टी रवानगी स्थलों का डीएम ने किया निरीक्षण

**तैयारी**

### चुनाव को सकुशल संपन्न कराने हेतु संपूर्ण तैयारियां समय से पूर्ण करने के दिए निर्देश



**मऊ।** गुरूवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार ने तहसील घोसी एवं मधुबन के अंतर्गत आने वाली नगर पंचायतों के चुनाव हेतु निर्धारित नामांकन कक्षों तथा मतगणना एवं पार्टी रवानगी स्थलों का निरीक्षण किया।

तहसील घोसी के अंतर्गत दोहरीघाट, घोसी एवं अमिला नगर पंचायते शामिल हैं,जहां पर संबंधित नगर पंचायतों के अध्यक्ष पद के अलावा कुल 44 वार्ड हेतु चुनाव कराए जाने हैं। 44 वार्डों में चुनाव हेतु कुल 61982 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। इन सभी नगर पंचायतों के चुनाव हेतु पार्टी रवानगी एवं मतगणना स्थल के रूप में सर्वोदय इंटर कॉलेज घोसी निर्धारित है। मतगणना हेतु निर्धारित कक्षों के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कमरों के खुली खिड़कियों को बंद करने एवं पर्याप्त मात्रा में प्रकाश की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने अलग-अलग नगर पंचायतों हेतु निर्धारित कमरों से सटे कमरों को ही स्ट्रांग रूम के रूप में चयन करने को भी कहा। इसके अलावा सर्वोदय इंटर कॉलेज के परिसर की साफ-सफाई एवं पार्किंग हेतु अन्य उचित स्थल का चयन करने के भी निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने नामांकन हेतु निर्धारित तहसील मुख्यालय का निरीक्षण किया।

उन्होंने अलग-अलग नगर पंचायतों के नामांकन कक्षों तक पहुंच आसान बनाने हेतु बैरिकेटिंग की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए जिससे प्रत्याशियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। तहसील मधुबन के अंतर्गत मात्र एक नगर पंचायत मधुबन है, जहां पर अध्यक्ष पद के अलावा कुल 15 वार्डों में चुनाव कराए जाने हैं। इसके लिए कुल 12 मतदान केंद्रों के 22 बूथों पर 20137 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। तहसील परिसर से ही पार्टी रवानगी भी होगी। तहसील मधुबन में निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पार्किंग की उचित व्यवस्था के साथ ही नामांकन के दौरान भीड़ को देखते हुए वार्ड सदस्य के नामांकन हेतु अतिरिक्त कक्षों की भी व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

उन्होंने घोसी एवं मधुबन के उप जिलाधिकारियों को नामांकन के दौरान नामांकन कक्षों में उचित दूरी पर बैरिकेटिंग, प्रवेश एवं निकास की उचित व्यवस्था तथा पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी घोसी सुरेश कुमार, उप जिलाधिकारी मधुबन मनोज कुमार तिवारी, तहसीलदार घोसी एवं मधुबन संजीव कुमार यादव, संबंधित तहसीलों के नायब तहसीलदार सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डॉ. रामविलास भारती ने बुद्धाब्द आम्बेडकराब्द कलैंडर का निर्माण कर रचा इतिहास : डॉ. राजेश कुमार



**मऊ।** किसी भी समाज व देश की पहचान उसकी अपनी संस्कृति से ज्यादातर होती है। भारत की संस्कृति विभिन्नता में एकता की है, जो अनेकानेक समाज की संस्कृतियों से जुड़ी होती है। वैसे ही समता, स्वतंत्रता, बंधुत्व, न्याय व विज्ञान में विश्वास करने वालों की अपनी संस्कृति रही है। इसी को ध्यान में रखकर युवा इतिहासकार एवं सामाजिक चिंतक, शिक्षक एवं समाजसेवी डॉ. रामविलास भारती द्वारा निर्मित संस्थापित भारतीय कलैंडर बुद्धाब्द 2568 आम्बेडकर सन (आम्बेडकराब्द) 132 का विमोचन आयोजक डॉ. रामविलास भारती सहित मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त पीईएस अधिकारी शिवचन्द राम, अभियोजन अधिकारी डॉ. राजेश कुमार, अरविन्द मूर्ति, मुखराम, कुलदीप, ओमप्रकाश चन्द्रा, तपेश्वर राम, रामचन्द्र, रामअवध राव, सहित लोगों द्वारा बुद्ध विहार, वाणी कोट भीटी मऊ में किया गया। इस कलैंडर के अनुसार बहुजन समाज, शोषितों, वंचितों और मूल भारतीयों का नववर्ष भारतरत्न बाबा साहेब डॉ. भीम राव आम्बेडकर के जन्मदिवस (14 अप्रैल) से भारतीय नववर्ष बुद्धाब्द 2568 आम्बेडकराब्द 132 की शुरूआत होता है। 14 अप्रैल से बुद्धवादियों, आम्बेडकरवादियों का नववर्ष प्रारम्भ होता है। बुद्धाब्द आम्बेडकराब्द/आम्बेडकर सन के संस्थापक एवं भारतीय कलैंडर के निर्माणकर्ता डॉ. रामविलास भारती के अनुसार कोई भी दिन शुभ अथवा अशुभ नहीं होता है बल्कि कोई भी संस्कार किसी समय आवश्यकता उपलब्धता एवं सामत के आधार पर किया जा सकता है यह कलैंडर पूर्णता खगोलीय, वैज्ञानिक एवं मानवता पर आधारित कलैंडर है। जो समतामूलक संस्कृति को स्थापित करता है। इस अवसर पर संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए शिवचन्द राम ने कहा कि डॉ. रामविलास भारती द्वारा निर्मित कलैंडर भारत का प्रथम ऐतिहासिक कलैंडर है। जो एक दिन भारतीय कलैंडरों के इतिहास में एक दिन मिल का पत्थर साबित होगा। डॉ. राजेश ने कहा कि डॉ. रामविलास भारती ने भारतीय कलैंडर का निर्माण कर इतिहास रचा है। इस अरविन्द मूर्ति ने कहा कि भारतीय कलैंडर बुद्धाब्द आम्बेडकर सन को अपनाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मुख्य प्रबंधक मुखराम व संचालन लोकतंत्र सेनानी रामअवध राव ने किया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत-मुरकी वि0 ख0-मुफ्तीगंज , जौनपुर

### अल्पकालिक निविदा

वित्तीय वर्ष 2022-23 में 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/ अंत्येष्टि स्थल/ राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/एस.एल.डब्लू.एम. के अन्तर्गत कार्य/मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय/ पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण, सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 14.04.2023 से 18.04.2023 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपराह्न 2.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते हैं। दिनांक 20.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपराह्न 2.00 बजे खोली जायेगी, निविदा फर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्राक्कलन के अनुसार) | शिड्यूल रेट के अनुसार (निम्नतम दर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | टाइल्स, शुलभ/सामुदायिक शौचालय एस.एल. डब्लू.एम. योजनान्तर्गत | | |
| 2 | सीमेंट, बालू, गिट्टी, छड़, ईंट 150/एस0ओ0बी0 | | |
| 3 | ईंट, हैण्डपम्प रिबोर, हरा चारा, सूखा चारा, चुन्नी, सीमेंटेड ईंट | | |
| 4 | पलम्बरी सामग्री, खेल कूद के मैदान पर खेल कूद की सामग्री | | |
| 5 | समरसिबल, विद्युत तार, जलसंचयन सम्बन्धी कार्य, इलेक्ट्रिक सामग्री | | |
| 6 | इण्टरलाकिंग टाइल्स सामग्री गोवंश आश्रय केन्द्र पर भूंसा अन्य इंटरलाकिंग ब्रिक | | |
| 7 | डेस्क, बेंच फर्नीचर/आलमारी, मैदान/तालाब के सुन्दरीकरण हेतु घास | | |
| 8 | ग्रीन बोर्ड पर्दा, अन्त्येष्टी स्थल, सूखा-गीला कचरा प्रबंधन व कम्पोस्ट गड्ढा इत्यादि | | |
| 9 | भूसा, वृक्षारोपण (पौधा कम से कम 6 फीट का होना चाहिए) | | |
| 10 | कंस्ट्रक्शन ज्वाइंट, आंगनबाड़ी केन्द्र, सी0एस0सी0 जनसुविधा केन्द्र | | |
| 11 | नाली निर्माण सामग्री, पंचायत भवन, चूना पेंट वाहन क्रय कूड़ा गाड़ी, ई. रिक्शा | | |
| 12 | खड़ंजा, सोख्ता, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट, प्लास्टिक बैक, कचरा, एन.पी.3नाली | | |
| 13 | योगा/व्यायाम सामग्री, मॉडर्न वृक्षारोपण, ह्यूम पाईप, सी.सी. टीवी कैमरा, ए.सी.पी. बोर्ड, दिशा सूचक/साईन बोर्ड/शिलापट्ट या फैन्सग्रास कूड़ा केन्द्र, यू.पी.एस. निर्माण हेतु | | |
| 14 | पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, आपरेशन कायाकल्प, कोविड-19 सेनेटाईजर /फागिंग मशीन, मास्क, लाल ईंट, डब्लू एस0सी0, कोविड एलाउंस कैप | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तें**-सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नहीं। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी.डब्ल्यू.डी. की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रु0 50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**ग्राम प्रधान-मो0 सादिक** **ग्रा0पं0/ग्रा0वि0अधि0-अनूप दीक्षित**

# शॉर्ट सर्किट से सात बीघा गेंहू की फसल खाक

नुकसान

**फायर ब्रिगेड का वाहन नहीं पहुंचने पर ग्रामीणों में आक्रोश**

जनसंदेश न्यूज


पदमपुर रामराय में आग की लपटों को बुझाने की कोशिश में ग्रामीण।

**जखनिया।** क्षेत्र के पदमपुर रामराय में शॉर्ट सर्किट से लगी आग से लगभग सात बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आग लगभग 10:30 पदमपुर गाव के संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह के खेत में बिजली के पोल से शॉर्ट सर्किट हुई और देखते ही देखते आग की इतनी प्रचंड हो गई कि जब तक लोग आग पर काबू पाते आग विकराल रूप धारण कर ली थी। लोगों के इकट्ठा होने और बुझाने का प्रयास करते-करते समय आग पूरी फसल को अपनी चपेट में ले ली। मौके पर सूचना पाकर भुड़कुड़ा अतिरिक्त इंस्पेक्टर हीरामणी यादव मय फोर्स मौके पर पहुंचे साथ ही हल्का लेखपाल एवं उनकी टीम भी मौके पर उपस्थित रहे।

वही ग्रामीणों द्वारा अथक प्रयास के बाद भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका। मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी नहीं पहुंचने पर लोगों में आक्रोश व्याप्त था। ग्रामीणों का कहना था कि गर्मी शुरू होने से पहले ही शासन व प्रशासन से लोग मांग करते आ रहे हैं कि तहसील मुख्यालय पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी खड़ी की जाए। जिससे तत्काल आग पर काबू पाया जा सके। लेकिन प्रशासन किसानों की समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। जिससे दिन पर दिन आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

### तीन बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

**भांवरकोल।** थाना क्षेत्र के गाजीपुर-भरौली राजमार्ग के थोड़ी ही दूरी पर ग्राम पंचायत सजना के सीवान में संदिग्ध हालात में आग लगने से खेत में गेहू की फसल जलकर खाक हो गई। फसल को चलता देख किसान चीखने चिल्लाने लगे। आगजनी की सूचना लेखपाल को दी गई लेकिन घटनास्थल पर नहीं पहुंचे। अवधेश यादव की तीन बीघे में पकी खड़ी गेहूं की फसल जल कर खाक हो गई। रामू यादव की हार्वेस्टर से तीन बीघे गेहूं की गई कटाई से छुटे गेहूं के डंठल भी जलकर राख हो गई। इतना ही नही आग की भयंकरता ने कटाई हेतु अवधेश यादव के एक सौ बोझ गेहूं भी जल भी गये और समीप में ही एक आम का फलदार वृक्ष भी बुरी तरह से झुलस गया। लेखपाल को सूचना दी गई पर वह मौके पर आना उचित नही समझा। घटना की जानकारी पुलिस को मिल चुकी है।

# फाइलों के रख-रखाव पर डीएम ने लगाई फटकार


विकास भवन का निरीक्षण करती डीएम आर्यका अखौरी।

**गाजीपुर।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शान्तिपूर्णढंग से संपन्न कराये जाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी ने विकास भवन का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम कंट्रोल रूम में पहुंचकर साफ-सफाई एवं फाइलों का रख-रखाव के साथ धूल पड़े होने पर नारजगी व्यक्त करते हुए तत्काल साफ-सफाई एवं फाइलों का रख-रखाव सुरक्षित ढ़ग से रखने का निर्देश दिया।

उसके उपरान्त मनरेगा कार्यालय, कनिष्ठ लिपिक कक्ष, डी.डी.ए एवं मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय का भी स्थलीय निरीक्षण किया तथा उपस्थिति रजिस्टर को चेक किया। उन्होंने चुनाव के दौरान किसी अधिकारी व कर्मचारी की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। समस्त कार्यालयों को निर्देशित किया कि कार्यालय में साफ-सफाई के साथ फाइलो का रख-रखाव व धूल को साफ सुथरा रखा जाय।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र वार्ड ब्वाय के भरोसे

जनसंदेश न्यूज

चिकित्सक गायब

**अनौनी प्रा.स्वा केंद्र पर मरीजों को नहीं मिल रहा समुचित इलाज**

**खानपुर।** प्रदेश सरकार लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की पुरजोर कोशिश कर रही है। मगर लापरवाह अधिकारियों के कारण सरकार की मंशा पूरी नहीं हो पा रही है। सैदपुर के अनौनी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक चिकित्सक को नियुक्त किया गया है,लेकिन तैनात कर्मचारी दूसरे स्थान पर ड्यूटी कर रहे हैं। यहां ना तो डॉक्टर हैं और ना ही मरीजों के लिए चिकित्सा सुविधा उपलब्ध है।

ओपीडी में मरीजों को पर्चा तक नहीं मिलता। अस्पताल वार्ड-बॉय के भरोसे चल रहा है। कस्बे के लोगों के लिए प्राथमिक चिकित्सा मुहैया कराने के लिए शासन ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बीते दशकों पहले खोला गया था, लेकिन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अधिकारियों की अनदेखी के कारण खुद मरीज बना हुआ है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में तैनात डाक्टर प्रकाश पाण्डेय का कहना है कि प्रतिदिन सैदपुर स्वास्थ्य केंद्र पर आपातकालीन ड्यूटी लगी रहती है तो वर्तमान में भुवरपुर आयुर्वेद अस्पताल में तैनात डॉक्टर गजेंद्र पाल भी इसी स्वास्थ्य केंद्र पर उपस्थित होकर मरीजों को देखते है लेकिन पिछले कई दिनों से यह भी केंद्र पर नहीं रहते है। ज्ञात हो कि फार्मासिस्ट शशिभूषण भी गुरुवार को अपने ड्यूटी से गायब थे जिसके बाद यहां पर किसी भी डाक्टर की तैनाती नहीं की गई। यहां का सारा कामकाज निचले स्तर के कर्मचारी संभालते है।इस संबंध में सीएचसी प्रभारी डा. संजीव सिंह से मोबाइल फोन पर बात करनी चाही तो उनके मोबाइल बंद मिले और सीएमओ हरिगोविन्द सिंह ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अनौनी पर एक चिकित्सक प्रकाश पाण्डेय को नियुक्त किया गया है, अगर वह अपने ड्यूटी से गायब रहते है तो इसकी जाँच कराई जाएगी।

### साइबर सेल ने पांच लाख 43 हजार रुपया कराया वापस

**गाजीपुर।** साइबर सेल द्वारा साइबर अपराध के पीड़ितों के कुल पांच लाख 43 हजार 432 रुपए 92 पैसे वापस कराने में बड़ी सफलता हासिल की है। साइबर अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल निर्देशन में प्रार्थना पत्रों पर कार्यवाही हेतु दिये गये। निर्देश के अनुपालन के तहत आवेदकों के अवैध ट्रांजेक्शन होने की शिकायत पर प्रभारी साइबर सेल उ.नि वैभव मिश्रा मय टीम के प्रकरण का अध्ययन कर अवैध ट्रांजेक्शन जिन पेमेंट गेटवे के माध्यम से हुए थे। संबंधित कम्पनी, मर्चेन्ट को त्वरित रूप से जरिये मेल पत्राचार कर एवं दूरभाष पर सम्पर्क कर अवैध ट्रांजेक्शन रोकने एवं ट्राजेक्शन की जानकारी प्रदान करने संबंधी प्रक्रिया पूर्ण की एवं आवश्यक कार्यवाही की गयी। जिसके फलस्वरूप कुल 14 ऑफलाइन,ऑनलाईन आवेदक के प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आवेदकों की गाढ़ी कमाई की कुल रुपये 543432.92 को खातें में वापस कराया गया। अपनी मेहनत की कमाई पुनः प्राप्त होने पर आवेदकों द्वारा साइबर कार्यालय उपस्थित होकर समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया गया।

# पिता-पुत्र ने मिलकर सेल्समैन को पीटा

**मरदह।** थाना क्षेत्र के मरदह-कासिमाबाद बाईपास मार्ग पर जागोपुर गांव के सामने स्थित सरकारी ठंडी वियर दुकान के सेल्समैन को दीपक कुमार (32) को पिता-पुत्र ने मिलकर जमकर मारपीट कर घायल कर दिया। सेल्समैन दीपक कुमार गुरुवार की सुबह 8.30 बजे अपने दुकान के पास बैठा था की उसी वक्त एक व्यक्ति पहुंचा। जिसने बीयर के सेल्समैन से देशी शराब की मांग किया तब उसने कहा कि वह यहां नहीं मिलती है। वह बगल वाली दुकान में है जो दस बजे खुलेगी तो मिलेगा फिर उक्त व्यक्ति ने पैसा अधिक देने का लालच देते हुए शराब मांगने लगा। बेजा दबाव बनाने लगा तो सेल्समैन ने देने से साफ इंकार कर दिया। जिससे बाद वह आगबबूला हो गाली गलौज करते हुए अपने दो पुत्रों को घर से बुलाकर सेल्समैन दीपक कुमार को ईट पत्थर व लाठी डंडे से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिए। जब सेल्समैन ने शोर मचाया तो अगल-बगल के लोग मौके के लिए दौड़ पड़े। जिसके बाद तीनों आरोपी मौके की नजाकत को देखते हुए भाग खड़े हुए। गंभीर रूप से घायल जमीन पर गिरे सेल्समैन को ग्रामीणों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां इलाज चल रहा है। सेल्समैन दीपक कुमार ने थाने में तीन लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्र ने बताया कि तहरीर के आधार पर नरवर गांव निवासी साहिल राम,यश कुमार,व मुन्ना राम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### 65 आवेदकों को मोबाइल सौंपा

**गाजीपुर।** सर्विलांस सेल की टीम ने 65 गुमशुदा मोबाइल बरामद कर आवेदकों को सौंप दिया। जिसकी किमत एक लाख 50 हजार आंकी गई है। मोबाइल पाकर आवेदनकर्ताओं के चेहरे खुशी से झुम उठा और पुलिस टीम को धन्यवाद किया।

### विभागों की कार्यशैली से कोर्ट नाराज

**गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने बताया कि उच्च न्यायालय, इलाहाबाद एवं लखनऊ खण्डपीठ में जनपद के विभिन्न विभागों के लम्बित रिट याचिकाओं का पर्याप्त पर्यवेक्षण नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण उच्च न्यायालय इलाहाबाद एवं लखनऊ खण्डपीठ में समय से प्रतिशपथ पत्र दाखिल नहीं हो पा रहें है। ई-कोर्ट के शपथ पत्र दाखिल भी किये जा रहे हैं, वे ई-मोड में दाखिल नहीं किये जा रहे हैं, जिसके कारण न्यायालय द्वारा घोर नाराजगी व्यक्त करते हुए व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने हेतु नोटिस जारी की जा रही हैं, जो कदाचित उचित नहीं है। उन्होंने निर्देशित किया है कि अपने-अपने कार्यालय एवं अधिनस्थ समस्त विभागों की उच्च न्यायालय, इलाहाबाद एवं लखनऊ खण्डपीठ में लम्बित रिट याचिकाओं का स्वयं परीक्षण करें तथा ई-मोड वाले प्रतिशपथ पत्रों पर वांछित प्रतिशपथ पत्र तीन दिन के अन्दर दाखिल कराना सुनिश्चित करें। यदि इसके बाद भी किसी विभाग/कार्यालय के लम्बित रिट याचिकाओं में प्रतिशपथ पत्र नियत समय सीमा के अन्दर दाखिल किया जाना अवशेष पाया जाता है तो सम्बन्धित अधिकारी के खिलाफ कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

# जंगीपुर की निवर्तमान चेयरमैन भाजपा में शामिल

## सपा नेता लालजी गुप्ता ने पत्नी सहित दर्जनों समर्थकों के साथ ली भाजपा की सदस्यता

राजनीति

**भाजपा लहर में भाजपा प्रत्याशी की हो गई थी जमानत जब्त**

जनसंदेश न्यूज


छावनी लाइन भाजपा कार्यालय पर सदस्यता ग्रहण करते पूर्व चेयरमैन विजय लक्ष्मी गुप्ता,उनके पति लाल जी गुप्ता।

**गाजीपुर।** नगर निकाय चुनाव आते ही भाजपा ने सपा को तगड़ा झटका दिया है। भाजपा ने जंगीपुर नगर पंचायत निर्वतमान चेयरमैन विजय लक्ष्मी और उनके पति लालजी गुप्ता को अपने पाले में कर लिया है। यह भाजपा के लिए बड़ी उपलब्धी मानी जा रही है।

गौरतलब है कि, विगत 2017 नगर पंचायत चुनाव में निर्दल चेयरमैन प्रत्याशी के रूप में लड़ी विजय लक्ष्मी भाजपा के लहर में भाजपा प्रत्याशी शैल कुमारी की जमानत जब्त करा दी थी। उन्होंने 2149 रिकार्ड मत पाकर सबको चौका दिया था।

वहीं इसके पहले निर्वतमान चेयरमैन विजय लक्ष्मी के पति लालजी गुप्ता दो बार नगर पंचायत जंगीपुर का चुनाव लड़ चुके है। हालांकि उन्हें सफलता नहीं मिली।

2017 चुनाव जीतते ही वह पत्नी सहित सपा में शामिल हो गए। जिसके बाद उनका काफी दिनों से सपा से मोहभंग हो चुका था। अंत में आते आते बुधवार को भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा जिला कार्यालय छावनी लाइन पर उन्हें और उनकी पत्नी को पार्टी का पट्टा पहनाकर सदस्यता ग्रहण कराया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह, जिला प्रभारी अशोक मिश्रा, कृष्ण बिहारी राय, जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह, सरोज कुशवाहा, सुशील उपाध्याय, कालीचरन राजभर, रामनरेश कुशवाहा, ओमप्रकाश राय,प्रवीण सिंह आदि लोग उपस्थित रहें।

### क्या लालजी होंगे जंगीपुर से भाजपा उम्मीदवार

लालजी गुप्ता जंगीपुर की नगर पंचायत राजनीति में बड़ा चेहरा है। इनके आने से भाजपा को काफी मजबूती मिली है। बतादें, लालजी गुप्ता भाजपा के पुराने कर्मठ कार्यकता रहें है। वह 1993 में विद्यार्थी परिषद से जुड़कर भाजपा युवा मोर्चा और भाजपा मंडल अध्यक्ष तक रह चुके है। इनके भाजपा में शामिल होते ही जंगीपुर के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। वह नगर पंचायत चुनाव की तैयारी में प्रचार प्रसार शुरू कर दिए है। माना जा रहा है कि इनका भाजपा से टिकट लगभग फाइनल हो चुका है। फिलहाल देखना है कि पार्टी जंगीपुर नगर पंचायत में किसे अपना चेहरा बना रही है।

# वांछित इनामिया गिरफ्तार तमंचा कारतूस बरामद


इनामियां बदमाश को पेश करते एसपी ओमवीर सिंह।

**गाजीपुर।** जनपद में अपराध व अपराधियों के खिलाफ चलाएं जा रहे अभियान के तहत शहर कोतवाली पुलिस ने वांछित अपराधी व पच्चीस हजार के एक इनामिया बदमाश को पुलिस ने पकड़े का दावा किया गया है। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देश पर जिले में अपराधियों के खिलाफ चलाएं जा रहे अभियान के तहत कोतवाली प्रभारी तेज बहादुर सिंह हमराह क्षेत्र में भ्रमणशील थे । विकास भवन चौराहे से वांछित व पच्चीस हजार के इनामिया विपिन वर्मा उर्फ विपिन सोनार के पास से एक अदद बाईक तंमचा व जिंदा कारतूस बरामद करने का दावा किया गया है। एसपी ओमवीर सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त विपिन वर्मा उर्फ विपिन सोनार निवासी मढिया थाना मुगलसराय जनपद चंदौली को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त पर जनपद के थानों पर कई अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार अभियुक्त को विभिन्न धाराओं में जेल भेजा गया। प्रभारी कोतवाली तेज बहादुर सिंह, अमित कुमार पाण्डेय, अभिषेक सिंह, विशाल यादव, शिबबाबू यादव, राघवेन्द्र सिंह, नागेन्द्र कुमार आदि रहें।

# डॉ. अंबेडकर आधुनिक भारत राष्ट्र के रीढ़ :सविता भारद्वाज

**गाजीपुर।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में डा. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह के अंतिम दिन प्रोफेसर सविता भारद्वाज प्राचार्य तथा प्रो. आनंद सिंह द्वारा विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इससे पूर्व डॉ अंबेडकर के विशिष्ट योगदान की चर्चा करते हुए प्रोफेसर सविता भारद्वाज ने कहा कि डा. अंबेडकर आधुनिक भारत राष्ट्र के रीढ़ हैं, एकता के सूत्र में बांधने के लिए डा. अंबेडकर के कार्यों का यह देश सदा ऋणी रहेगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर आनंद सिंह ने हिंदू कोड बिल एवं भारतीय सनातन परंपरा के विमर्श पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदू कोड बिल का मसौदा डॉक्टर अंबेडकर ने भारत की सनातन परंपरा के अमृत तत्व से मंथन कर निकाला था। जिसमें मिताक्षरा एवं दाएं भाग जैसे विधि ग्रंथों का गहरा अध्ययन एवं दर्शन नहीं था। यद्यपि डॉक्टर अंबेडकर कानून मंत्री रहते इसे अमलीजामा पहनाने में असफल रहे, परंतु उनके बनाए विधान को भारतीय संसद ने विगत 75 वर्षों में छोटे-छोटे टुकड़ों में अंगीकृत किया है। जिसके फलस्वरूप स्त्रियों के शिक्षा एवं संपत्ति के अधिकार कानूनी रूप से वैध हो सके हैं। इस अवसर पर हुई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में संजना विश्वकर्मा ने प्रथम स्थान, श्रेया मौर्य ने द्वितीय स्थान श्रेया गुप्ता तथा मुस्कान केशरी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। गायत्री चौरसिया ने डॉक्टर अंबेडकर के जीवन दर्शन पर उत्कृष्ट रूप से विचार व्यक्त किए तथा पुरस्कृत हुई। इस अवसर पर इस दिवसीय कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रूप में प्रतिभाग हेतु डॉ अरुण प्रताप सिंह राजनीति विज्ञान तथा डॉ शशिकला जायसवाल हिंदी विभाग को प्रमाण पत्र द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समन्वय डॉ संतन कुमार राम तथा संचालन डॉ संगीता मौर्य एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर निरंजन द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रो उमाशंकर प्रसाद, डॉ शंभू शरण प्रसाद, डॉ शैलेंद्र कुमार यादव, डॉ विकास सिंह, डॉ सारिका सिंह डॉ शिखा सिंह डॉ हरेंद्र यादव डॉ राजेश यादव शिवम सिंह राधेश्याम कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

### डा.भीमराव अंबेडकर की जयंती पर अधिवक्ता न्यायिक कार्य से रहेंगे विरत

**गाजीपुर।** सिविल बार संघ की बैठक सिविल बार संघ हाल में अधिवक्ता अनिल कुमार, अशोक कुमार भारती के प्रस्ताव पर चर्चा हुआ। जिमसे डा.भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर अवकाश घोषित किया गया है। सिविल बार संघ के मीटिंग हाल में भी संगोष्ठी आयोजित की गई है। सभी अधिवक्तगण सम्पूर्ण दिवस न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। अध्यक्षता अध्यक्ष सुधाकर राय एडवोकेट व महासचिव संचालन रतन जी श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर राजेश सिंह,धीरेंद्र नाथ सिंह,सत्येंद्र श्रीवास्तव, चंद्रबली राय, शशि ज्योति पांडेय,सुमित श्रीवास्तव,साधन चक्रवर्ती, अभिमन्यु उपाध्याय, विवेकानंद पांडेय, चंद्रमोहन सिंह आत्मा यादव आदि ने विचार रखा।

# निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए पारसनाथ राय

चुनाव

**जंगीपुर सहकारी क्रय विक्रय समिति लि चुनाव में रही गहमा-गहमी**

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** जंगीपुर सहकारी क्रय विक्रय समिति के चुनाव में भाजपा ने अपना परचम लहराया है। समिति के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के चुनाव में निर्विरोध उम्मीदवारों का चयन हुआ है। जंगीपुर सहकारी क्रय विक्रय समिति लिमिटेड के अध्यक्ष पद के लिए भाजपा प्रत्याशी पारसनाथ राय तथा उपाध्यक्ष भाजपा जिला मंत्री राकेश यादव ने एक-एक सेट में अपना नामांकन पत्र चुनाव अधिकारी अनुराग राय को सौंपा।

नामांकन पत्र जमा करने के निर्धारित समय तक अन्य नामांकन न होने पर चुनाव अधिकारी ने अध्यक्ष पद पर सिखड़ी निवासी पारस नाथ राय तथा उपाध्यक्ष पद पर बरही निवासी भाजपा जिला मंत्री राकेश यादव को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष पारसनाथ राय ने कहा कि हम संस्था के विकास के लिए सतत प्रयासरत रहेंगे तथा सरकार के नीति सबका साथ, सबका विकास एवं किसानों कि आय दोगुनी करने के लिए जो कुछ भी संभव होगा बोर्ड के साथ मिलकर वह कार्य करेंगें।

बतादें, जंगीपुर सहकारी क्रय विक्रय समिति के अध्यक्ष पद के चुनाव में कुल 14 मतदाताओं (संचालकों) में 11 संचालकों का चयन पहले ही निर्विरोध हो चुका था। जबकि संचालक के दो पदों पर कल बुधवार को जंगीपुर मे हुए चुनाव मे भारी गहमागहमी के बीच गाजीपुर सदर ब्लाक से भाजपा प्रत्याशी सुर्यनाथ यादव ने अपने विपक्षी गोपाल यादव को 8 मतों से हराया। वहीं मनिहारी ब्लाक से भाजपा समर्थित श्रीकृष्ण सिंह ने विपक्षी ओमप्रकाश यादव को 5 मतों से पराजित किया। शासन द्वारा नामित एक पद पर जितेन्द्रनाथ पांडेय मरदह को नामित किया गया।

इस अवसर पर सरोजेश सिंह,प्रवीण सिंह, अच्छे लाल गुप्ता, शशिकान्त शर्मा, गोपाल राय,मन्नू राजभर, अभिमन्यु सिंह,दुर्गेश सिंह, चतुर्भुज चौबे, अनिल राजभर, विनोद राय टुनटुन, रामविलास गुप्ता, इन्द्रदेव कुशवाहा, रामलखन मौर्य, जोगिंदर राय, दयाशंकर सिंह, दीपक सिंह आदि उपस्थित रहे।


जंगीपुर सहकारी क्रय विक्रय समिति में निर्विरोध चुने गये पारसनाथ राय।

## संक्षेप

### बोल्डर से टकराकर बाइक सवार युवक घायल



**सेवराई।** गहमर थाना के स्थानीय मठिया घाट के समीप ताड़ीघाट बारा मुख्य मार्ग एनएच 124सी पर बुधवार की रात गंगा कटान को रोकने के लिए गिराए गए बोल्डर से टकराकर बाइक सवार एक युवक बुरी तरह से जख्मी हो गया। ग्रामीणों द्वारा घायल को सीएचसी भदौरा भेजा गया जहां स्थिति गंभीर होने पर उसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी अनुसार गहमर थाना क्षेत्र के बारा गांव निवासी सद्दाम (22) पुत्र नियाज गहमर से अपने घर बारा की तरफ जा रहा था की मठिया घाट के गंगा कटान रोकने के लिए सड़क पर ही गिराए गए बोल्डर से टकराकर जख्मी हो गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों द्वारा एंबुलेंस से उसे सीएचसी भदौरा भेजा गया जहां स्थिति गंभीर होने पर उसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया । ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार मनमानी तरीके से बड़े-बड़े बोल्डर सड़क पर गिरा दिया है जिसके कारण आए दिन लोग गिरकर चुटहिल हो रहे हैं। इस संबंध में कोतवाल पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि घायल की स्थिति गंभीर होने पर उसे जिला चिकित्सालय भेजा गया है और ठेकेदार से बात कर तुरंत बोल्डर हटवाने को कहा गया है।

### सात पशुओं के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, एक फरार



**मरदह।** स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र के तेजपुरा ग्राम पंचायत चौराहे के पास से सात गोवंशीय पशु (बैल), देशी तमंचा,एक कारतूस व घटना में प्रयुक्त एक चार पहिया पिकप वाहन,दो पीस मोबाईल फोन व दोनों अभियुक्तों के पास से 350 रुपया नगद बरामद किया गया। तेजपुरा गांव के पास से वध हेतु ले जाये जाते सुबह करीब पांच बजे पिकप से सात गोवंशीय पशु (बैल) बरामद करते हुए दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया तथा मौके से एक अभियुक्त भागने में सफल रहा। पुलिस ने अभियुक्त बृजेश यादव के पास से तमंचा-कारतूस बरामद हुआ। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार मिश्र ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में बृजेश कुमार यादव निवासी टड़या मठिया थाना नरही जनपद बलिया,महबूब अहमद उर्फ पेन्टर निवासी नशीराबाद खुर्द थाना हलधरपुर जनपद मऊ,तथा मौके से फरार मनोहर यादव निवासी महेशपुर चट्टी थाना नोनहरा है।

### माइनर जंक्शन बनाने की उठी मांग



**मरदह।** वाराणसी-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 29 पर मरदह बस स्टॉप से नरवर गांव के सम्पर्क मार्ग पर फोर लेन निर्माण कार्य कर रही कार्यदायी संस्था द्वारा माइनर जंक्शन का निर्माण कार्य न करने से ग्रामीणों को भारी असुविधा झेलना पड़ रहा है। दुर्घटनाओं की संभावना बनी हुई है। इस मार्ग से नरवर,पिपनार,बोगना,कोड़री आदि गांवों के लोगों को आवागमन में काफी असुविधा झेलनी पड़ रही है। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा बार-बार सम्बन्धित अधिकारियों को पत्र भेजने के बाद भी कोई कार्यवाही न होने से रोष व्याप्त है। बस स्टैंड निवासी संजीव सिह ने केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी सहित उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर तत्काल माइनर जंक्शन बनवाने की मांग की है।अन्यथा कि स्थिति में आन्दोलन की चेतावनी दी।

### सफाई कर्मचारियों की लापरवाही से सड़क पर कचरा



**नंदगंज।** बरहपुर ग्रामसभा के नंदगंज बाजार के सरकारी अस्पताल के बगल में पत्रकारपुरम गली में सफाई कर्मियों ने दस दिन पूर्व नाली का कचड़ा तथा खरपतवार निकालकर रास्ते पर ही रख दिये है। गली के लोगों द्वारा बगल में फेकने के लिये कहने पर कहें कि कल आकर साफ कर दिया जायेगा। लेकिन अभी तक नहीं आये। फलस्वरूप लोगों के आने जाने में परेशानी के साथ ही चार पहिया वाहनों के आवागमन से कचरा व खरपतवार पुनः नाली में गिर रहा है। सफाई कर्मियों की मनमानी से उस गली के निवासी परेशान है। उस पत्रकारपुरम गली में दो पत्रकारों का आवास तथा भाजपा नंदगंज मंडल के अध्यक्ष का निवास होने कारण हमेशा लोगों का आना जाना लगा रहता है। सफाई कर्मियों की मनमानी पर ग्रामप्रधान भी अंकुश नहीं लगा पा रहें है। क्षेत्र के लोगों ने बीडियो व एडीओ पंचायत देवकली का ध्यान सफाईकर्मियों के मनमाने क्रियाकलाप पर आकृष्ट कराते हुए उचित कार्रवाई की माँग की है।

### जलियांवालाबाग के अमर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**भांवरकोल।** स्थानीय क्षेत्र के शहीदों के गाव शेरपुर स्थित शहीद संस्मरण इंटर कालेज परिसर में जलियांवाला बाग कांड के अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने कहा कि शांति प्रिय तरीके से आमजन की बैठक में शामिल सैकड़ों निहत्थों पर ब्रिटिश हुकूमत के सैनिकों ने गोलीबारी की। यह मानवता को झकझोर देने वाली घटना थी। इसी घटना का परिणाम था कि महात्मा गांधी अग्रेजी हुकुमत के खिलाफ असहयोग आंदोलन लेने का निर्णय लिया। इस मौके पर दो मिनट का मौन रख दिवंगत शहीदों को श्रद्धांजलि दी गयी। मई माह में शेरपुर के अमर शहीदों के सम्मान में शहीद महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर पूर्व ग्राम प्रधान जयप्रकाश राय, विद्यासागर गिरी, शशिधर राय उर्फ टुनटून,आनंद राय पहलवान, जयानंद राय मोनू, उमेश चन्द्र राय, दिनेश राय चौधरी, राजेश राय बागी रामबचन राय, डा. रमेश राय, मिथिलेश राय डा. आलोक कुमार राय,मनोज राय डब्लू, अनूप यादव, श्यामनारायण राय,ओमप्रकाश राय, अशोक राय पप्पू ,राजू राय आदि लोग शामिल थे।

### राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक ईकाई की बैठक संपन्न

**गाजीपुर।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक इकाई सैदपुर की मासिक बैठक कम्पोजिट विद्यालय गदनपुर में जिलाध्यक्ष डा. राजेश सिंह सूर्यवंशी की अध्यक्षता में सम्पन्न की गई। बैठक में वर्तमान वर्ष में सदस्यता की समीक्षा की गई व 2023-24 के सदस्यता की कार्ययोजना पर चर्चा हुई। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी डॉ राहुल सिन्हा रहे। श्री सिन्हा ने कहा कि संगठन की मजबूती पर विशेष ध्यान देना चाहिए। बैठक को जिला संगठन मंत्री डॉ प्रदीप , ब्लॉक अध्यक्ष अभय सिंह , ब्लॉक मंत्री विकास मौर्य ने संबोधित किया। बैठक में प्रदीप तिवारी, शेषमणि पाठक, मनोज मिश्रा, श्यामनारायण यादव, दीपक यादव, शशिकला पांडेय, सुनीता यादव आदि उपस्थित रहें। संचालन ब्लॉक मंत्री विकास मौर्य ने किया ।

### सहकारी क्रय-विक्रय समिति का चुनाव संपन्न

**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय सहकारी क्रय विक्रय समिति लिमिटेड का गुरुवार को चुनाव संपन्न हुआ ।जिसमें आनंद कुमार त्रिपाठी अध्यक्ष एवं अनिल कुमार राय मुन्ना निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। निर्वाचन अधिकारी खंड विकास अधिकारी भांवरकोल रामकृपाल यादव तथा सहायक निर्वाचन अधिकारी एडीसीओ मुहम्मदाबाद राधेश्याम सिंह ,सहायक विकास अधिकारी सहकारिता नवीन सिंह, कन्हैया मोरे की देखरेख में निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न हुई। जिसमें मुन्ना सिंह ,अरविंद कुमार ,बंधु ,केदार चौरसिया, इंदु पांडे, खुशबू त्रिपाठी ,रवि शंकर राय ,सतीश चंद्र राय ,अखिलेश यादव, राजीव कुमार राय ,उपेंद्र कुमार सिंह, शासन द्वारा नामित धनेश ,अरविंद संचालक निर्वाचित हुए। इस दौरान इफको निदेशक विजय शंकर राय, पूर्व विधायक व यूपीसीबी के पूर्व निदेशक, वीरेंद्र सिंह, वीरेंद्र राय ,ओम प्रकाश उपाध्याय, ओमकार नाथ राय, नथुनी सिंह ,नरसिंह यादव, केसर देव पांडे ,ओम प्रकाश गिरी ,प्रमोद राय, कृपा शंकर राय ,कृष्ण कांत राय, फेकू सिंह यादव आदि रहें।

### जिला सैनिक बंधु की मासिक बैठक स्थगित

**गाजीपुर।** नगर निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी होने के कारण 21 अप्रैल होने वाली जिला सैनिक बन्धु की मासिक बैठक को स्थगित कर दिया गया है। जिला सैनिक कल्याण एवं पूनर्वास अधिकारी, कर्नल अरूण कुमार सिंह (अ.प्रा) ने बताया है कि जिलाधिकारी के आदेश के अनुसार आगामी बैठक का आयोजन आचार संहिता समाप्त होने के बाद किया जायेगा।

### ट्रैफिक व्यवस्था के लिए नहीं बना कोई प्लान

**गाजीपुर।** अगर आप नगर में आए हो तो आपको रुक-रुककर चलने की आदत डालना होगी, क्योंकि यहां शहर के मार्ग पर पल-पल जाम लगता है। शहर में एक भी ऐसा मार्ग नहीं हैं जहां जाम की स्थिति नहीं बनती हो। शहर के मुख्य मार्ग नईसड़क, मिश्रबाजार, कचहरी, लंका, विशेश्वरगंज चौराहा ऐसे स्थान हैं जहां मार्ग पर जाम आम बात है। शहर में लगने वाले जाम के अनेक कारण है, न तो कभी टैफिक व्यवस्था के लिए कोई प्लान बना है और न ही कोई विकल्प तैयार किया है।

**जन्मदिवस पर**

# यंग मार्वल पी सी जोशी

जाहिद खान

पीसी जोशी असाधारण स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, राजनीतिक चिंतक और करिश्माई संगठनकर्ता थे। देश में साम्यवादी आंदोलन उन्हीं की अगुआई में शुरू हुआ। आधुनिक भारत के वे एक अहम सियासी हस्ती रहे। जिन्होंने पूरी ज़िंदगी अपने देशवासियों की बेहतरी और कम्युनिस्ट पार्टी के लिए कुर्बान कर दी। भारतीय इतिहास में बीसवीं सदी के चौथे और पांचवे दशक में जब सबसे ज्यादा उथल-पुथल का दौर था, तब उन्होंने न सिर्फ़ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की कमान संभाली, बल्कि उसे शानदार नेतृत्व प्रदान किया। उनकी अथक कोशिशों का ही नतीजा था कि भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में सीपीआई एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनी। जिस शख़्सियत का यहां जिक्र हो रहा है, हीरेन मुखर्जी ने उनकी असाधारण योग्यताओं को देखते हुए, उन्हें यंग मार्वल कहा था। यह युवा करिश्मा और कोई नहीं पूरन चंद्र जोशी थे, जिन्हें उनके साथी पूरे एहतिराम के साथ कॉमरेड पीसी जोशी कह कर पुकारते थे।





साल 1935 में जब कॉमरेड पीसी जोशी ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की कमान संभाली, तब उनकी उम्र महज 28 साल थी। पार्टी के कुनबे की बात करें, तो उस वक्त पार्टी में महज 50 मेंबर थे। पीसी जोशी ने थोड़े से ही अरसे में पार्टी को खड़ा किया और उसे एक नई राह दिखलाई। तमाम मोर्चों पर उनकी तूफानी सरगर्मियों का ही नतीजा था कि देश की आजादी तक पार्टी के 90 हजार से ज्यादा मेंबर हो गए थे। खास तौर से किसानों और कामगारों में पार्टी की एक विश्वसनीय पहचान बनी। यही नहीं देश भर के साहित्यकार, कलाकार, वैज्ञानिक और संस्कृतिकर्मी भी बड़ी तादाद में कम्युनिस्ट पार्टी के इर्द-गिर्द इकट्ठे हो गए। कॉमरेड पीसी जोशी अलग-अलग फ्रंट पर इनकी रहनुमाई करते थे।

किसान-मजदूर दल में पीसी जोशी की सियासी तालीम हुई। सितंबर, 1928 में मेरठ सत्र में वे यूपी इकाई के संयुक्त सचिव बने। जोशी को उस वक्त पूरा यकीन था कि अखिल भारतीय किसान-मजदूर दल क्रांति की दम पर ब्रिटिश साम्यवाद से आजादी ले सकेगा। यही वह दौर था, जब रेलवे, कपड़ा और जूट सेक्टर में मजदूरों के अंदर व्यापक राजनीतिक चेतना का प्रसार हुआ। अपने हक के लिए हड़तालें हुईं। यहां तक कि अखिल भारतीय किसान-मजदूर दल के नेतृत्व में हजारों कर्मियों ने कांग्रेस के सत्र में दो घंटों के लिए पंडाल पर कब्जा कर 'पूर्ण स्वराज' की मांग का प्रस्ताव पारित किया। अंग्रेज हुकूमत इन सब हरकतों पर बारीक नजर रखे हुए थी। बंगाल और बंबई के मजदूरों को संगठित कर रहे ब्रिटिश कम्युनिस्टों पर अंकुश लगाने के लिए ब्रिटिश सरकार 'पब्लिक सेफ्टी बिल' लाई। यही नहीं साल 1929 में ट्रिब्यूनलों में हड़तालों पर पाबंदी लगाने की मंशा से 'ट्रेड डिस्प्यूट्स एक्ट' आया। सरकार ने इन कानूनों की आड़ में मजदूर नेताओं का दमन शुरू कर दिया। 20 मार्च, 1929 को 31 मजदूर लीडर गिरफ़्तार किए गए। इनमें ज्यादातर कम्युनिस्ट थे। मुल्जिमों में सबसे कम उम्र के पीसी जोशी थे। उस समय उनकी उम्र सिर्फ 22 साल थी और वे उसी साल कम्युनिस्ट पार्टी के मेंबर बने थे। मजदूर लीडरों पर तीन साल तक मेरठ में मुकदमा चला। भारतीय इतिहास में यह मुकदमा, 'मेरठ षडयंत्र मामले' के नाम से जाना जाता है। रिहाई के बाद पीसी जोशी उत्तर प्रदेश में अखिल भारतीय किसान-मजदूर दल संगठनकर्ता के तौर पर काम करने लगे।

साल 1936, वामपंथी जन आंदोलन के इतिहास में बेहद महत्वपूर्ण साल माना जाता है। सीपीआई के महासचिव बनने के बाद पीसी जोशी ने प्रगतिशील लेखक संघ, अखिल भारतीय छात्र फेडरेशन (एआईएसएफ) और छात्री संघ जैसे संगठन बनाये। इन संगठनों के मार्फत उन्होंने पार्टी की विचारधारा और कामों को देशवासियों तक पहुंचाया। मजदूर एवं किसान संगठन एआईटीयूसी और अखिल भारतीय किसान सभा की मान्यता के लिए संघर्ष किया। ट्रेड यूनियन आंदोलन को गति दी। दीगर पार्टियों के संग साम्राज्यवाद विरोधी मोर्चा बनाने के लिए जी जान से काम किया। इस दरमियान उन्होंने एक वीकली 'नेशनल फ्रंट का संपादन भी किया और पार्टी के विचारों को लोगों तक पहुंचाया। कॉमरेड पीसी जोशी का मानना था कि राष्ट्रीय आंदोलन में कम्युनिस्ट पार्टी के असरदार ताकत बनने पर ही उसकी देशवासियों में स्वीकार्यता बढ़ेगी। लपीसी जोशी की नीतियों और दीर्घकालीन सोच का ही नतीजा था कि साल 1937 से 1939 तक के सिर्फ़ तीन सालों में कम्युनिस्ट पार्टी ने देश में एक छोटी मगर महत्वपूर्ण वामपंथी ताकत का रूप ले लिया।

सोवियत संघ पर नाजी हमले की दलील पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने भारत छोड़ो आंदोलन में हिस्सा नहीं लिया। क्योंकि पार्टी इसे जनयुद्ध मानती थी। दुनिया भर में बढ़ते फासीवाद को रोकना, उसकी प्राथमिकता में था। लेकिन इस कदम से पार्टी को काफी खामियाजा भुगतना पड़ा। राष्ट्रीय मुख्यधारा में सियासी तौर पर पार्टी हाशिये पर चली गई। कम्युनिस्टों के खिलाफ अनेक इल्जाम लगे। यहां तक कि उन्हें गद्दार कहा गया। ऐसे माहौल में पीसी जोशी के सामने एक बड़ी चुनौती थी कि कैसे पार्टी का सही पक्ष लोगों तक पहुंचाया जाए। ताकि पार्टी के खिलाफ जो विषाक्त माहौल बना है, वह दूर हो। इन सब बातों की परवाह न करते हुए पीसी जोशी ने पार्टी को बंगाल अकाल के राहत कार्यों में तन-मन से जुट जाने का निर्देश दिया। एक सांस्कृतिक दल के साथ बंगाल भ्रमण कर उन्होंने लोगों को जापान के फासीवाद, जमाखोरी एवं कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ तथा देश की आजादी और हिंदू-मुस्लिम एकता के पक्ष में जगाया। बंगाल के गांव-गांव में घूमकर उन्होंने अकाल को मानव निर्मित प्रकृति के बारे में लोगों को जानकारी दी। जाहिर है कि पार्टी के इस राष्ट्रव्यापी आंदोलन का सारे देश पर गहरा प्रभाव पड़ा। पार्टी की छवि सुधरी और लोग बड़े पैमाने पर उससे जुड़े।

कॉमरेड पीसी जोशी एक कुशल संगठनकर्ता थे। संगठन की ताकत को वे अच्छी तरह से समझते थे। यही वजह है कि उन्होंने अलग-अलग क्षेत्रों में संगठन बनाए और लोगों को उनसे जोड़ा। बंगाल के अकाल के बाद उन्होंने किसानों की मुश्किलों को समझा और उग्रपंथी किसान आंदोलन गढ़ने के लिए पार्टी को तैयार किया। यहां तक कि ट्रेड यूनियनों को इकट्ठा कर, उन्हें अपने अधिकारों के लिए जागृत किया। जाहिर है इस सब कार्यकलापों से देश में राजनीतिक बदलाव की पृष्ठभूमि तैयार हुई। देश आजादी की ओर बढ़ा। मुल्क की आजादी के बाद कॉमरेड पीसी जोशी ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की पॉलिसियों से मुतालिक जो भी फैसले लिए, पार्टी के अंदर उन पर दो राय रहीं। लेकिन उन्होंने जो फैसला किया, उस पर हमेशा कायम रहे। एक तरफ पार्टी का बड़ा तबका 'यह आजादी झूठी है' कहकर सशस्त्र क्रांति की वकालत कर रहा था, तो दूजी ओर पीसी जोशी ने देश की नब्ज को पहचानते हुए आजाद भारत की पहली सरकार को कुछ वक्त देने का फैसला किया। उनके इस फैसले का पार्टी में उस समय काफी विरोध हुआ। उनके बारे में कई झूठी बातें फैलाई गईं। लेकिन बाद में पार्टी ने इस भूल को स्वीकार किया।

अपनी जिंदगी का आखिरी समय कॉमरेड पीसी जोशी ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के अभिलेखागार के निर्माण में लगाया। सामग्री संग्रह के लिए उन्होंने बर्लिन और मास्को की यात्राएं कीं। देश के अंदर वरिष्ठ कॉमरेडों से मिलकर पुरानी फाइलें, पम्पलेट और पत्रिकाएं जुटाते रहे। पीसी जोशी में गहरा इतिहासबोध था। यदि सियासत में नहीं होते, तो वे बेशक एक बेहतरीन इतिहासकार साबित होते। उनका एक और महत्वपूर्ण कार्य 1857 क्रांति का विश्लेषण और उस क्रांति पर केन्द्रित लोक साहित्य का संकलन था। पीसी जोशी बेहद संवेदनशील व्यक्ति थे। देश में कहीं साम्प्रदायिक दंगा हो या कोई बड़ी राजनीतिक घटना से वे बेचैन हो जाते थे। चीनी आक्रमण, चेकोस्लोवाकिया संकट और बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान वे खामोश तमाशाई नहीं बने रहे। पत्र-पत्रिकाओं में लिखकर वे अपनी प्रतिक्रिया ज़ाहिर करते रहे। 9 नवंबर, 1980 को 73 साल की उम्र में कॉमरेड पीसी जोशी ने इस दुनिया को अलविदा कहा। उनके जाने से वामपंथी आंदोलन का इतिहास लिखने समेत कई काम अधूरे रह गए। कॉमरेड पीसी जोशी अपने क्रांतिकारी कामों से हमेशा याद किए जाएंगे।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क : 94254 89944)**

# हिन्दी समाज और हिन्दी साहित्य से जुड़ी कुछ चिंताएं

**समय-संदर्भ**



रविभूषण

हिन्दी समाज से मेरा आशय दस हिन्दी भाषी राज्यों (बिहार, झारखण्ड, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली) से है। हिन्दीतर राज्यों में भी हिन्दी भाषी लोगों का अपना एक समूह और समाज है। हिन्दी प्रदेश को 'मध्य प्रदेश' और भारत का 'हृतप्रदेश' भी कहा गया है। भारतीय समाज, संस्कृति, राजनीति में हिन्दी प्रदेश की अपनी विशिष्ट भूमिका है। औद्योगीकरण और वैज्ञानिक चेतना की दृष्टि से हिन्दी भाषी राज्य इक्कीसवीं सदी में भी काफी पिछड़ा है। 1857 के प्रथम राष्ट्रीय स्वाधीनता संग्राम में अन्य किसी भी राज्य की तुलना में इसकी भूमिका कहीं अधिक थी। स्वाधीन भारत में इसकी दशा बिगड़ती गई। बंगाल, महाराष्ट्र एवं अन्य राज्यों की तरह यहाँ सामाजिक आन्दोलन भी नहीं हो सका। सामन्तवाद, जातिवाद, ब्राह्मणवाद, वर्णव्यवस्था पर प्रहार न के बराबर हुआ और आज ये सब हिन्दी भाषी राज्य में कई रूपों में कहीं अधिक मौजूद हैं। देश के अधिकांश प्रधानमंत्री यहीं से हुए। हिन्दी समाज पर गंभीरता के साथ कम समाजशास्त्रियों ने कार्य किया है। यह समाज क्रमशः एक रुग्ण आत्ममुग्ध और हिंसक समाज में बदलता गया है। यहाँ की संस्कृति मिश्रित संस्कृति रही, पर बांग्ला, मराठी, ओडिया, तमिल, तेलुगु, मालयाली और कन्नड़ संस्कृति की तरह इसने अपनी विशिष्ट पहचान निर्मित - विकसित नहीं की। इसका अतीत समृद्ध था, वर्तमान रुग्ण है और भविष्य ज्ञान विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में भी यह पिछड़ा रहा है। इसने 'अनुकरण' को महत्व दिया, प्रयोग और अन्वेषण को नहीं। भारत-पाक विभाजन में इस प्रदेश की मुख्य भूमिका रही, हिन्दीतर भाषियों में अपनी भाषा एवं संस्कृति के प्रति जो सम्मान भाव है, उसका हिन्दी प्रदेश में अभाव है। हिन्दी समाज का मानस आज भी एक सामन्ती - औपनिवेशिक मानस है। इसकी सामाजिक चेतना का भी ह्रास हुआ और सांस्कृतिक चेतना का विकास नहीं हुआ। 'कथनी और करनी की विपरीतता' सर्वाधिक हिन्दी प्रदेश में है।

लगभग तीस वर्ष पहले लिखी गयी वीरेन डंगवाल की कविता 'हमारा समाज' भारतीय समाज से कहीं अधिक हिन्दी समाज पर है - 'पर हमने यह कैसा समाज रच डाला है/ इसमें जो दमक रहा, शर्तिया काला है/ वह कत्ल हो रहा, सरे आम चौराहे पर / निर्दोष और सज्जन, जो भोला-भाला है/किसने आखिर ऐसा समाज रच डाला है/ जिसमें बस वही दमकता है, जो काला है?' आज का हिन्दी समाज राजनीतिज्ञों और राजनीतिक दलों द्वारा प्रभावित है। हिन्दी प्रदेश की राजनीति में अधिक विकृति इन्दिरा गांधी के कार्यकाल में आई, जो आज चरम पर है। इन्दिरा गांधी को सत्ता-च्युत करने और फिर सत्तासीन कराने में हिन्दी प्रदेश की ही भूमिका रही है। जयप्रकाश नारायण का छात्र-आन्दोलन गुजरात से शुरू हुआ था, पर उसमें गति एवं शक्ति देने का कार्य हिन्दी प्रदेश ने ही किया। 1975-77 तक हिन्दी प्रदेश के कॉलेज - विश्वविद्यालय कुछ बेहतर स्थिति में थे। इन्दिरा गांधी को 1977 का चुनाव हिन्दी प्रदेश के मतदाताओं के कारण ही हारना पड़ा था। छात्रों एवं युवाओं की उनकी पराजय में अधिक भूमिका थी। उसी के बाद हिन्दी प्रदेश के कॉलेज - विश्वविद्यालय नष्ट होते गये। उच्च शिक्षा पर कार्यरत शोधार्थियों- समाजशास्त्रियों को यह देखना चाहिए कि 1975-77 के पहले इलाहाबाद लखनऊ, बनारस, अलीगढ़, सागर, रायपुर, पटना, बिहार, राँची आदि विश्वविद्यालय किस अवस्था में थे? युवा शक्ति-सामर्थ्य के अहसास के बाद उच्च शिक्षण-संस्थाओं को नष्ट किया गया, शिक्षा में राजनीतिज्ञों का हस्तक्षेप बढ़ा, गुणवत्ता समाप्त हुई, शोध- कार्य प्रभावित हुआ, कुलपतियों- प्रोफेसरों आदि की नियुक्तियों में वफादारी, रिश्वतखोरी बढ़ी। राजनीति में अपराध बढ़ा। 1977 के पहले लोकसभा में अपराधी सांसदों की संख्या आज की तुलना में कितनी थी?

दक्षिणपंथी शक्तियाँ पहले भी थीं। कांग्रेस में साम्प्रदायिक मन- मिजाज वाले नेता पहले भी थे, जो नेहरू के समय नियंत्रित थे। बाद में वह क्रमशः बढ़ते गये। जाति और धर्म की राजनीति विकसित करने में हिन्दी प्रदेश सबसे आगे रहा है। हिन्दी भाषी जनता में भावावेश का अधिक आधिक्य है। जिस इन्दिरागांधी को हिन्दी प्रदेश के मतदाताओं ने सिंहासन से नीचे उतार दिया था, उसी ने मात्र तीन वर्ष बाद उन्हें गद्दी पर बिठा दिया। मतदाता आपात काल भूल गया। उसे इन्दिरा की निरंकुशता का भी स्मरण नहीं रहा। हिन्दी प्रदेश की जनता भावावेश में निर्णय लेती रही है। उसमें धार्मिक चेतना थी, पर वह उसकी सामाजिक चेतना से विच्छिन्न नहीं थी। अस्सी के दशक के आरंभ में ही हिन्दी प्रदेश को दुनिया के, बड़े व्यापारियों ने एक बड़े बाजार के रूप में देख लिया था। इन्दिरा गांधी की हत्या के बाद सहानुभूति की लहर ने 1984 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को चार सौ से अधिक सीटें दी थीं और आज हिन्दी प्रदेश में कांग्रेस अपना जनाधार खो चुकी है। वह क्षेत्रीय दलों के बाद है। चुनावी राजनीति ने हिन्दी प्रदेश को बुरी तरह प्रभावित किया है । उसने विभाजनकारी शक्तियों को महत्व दिया। जाति और धर्म की राजनीति यहीं फूली - फली। अयोध्या, मथुरा, काशी सब उत्तर प्रदेश में है। लालकृष्ण आडवाणी, नरेन्द्र मोदी, अमित शाह में से कोई भी हिन्दी प्रदेश से नहीं है। नरसिम्हा राव और मनमोहन सिंह भी हिन्दी प्रदेश के नहीं हैं, जिन्होंने 'नई आर्थिक नीति' लागू की। नब्बे के दशक से अपराधी चुनाव जीत कर संसद में आने लगे। विवेक-चेतना बहुत सुनियोजित ढंग से समाप्त की गई और अनुचरों की एक फौज तैयार की गई। हिन्दी प्रदेश के नेताओं में पद-लोभ कहीं अधिक है। यह पद-लोभ सभी क्षेत्रों में बढ़ता गया है। पतन-गाथा इतनी बड़ी है कि किसी भी एक क्षेत्र पर स्वतंत्र पुस्तक लिखी जा सकती है। 1989 के पहले साम्प्रदायिक और दक्षिणपंथी ताकतें यहाँ अधिक प्रभावशाली नहीं थीं। धर्म और जाति की राजनीति का नये सिरे से उभार अस्सी के दशक के अंत से हुआ। आठवीं लोकसभा में भाजपा के केवल दो सांसद थे, जो हिन्दी प्रदेश के नहीं थे। नौवीं लोकसभा (1989) से इसके सांसदों की संख्या बढ़ती गयी। आज भाजपा हिन्दी प्रदेश के कारण ही सत्तासीन है। हिन्दी प्रदेश में जो भी कुछ सुन्दर था, वह सब कुरूप और वीभत्स हो चुका है। समाज जाति, उपजाति सम्प्रदाय आदि में विभक्त हो चुका है। विभक्तीकरण की जो प्रक्रिया अंग्रेजों ने आरंभ की थीं, उसमें अब कहीं अधिक वृद्धि हो चुकी है। हिन्दी समाज अब विभाजनकारी शक्तियों के अधीन है। उसकी स्वाधीन-चेतना नष्ट की जा रही है।

बीसवीं सदी के आरंभ में यहाँ सामाजिक-सांस्कृतिक उत्थान के लिए जो कुछ संस्थाएँ खुलीं, वे सब मरणासन्न स्थिति में है। स्वाधीन भारत के आरंभिक दशक में नेहरू ने जो संस्थाएँ निर्मित की वे सब अब दम तोड़ रही हैं। समाज को दिशा देने का कार्य आज कोई नहीं कर रहा। पूरी हिन्दी पट्टी एक भयावह दौर से गुजर रही है। जहाँ एक पुनर्जागरण, सांस्कृतिक जागरण की जरूरत थी, वहाँ सबकुछ सुप्तावस्था या निष्क्रियावस्था में है। चिनगारियाँ बिखरी और छिटकी हुई हैं। उन्हें इकट्ठा कर दहकाने की चिंताएँ कम हैं। संगठनात्मक शक्तियाँ कम हैं। अंधेरा घना है, पर कुछ मोमबत्तियाँ जल रही हैं, जलायी जा रही हैं। व्यक्तिवाद, संबंधवाद, जातिवाद और अवसरवाद ने सबको गिरफ्त में ले रखा है। जो इन सबसे दूर और अलग है, एकान्त में है, वह कहीं अधिक परेशान है। सामूहिक आवाजें कम सुनाई पड़ रही हैं। हिन्दी समाज का शिक्षित मध्य वर्ग अपनी सामाजिक-सांस्कृतिक भूमिका से अपने को अलग कर चुका है। हिन्दी साहित्यकारों में अपने समाज को लेकर कम बेचैनी है। कविता, कथा-साहित्य, अन्य साहित्य रूप, आलोचना सर्वत्र ये चिंताएँ कम हैं और गहरी तड़प और बेचैनी से जुड़ी हुई नहीं हैं। बाजार का विरोधी लेखक बाजार में है। सब हड़बड़ी में है। अभी 'हिन्दी का हड़बड़िया साहित्य' जैसा कोई लेख प्रकाशित नहीं हुआ है। लेखकों में आत्म संघर्ष नहीं, आत्म प्रचार है, जो कवियों में सर्वाधिक है। समाज और साहित्य दोनों संकट में है। इन दोनों को संकट से निकालने का काम जिन्हें करना था, वे स्वयं संकट उत्पन्न कर रहे हैं। स्वच्छता और आत्मग्रस्तता कहीं अधिक बढ़ी है। इसी दौर में पुरस्कारों की संख्या बढ़ी है। पुरस्कारों, कुछ आयोजनों और साहित्योत्सवों से भी आत्ममुग्धता का संबंध है।

हिन्दी समाज के सामने आज जो प्रमुख मुद्दे हैं - वे पत्र-पत्रिकाओं के सम्पादकों की चिन्ताओं में नहीं हैं। उनकी चिन्ता में व्यक्ति है, विधा है, जिसका निश्चित रूप से अपना कुछ महत्त्व है। सोशल मीडिया और फेस बुक ने सबको एक 'अवसर' दिया है। सब अपने को अभिव्यक्त कर रहे हैं। जिस समय सामूहिक रूप से मुँह खोला जाना चाहिए था, उस समय बड़ी चतुराई से सोच-समझ कर बोला-कहा जा रहा है। हिन्दी समाज आशा और उम्मीद की दृष्टि से किसे देखे? हिन्दी के अधिकांश लेखक प्रगतिशील हैं। मार्क्सवादी लेखकों की भी कमी नहीं है। किसी भी कम्युनिस्ट पार्टी का एक भी सांसद अभी दस हिन्दी राज्यों में से नहीं है, पहले हिन्दी प्रदेश में समाजवादी और वामपंथी शक्तियाँ थीं। अब वे बहुत ही कम हैं। राजनीति ने समाज के सभी उज्ज्वल पक्ष को समाप्त कर डाला है। शब्द विकृत-विरुपित कर दिये गये हैं। राजनीति ने भाषा की सर्जनात्मक शक्ति नष्ट की है। भूमंडलीकरण और नव उदारवादी अर्थव्यवस्था ने किसी भी क्षेत्र को अछूता नहीं छोड़ा। हिन्दी के समाचार-पत्रों के गिने-चुने सम्पादकों की रीढ़ अब भी बची है। सब रीढ़विहीन हो चुके हैं। सच बोलने का साहस कम में है क्योंकि चोर को चोर और अपराधी को अपराधी कहना इस समय सबसे बड़ा अपराध है। जो 'देशद्रोह' भी हो सकता है। रघुवीर सहाय ने लिखा था झ ₹लोग बहुत व्यावहारिक हो गए हैं/कोई ऊलजलूल नहीं बोलते/ एक मुनाफाखोर सभ्यता में 'प्रतिरोध' की जगह नहीं रह गई' और 'यह संस्कृति उसको पोसती है जो सत्य से विरक्त है'। अब कहाँ है 'सत्य से सत्ता का युद्ध?' चारो ओर झूठ का माहौल और दबदबा है। इस समय हिन्दी लेखक कहाँ खड़ा है? किसके साथ खड़ा है? वह क्या डरा और सहमाझ सहमा नहीं है? क्या हिन्दी समाज आज हिन्दी, लेखक से कुछ अपेक्षा रखता है? अशोक वाजपेयी जब इस समाज को 'कृतघ्न समाज' कहते हैं, तो इस पर कम ध्यान देते हैं कि यह 'कृतघ्न' कब कैसे बना? हिन्दी समाज क्या अपने लेखक को 'कृतघ्न लेखक' कहेगा?

सब कह रहे हैं लोकतंत्र नष्ट हो रहा है, संविधान की उपेक्षा हो रही है, न्यायपालिका को सरकार अपने अधीन करने की कोशिश कर रही है, सबकुछ नष्ट हो रहा है, भारत हिन्दूराष्ट्र बन रहा है, मुसलमान अपने देश में दोयम दर्जे के नागरिक बनाये जा रहे हैं और फासीवाद आ रहा है। अगर यह सब सच है तो बड़ा सवाल यह है कि ऐसे समय में लेखक क्या करें? आत्ममुग्ध होकर आत्म प्रचार करे या सत्यनिष्ठ होकर अपनी साहित्यिक-सांस्कृतिक भूमिका सम्पन्न करें। 'प्रतिरोध' लिख देने से प्रतिरोध नहीं होता। शब्द को कर्म में उतरकर सार्थक बनाना होगा। हिन्दी के लेखक पर किसी भी लेखक की तुलना में आज कहीं अधिक दायित्व-भार है। हिन्दी प्रदेश के कारण ही भाजपा सत्ता में है। नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री हैं। हिन्दी प्रदेश के राजनीतिक दल सत्ता-लोभ और सत्ताकांक्षा से भरे हुए हैं। उनसे अधिक अपेक्षा नहीं की जा सकती। आज हिन्दी के लेखकों पर सामाजिक- सांस्कृतिक कार्यभार अधिक है। उसकी विश्वसनीयता का सवाल प्रमुख है क्योंकि इस समय 'अपने लोग फँसे रहे चीं-चीं-चीं-टुट-पुट में जीवन की/भीषणतम मुश्किल में दिन और देश।'

**(लेखक वरिष्ठ आलोचक एवं सामाजिक, राजनीतिक चिंतक हैं, संपर्क 94311 03960)**

# एक अर्थशास्त्री के रूप में अलक्षित रहे अम्बेडकर

**स्मरण**



शैलेन्द्र चौहान

अर्थशास्त्री के रूप में डॉ. आंबेडकर के योगदान की ओर बहुत कम विद्वानों का ध्यान गया है. प्रायः लोग उन्हें संविधान निमार्ता के रूप में जानते हैं. यह भी जानते हैं कि दलितों के उद्धार के लिए उन्होंने अनथक संघर्ष किया. उसके लिए अनेक समकालीन नेताओं की आलोचनाएं सहीं. वे अपने समय के सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण मगर विवादित नेताओं में रहे. उनकी विद्वता विरोधियों को पस्त करने वाली थी. वस्तुतः राजनीति और समाज सुधार के क्षेत्र में उनका योगदान इतना महान एवं युगांतरकारी है कि उनके जीवन के बाकी पहलुओं तक लोगों की नजर जा ही नहीं पाती. यहां तक कि दलित विद्वानों का लेखन भी उनके सामाजिकझ्राजनीतिक क्षेत्रों में योगदान तक सिमटा रहा है. अर्थशास्त्री के रूप में आंबेडकर के योगदान को केवल एक लेख या लेखांश से आंकना असंभव है. अपने एक व्याख्यान में प्रख्यात अर्थशास्त्री श्रीनिवास अंबीराजन ने अर्थशास्त्र के क्षेत्र से राजनीति और कानून के क्षेत्र में अंतरण को अर्थशास्त्र की भारी क्षति बताया था. उनके अनुसार अगर वे राजनीति और समाज सुधार के क्षेत्र में नहीं आते तो दुनियाझभर में दिग्गज अर्थशास्त्री के रूप में स्थान पाते. इस बात में काफी सचाई भी है. 1947 आतेझआते राजनीतिक क्षेत्र में उनकी व्यस्तता काफी बढ़ चुकी थी. लेकिन उन दिनों भी उनका मन अर्थशास्त्र के क्षेत्र में छूटे हुए काम को आगे बढ़ाने का था. उसी वर्ष 'प्रॉब्लम ऑफ रुपी' के संशोधित संस्करण की भूमिका में उन्होंने अर्थशास्त्र के क्षेत्र में 1923 के बाद हुए बदलावों को लेकर पुस्तक का दूसरा खंड यथाशीघ्र तैयार करने का आश्वासन दिया था. मगर आजादी के बाद राजनीतिक जिम्मेदारियां बढ़ने की वजह से वे छूटे हुए कार्य को पूरा नहीं कर सके.

अर्थशास्त्र आंबेडकर का सर्वाधिक प्रिय विषय था। कोलंबिया विश्वविद्यालय में अध्ययन करते समय उनके पास कुल 29 विषय ऐसे थे, जिनका सीधा संबंध अर्थशास्त्र से था. वहां से उन्होंने 'इवोल्यूशन ऑफ पब्लिक फाइनेंस इन ब्रिटिश इंडिया' विषय में पीएचडी की डिग्री प्राप्त की थी. आगे चलकर लंदन स्कूल ऑफ इकॉनामिक्स से उन्होंने 'प्राब्लम ऑफ रुपया : इट्स ओरिजिन एंड इट्स सोल्यूशन' विषय पर डीएससी की डिग्री हेतु शोध प्रबंध लिखा. उस ग्रंथ की भूमिका महान अर्थशास्त्री एडविन केनन ने लिखी थी. अर्थशास्त्र के क्षेत्र में उनकी विद्वता का अनुमान लगाने के लिए अमर्त्यसेन की टिप्पणी भी मददगार सिद्ध हो सकती है. 2007 में दिए गए एक व्याख्यान में अर्थशास्त्र के क्षेत्र में आंबेडकर की गुरुता को स्वीकारते हुए हमारे समय के इस महान अर्थशास्त्री ने कहा था– 'आंबेडकर अर्थशास्त्र के क्षेत्र में मेरे आदर्श हैं. वे दलितों-शोषितों के सच्चे और जानेझमाने महानायक हैं. उन्हें आजतक जो भी मान-सम्मान मिला है वे उससे कहीं ज्यादा के अधिकारी हैं. भारत में वे अत्यधिक विवादित हैं. हालांकि उनके जीवन और व्यक्तित्व में विवाद योग्य कुछ भी नहीं है. जो उनकी आलोचना में कहा जाता है, वह वास्तविकता के एकदम परे है. अर्थशास्त्र के क्षेत्र में उनका योगदान बेहद शानदार है. उसके लिए उन्हें सदैव याद रखा जाएगा.'

मात्र 27 वर्ष की उम्र में उन्हें मुंबई के एक कॉलिज में राजनीतिक अर्थशास्त्र के प्रोफेसर की नौकरी मिल चुकी थी. अध्यापन के अलावा वे विषय से संबंधित सैकड़ों लेख और व्याख्यान दे चुके थे. एक सभा में विद्यार्थियों के बीच पढ़े गए उनके लेख 'रेस्पांसिबिल्टी ऑफ रेसपांसिबिल गवर्नमेंट' की प्रशंसा उस समय के महान राजनीतिक विज्ञानी, चिंतक हेराल्ड लॉस्की ने भी की थी. लॉस्की का कहना था कि 'लेख में आए आंबेडकर के विचार क्रांतिकारी स्वरूप' के हैं.

मुद्राओं के मूल्यांकन को लेकर आंबेडकर का दृष्टिकोण मानवीय था. कल्याणकारी अर्थशास्त्रियों से मिलता हुआ. उनका कहना था लोगों के लिए मुद्रा का वास्तविक मूल्य उसके बदले मिलने वाली आवश्यक वस्तुओं से तय होता है. सोना बेशकीमती हो सकता है. लेकिन वह आदमी की सामान्य जरूरतों को पूरा नहीं कर सकता. वह न तो किसी भूखे का पेट भर सकता है, न ही उससे किसी नंगे तन को ढका जा सकता है. यदि एक रजत मुद्रा से उन्हें जरूरत की सभी चीजें प्राप्त हो जाती हैं, तो उन्हें स्वर्णमुद्रा की दरकार न होगी. इसके लिए मुद्रा का भरोसेमंद होने के साथ-साथ विनिमय प्रणाली में स्थायित्व भी जरूरी है. मुद्रा के प्रति जनता का अविश्वास तथा उसकी मूल्य-अस्थिरता आर्थिक संकट को जन्म देती है. रजत-मुद्रा के उतार-चढ़ाव को देखते हुए आंबेडकर ने स्वर्ण-मुद्रा को अपनाने का सुझाव दिया; तथा एक रजत-मुद्रा का मूल्य एक शिलिंग तथा छह पैंस रखनेकी सलाह दी. उनकी अधिकांश अनुशंसाओं को सरकार ने ज्यों की त्यों अपना लिया था. उन्हीं के आधार पर आगे चलकर भारतीय रिजर्व बैंक की मूलभूत सैद्धांतिकी का विकास हुआ.

अपने अर्थशास्त्र संबंधी ज्ञान के आधार पर आंबेडकर एडम स्मिथ और डेविड रिकार्डो जैसे क्लासिकल अर्थशास्त्रियों की कतार में खड़े नजर आते हैं. आगे चलकर राजनीति और समाज सुधार के क्षेत्र में उन्होंने जो काम किया, उसके आधार पर हम उनके अर्थशास्त्र संबंधी सिद्धांतों की तुलना इटली के विचारक विलफर्ड परेतो से कर हैं. परेतो ने यूरोपीय समाज में व्याप्त असमानताओं का गहरा अध्ययन किया था. उसका मानना था कि शीर्ष पर मौजूद अल्पसंख्यक अभिजन समूह अपने बुद्धिझचातुर्य द्वारा बहुसंख्यक समूह को छोटे-छोटे समूहों में बांटे रखता है. इस तरह संगठित अल्पसंख्यक अभिजन के आगे असंगठित बहुजन की शक्ति नगण्य हो जाती है. वे चाहते थे कि सभी प्रमुख और आधारभूत उद्योग सरकार के अधीन हों. वे मानते थे कि आर्थिक सुधार की कोई भी योजना बिना भूमि सुधार के असंभव है. इसके लिए उन्होंने बड़े भू-स्वामियों की आय को आयकर के दायरे में लाने का सुझाव दिया था. 1946 में अखिल भारतीय स्तर पर भूमि सुधार की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि भूमि वितरण में असमानता के कारण समाज के बड़े हिस्से को बहुत छोटी जोतों से काम चलाना पड़ता है. परिणामस्वरूप एक ओर जहां श्रमशक्ति का दुरुपयोग होता है, वहीं बहुत-सी श्रम-शक्ति निष्क्रिय पड़ी रहती है. आवश्यकता से कई गुना भूमि के स्वामी बने जमींदार अपनी श्रमझशक्ति का उपयोग इसलिए नहीं करते, क्योंकि उन्हें जरूरत से कई गुना श्रमशक्ति बेगार या मामूली मजदूरी पर उपलब्ध हो जाती है. यानी समाज का एक वर्ग संसाधनों के अभाव में अपनी श्रमशक्ति के लाभों से वंचित रह जाता है; जबकि दूसरा आवश्यकता से कहीं अधिक संसाधनों पर काबिज होने के कारण दूसरे के श्रम को कम मूल्य पर खरीदने में सफल हो जाता है. इस तरह न केवल श्रम का अवमूल्यन होता है, बल्कि समाज की बहुतझसी श्रमशक्ति व्यर्थ चली जाती है. इसके लिए आंबेडकर कृषि, उद्योग, बीमा, बैंकादि का संपूर्ण राष्ट्रीयकरण चाहते थे. वे व्यापक भूमिझसुधार के समर्थक थे. चाहते थे कि सरकार समस्त कृषिझयोग्य भूमि का अधिग्रहण कर उसे उचित आकार के फार्मों में विभाजित करे और उत्पाद का समुचित अनुपात में समाज के सभी सदस्यों के बीच संवितरण हो. समाजार्थिक समानता की स्थापना के लिए आंबेडकर का यह क्रांतिकारी सोच था.

आंबेडकर के विचारों पर हम समाजवादी चिंतन की छाया देख सकते हैं. लेकिन भारत में समाजवादी आंदोलन का जो स्वरूप रहा है, उस अर्थ में वे कतई समाजवादी न थे. हम उन्हें आमूल परिवर्तनवादी कह सकते हैं. चूंकि वे सामाजिक समानता के लक्ष्य को दलितों की वर्गीय चेतना, शैक्षणिक-सामाजिक उन्नयन तथा लोकतांत्रिक परिवर्तन द्वारा प्राप्त करना चाहते थे, इसलिए उन्हें गणतांत्रिक समाजवादी कहना भी उपयुक्त होगा. वस्तुतः जिस समाज के लिए वे काम कर रहे थे, उसके कल्याण हेतु आर्थिक समरसता का विचार पर्याप्त न था. लाहौर में 'जात-पात तोड़क मंडल' के वार्षिक अधिवेशन के लिए लिखे गए अपने लंबे भाषण 'जाति का उन्मूलन' में उन्होंने कई उदाहरण देकर बताया था कि आर्थिक समाधान कभी भी सामाजिक समाधान का विकल्प नहीं बन सकते.




आंबेडकर मार्क्स की आलोचना करते हुए बुद्ध को अपनाया था. अपने विचारों के कारण लगभग आधी दुनिया पर छाए रहने वाली विश्व-इतिहास की इन महानतम हस्तियों में आपस में कोई स्पर्धा नहीं है. तो भी आंबेडकर के लिए बुद्ध इसलिए महत्त्वपूर्ण थे कि उन्होंने जाति पर सवालिया निशान लगाते हुए समानता आधारित समाज का सपना देखा था.

आंबेडकर का पूरा जीवन एक महागाथा है. एक लेख या पुस्तक में उनके जीवनकर्म को नहीं समेटा जा सकता. वे अपने मानक आप हैं. इसलिए लेख का समापन हम उन्हीं की बात से करना चाहेंगे. यह दरअसल में एक चेतावनी है जो भारतीय संविधान को लोकार्पित करते हुए उन्होंने हम सबको दी थी. संविधान की प्रस्तावना की शुरूआत उन्होंने 'हम भारत के लोग' से की है. इसकी व्याख्या उनके भाषण में भी मिलती है –

'मुझे याद है जब राजनीतिक रूप से सक्रिय हिंदुस्तानी 'भारत के लोग' कहने की अपेक्षा 'भारतीय राष्ट्र' कहना अधिक पसंद करते थे. मेरा विचार है कि 'हम एक राष्ट्र हैं' ऐसा मानकर हम एक बड़े भ्रम को बढ़ावा दे रहे हैं. हजारों जातियों में बंटे लोग भला एक राष्ट्र कैसे हो सकते हैं? सामाजिक एवं मनोवैज्ञानिक दृष्टि से हम अभी तक एक राष्ट्र नहीं हैं, इस बात को हम जितनी जल्दी समझ लें उतना ही हमारे लिए बेहतर होगा. तभी हम राष्ट्र बनने कि जरूरत को बेहतर समझ पाएंगे तथा इस लक्ष्य को हासिल करने के तरीकों और साधनों के बारे में बेहतर पाएंगे. (जाति-प्रथा के रहते) इस उद्देश्य की प्राप्ति कठिन है-.जातियां राष्ट्र-विरोधी हैं. पहला कारण तो ये कि वे सामाजिक जीवन में अलगाव को बढ़ावा देती हैं. दूसरे वे एक जाति और दूसरी जाति के बीच ईर्ष्या और असहिष्णुता को ले आती हैं. अगर हम सच में राष्ट्र बनना चाहते हैं तो हमें इन सब मुश्किलों से मुक्ति पानी होगी. असली भाईचारा तभी कायम हो सकता है, जब राष्ट्र मौजूद हो—लेकिन बगैर बंधुत्व के समानता, स्वाधीनता और राष्ट्रीयता महज दिखावा ही होंगी.'

**( 34/242, सेक्टर-3, प्रतापनगर, जयपुर-30203, संपर्क 78388 97877)**

**व्यंग्य**



## अगले जनम मोहि काला कुत्ता ही कीजो

मूलचंद्र गौतम

हाल ही में मित्रता के उसूलों के संदर्भ में लव मी एंड लव माई डॉग की तलाश कर रहा था तो सामने पूरा कुत्ता पुराण ही खुल गया।पड़ौसी का शनिदेव का प्रतिनिधि काला कुत्ता दिन में दो तीन बार गेट पर इत्र विसर्जन कर जाता है ।मालकिन डंडी लेकर उसके साथ बॉडीगार्ड की तरह घूमती रहती है कि कोई उसके ब्रूनो को रोके टोके तो वो पिल पड़े ।मैं तो यह हिम्मत नहीं कर पाया लेकिन पड़ौस के कड़क मास्साब ने की तो उन्हें सुनने को मिला -मैंने क्या उसे कहा कि वह आपको या आपके घर को चुने ।उसकी मर्जी जो चाहे करे और कोई मेरे पप्पी के साथ बदतमीजी करेगा तो मैं उसकी ऐसी तैसी कर दूँगी ।एक कुत्ते ने पूरे मोहल्ले से दुश्मनी करा दी है।

बुरा हो युधिष्ठिर का जो स्वगारोहण के समय एक पप्पी को साथ ले गये थे ।तभी से उसके भाव बढ़ गये हैं।रही सही कसर प्रेमचंद ने पूरी कर दी हल्कू के कुत्ते जबरा को अमर बनाकर। अब धोबी के कुत्ते के भी दिन फिर गये हैं ।उसे घर और घाट दोनों जगह भरपूर इज्जत मिलने लगी है। पुलिस और फौज के नौकरीपेशा कुत्तों ने तो जासूसी और वीरता के तमाम रिकॉर्ड बनाये हैं ।वे बाकायदा रिटायर होकर पेंशन पाते हैं ।

जबसे देश में अंग्रेजी के भाव बढ़े हैं तबसे किसी पालतू कुत्ते का देसी नाम सुना ही नहीं ।टाइगर , कैप्टन,शेरू ,ब्रूनो ,हरकुलिस और भी जाने क्या क्या ।बच्चों के नाम से ज्यादा कुत्तों के नाम डिक्शनरी में तलाशे जा रहे हैं ।यह बात अलग है कि सड़क छाप कुत्तों के सामने आते ही यह तथाकथित शेरू दुम दबाकर भाग जाता है।

जब से खूँखार कुत्तों ने लिफ्ट में मासूम बच्चों को लहूलुहान किया है तबसे उनका आतंक बढ़ गया है ।श्रध्दा के पैंतीस टुकड़ों की खबर में ये छोटी खबरें कहीं खो गयीं ।मेरे पोते ने गूगल पर सर्च कर लिया है कि किस नस्ल के कुत्ते का पीएसआई कितना है ।यानी कुछ के आगे तो कोबरा भी फेल । मैंने तो खुलेआम घोषित कर दिया है तुमने कोई अहिंसक पप्पी भी पाला तो मैं घर में भी नहीं घुसूंगा। मैं तो इस जानकारी से इतना डर गया हूँ कि सामने कोई मरियल सा पप्पी भी दिखे तो रास्ता बदल लेता हूँ ।कुत्ते काटे के इंजेक्शन मेरे सपनों में छाये रहते हैं।

महानगरों में जिन घरों के आगे कुत्ते से सावधान का बोर्ड लगा रहता है वे बड़े भयावह होते हैं ।उन कुत्ता निवासों में अनपढ़ चोर भी घुसने की हिम्मत नहीं कर पाते ।कलिकाल का प्रभाव इससे बड़ा क्या हो सकता है कि अब कुत्ता ही स्टेटस सिंबल है । कोतवाल काल भैरव ने काले कुत्ते को यों ही अपना वाहन नहीं चुना है जिसे देखते ही बड़े से बड़े सूरमा दुम दबाकर भाग जाते हैं ।

कुत्ता पुराण में दर्ज रहता है कि वह क्या खाता है ,कौन से शैम्पू से नहाता है ,महीने में डॉक्टर के कितने विजिट होते हैं ।कुतियों का खर्चा और भी भारी ।उनका मेकअप , हीरे और सोने के क्लिप ,मैनीक्योर ,पेडीक्योर ।यानी सामने वालों पर रौब रुतबे का पूरा इंतजाम। अनंत कुत्ता कथा का यह टेप रिकॉर्ड कभी खत्म नहीं होता ।

महान लोगों के हीरो कुत्तों की शवयात्राओं का विवरण पढ़कर किसका मन नहीं चाहेगा कि उसका अगला जनम किसी धनवान आदमी के कुत्ते के रूप में ही हो ।

**(लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क 9412322067)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

## संक्षेप

### 25 हजार का इनामियां धराया



आजमगढ़। थाना कोतवाली नगर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित 25 हजार रुपए के इनामियां कामेश पाण्डेय को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। शशीचन्द चौधरी थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़ बनाम गैंगलीडर पीयूष पाण्डेय उर्फ पुष्कर नाथ पाण्डेय पुत्र स्व.श्रीधर पाण्डेय उर्फ श्रीनाथ पाण्डेय उर्फ गंगा निवासी हीरापट्टी थाना कोतवाली व उसके गैंग के सदस्य कामेश पाण्डेय उर्फ गुड्डू पाण्डेय पुत्र भानू प्रताप पाण्डेय निवासी सलेमपुर थाना कोतवाली जनपद आदि 4 नफर के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया था। अभियुक्त के वांछित होने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा अभियुक्त के गिरफ्तारी हेतु 25,000 रुपए का पुरस्कार घोषित किया गया था। पुलिस ने मुखबिरी सूचना पर ग्राम सलेमपुर के पास से अभियुक्त 25,000 रुपए का पुरस्कार घोषित कामेश पाण्डेय उर्फ गुड्डू पाण्डेय पुत्र भानू प्रताप पाण्डेय निवासी सलेमपुर थाना कोतवाली आजमगढ़ को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

### चोरी के चावल व नगदी के साथ तीन गिरफ्तार



आजमगढ़। बिलरियागंज थाना पुलिस ने चोरी गये 8 बोरी चावल व 2200 रुपया नगद के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने सभी को सम्बंधित धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया। गुरुवार को उपनिरीक्षक योगेन्द्र प्रसाद मय हमराह द्वारा मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आये अभियुक्त अमित कुमार किसी और घटना की रेकी करने मे सिरसहा पूर्वांचल एक्सप्रेस के नीचे अण्डर पास के नीचे मौजूद है इस सूचना पर उपनिरीक्षक मय हमराह सिरसहा अण्डर के पास पहुचे कि पास मे खड़े व्यक्ति को मौके पर पकड़ लिया तथा नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी लिया तो एक ने अपना नाम अमित कुमार पुत्र वंशराम निवासी बारोडीह थाना भुडकुड़ा जनपद गाजीपुर बताया जिसके पास उपरोक्त मुकदमे में चोरी गये माल से मिले पैसे में से कुल 2200 नगद बरामद हुए। अभियुक्त के निशादेही पर माल खरीदने वाले गल्ला व्यापारी हिमान्शु जायसवाल व विशाल जायसवाल पुत्रगण हरिनारायण जायसवाल ग्राम रासेपुर थाना तरवाँ को रासेपुर बाजार से मय चोरी गये खरीदे माल 8 बोरी चावल के साथ पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पुलिस ने गिरफ्तार सभी आरोपियों को सम्बंधित धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया।

### नुक्कड़ नाटक कर जल संचयन की दिलायी शपथ



आजमगढ़। नेहरू युवा केंद्र के माध्यम से लोगों को जागरूक करने के लिए कैच द रैन अभियान 3.0 के तहत अभियान चलाया गया जिसमें यूनिक सेवा समिति के कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति शहर के विभिन्न जगहों कलेक्ट्रेट चौराहा, आजमगढ़ बस स्टैंड, आरटीओ आफिस हरबंशपुर में दी गयी। यूनिक सेवा समिति के दल नेता पंकज शर्मा और अन्य कलाकार अभिषेक मौर्य, संदीप, राहुल यादव, रूबी शर्मा, आयुषी शर्मा, नितेश और ढोलक वादक कौशल कुमार द्वारा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। लोगों को जल और वर्षा का पानी को बचाने के लिए नाटक के माध्यम से जानकारी दी। संस्था सचिव पंकज शर्मा ने जहां भी गिरे जब भी गिरे वर्षा का पानी इकट्ठा करें का स्लोगन देते हुए जल संचय के लिए लोगो को सपथ दिलाई।

### अम्बडेकर जयंती की पूर्व संध्या पर निकाली गयी शोभा यात्रा



अतरौलिया आजमगढ़। आजाद समाज पार्टी के तत्वाधान में अम्बेकर जयंती की पूर्व संध्या पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। यह यात्रा अतरौलिया से निकलकर बुढ़नपुर बहुंचकर समाप्त हुई। बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जन्मदिन के उपलक्ष में एक शोभा यात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा अतरौलिया से चलकर बुढ़नपुर तक पहुंची। आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष ने कहा कि बाबा साहब के 132वे जन्मदिन के अवसर पर आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी द्वारा शोभायात्रा अतरौलिया से बुढ़नपुर तक निकाली गई है जिसके माध्यम से भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद है तथा बाबा साहब की जयंती को बड़े ही धूमधाम से मनाने का लोगों को संदेश दिया गया। महापुरुषों के आदर्श को आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी आगे बढ़ाने का कार्य करेगी ।बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने हमें जो संविधान दिया है समतामूलक समाज सभी को समान अधिकार दिया है आज पूरे देश में कि नहीं देश के बाहर भी बाबा साहब का जन्मदिन बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

### पीड़िता ने एसपी से लगायी न्याय की गुहार



आजमगढ़। जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के बासूपार बनकट निवासिनी एक महिला ने गांव के ही कुछ लोगों पर मंडई जलाने का आरोप लगाते हुए संबंधित के विरूद्ध कार्रवाई करने की पुलिस अधीक्षक से गुहार लगायी। उक्त गांव निवासिनी सोनमती देवी पत्नी स्व.गोविन्द चैहान का आरोप है कि उसके गांव के सत्य प्रकाश यादव पुत्र मत्तन व अजय, सोनू, मुलायम यादव, लालू यादव पुत्रगण जत्तन यादव मनबढ़, दबंग, भूमाफिया किस्म के व्यक्ति हैं। उक्त लोगों ने उसकी मंडई में आग लगा दी जिससे गेहूं, भूसा, चारपाई, कपड़े, विस्तर आदि जल कर राख हो गया। आगलगी में लगभग एक लाख रुपए का नुकसान हुआ। उसने किसी तरह से अपने परिवार की जान बचायी। विपक्षी मेरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उसका आरोप है कि विपक्षी उसकी जमीन हड़पने की नियत से चहारदीवारी भी जबरदस्ती जोड़ दिये हैं। पीड़िता ने दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार लगायी।

### अभियुक्त के घर धारा 82 की नोटिस चस्पा



लालगंज (आजमगढ़)। देवगांव कोतवाली पुलिस ने एक मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त के घर धारा 82 की नोटिस चस्पा की। देवगांव कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कस्बा देवगांव निवासी अफरोज पुत्र शाहजहां के घर 82 सीआरपीसी की नोटिस चस्पा करने की कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि 7 अक्टूबर 2022 को बकरी तथा अन्य सामान की चोरी में देवगांव कोतवाली में 9 लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया था। इस क्रम में 8 अभियुक्त न्यायालय में हाजिर हो चुके हैं। किंतु अफरोज पुत्र शाहजहां अब तक बार-बार न्यायालय द्वारा नोटिस के बाद भी हाजिर नहीं हुआ। देवगांव कोतवाली के पल्हना चैकी इंचार्ज रत्नेश कुमार दूबे द्वारा न्यायालय की अनुमति से उपरोक्त अभियुक्त के घर गुरूवार को डुगडुगी पिटवा कर 82 सीआरपीसी की नोटिस चस्पा की कार्रवाई की गई।

### बिना अनुमति के नहीं निकलेगा जुलूस

फूलपुर (आजमगढ़)। 14 अप्रैल बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की जयंत्री पर फूलपुर नगर पंचायत में ग्रामीण अंचलों से अम्बेडकर जयंती पर झांकी जलूस पूर्व में निकलते रहे हैं। शुक्रवार को अम्बेडकर जयंती क्षेत्र में मनाई जाएगी। परन्तु नगर पंचायत चुनाव की अधिसूचना जारी होने से नगर पालिका नगर पंचायतों में आचार संहिता का अनुपालन कराया जाना लाजिम है। ऐसे में जलूस का क्या होगा इसे लेकर अम्बेडकर जयंती पर जलूस के आयोजक चिंतित नजर आ रहे हैं कि नगर में कैसे जलूस भ्रमण करेगा। इस सम्बंध में थाना प्रभारी फूलपुर अनिल सिंह ने बताया कि आचार संहिता का शतप्रतिशत अनुपालन कराया जाएगा। परन्तु बिना अनुमति के कोई भी जलूस नहीं निकलेगा। अनुमति मिलने पर सुरक्षा ब्यवस्था दुरुस्त कर जुलूस का आयोजन सकुशल सम्पन्न कराया जाएगा।

### दुर्घटना को दावत दे रहा लटकता विद्युत तार

रानीकीसराय (आजमगढ़)। स्थानीय कस्बे के निजामाबाद मार्ग स्थित मकान के उपर से गुजरा विद्युत तार मौत को दावत दे रहा है। तार जहां छः घरों के ऊपर लटक रहा है वहीं तार के चलते आवास योजना का लाभ पाये पात्र का मकान निर्माण कार्य भी ठप पडा है। कस्बे के निजामाबाद मार्ग के मध्य भाग से दक्षिणी भाग में विद्युत तार से आपूर्ति होती है। जहां से तार गुजरा है आधा दर्जन छतों से होकर गुजर रहा है। लगी केबल भी जर्जर है जो कई बार स्पार्किंग कर जल चुकी है।

# चोरी के सामान के साथ दो गिरफ्तार

**कामयाबी**

**अलग-अलग तीन मामलों में वांछित थे अभियुक्त**

**तमंचा, कारतूस आदि बरामद**

जनसंदेश न्यूज



जीयनपुर थाने में गिरफ्तार अभियुक्त।

आजमगढ़। थाना कोतवाली जीयनपुर पुलिस ने चोरी की विभिन्न घटनाओं का अनावरण करते हुए अवैध तमंचा, कारतूस तथा चोरी गये सामान के साथ 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

बीते 21 फरवरी को संतोष कुमार पुत्र कोमल प्रसाद निवासी ग्राम मानिकपुर थाना जीयनपुर प्रधानाध्यापक कम्पोजिट विद्यालय बेरमा, हरिनाथ अध्यक्ष विद्यालय प्रबन्ध समिति संविलियन विद्यालय बेरमा ने शिकायत किया कि अज्ञात व्यक्तियो द्वारा 20 फरवरी की रात्रि 6 पीस पंखा, एक पीस डीजे स्पीकर, एक 12 बोल्ट की बैटरी तथा कुछ रजिस्टर आदि सामान चोर उठा ले गये।

विवेचना से अभियुक्तगण इन्सान अहमद उर्फ भुल्लर पुत्र शेर मोहम्मद मुहल्ला नौशहरा थाना जीयनपुर व समीम अहमद उर्फ बड़क पुत्र अब्दुल हक उर्फ मिट्ठू मुहल्ला आदर्शनगर थाना जीयनपुर का नाम प्रकाश में आया। इसी क्रम में 11 मार्च को अजय कुमार मौर्य पुत्र स्व.हरिलाल मौर्य निवासी कस्बा महराजगंज थाना महराजगंज ने शिकायत किया कि अज्ञात चोर द्वारा वादी के किराये की मकान से छत का सिढी का दरवाजा खोलकर 30000 रुपए नगद व एक अदद नेकलेस पायल व बच्चे के हाथ का चाँदी का कंगन चुरा ले गये। विवेचना से अभियुक्तगण इन्सान अहमद उर्फ भुल्लर पुत्र शेर मोहम्मद मुहल्ला नौशहरा थाना जीयनपुर व समीम अहमद उर्फ बड़क पुत्र अब्दुल हक उर्फ मिट्ठू मुहल्ला आदर्शनगर थाना जीयनपुर का नाम प्रकाश में आया। इसी क्रम में 11 अप्रैल को लालचन्द पुत्र स्व. द्वारिका निवासी आजाद नगर थाना जीयनपुर ने शिकायत किया कि पानी पीने की मशीन का हैण्डल व खाने सहित टीपिन बाक्स को अभियुक्गण द्वारा चोरी कर लिया गया है।

उक्त मामले में भी उपरोक्त दोनों आरोपियों का नाम सामने आया। सभी मामलों में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में थी। गुरूवार को पुलिस ने उपरोक्त आरोपियों को रामगढ नहर पुलिया के पास से हिरासत में ले लिया।

अभियुक्तों के पास से एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व चोरी का हैण्डपम्प का हैण्डिल व 3360 रुपया नगद बरामद हुआ।

## अलविदा जुमा पर अवकाश घोषित करने की मांग

जनसंदेश न्यूज



जिलाधिकारी को पत्रक देने जाते कौमी उर्दू शिक्षक कर्मचारी संघ के लोग।

आजमगढ़। कौमी उर्दू शिक्षक कर्मचारी संघ ने जिलाधिकारी को पत्रक देकर अलविदा जुमा का अवकाश, उर्दू भाषा की पुस्तक वितरण तथा नगर क्षेत्र के सहायक अध्यापकों का नाम पदोन्नति वरिष्ठाता सूची में शामिल करने की गुहार लगायी।

जिलाधिकारी को दिये गये पत्रक में प्रदेश उपाध्यक्ष मु.इल्ताफ ने कहा कि आगामी 21 अप्रैल को अलविदा जुमा है। मुस्लिम समुदाय में आस्था और महत्वपूर्ण दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। उक्त दिवस पर विगत वर्षों में अवकाश होते रहे हैं किन्तु वर्तमान में नहीं हो रहा है। इस दिन परिषदीय विद्यालयों में अवकाश किया जाय। नवीन सत्र में उर्दू भाषा की किताबें ब्लाक संसाधन केंद्रों पर उपलब्ध नहीं है जिसे उपलब्ध कराया जाय। जूनियर बेसिक विद्यालयों में कार्यरत सहायक अध्यापकों की वरिष्ठता सूची बनाये जाने की प्रक्रिया गतिमान है।

जनपद की वरिष्ठता सूची अनन्तिम रूप से जारी की गयी है परंतु उक्त सूची में नगर शिक्षा क्षेत्र आजमगढ़ के सहायक अध्यापकों का नाम नहीं है जिसे सम्मिलित किया जाय। इस अवसर पर मो.शीश, शहबाज अहमद, अशहद हसन, अनीसुर्रहमान, सुफिया बानो, मो.शाहिद, जिनामुद्दीन, जाने आलम, अफजाल, रेहानुल हक, इस्माईल, हसन अख्तर, अब्दुर्रहीम, अंजनी मिश्रा, फहीम अहमद, जमाल अख्तर आदि उपस्थित रहे।

## कानपुर बार एसोसिएशन के समर्थन में उतरा अधिवक्ता संघ

### क्रमिक अनशन कर जताया विरोध

जनसंदेश न्यूज



बूढ़नपुर तहसील में नारेबाजी करते अधिवक्ता।

अतरौलिया (आजमगढ़)। बूढ़नपुर अधिवक्ता संघ ने कानपुर बार एसोसिएशन के न्यायिक कार्य बहिष्कार का समर्थन करते हुए क्रमिक अनशन कर गतिरोध को दूर करने की मांग की। अधिवक्ता संघ ने कानपुर बार एसोसिएशन को उनके अधिकार की लड़ाई में अपना पूर्ण समर्थन दिया। साथ ही उनके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही को समाप्त किए जाने की मांग उठाई। कानपुर के वकीलों को समर्थन देते हुए गुरुवार को तहसील में कामकाज बंद करके हड़ताल रखी। तहसील बार के सभी पदाधिकारी और अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में जमकर नारेबाजी भी की। बार के पूर्व अध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह ने कहा कि न्यायिक अफसर को बचाने के लिए सारे कायदे नियम ताक पर रखे जा रहे हैं। न्यायिक बहिष्कार का समर्थन ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन हाईकोर्ट इकाई ने भी किया है।

उधर, बार एसोसिएशन बोर्ड ऑफ रेवेन्यू ने सोमवार को बैठक कर कानपुर अधिवक्ताओं के न्यायिक कार्य बहिष्कार का समर्थन किया। सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता तहसील भवन पर एकत्रित हुए न्यायिक कार्य से विरत रहे।

### गांजा के साथ एक गिरफ्तार

फूलपुर (आजमगढ़)। पुलिस अधीक्षक द्वारा मादक द्रव्यों, पदार्थों की बरामदगी व अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए फूलपुर पुलिस ने अवैध गांजा के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान करते हुए जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक के सख्त निर्देश के बाद नशीला प्रदार्थ बिक्रेताओं के खिलाफ पूरे जिले में चलाए जा रहे अभियान से नशेड़ियों में हाहाकार मचा है। खासकर गांजा पीने वाले नशेड़ी बेचैन से लगते हैं। गांव में गांजा के पौधों की तलाश कर भगड़ा की खोज में लगे हैं या तो अन्य जनपद की सीमा से सटे अन्य जनपदों से खरीदकर लाकर अपनी नशा बुझा रहे हैं। इसी क्रम में फूलपुर थाना क्षेत्र के कोड़िया गांव में नरेश पुत्र स्व.रामजीत अपने घर से चोरी छिपे चिन्हित ब्यक्तियों में गाजा की बिक्री कर रहा था। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मुखबिरों का जाल बिछा कर बिक्रेता के पकड़ने के प्रयास में लग गयी। गुरुवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नरेश को गांजा बिक्री करते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया। मौके से पालथिन में ढक कर रखा छः सौ ग्राम गांजा और 780 रुपये नगद बरामद किया।

## खण्ड विकास अधिकारी ने दी वनवासी परिवार को आर्थिक मदद

जनसंदेश न्यूज



वनवासी परिवार को मदद देने पहुंची खंड विकास अधिकारी अराधना त्रिपाठी।

रानीकीसराय (आजमगढ़)। स्थानीय थाना क्षेत्र के ऊजीगोदाम गांव में वनवासी बस्ती में आग लगने से बच्चे की हुई मौत के बाद जहां पीड़ित सदमे में हैं वहीं मदद का सिलसिला जारी है। खंड विकास अधिकारी ने गुरुवार को आर्थिक मदद दी।

ऊजीगोदाम गांव वनवासी वस्ती में सोमवार को दिन में कूस में लगी आग से वनवासियों की झोपड़ी जल गयी थी। सभी सामान के साथ तीन वर्षीय बच्चे की झुलस कर मौत हो गयी थी। घटना के बाद से पीड़ित खुले आसमान के नीचे आ गये। ग्राम प्रधान ने पास में ही खाली पड़े मकान में रहने की तत्कालिक व्यवस्था कराई। पहले ही दिन कोटेदारों ने राशन मुहैया कराया था। बुधवार को देर शाम तीन वर्षीय अभिषेक के शव को कब्रिस्तान में दफन कर दिया गया था। सगे संबंधियों के सांत्वना के बीच मदद का भी सिलसिला जारी है। गुरुवार को खंड विकास अधिकारी अराधना त्रिपाठी ने गांव में पीड़ित परिवार से मिल आर्थिक मदद मुहैया कराई। वनवासियों से समस्याओं के बाबत पूछा और निराकरण का आश्वासन दिया। प्रधान रविन्द्र विश्वकर्मा ने बताया कि जनसहयोग से रहने के लिए नये टीनसेड आदि की व्यवस्था कर दी जा रही है। बैंक खाते भी सरकारी मदद के लिए खुलवा दिये गये हैं। आवास पट्टा होने के साथ ही ये निवासी हो जायेंगे और आवास सुविधा मिल जायेगा। इस दौरान एडीओ राजनाथ तिवारी, विनोद यादव, खुशबू सिंह, पंचरतन सिंह, अनिल मौर्य आदि ब्लाककर्मी मौजूद थे।

## समलैंगिकता को कानूनी मान्यता न देने की मांग

### भाविप के प्रतिनिधिमण्डल ने राष्ट्रपति को नामित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा

जनसंदेश न्यूज



ज्ञापन देने जाता भाविप का प्रतिनिधिमण्डल।

आजमगढ़। भारत विकास परिषद् की इलीट-शाखा का एक प्रतिनिधमंडल ने गुरूवार को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा और मांग किया कि भारतीय समाज व संस्कृति के हित को देखते हुए समलैंगिकता को कानूनी मान्यता प्रदान न दिया जाय।

जिला प्रशासन को सौंपे गए पत्रक में परिषद् के क्षेत्रीय सचिव अशोक अग्रवाल ने बताया कि संज्ञान में आया है कि भारत के उच्चतम न्यायालय में कुछ तुच्छ विचारधारा के संगठनों द्वारा एक रिट दाखिल कर समलैगिंकता को कानूनी मान्यता प्रदान करने की मांग किया गया है। उन्होंने बताया कि यह मांग अप्राकृतिक सामाजिक कृत्य भारतीय संस्कृति व सभ्यता के विरुद्ध है, जो सभ्य समाज के लिए बिल्कुल भी उचित नही है। सुप्रीम कोर्ट का सहारा लेकर इसको हमारे सभ्य सुसंस्कृत, समाज के ढ़ांचे को नष्ट करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। इससे भारत की प्राचीन संस्कृति एवं सामाजिक ताने-बाने को अपार क्षति पहुंचेगी। जिसका कोई प्रकल्प व विकल्प नहीं है। यह कृत्य प्रकृति के सामान्य नियमों की भी अवेहलना करते है।

भारत विकास परिषद् के अध्यक्ष गिरि राज अग्रवाल ने बताया कि समलैंगिकता को कानूनी मान्यता प्रदान करने की रिट सभ्य समाज के ढांचे को चोट पहुंचाने का काम करती है, जिस पर गम्भीरता पूर्वक विचार करने की आवश्यकता है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर समाज और देश के सांस्कृतिक ताना-बाना को नष्ट करने का प्रयास है और जिसे कुछ लोगों द्वारा प्रायोजित किया गया हैं जिसका हम पुरजोर विरोध करते है और समाज को भी इस लड़ाई में आगे आने की अपील करते है ताकि भारतीय समाज व संस्कृति के हित में निर्णय हो सकें और कुत्सित मानसिकता वालों से देश की रक्षा हो सकें। ज्ञापन सौंपने वालों में संरक्षक सिद्धार्थ सिंह, अशोक कुमार अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, अरविन्द मोदनवाल, हिमांशु राज आदि मौजूद रहे।

### गैंगस्टर के दो वांछित चढ़े पुलिस के हत्थे

आजमगढ़। थाना दीदारगंज पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गैंगेस्टर ऐक्ट में वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। बीते 16 मार्च को जिलाधिकारी द्वारा अनुमोदितशुदा गैंग चार्ट के आधार पर अभियुक्तगण मोतीलाल गुप्ता पुत्र स्व.रामदेव गुप्ता निवासी मितूपुर थाना पवई व उसके गैंग के सदस्य अजय यादव उर्फ सुड्डू पुत्र रामभुवन यादव निवासी सरांवा थाना दीदारगंज, राहुल कुमार यादव पुत्र प्रमोद यादव निवासी सरांवा थाना दीदारगंज, बाल किशुन राजभर पुत्र स्व.लहुरी राजभर निवासी ईमादपुर थाना दीदारगंज, राजेश अग्रहरी पुत्र रामधनी निवासी मितूपुर थाना पवई, श्यामलाल यादव पुत्र बांकेलाल यादव निवासी संग्रामपुर थाना दीदारगंज, गणेश उर्फ बुल्ला पुत्र रामदेव उर्फ महादेव निवासी अरनौला थाना दीदारगंज, ह्रदेश कुमार यादव पुत्र सूर्यबली यादव निवासी जपटापुर पकडी थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर, संजीव कुमार सिह उर्फ बन्टू पुत्र काशीनाथ निवासी महुआरी थाना तरवा, प्रदीप सिंह पुत्र रामअवध सिंह निवासी कबूतरा थाना तरवां व मनोज सिंह पुत्र रामअवध सिंह निवासी कबूतरा थाना तरवां के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है। उक्त मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस अभियुक्त अजय यादव उर्फ सुड्डू पुत्र रामभुवन यादव ग्राम सरांवा थाना दीदारगंज तथा अभियुक्त राहुल यादव पुत्र प्रमोद यादव ग्राम सरांवा थाना दीदारगंज को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

### बच्चे के इलाज के लिए विवेकाधीन कोष से मिली आर्थिक मदद

अतरौलिया आजमगढ़। बच्चे के इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से आर्थिक सहायता दी गई। इलाज के दौरान डॉक्टरों की लापरवाही से अपना हाथ गवा चुके गोविंदपुर गांव निवासी राज बहादुर मौर्या पुत्र वीरेंद्र मौर्या को नगर पंचायत निवासी पुष्कर मिश्रा के सहयोग से मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से आर्थिक सहायता के रूप में 250000 रुपए की स्वीकृति लखनऊ पीजीआई में इलाज के लिए दी गई । सहायता राशि मिलने से पीड़ित परिवार में एक उम्मीद जगी तथा पीड़ित परिवार ने क्षेत्र के पुष्कर मिश्रा को मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता दिलाने के लिए बधाई दी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बरवॉ, वि0 ख0 ठेकमा, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्पयूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट, भूषा-चोकर /प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 14.04.2023 से 20.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 21.04.2023 समय दोपहर 11.00 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 13.04.2023

**(बबिता चौहान)**
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. बरवॉ, वि.ख. ठेकमा
आजमगढ

**(राणा प्रताप सिंह)**
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. बरवॉ, वि.ख. ठेकमा
आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत अमौड़ा, वि0 ख0 ठेकमा, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्पयूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट, भूषा-चोकर /प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 14.04.2023 से 20.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 21.04.2023 समय दोपहर 10.30 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 13.04.2023

**(पुष्पा देवी)**
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. अमौड़ा, वि.ख. ठेकमा
आजमगढ

**(राणा प्रताप सिंह)**
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. अमौड़ा, वि.ख. ठेकमा
आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत कटघर, वि0 ख0 ठेकमा, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्पयूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट, भूषा-चोकर /प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 14.04.2023 से 20.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 21.04.2023 समय दोपहर 12.00 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 13.04.2023

**(पूनम भारती)**
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. कटघर वि.ख. ठेकमा
आजमगढ

**(राणा प्रताप सिंह)**
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. कटघर, वि.ख. ठेकमा
आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत गोमाडीह, वि0 ख0 ठेकमा, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्पयूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट, भूषा-चोकर /प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 14.04.2023 से 20.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 21.04.2023 समय दोपहर 11.30 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 13.04.2023

**(उषा देवी)**
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. गोमाडीह वि.ख. ठेकमा
आजमगढ

**(राणा प्रताप सिंह)**
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. गोमाडीह, वि.ख. ठेकमा
आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत रसूलपुर बाजबहादुर, वि0 ख0 ठेकमा, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्पयूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट, भूषा-चोकर /प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 14.04.2023 से 20.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 21.04.2023 समय दोपहर 12.30 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 13.04.2023

**(रामप्रताप प्रजापति)**
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. रसूलपुर बाजबहादुर वि.ख. ठेकमा
आजमगढ

**(राणा प्रताप सिंह)**
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. रसूलपुर बाजबहादुर वि.ख. ठेकमा
आजमगढ़

# पुलिस छावनी में तब्दील हुआ नामांकन स्थल कलेक्ट्रेट परिसर

**उपचुनाव**

### विस उपनिर्वाचन की तैयारियों का डीएम ने किया निरीक्षण

### 10 को मतदान 13 मई को होगी मतगणना

**जनसंदेश न्यूज**



कलेक्ट्रेट का निरीक्षण करतीं डीएम व अन्य अधिकारी

**मीरजापुर।** जिले के छानबे (सुरक्षित) विधानसभा सीट पर उप चुनाव के लिए गुरुवार से नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। प्रत्याशी 20 अप्रैल तक नामांकन कर सकेंगे। नामांकन को देखते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में आम नागरिकों का प्रवेश वर्जित कर दिया गया है।

केवल प्रत्याशी अपने दो प्रस्तावक के साथ प्रवेश कर पाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी दिव्या मित्तल ने गुरुवार को व्यवस्था का एडीएम शिव प्रताप शुक्ल के साथ नामांकन स्थल का निरीक्षण किया। एसपी सिटी श्रीकांत प्रजापति ने बताया कि विधानसभा उपचुनाव छानबे सीट पर नामांकन प्रक्रिया कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आज से शुरू हो गई।

नामांकन के लिए आने वाले प्रत्याशियों को अपने वाहनों को दूर ही खड़ा करना होगा। इसके बाद वह नामांकन स्थल कलेक्ट्रेट परिसर के लिए रवाना होंगे। पुलिस बैरियर के आगे वह अपने साथ केवल 2 प्रस्तावक के साथ ही नामांकन करने जाएंगे। इसके लिए कलेक्ट्रेट परिसर में सुरक्षा और व्यवस्था के लिए समुचित पुलिस फोर्स लगाया गया है। 2 क्षेत्राधिकारी एवं 4 थाना प्रभारी के साथ पर्याप्त पुलिस, पीएसी बल एवं खुफिया विभाग के जवानों को तैनात किया गया है। चुनाव आयोग के मंशा के अनुरूप चुनावी प्रक्रिया को पूर्ण कराया जा रहा है। 21अप्रैल को नामंकन पत्रों की जांच और 24 अप्रैल को नामांकन पत्र के वापसी की तिथि है तय किया गया है।10 मई को मतदान और 13 मई को मतगणना होगा। नामांकन स्थल पर पहुंची जिला निर्वाचन अधिकारी दिव्या मित्तल ने एडीएम वित्त एवं राजस्व शिव प्रताप शुक्ला के साथ व्यवस्था को देखा। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने इस दौरान मातहतो को निर्देश भी दिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, अपर पुलिस अधीक्षक श्रीकान्त प्रजापति, मुख्य राजस्व अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह, उप जिलाधिकारी सदर चन्द्रभानु सिंह, क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार व डिप्टी कलेक्टर सिद्धार्थ यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

## बिजली विभाग की लापरवाही से आपूर्ति ठप

### गहराया पेयजल संकट, ग्रामीणों में आक्रोश

**कलवारी।** स्थानीय पावर हाउस गुरुदेव नगर से बिजली की सप्लाई कलवारी सहित अन्य क्षेत्रों में की जाती है। बुधवार की देर शाम कलवारी बाजार में लगा 100 केवीए ट्रांसफार्मर की खुटी जल जाने से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। 24 बीत जाने के बाद भी बिजली विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही के चलते ट्रांसफार्मर की मरम्मत न किए जाने से विद्युत आपूर्ति बाधित है। जिससे क्षेत्र में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है। इस समय पेयजल की समस्या क्षेत्र की विकट समस्या है। बिजली रहने पर ही पेयजल डीप बोरिंग से मिल पाता है। क्षेत्र में अमृत पेयजल योजना अभी अधर में है। यदि हर घर को नल से पानी देने की योजना शुरू हो गयी होती तो क्षेत्रवासियों को भीषण गर्मी के दिनों में पेयजल के लिए भटकना नहीं पड़ता। बिजली आपूर्ति बाधित होने से आम जनमानस भीषण गर्मी से त्रस्त है। इस संबंध जेई राजेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ट्रांसफार्मर की खुटी खराब होने की सूचना मिली है, मौके पर लाइनमैन भेजकर खराब खुटी को बनवाकर बिजली आपूर्ति चालू करवा दिया जायेगा। लेकिन 24 घण्टे बीत जाने के बाद भी न तो बिजली विभाग का कोई कर्मचारी दिखा न ही कोई लाइन मैन ने जली हुई खूंटी को बनाने की जहमत नही उठाई।

### बीएसए ने किया कई विद्यालयों का निरीक्षण

**जमालपुर।** गुरुवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गौतम प्रसाद एवं डीसी निर्माण अजय श्रीवास्तव ने कंपोजिट विद्यालय भदावल, गोविंदपुर तथा कम्पोजिट विद्यालय डोहरी, पीड़खीर के पास भैसासुर में निमार्णाधीन विद्यालय के गुणवत्ता की जांच किया। भदावल में जांच के दौरान पुस्तक वितरण, कंपोजिट बजट उपभोग रजिस्टर, शिक्षक डायरी, विज्ञान किट तथा गणित किट के प्रयोग के बारे में छात्र उपस्थिति और एमडीएम रजिस्टर, शिक्षक उपस्थिति रजिस्टर, निपुण लक्ष्य के अंतर्गत कक्षा 4, 5 के बच्चों से किताब पढ़ाना, एवं अतिरिक्त कक्ष के निर्माण का जांच किया।

## शराब गैंग का भंडाफोड़ कर पुलिस ने चार आरोपियों को किया गिरफ्तार



पकड़े गये आरोपी व बरामद सामान

**जनसंदेश न्यूज**

**सख्ती**

### 120 ली0 अपमिश्रित कच्ची शराब, यूरिया, नौसादर प्रयुक्त पात्र व अन्य सामग्री बरामद

**मीरजापुर।** अवैध, अपमिश्रित कच्ची शराब का निर्माण व बिक्री करने वाले गैंग का भण्डाफोड़ कर पुलिस ने 04 आरोपियों को गिरफ्तार कर मौके से 120 ली0 अपमिश्रित कच्ची शराब, यूरिया, नौसादर सहित शराब बनाने में प्रयुक्त पात्र व अन्य सामाग्री बरामद किया।

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा आगामी उप विधानसभा चुनाव व नगर निकाय चुनाव को सकुशल एवं निर्बाध रूप से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत तथा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही व अवैध व अपमिश्रित शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी, बिक्री पर पूर्णतः अंकुश लगाते हुए तस्करी, बिक्री में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षों को निर्देश दिया गया है। गुरूवार थाना लालगंज पुलिस बल द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना लालगंज क्षेत्र में अवैध व अपमिश्रित शराब बनाने वाले ठिकाने पर दबिश देकर 04 आरोपियों सूरज उर्फ विश्वजीत, राजा, आकाश वर्मा उर्फ काठे, रामबघेर को गिरफ्तार किया गया। मौके से 120 लीटर अवैध व अपमिश्रित कच्ची शराब, 02 किग्रा यूरिया, 02 किग्रा गुड़, 200 ग्राम नौसादर सहित शराब बनाने में प्रयुक्त 06 एल्युमिनियम का पात्र व 06 टीन कनस्तर पाइप युक्त बरामद किया गया तथा 06 भट्ठियों को नष्ट किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लालगंज पर धारा 60/60(2) उत्तर प्रदेश उत्पाद शुल्क/आबकारी अधिनियम व 272 भादवि पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेजा गया।

## नगर निकाय निर्वाचन के दृष्टिगत सेक्टर मजिस्ट्रेटों को किया गया प्रशिक्षित

**बैठक**

### डीएम ने निष्पक्ष चुनाव के दृष्टिगत दिया आवश्यक दिशा निर्देश

### मतदेय स्थलों पर भ्रमण कर उपलब्ध करायें रिपोर्ट : डीएम

**जनसंदेश न्यूज**



अधिकारियों को प्रशिक्षित करतीं डीएम व एडीएम वित्त

**मीरजापुर।** नगर निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 को निष्पक्ष, पारदर्शी व शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जिला पंचायत सभागार में जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों की बैठक कर निर्वाचन प्रक्रिया के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

उपस्थिति अधिकारियो को सम्बोधित करते हुये जिला निर्वाचन अधिकारी दिव्या मित्तल ने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट 28 व 29 अप्रैल 2023 को अपने क्षेत्रान्तर्गत आने वाले सभी मतदेय स्थलों पर भ्रमण कर निरीक्षण कर ले। निरीक्षण के दौरान यह भली भांति देख ले कि मतदान स्थल पर रैम्प फर्नीचर पेयजल सुविधा, शौचानय सुविधा मतेदय स्थल कक्ष में खिड़की दरवाजों आदि की स्थिति के सम्बन्ध में रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप पर भरकर 29 अप्रैल 2023 सांय तक प्रत्येक दशा में जिला निर्वाचन कार्यालय अथवा सम्बन्धित नगर पालिका/ पंचायत के उप जिला मजिस्ट्रेट को उपलब्ध करा दें।

उन्होने कहा कि अपने भ्रमण के दौरान इस तथ्य को भी अपने ढंग से पता लगाने का प्रयास करे कि किसी दबंग या प्रभावशाली व्यक्तियों द्वारा डरा धमकाकर या किसी प्रकार लालच देकर मतदाताओं को अपने पक्ष में वोट डालने के लिये प्रभावित तो नही किया जा रहा हैं।

उन्होने कहा कि संवेदनशील, अति संवेदनशील, अति संवेदनशील प्लस वाले मतदान केन्द्रों के आस पास के मजरो में भी भ्रमण कर लोगों से वार्ता करे तथा उन्हे आश्वस्त करे कि वे निडर होकर अपने मताधिकार प्रयोग करे। वाहनों के आवागमन हेतु रूट चार्ट के बारे में अपनी रिपोर्ट में उल्लेख किया जाय।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकरी शिव प्रताप शुक्ल ने बताया कि नगर पालिका परिषद मीरजापुर व कछवां के पार्टी की रवानगी राजकीय इंटर कालेज महुवरिया तथा चुनार व अहरौरा नगर पालिका/पंचायत के लिये पोलिंग पार्टियों की रवानगी विश्राम सिंह पी0जी0 कालेज चुनार से की जायेगी।

## चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार, सामान बरामद

**मीरजापुर।** थाना कोतवाली देहात, पर बीते 23 जनवरी को वादी ऋषभ उमर निवासी किशुनप्रसाद की गली थाना कोतवाली देहात द्वारा लोहदी कला कारखाने से पीतल का समान चोरी हो जाने के सम्बंध में तहरीर दी गयी थी। जिसके क्रम को गुरुवार को उ0नि0 कमलेश सिंह पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना कोतवाली देहात क्षेत्र से उक्त अभियोग से सम्बंधित आरोपी राजेश कुमार बिन्द पुत्र बलवन्ता निवासी मोहनपुर थाना पड़री को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से उक्त मुकदमें से सम्बंधित पीतल का समान लोटा, कटोरा, गिलास इत्यादि बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया गया।

## ट्रैक्टर-ट्राली टकराई, बाइक चालक गंभीर

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमंडगंज मार्ग स्थित सेमरा कलां पुल के पास बुधवार की देर रात सेमरा पुल की तरफ से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली और ड्रमंडगंज की तरफ से सेमरा कलां जा रहा बाइक सवार की आमने-सामने टक्कर हो गई। क्षेत्र के सेमरा कलां गांव निवासी 35 वर्षीय अनिल चौरसिया रात दस बजे के करीब अपने घर सेमरा कलां जा रहा था कि जैसे ही सेमरा पुल के पास पहुंचा कि सामने से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली से टकराकर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने घायल युवक को एंबुलेंस की मदद से उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हलिया ले गए, जहां घायल की हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सक ने बेहतर उपचार हेतु मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया है।

## पुलिस मुठभेड़ में 25-25 हजार के इनामिया दो गिरफ्तार

**कामयाबी**

### गौ वध तस्कर अवैध असलहा के साथ पकड़ा गया

### कई मामलों में थी पुलिस को तलाश



पकड़े गये 25 हजार के इनामियां

**मीरजापुर।** जनपद पुलिस ने शहर कोतवाली इलाके के 25-25 हजार के ईनामिया 2 बदमाश को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 1 तमंचा, कारतूस व चाकू बरामद किया गया है। कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया गया। उप विधानसभा व नगर निकाय चुनाव को सकुशल एवं निर्बाध रूप से सम्पन्न कराये जाने के लिए पुलिस महकमा सजग हैं।

इसी क्रम में 6 फरवरी को शहर कोतवाली में दर्ज गोवध व पशु क्रूरता अधिनियम के मामले में भौतिक एवं इलेक्ट्रानिक साक्ष्य संकलित करते हुए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अभियुक्तों का नाम प्रकाश में आया था। पुलिस अधीक्षक ने अभियुक्तों की गिरफ्तारी पर 25-25 हजार का ईनाम घोषित किया था। अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री कांत प्रजापति व क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना शहर कोतवाली पुलिस बल ने 13 अप्रैल को कोतवाली, स्वाट व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम ने ईनामियां अभियुक्तों के होने की सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। इस दौरान गिरफ्तारी से बचने के लिए अभियुक्तों ने पुलिस टीम पर जानलेवा फायर कर भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने स्वयं को बचाते हुए मौके से दोनों अभियुक्तों सैफ अली अंसारी पुत्र मुन्ना व सिन्धबाज उर्फ मेराज अंसारी पुत्र मुख्तार निवासीगण तरकापुर को गिरफ्तार किया। अभियुक्त सैफ अली अंसारी के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व कारतूस बरामद किया। जबकि मेराज अंसारी के पास एक चाकू मिला, गिरफ्तार अभियुक्त गो-तस्करी व चोरी करने का अपराध कारित करते थे। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में शहर कोतवाली प्रभारी अरविन्द कुमार मिश्रा, एसओजी प्रभारी माधव सिंह एवं स्वाट टीम प्रभारी राजेश जी चौबे ने टीम के साथ अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग से गृहस्थी का सामान जलकर राख

**हादसा**

### कड़ी मसक्कत के बाद आग पर पाया गया काबू

**जनसंदेश न्यूज**



आग से जला घर व सामान

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के ड्रमंडगंज देवघाट मार्ग स्थित गणेश प्रसाद केसरवानी के मकान के पिछले हिस्से में विद्युत तार में शार्ट सर्किट होने से बुधवार की देर रात भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आकर आटा चक्की सहित गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया।

आग की लपटें उठती देखकर अगल बगल के लोग डब्बा बाल्टी में पानी लेकर आग बुझाने के लिए दौड़ पड़े। लेकिन तब तक आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। सूचना पाकर पर पहुंचे थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने पुलिस कर्मियों व स्थानीय लोगों की मदद से सबमर्सिबल पंप चलवाकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर दो घंटे के बाद काबू पा लिया। लेकिन तब तक गृहस्थी का सामान जलकर राख हो चुका था। गृहस्वामिनी रामपति देवी पत्नी स्वर्गीय रामचरन केसरवानी ने बताया कि पक्के मकान के पिछले हिस्से के दो कमरों में सीमेंट शेड लगाकर आटा चक्की के अलावा खाद्य सामग्री और गृहस्थी का सामान रखा था। आग की चपेट में आने से आटा चक्की, साइकिल, बर्तन, बीस कुंतल गेहूं, पांच कुंतल चावल, दो कुंतल दाल, दो कुंतल सरसों, आटा, बेसन कपड़े आदि जलकर राख हो गए। संयोग ठीक था कि लोगों ने घर के पीछे बंधे मवेशियों को किसी तरह बाहर निकाला मवेशियों को कोई क्षति नही पहुंची है। ग्राम प्रधान कौशलेंद्र गुप्ता ने मौके पर पहुंचकर हल्का लेखपाल कृष्णा यादव से फोन पर बात कर घटना की जानकारी दी और पीड़ित परिवार को शासन से हर संभव मदद दिलाने का आस्वासन दिया।

## निष्पक्ष व निर्भीक ढंग से सम्पन्न करायें उपचुनाव : डीआईजी

### तीनो जनपदों के पुलिस अधीक्षक के साथ की गई वर्चुअल मीटिंग

**जनसंदेश न्यूज**



बैठक लेते डीआईजी

**मीरजापुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र, मीरजापुर की अध्यक्षता में अपराध एवं कानून व्यवस्था तथा आगामी नगर निकाय चुनाव एवं छानबे विधानसभा उपचुनाव को सकुशल, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं निर्भीक ढ़ंग से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत तीनों जनपदों के पुलिस अधीक्षक के साथ वर्चुअल मीटिंग कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। अपराधों में बृद्धि पर किसी भी दशा में अंकुश लगाया जाये।

महिला सम्बन्धी अपराधों में अभियुक्तों के ऊपर गैगेस्टर एवं गुण्डा एक्ट के तहत कार्यवाही की जाय। शस्त्र बरामदगी, अबैध मादक पदार्थ तस्करी, शराब तस्करी, गुण्डा एवं गैगेस्टर एक्ट के अन्तर्गत प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। वांछित अभियुक्तो, पुरस्कार घोषित अपराधियों तथा वारण्टियों की शत-प्रतिशत गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। अबैध वाहन स्टैण्ड, वाहन संचालन के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाय एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रचलित अभियानों को और प्रभावी ढंग से कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। आगामी नगर निकाय चुनाव एवं छानबे विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि मतदान केन्द्रों, मतदेय स्थलों का मतदान से पूर्व शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन करा लिया जाय। नामांकन स्थल पर पर्याप्त पुलिस बल लगाकर शान्तिपूर्ण ढंग से नामांकन सम्पन्न कराया जाय। आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाय तथा इस सम्बन्ध में राजनैतिक पार्टियों एवं प्रत्याशियों को अवगत करा दिया जाय। टॉप-10 अपराधियों, हिस्ट्रीशीटरों एवं सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध भी प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही की जाय। आगामी चुनाव के सकुशल सम्पन्न होने तक संवेदनशील स्थानों पर निरन्तर चेकिंग, पैदल गस्त एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर वैरियर लगाकर चौकिंग सुनिश्चित की जाय।


## संक्षेप

### पुलिस उपाधीक्षक पद पर चयन होने पर मण्डलायुक्त ने दी बधाई



**मीरजापुर।** जनपद के जिला उद्योग केन्द्र में सहायक उपायुक्त उद्योग के पद पर कार्यरत रेशमा आरा के उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा के परिणाम आने पर पुलिस उपाधीक पद पर चयन होने पर मण्डलायुक्त डॉ मुथुकुमार स्वामी बी0 ने रेशमा आरा को हार्दिक बधाई व शुभकामनाए दी। पुलिस उपाधीक्षक पद पर चयन होने के पश्चात रेशमा आरा गुरूवार को आयुक्त कार्यालय पथरहिया में जाकर मण्डलायुक्त से भेंट मुलाकात की। जिस पर मण्डलायुक्त द्वारा पुष्प गुच्छ प्रदान कर रेशमा आरा को बधाई व शुभकामनाए दी।

### एक दिवसीय कार्यशाला का किया गया आयोजन



**जमालपुर।** ब्लाक मुख्यालय के सभागार में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस टू मिशन के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को किया गया। इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन के जिला कोआर्डिनेटर विनोद श्रीवास्तव ने सचिवों और ग्राम प्रधानों को बताया कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज दो के तहत चयनित ग्राम पंचायतों में कूड़ा घर का निर्माण, घर-घर से कूड़ा उठान के लिए हाइड्रोलिक ई रिक्शा, साईकिल रिक्शा तथा पालिथीन उठान के लिए बैग, बस्तियों में कूड़ा इकट्ठा करने के लिए कूड़ा घर का निर्माण किया जाएगा। जिसको संचालित करने के लिए समूह गठन या ग्राम पंचायत के द्वारा संस्था का गठन किया जाएगा। प्रत्येक घरों से स्वच्छता शुल्क 30 रूपए एवं व्यावसायिक संस्थानों से 50 रूपए हर महीने लिया जायेगा। तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए सोखता तथा ठोस कूड़ा के लिए व्यक्तिगत खाद गढ्डा एवं सामुदायिक नाफेड के साथ ही वर्मी कंपोस्ट भी बनवाया जायेगा। इस दौरान एडीओ पंचायत रामदूत सिंह, नरसिंह चौहान, सुशील सिंह बाचा, राणा प्रताप सिंह, सतीश सिंह, सुरेन्द्र सिंह, रवि शरण गुप्ता, ग्राम पंचायत सचिव अनिल कुमार, आलोक यादव, राजाराम,रोहित सिंह, इम्तियाज अहमद सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### गेहूं लदे ट्रक को एआरटीओ ने पकड़ा, जांच जारी

**राजगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत परिवहन विभाग के अधिकारियों ने भारी वाहनों का चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान दर्जनों गाड़ियों के टैक्स, फिटनेस एश्योरेंस, तथा परमिट आदि की जांच पड़ताल की गई। जिले में चल रहे चुनावी माहौल को देखते हुए धारा 144 लागू किया गया है वहीं अवैध रूप से सड़कों पर दौड़ रहे वाहनों के लगातार चेकिंग कर ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में राजगढ़ थाना क्षेत्र अन्तर्गत परिवहन विभाग के अधिकारियों ने भारी वाहनों के कागजों का अवलोकन किया जिसमें सोनभद्र की ओर से आ रही एक ट्रक को रोककर गाड़ी चालक से टैक्स पेपर, एश्योरेंस एवं परमिट दिखाने के लिए कहा गया तथा गाड़ी पर लदे अनाज से संबंधित कागजात मांगे गए। चालक द्वारा गाड़ी व अनाज से संबंधित कोई कागजात नहीं दिखाया गया जिसपर परिवहन अधिकारी ने ट्रक नंबर यूपी 63 टी 0080 को टैक्स फिटनेस इंश्योरेंस एवं परमिट न होने के संबंध में कार्रवाई करते हुए थाना राजगढ़ पर खड़ा करा दिया गया। ट्रक पर लदे गेहूं के संबंध में सचिव कृषि उत्पादन मंडी समिति अहरौरा मिजार्पुर को जांच के लिए कहा गया। ट्रक पर जो गेहूं लदा है वह अशोक कुमार निवासी ग्राम सुगापांख थाना मड़िहान का बताया जा रहा है।

### रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

**अदलहाट।** स्थानीय थाना अन्तर्गत जयरामपुर गांव के सामने डाउन लाइन पर अज्ञात 29 वर्षीय युवक का शव मिला। रात के समय अज्ञात ट्रेन से कटकर उसकी मौत हो गयी। नरायनपुर पुलिस शव का लेकर चुनार स्थित मोर्चरी हाउस में जमा कर दिया है। चौकी इंचार्ज नरायनपुर राकेश राय ने बताया कि रेलवे से गुरुवार की सुबह लगभग आठ बजे मिले मेमो के आधार पर जयरामपुर गांव के सामने डाउन लाइन पर लगभग 29 वर्षीय अज्ञात युवक के शव को कब्जे में ले लिया। आस पास के ग्रामीणों से पहचान कराने का काफी प्रयास किया लेकिन मृतक का शिनाख्त नही हो पाया। मृतक आसमानी रंग का सर्ट व नीला रंग का हाफ लोवर पहन रखा है।

### अनियंत्रित होकर पुल पर गिरे बाइक सवार

**हलिया।** स्थानीय क्षेत्र के हलिया स्थित अदवा नदी पर बने पुल के दक्षिणी छोर पर बृहस्पतिवार को बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिर पड़े। संयोग ठीक था कि बाइक पर बैठी दो महिलाएं व बाइक चालक को हल्की फुल्की चोटें आई। लेकिन बाइक पुल से पंद्रह फीट नीचे जा गिरी। रास्ते से गुजर रहे ग्रामीणों ने बाइक को नदी से बाहर निकलवाया। थाना क्षेत्र हथेड़ा गांव निवासी मोहम्मद मोनू की पत्नी सबा अपनी ननद राजिया तथा उसके पति लालबाबू निवासी कोहड़ार जिला प्रयागराज के साथ हलिया बाजार कपड़े की खरीदारी करने गए थे कि बाइक से घर लौटते समय जैसे ही पुल के दक्षिणी छोर पर पहुंचे कि तेज गति से होने के कारण मोड़ पर अनियंत्रित होकर गिर पड़े संयोग ठीक था कि सभी बाइक सवार पुल से नीचे नही गिरे नही तो गंभीर चोटें आ जाती। रास्ते से गुजर रहे राहगीरों तथा स्थानीय लोगों की मदद से बाइक को बाहर निकाला गया।

### तीन अभियुक्तों को 10-10 वर्ष की सजा

**मीरजापुर।** अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन, वाराणसी के निर्देशन में, पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर के नेतृत्व में प्रभावी एवं सशक्त पैरवी कराते हुए आरोपियों को सजा कराये जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एसपी द्वारा प्राथमिकता से प्रभावी पैरवी कराई गई, जिसके फलस्वरूप एनडीपीएस एक्ट के अभियोग से सम्बन्धित 03 आरोपियों को 10-10 वर्ष के कठोर कारावास एवं 01-01 लाख के अर्थदण्ड की सजा सुनाई। 25 अक्टूबर 2010 को थाना जिगना पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना जिगना क्षेत्र से स्कार्पियों वाहन से सवार 03 व्यक्ति मंगल सिंह, माधवेन्द्र सिंह उर्फ लाखन सिंह व महेश तिवारी प्रत्येक को वाहन में रखे हुए 20 किग्रा अवैध गांजा व तमंचा के साथ गिरफ्तार किया गया था। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना जिगना पर मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तार आरोपियों को 10-10 वर्ष के कठोर कारावास एवं 01-01 लाख के अर्थदण्ड की सजा सुनायी गयी।

### डीएम ने विन्ध्य कारीडोर कार्य प्रगति का किया निरीक्षण

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने गुरूवार को विन्ध्याचल पहुंचकर निर्माणाधीन विन्ध्य कारीडोर कार्य प्रगति का भ्रमण कर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने न्यू0वी0आई0पी0 मार्ग व निर्माणाधीन मुख्य गेट, कारीडोर के प्रथम तल पर परिक्रमा पथ, पक्का घाट मार्ग ईत्यादि कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रोजेक्ट मैनेजर राजकीय निर्माण निगम विरेन्द्र कुमार को निर्देशित करते हुए कहा कि मजदूरों की संख्या को और बढ़ाते हुये कार्य में तेजी लायी जाय। उन्होंने कार्य में प्रयुक्त होने वाले सामग्रियों की गुणवत्ता को भी बनाये रखने का निर्देश दिया। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह सहित सहायक पर्यटन अधिकारी नवीन कुमार, सहायक अभियन्ता लोक निर्माण विभाग उपस्थित रहें।

### अवैध ढंग से कब्जा करने से मना करने पर जानलेवा हमला

**मीरजापुर।** पड़री थाना क्षेत्र के कोटवा गाँव में जमीनी विवाद को लेकर हुए विवाद में गाँव निवासी दशरथ मौर्या पुत्र स्व. रम्मे मौर्या उम्र 60 वर्ष पर लाठी डंडे से जानलेवा हमला करत हुए घायल कर दिया। दशरथ मौर्य के पुस्तैनी जमीन पर दबंगों द्वारा जबरदस्ती टिन सेड लगाने की कोशिश किया जा रहा था। जिसे दशरथ मौर्या द्वारा मना करने पर गांव के रोहित मौर्या, केदारनाथ मौर्या, भरत लाल मौर्या, धीरज मौर्य, विकास मौर्य, रघुनाथ मौर्या, अमरनाथ मौर्या द्वारा एकजुट होकर लाठी डंडे से पीटकर जानलेवा हमला किया गया, जिससे सिर में गंभीर चोटे आईं। जिसके संबंध में पीड़ित ने उपजिलाधिकारी सदर व थाना पड़री पर प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही करने की मांग करते हुए पूरे परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई।

### न्यायालय के आदेश पर छेड़खानी का मुकदमा दर्ज

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी महिला के साथ मारपीट व छेड़खानी के मामले में न्यायालय के आदेश पर गुरुवार को पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बीते वर्ष नवंबर माह में विवाद को लेकर गांव निवासी एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। उसी रंजिश को लेकर गांव निवासी एक व्यक्ति ने घर में घुसकर महिला से छेड़खानी करते हुए मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। पीड़िता ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर घर में घुसकर छेड़खानी तथा मारपीट करने वाले एक व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की थी। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने बसुहरा गांव निवासी राजू के विरुद्ध छेड़खानी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

### अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी एसडी पाठक का निधन

**सीखड़।** विकासखंड अंतर्गत विठ्ठलपुर निवासी एस डी पाठक का निधन गुरुवार को गृह गांव में हो गया। वे 83 वर्ष के थे। अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी एस डी पाठक जनपद के मिल्खा सिंह के नाम से प्रसिद्ध रहे। गांव में भी हमेशा सूट टाई पहनना उनकी एक अलग पहचान थी। श्याम दुलार पाठक उर्फ.एस डी पाठक का जन्म गांव के एक किसान परिवार में सन 1942 में हुआ था। तीन भाईयों और दो बहनों में यह तीसरे नंबर की संतान थे। रेलवे में चीफ टिकट इंस्पेक्टर के पद पर कार्य करते हुए सन 2002 में रिटायर हुए थे। बचपन से ही खेलकूद में हमेशा अव्वल रहने वाले एस डी पाठक रेलवे में कार्य करते हुए उत्तर रेलवे की तरफ से खेलते रहे।

# डीएम ने किया राजकीय बालिका इंटर कॉलेज का निरीक्षण

**जाना हाल**

### बोले कालेज परिसर में बेहतर रखें सफाई व्यवस्था, छात्राओं को दी जाये गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा

जनसंदेश न्यूज


जीजीआईसी का निरीक्षण करते डीएम

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने गुरुवार को राजकीय बालिका इण्टर कालेज का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने कमरों में जाकर देखा और स्थिति का जायजा लिया। विद्यालय परिसर में खाली स्थानों पर कमरे बनाने के साथ ही विद्यालय परिसर में छात्राओं हेतु खेल-कूद की सुविधा उपलब्ध कराने को प्रधानाचार्या को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को दिये जा रहे शिक्षण कार्य आदि के सम्बन्ध में जानकारी ली और सम्बन्धित शिक्षकगणों को छात्राओं को बेहतर शिक्षा देने के निर्देश दिये। इस दौरान डीएम ने कक्षा-6 से 8 तक के छात्राओं को निःशुल्क वितरण होने वाले किताबों को देखा और उसके सम्बन्ध में शिक्षिका से जानकारी प्राप्त की। शिक्षिका ने बताया कि 50 प्रतिशत छात्राओं को निःशुल्क किताबों का वितरण कर दिया गया है और शेष किताबों का वितरण छात्राओं में किया जा रहा है। उन्होंने खेल-कूल सामग्री को देखा और निर्देशित किया कि अच्छे किस्म के सामान उपलब्ध कराये जाये। एमडीएम के तहत छात्राओं को दिये जा रहे भोजन के सम्बन्ध में जानकारी ली और मौके पर जाकर किचन की स्थिति का जायजा लेते हुए भोजन गुणवत्ता के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने शुद्ध पेयजल, शौचालय, स्टाक रूम, प्रयोगशाला आदि को देखा और कालेज के प्रयोगशाला को और बेहतर बनाने के लिए प्रधानाचार्या को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कालेज में प्रयोग हेतु फर्नीचर व अन्य सामग्री खरीदी जाये, उस सामग्री को क्रय किये जाने से पहले ही उसकी गुणवत्ता को सैम्पल के रूप में देख लिया जाये। इसी प्रकार से कालेज परिसर के कमरों, दरवाजे व खिड़की सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं ठीक कराने के निर्देश प्रधानाचार्या को दिये। प्रधानाचार्या को निर्देशित किया कि कालेज परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था बेहतर ढंग से करने के साथ ही पीने के लिए पानी की सुविधा उपलब्ध करायी जाये।

## राबर्ट्सगंज पुनर्गठन पेयजल परियोजना का किया निरीक्षण

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने गुरुवार को राबर्ट्सगंज पुनर्गठन पेयजल परियोजना का आकस्मिक निरीक्षण कर उन्होंने परियोजना परिसर को देखने के बाद नगरवासियों को पीने के लिए पानी को फिल्टर किये जा रहे सिस्टम का मौके पर जायजा लिया। इसके सम्बन्ध में सम्बन्धित जेई से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि लोगों को पीने के लिए पानी बेहतर तरीके से शुद्ध किया जाये। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये, जिन मुहल्लों या घरों में कनेक्शन की जरूरत हो, उनको कनेक्शन देकर पीने के लिए पानी सुलभ कराया जाये। कहा कि पेयजल सम्बन्धी जो भी जरूरी-जरूरत के सामग्री की आवश्यकता है, उसे तत्काल मंगा लिया जाये। निर्देशित करते हुए कहा कि पेयजल परियोजना में धंधरौल बांध से जो पानी सप्लाई की जाती है, वहां के पम्पों का समय-समय पर निरीक्षण करते रहें, जिससे पानी सप्लाई बाधित न हो सके।

# वकीलों के कार्य बहिष्कार से कामकाज रहा प्रभावित


सदर तहसील में प्रदर्शन करते अधिवक्ता

**प्रदर्शन**

### वादकारी हो रहे परेशान

**सोनभद्र।** कानपुर बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं के समर्थन में गुरुवार को जनपद न्यायालय परिसर में अधिवक्ता एकता जिंदाबाद के नारे लगाते हुए चक्रमण कर विरोध जताया।

साथ ही न्यायिक कार्य से विरत रहने का फैसला किया। वकीलों के कार्य बहिष्कार से कोर्ट का कामकाज प्रभावित रहा और वादकारी परेशान रहे। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार पाठक एडवोकेट के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने राबर्टसगंज कचहरी परिसर में नारेबाजी करते हुए चक्रमण कर विरोध जताते हुए कानपुर बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं की जायज मांगों का समर्थन किया। इस मौके पर चंद्र प्रकाश द्विवेदी, सुरेंद्र कुमार पांडेय, दिनेश दत्त पाठक, राजेंद्र चौधरी, विनोद कुमार शुक्ला, योगेंद्र पांडेय, राजीव कुमार सिंह गौतम, पवन मिश्र, गोविंद मिश्र, शारदा प्रसाद मौर्य, जय प्रकाश यादव, देवानंद चौबे, अतुल पटेल, महेंद्र कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### रामनिहोर यादव बने सपा जिलाध्यक्ष, आज होगा स्वागत


नवनियुक्त सपा जिलाध्यक्ष रामनिहोर यादव

**सोनभद्र।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार जनपद सोनभद्र का जिलाध्यक्ष रामनिहोर यादव को मनोनित किया है। श्री यादव को जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। बता दें कि रामनिहोर यादव सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व झारखंड प्रदेश के प्रभारी भी रह चुके है। उनके आवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। शुक्रवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर कार्यकर्ताओं द्वारा उनका अभिवादन करने के लिए कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। इस दौरान रवि गोंड, कमलेश उर्फ नेता यादव, प्रशांत सिंह, सुरज मिश्रा, जितेंद्र यादव, राहुल सेठ, अनिल यादव, अरविंद कुमार, राजकुमार यादव आदि रहे।

### पुलिस बल ने जंगलों में की काम्बिंग

**सोनभद्र।** जनपद में नक्सली संचरण पर प्रभावी रोकथाम रखने, दूरस्थ व पहाड़ी क्षेत्रों के निवासियों से समन्वय स्थापित रखने व जनता में सुरक्षा की भावना बनाये रखने एवं अभिसूचना संकलन के उद्देश्य से गुरुवार को क्षेत्राधिकारी घोरावल अमित कुमार के नेतृत्व में करमा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम सरोली के जंगलों में मय पीएसी सघन काम्बिंग की गयी। इसी प्रकार हाथीनाला पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम बेलहथी व जोगीडीह के जंगलो में तथा चौकी पनौरा पुलिस द्वारा अपने थाना क्षेत्र के जंगलो में सघन काम्बिंग की गयी। इस दौरान स्थानीय लोगों से वार्ता कर उन्हें मुख्य धारा में रहकर पुलिस का सहयोग करने व किसी तरह की संदिग्ध गतिविधि दिखने या नक्सली संचरण के विषय में जानकारी होने पर तत्काल पुलिस एवं स्थानीय प्रशासन को सूचित करने को कहा गया।

### अप्रैल महीने में बढ़ रही आगजनी की घटनाएं

**म्योरपुर।** रेंज के जंगलों में आगजनी की घटनाओं में काफी इजाफा हो रहा है और जंगल तबाह हो रहे हैं। इस महीने में रेंज के आधे से ज्यादा जंगल जल चुके है और सैकड़ों पेड़ पौधों के साथ जीव जंतु भी आग की भेंट चढ़ चुके हैं। बुधवार को आश्रम मोड़ से सटे जंगल आग से सुलग रहे थे। ग्रामीणों की मानें तो प्रतिवर्ष जंगलों में आगजनी की घटनाएं मार्च महीने से ही शुरू हो जाती हैं, परंतु विभाग आगजनी की घटनाओं पर काबू पाने की लिए कोई विशेष इंतजाम नही कर पाता। सिर्फ संसाधनों का अभाव बताकर पल्ला झाड़ लेता है। आगजनी की घटनाओं से वनों को काफी क्षति पहुंचती है। जंगली जीव जंतु भी आग के कारण रिहायशी इलाकों की तरफ जाने को विवश हो जाते हैं। वन विभाग के हवाले से बताया गया कि इस वर्ष कुछ आधुनिक आग बुझाने वाली मशीनों का प्रयोग करके आगजनी की घटनाओं पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है।

### शिकायतों के निस्तारण को कन्ट्रोल रूम स्थापित

**सोनभद्र।** अपर जिलाधिकारी सहदेव कुमार मिश्र ने बताया कि आगामी नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन हेतु राज्य निर्वाचन आयोग लखनऊ द्वारा अधिसूचना निर्गत कर दी गयी है, राज्य निर्वाचन आयोग के दिये गये निर्देश के क्रम में जनपद मुख्यालय पर शिकायत नियंत्रण कक्ष स्थापित कर दिया गया है, शिकायत नियंत्रण कक्ष की दूरभाष संख्या-05444-222959 है, मोनं-9454489827 है। नियंत्रण कक्ष 24 घंटे सक्रिय रहेगा। इसके संचालन हेतु शिफ्टवार अधिकारी व कर्मचारी की नियुक्ति कर दी गयी है, जिस पर निर्वाचन से सम्बन्धित शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### दो लाख रुपये से अधिक लेकर न करें संचरण

**सोनभद्र।** जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नागरिकों और राजनैतिक दलों/प्रत्याशियों को निर्देशित किया जाता है कि निर्वाचनों के दौरान दो लाख रुपए से अधिक की नकदी के साथ संचरण न करें, यदि किसी निर्वाचन क्षेत्र में किसी व्यक्ति को किसी आवश्यक उद्देश्य से निर्धारित मात्रा से अधिक नकदी ले जाने की आवश्यकता पड़ती है तो उसे ले जाने के लिए उसके पास ऐसे धन के स्रोत और उसके प्रयोग का कारण बताने के लिए समुचित कागजात होने चाहिए।

### निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त करें मतदाता सूची

**सोनभद्र।** अपर जिलाधिकारी ने बताया कि नगर निकाय सामान्य निर्वाचन हेतु मतदाता सूची की नाम निर्देशन की प्रक्रिया निकायवार तहसील मुख्यालयों में सम्पन्न करायी जायेगी। निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशियों को नामांकन केन्द्रों से ही नाम निर्देशन फार्म तथा मतदाता सूची की बिक्री सुनिश्चित करायी जायेगी। आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि जिला निर्वाचन कार्यालय से मतदाता सूची प्राप्त कर उसकी बिक्री नाम निर्देशन फार्मो के साथ कराना सुनिश्चित करें, मतदाता सूची की बिक्री एक रुपए मात्र प्रति पृष्ठ की दर से की जायेगी।

### फरार आरोपी के घर नोटिस चस्पा

**बीजपुर।** पुलिस ने फरार आरोपी दीपांशु सेठ पुत्र कुलरक्षक सेठ निवासी चपकी, बभनी के विरुद्ध अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर धारा 82 की कार्रवाई करते हुए घर और चौराहों पर नोटिस चस्पा किया। साथ ही ध्वनिबिस्तारक यंत्र से वरिष्ठ उप निरीक्षक बिनोद यादव ने आम जनमानस में कार्यवाई की उद्घघोषणा की। उन्होंने बताया कि आरोपी जल्द कोर्ट में हाजिर होकर अपनी उपस्थिति दर्ज नही कराता है तो अभियुक्त के विरुद्ध अगली कार्यवाई की जाएगी।

### कार व पिकअप की टक्कर में एक गंभीर

**डाला।** हाथीनाला थाना क्षेत्र के रेणुकूट मार्ग स्थित साऊडीह तिराहे के पास गुरुवार की सांय साढे चार बजे कार व पिकअप की टक्कर हो गई, टक्कर में कार सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल युवक को हाथीनाला पुलिस द्वारा चोपन सामुदायिक अस्पताल ले जाया गया।हाथीनाला थाना प्रभारी श्याम बिहारी ने बताया कि हाथीनाला थाना से आगे रेणुकूट मार्ग पर लगभग साढ़े छह किमी दूर साऊडीह तिराहे के पास कार व पिकअप की आमने-सामने भिड़ंत हो गई, टक्कर में कार सवार 34 वर्षीय धीरेंद्र कुमार जायसवाल पुत्र स्वर्गीय भुनेश्वर शाह निवासी खैरटिया थाना ओबरा घायल हो गया।दुर्घटना की सूचना राहगीरों द्वारा पीआरबी व हाथीनाला पुलिस को दी गई है।

### घरों पर गिरा ब्लास्टिंग का पत्थर, आक्रोश

**डाला।** स्थानीय चौकी क्षेत्र स्थित लंगड़ामोड़ खनन क्षेत्र में गुरुवार को ब्लास्टिंग का पत्थर बस्ती में आ जाने की वजह बस्ती के लोग आक्रोशित हो गए। बस्ती निवासी फुलकारी, कौशल्या, सीमा, प्रेमा देवी, मीना ने बताया कि प्रतिदिन खदान संचालकों द्वारा अनियमित ब्लास्टिंग की जा रही है, जिसके कारण पत्थर बस्तीयों मे आ रहा है। वहीं इससे नाराज लोगों ने खनन मार्ग जाम कर दिया। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह ने लोगों को समझाकर मार्ग बहाल कराया। इस दौरान रामकली, लखपतिया, विमला, चमेली, श्यामकली समेत अन्य दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# अवैध खनिज लदे वाहनों को पास कराने वाले सात गिरफ्तार

**मिली सफलता**

### बिना प्रपत्र के पास कराते थे खनिज लदे वाहन

**सोनभद्र।** एसपी के निर्देश पर अपराधियों के विरूद्ध चल रहे अभियान के क्रम में पुलिस टीम ने ओवरलोड व बिना प्रपत्र के अवैध खनिज लदे वाहनों को पार कराने वाले सात पासरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सदर कोतवाली में गुरुवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में एएसपी ने बताया कि बीते चार फरवरी को खान निरीक्षक द्वारा अवैध रुप से बगैर एमएम 11 के गिट्टी लदी ट्रक पार कराने सम्बन्ध में सदर कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया गया। जिसके सम्बन्ध में उप खनिज परिहार नियमावली, खान एवं खनिज अधिनियम, सार्वजनिक सम्पत्ती निवारण अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर जांच की जा रही थी। बीते 15 मार्च को उन्होंने सूचना दिया कि कुछ लोग बगैर एमएम 11 के गिट्टी व बालू लदी ट्रकों को पार कराने का कार्य कर रहे हैं। इसका खुलासा करने के लिए पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह ने अपराध शाखा को विशेष निर्देश दिया था। अपराध शाखा की स्वाट, एसओजी व सर्विलांस टीम द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु आसूचना का संजाल तैयार किया गया। इस क्रम में बीते बुधवार को मुखबीर की सूचना पर अपराध शाखा की संयुक्त टीम द्वारा सात पासरों को इको प्वांइट के पास से गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी। गिरफ्तार आरोपियों में सौरभ सोनी उर्फ सन्नी उर्फ झारखण्डी पुत्र विजय सोनी निवासी नगर उटारी, गढ़वा, झारखण्ड, गंगा सागर चौधरी पुत्र स्व. गोविन्द चौधरी निवासी डाला नई बस्ती, दीपक सिंह पुत्र बच्चा सिंह निवासी डाला बाड़ी सेवा सदन, आलोक सिंह उर्फ वीरेन्द्र चौहान पुत्र धर्मु चौहान निवासी गोराही, राबर्ट्सगंज, सोमू उर्फ सोम राज यादव पुत्र स्व. वशीष्ट यादव निवासी न्यू कालोनी, राबर्ट्सगंज, आशीष कुमार चौहान पुत्र स्व. देवनाथ चौहान निवासी गोइठरी, राबर्ट्सगंज व अनिल कुमार गुप्ता पुत्र सुरेश गुप्ता निवासी लउआ, रामपुर बरकोनिया शामिल हैं। पुलिस टीम में सदर कोतवाल मनोज कुमार सिंह, राघवेन्द्र सिंह क्राइम ब्रांच, राजेश कुमार सिंह सर्विलांस प्रभारी, शेषनाथ पाल एसओजी प्रभारी, अतुल सिंह, शशिप्रताप सिंह, अमर सिंह, सतीश कुमार पटेल, रितेश पटेल, प्रकाश सिंह, अमित सिंह शामिल रहे।

### दो वारण्टी गिरफ्तार

**शक्तिनगर/बीजपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में वांछित/वारणटियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को पुलिस ने बच्चा लाल सोनकर पुत्र सालिक राम सोनकर, निवासी पीडब्लूडी मोड़ को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई शुरु कर दी। वहीं बीजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बीजपुर पुनर्वास प्रथम निवासी वारंटी राम दर्शन पाल पुत्र शिव भजन पाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया। उसके विरुद्ध दुद्धी न्यायालय द्वारा वारंट जारी किया गया था। वह मुकदमे की नियत तिथि पर उपस्थित नही हो रहा था।

# विधायक ने कहा मिट्टी में मिला दिया एसटीएफ की टीम को बधाई

जनसंदेश न्यूज


भाजपा विधायक भूपेश चौबे

**सोनभद्र।** प्रयागराज से उमेश पाल हत्याकांड में फरार चल रहे पांच लाख के इनामिया अतीक अहमद के पुत्र असद और उसके शूटर गुलाम को मुठभेड़ के दौरान ढेर कर दिया। भाजपा विधायक भूपेश चौबे ने ट्वीट करते हुए कहा कि उमेश पाल और पुलिस के जवानों के हत्यारों के साथ बहुत अच्छा हुआ। माफिया को मिट्टी में मिला दिया। इसके लिए यूपी एसटीएफ को बधाई। जानकारी के मुताबिक प्रयागराज से उमेश पाल हत्याकांड में फरार चल रहे माफिया अतीक अहमद के पुत्र असद और शूटर गुलाम पर पांच लाख रुपए का इनाम था।

उत्तर प्रदेश योगी सरकार ने इनकी गिरफ्तारी के लिए यूपी एसटीएफ को लगाया था। यूपी एसटीएफ को इनकी झांसी लोकेशन मिली थी। लोकेशन पर यूपी एसटीएफ ने झांसी में डेरा डाल लिया था। आज इनकी लोकेशन बड़ागांव के पास जंगलों में मिली। जहां एसटीएफ का असद और गुलाम से आमना सामना हो गया। असद और गुलाम ने यूपी एसटीएफ पर फायरिंग की। जवाब में एसटीएफ ने भी फायरिंग कर दी। जिसमे असद और गुलाम ढेर हो गए। एसटीएफ ने इनके कब्जे से अत्याधुनिक हथियार बरामद किए है।

### दाक्षिणांचल के वनों से विलुप्त हो रहा पियार

**म्योरपुर।** दो तीन दशक पूर्व दक्षिणांचल के वनों में बहुतायत मात्रा में पाया जाना वाला जंगली मेवा के नाम से मशहूर पियार अब विलुप्त होने के कगार पर है। बभनी, म्योरपुर व दुद्धी रेंज के जंगलों में पियार जिसे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में चार भी कहा जाता है, अब देखने को नही मिल रहा। जागरूकता व संरक्षण के अभाव में पियार के पेड़ अब जंगलों में देखने को नही मिल रहे हैं। वनों के अत्यधिक दोहन से वनों से फलदार वृक्ष अब विलुप्त होने के कगार पर हैं। आगजनी की घटनाएं भी कही न कही इसके लिए जिम्मेदार हैं। कभी पियार आदिवासियों के लिए आय का साधन हुआ करता था। बाजारों में पियार की गुठलियां व्यापक पैमाने में बेची जाती थी। वनों में पियार की उपलब्धता न होने से इसके दाम आसमान छू रहे हैं, जो आम लोगो के पहुंच से बाहर हो चुका है। बाजारों में पियार के फल देखने तक को नही मिल रहे है खाने की तो बात ही दूर है। वन विभाग द्वारा जंगलों में मौजूद जंगली फलों एवं औषधी गुणों से भरपूर पौधों के संरक्षण न किये जाने से भी इनके आस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि जंगलों में अब पियार लगभग खत्म होने के कगार पर है।

# आशियाना बचाने को ग्रामीणों का प्रदर्शन, राज्यमंत्री से लगायी गुहार


आशियाना बचाने के लिए प्रदर्शन करती महिलाएं

**डाला।** स्थानीय चौकी क्षेत्र के लंगड़ामोड पर गुरुवार को करीब 50 वर्षों से आबाद बस्ती के लोगों ने अपने घर को बचाने के लिए सांकेतिक प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के पश्चात दर्जनों लोग राज्यमंत्री संजीव कुमार गोड़ के आवास पर पहुंच मकान बचाने की गुहार लगायी। फुलकुमारी, रामकली, लखपतिया, विमला, चमेली, श्यामकली समेत अन्य लोगों ने बताया कि पन्द्रह दिन पूर्व एक खदान से जुड़े कर्मचारी संतोष शर्मा व अरुण सिंह बस्ती में आए थे, जिन्होंने पूरे बस्ती के लोगों से आवास, शौचालय समेत अन्य सुविधाओं को लाभ दिलाने के नाम पर एक पेपर पर धोखे से हस्ताक्षर करा लिया है, जिसको लेकर बिल्ली मारकुंडी के लेखपाल बुधवार को दोपहर बाद बस्ती में मकान को हटा लेने के लिए एक पेपर लेकर पहुंच गए और समयावधि में मकान हटाने के लिए कहा। लेखपाल द्वारा मकान हटा लेने को लेकर राज्यमंत्री से आबाद बस्ती को बचाने और मामले की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की गुहार लगायी। इस मौके पर अनिल, बलवंत यादव, इंदल, लल्लू कोल, बबलू कोल, फुलकारी, कौशल्या, सीमा, प्रेमा देवी, मीना, सुशीला, बचिया, कलावती, कौशल्या, शीला समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### नहीं किया जायेगा बेघरः राज्यमंत्री

**डाला।** वर्षों से आबाद बस्ती को बचाने के लिए जनता दर्शन में पहुंची महिलाओं को देखकर राज्यमंत्री स्वयं उनके पास पहुंच गए और क्रमवार उनकी समस्या सुनकर तत्काल जिलाधिकारी को फोन कर घटनाक्रम को अवगत कराया। उन्होंने महिलाओं को भरोसा दिलाया कि आप सभी को घर से बेघर नहीं किया जाएगा।

### बकरी बाजार की नीलामी स्थगित

**विढमगंज।** विकासखंड दुद्धी अंतर्गत ग्राम पंचायत बुटबेढवा में लगने वाले बकरी बाजार की नीलामी दूसरी बार भी पंचायत द्वारा कागजी कोरम के अभाव में तहसीलदार बृजेश वर्मा ने स्थगित कर दिया, जिससे ठेकेदारों ने नाराजगी व्यक्त की। बताया गया कि बुटबेढवा ग्राम पंचायत में लगने वाला वार्षिक बकरी बाजार की नीलामी गुरुवार को ग्राम पंचायत भवन पर ग्राम प्रधान तारा देवी की अध्यक्षता में होना सुनिश्चित था। परंतु मौके पर आए नीलामी अधिकारी ने बताया कि नीलामी के पूर्व ग्राम पंचायत द्वारा जिले में आने वाले प्रमुख समाचार पत्रों में विज्ञापन व क्षेत्र में ध्वनि विस्तारक यंत्र से सूचना देना महत्वपूर्ण है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत रामगढ़ विकास खण्ड चतरा जनपद सोनभद्र**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत रामगढ़ में वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत मनरेगा, पंचम राज्य वित्त 15वां वित्त योजना, स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत सामग्री मोरम, भस्सी, सीमेन्ट, ईंट, इण्टरलाकिंग ईंट, कोटा स्टोन, टाईल्स, सरिया, बोल्डर, स्टोन ब्लास्ट, डाला गिट्टी, बालू, लोहे का दरवाजा, रंगाई-पोताई इत्यदि सामग्री की आपूर्ति की आवश्यकता है। इच्छुक फर्म ग्राम पंचायत रामगढ़ के ग्राम सचिवालय से दिनांक 14.04.2023 से 17.04.2023 तक फार्म 500 रू0 जमा कर प्राप्त करें। दिनांक 18.04.2023 को दोपहर 04 बजे तक जमा कर सकते हैं। दिनांक 19.04.2023 सायं 4:30 तक निविदा खोला जायेगा। अन्यि शर्तें फार्म के साथ संलग्न है।

कार्यालय ग्राम पंचायत रामगढ़
विकास खण्ड चतरा,
जनपद-सोनभद्र

**कार्यालय ग्राम पंचायत बबुरी विकास खण्ड चतरा जनपद सोनभद्र**

पत्रांकः मेमो/टेण्डर सूचना/2023-24 दिनांकः 13.04.2023

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में चतुर्थ राज्य वित्त/पंचम राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/बी.आर.जी.एफ./जिला योजना अन्तर्गत/स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्य/मनरेगा/पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त एवं अन्य प्राप्त निधियों द्वारा धनराशि से निर्माण कराये जाने हेतु व्यापारकर विभाग आयकर में पंजीकृत फर्मो के द्वारा ग्राम पंचायत परिधि के अन्दर निम्न विवरणानुसार कार्यस्थल पर सामग्री आपूर्ति कराने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्म के लेटर पैड पर दिनांक 13.04.2023 से दिनांक 20.04.2023 से सायं 05.00 बजे तक सील बन्द लिफाफे में प्रस्तुत कर/निविदा बाक्स में डाल सकते है। जो दिनांक 24.04.2023 को सायं 03.00 बजे क्रय समिति/निर्माण कार्य समिति के सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी। ग्राम पंचायत बबुरी कार्यालय पर दिनांक 13.04.2023 से दिनांक 20.04.2023 को 04.00 बजे तक 500 रुपये जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का विवरण निम्नवत है:-

क्र. सं. सामग्री का विवरण मात्रा दर -

1. ईंट प्रथम श्रेणी प्रति लजार, 2. इन्टरलाकिंग ईंट प्रति हजार, 3. बालू, मोरंग, बालू सफेद, महीन बालू प्रति मी0, 4. ईंट गिट्टी 25 एम.एम./40 एम.एम. प्रति मी0, 5. एस्बेस्टेस सीट, पैन सीट, दरवाजा, टाईल्स व प्लास्टिक सीट इत्यादि। प्रति नग, 6. स्टोन ब्लास्ट प्रति मी0, 7. NP3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400, 450, 500, 600, 1000 एम. एम. प्रति नग, 8. सोलर लाईट पैनल/स्ट्रीट लाईट प्रति नग, 9. सीमेन्ट पोर्टलैण्ड व व्हाईट सीमेन्ट प्रति नग, 10. चौखट प्रति नग, 11. जी.आई. पाईप बी.आई. साकेट प्रति नग, 12. पी.वी.सी. पाईप साकेट 110, 140, 150 एम. एम. प्रति नग, 13. ग्राम पंचायत में खेल मैदान हेतु आवश्यक सामग्री प्रति नग, 14. हैण्ड पम्प सेट इण्डिया मार्का-2 प्रति नग, 15. चुना, ब्लीचिंग पाउडर, पेन्ट डिस्टेम्पर, आईपी क्लोराईट प्रति कि.ग्रा./ली., 16. साईन बोर्ड, 17. बेन्च का क्रय/मेज निर्माण प्रति नग, 18. आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री। प्रति नग, 19. सोलर वॉटर पम्प प्रति नग, 20. खण्डा प्रति मी., 21 सरिया प्रति कुन्तल, 22. स्टोन बोल्डर प्रति मी., 23. स्टोन पटिया प्रति नग, 24. ग्राम पंचायत मे रिबोर प्रति नग, 25. ग्रान पंचायत में टैंकर का क्रय प्रति नग, 26. ग्राम पंचायत में फागिंग मशीन/सेनिटाईजेशन प्रति नग, 27. स्वच्छता सम्बन्धित सामग्री प्रति नग, 28. समुदायिक शौचालय निर्माण की आवश्यक सामग्री प्रति नग, 29. स्टेशनरी की सामग्री प्रति नग, 30. कुलर प्रति नग, 31. कुर्सी, मेज, दरी प्रति नग, 32. एल.ई.डी. बल्ब प्रति नग, 33. बाल्टी, मग, गिलास, प्लेट, ट्रे प्रति नग, 34. पंचायत भवन हेतु कम्प्यूटर प्रिन्टर, यू.पी.एस. प्रति नग, 35. अन्य आवश्यक सामग्री आवश्यकतानुसार:-

**निविदा की प्रतिबन्ध एवं शर्तें** -1. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स विभाग में पंजीकृत होना अनिवार्य है तथा आयकर भी जमा होना चाहिए। निविदा प्रपत्र के साथ में समस्त दस्तावेज यथा जी.एस.टी., R9 पैन कार्ड, चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, कम से कम तीन वर्ष का आई.टी.आर. की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। 2. आपूर्ति दरें पी.डब्लू.डी. की स्वीकृत दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 3. स्वीकृत आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत पर परिधि में कार्यस्थल पर ही सामग्री की आपूर्ति करना अनिवार्य होगा। 4. आपूर्तिकर्ता को 50000.00 की प्रतिभूति एन.सी.सी./एफ.डी. की मूल रूप में ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक कर जमा किया जाना अनिवार्य होगा, अन्यथा आपूर्ति आदेश निर्गत नही किया जायेगा। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एन.पी. पश्चात शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिलो का भुगतान किया जायेगा। 6. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद आपूर्तिकर्ता को सूचित किया जायेगा। 7. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव पंचायत के संयुक्त आदेश पर ही की जायेगी। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में संयुक्त रूप से होगा।

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी/ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बबुरी
वि. ख. चतरा, जनपद सोनभद्र

# कानपुर के वकीलों के समर्थन में हड़ताल पर रहे अधिवक्ता

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** कानपुर बार एसोसिएशन के आह्वान पर गुरुवार को दूसरे दिन डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार एसोसिएशन व सिविल बार एसोसिएशन चन्दौली ने धरना प्रदर्शन जारी रहा। इस दौरान सम्पूर्ण न्यायिक से विरत होकर अधिवक्ताओं ने परिसर का चक्रमण तथा मानव श्रृंखला बनाकर कानपुर बार एसोसिएशन के समर्थन में नारेबाजी की। इस दौरान सम्पूर्ण न्यायिक कार्य ठप रहा तथा वादकारियों को दिक्कत का सामना करना पड़ा, जिसके बाद यह तय किया गया कि कानपुर बार एसोसिएशन के आने वाले अगले अनुरोध पर आगे की रणनीति तय की जायेगी।

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष अनिल सिंह ने कहा कि किसी भी कीमत पर अधिवक्ताओं के मान सम्मान के साथ समझौता नहीं किया जा सकता। इस अवसर पर संतोष सिंह, आनंद सिंह, चंद्रमणि त्रिपाठी, राकेश रत्न तिवारी, श्रीनिवास पाण्डेय, अभिनव आनंद सिंह, योगेश सिंह संजीव श्रीवास्तव, मोहन शर्मा, रामजन्म बागी, रामकृत, उज्ज्वल सिंह, अभय श्रीवास्तव, इन्द्रजीत सिंह, सूर्य प्रताप सिंह, संदीप यादव, ऋतू भारती तथा हजारो की संख्या में अधिवक्ता शामिल थे। अध्यक्षता जय प्रकाश सिंह व चन्द्रभानु महामंत्री सिंह ने किया तथा संचालन राजबहादुर सिंह व अनिल कुमार सिंह ने किया।



न्यायिक कार्य से विरत रहकर चंदौली तहसील का चक्रमण करते अधिवक्ता।

## कलह से परेशान रेलकर्मी ने ट्रेन के सामने कूदकर दी जान

**डीडीयू नगर।** डीडीयू जंक्शन के समीप रेलवे ट्रेक पर गुरुवार को एक युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। हादसे के बाद सूचना पर पहुंची डीडीयू आरपीएफ व जीआरपी पुलिक ने शव की शिनाख्त कर परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद शव को चन्दौली जिला अस्पताल भेज कर पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है और मौके से भी कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजनों के अनुसार युवक लंबे समय से पारिवारिक विवादों के चलते परेशान था। इस समन्ध मे आरपीएफ प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि गुरुवार की सुबह लगभग 5:40 बजे डीडीयू जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या 7/8 के ओवर छोर के किलोमीटर संख्या 673/1415 के पास एक युवक ट्रेक पर कटा मिला शव मिला युवक ने सफेद रंग का चेक सर्ट और नीला जीन्स का पेंट पहना हुआ है उसके पास से मोबाइल फोन पाया गया जो फ्लाइट मोड में था जिसे आन किया गया तो उसमें युवक का आधार की फोटो निकाल कर युवक पहचान पवन कुमार पुत्र रामसुंदर राम 35 वर्ष के रूप में की गई। मृतक अलीनगर थाना क्षेत्र ककरही खुर्द सदलपुरा का रहने वाला है।

# पिकअप पलटने से एक युवक की मौत, आधा दर्जन घायल

जनसंदेश न्यूज

**बबुरी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भुडकुडा गांव के पास एक अनियंत्रित पिकअप के पलटने से वाहन की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई, वहीं वाहन में बैठे कुछ अन्य लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के सरगुजिया गांव निवासी भोला 45 वर्ष अपने ससुराल बिंद पुरवा में गेहूं की खेती की थी।

जिसे कटवा कर गुरुवार की शाम एक पिकअप वाहन से अपनी पत्नी माधुरी तथा पुत्र सुजीत 16 वर्ष व पुत्री पूजा 17 वर्ष के साथ घर को लौट रहा था। भुडकुडा गांव के पास तीव्र मोड़ पर तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर लगभग 100 मीटर दूर तक लबे सड़क सरकते हुए पलट गई। जिसकी चपेट में आकर वाहन में बैठे भोला की मौके पर ही मौत हो गई वही वाहन में बैठे शहाबगंज निवासी अरशद 35 वर्ष, एजाज 25 वर्ष, सुजीत 16 वर्ष, पूजा 17 वर्ष, पिकअप चालक विकास और खलासी अशोक घायल हो गए। घटना को देखकर ग्रामीणों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना बबुरी थाना को देते हुए आनन-फानन में लोगों ने घायलों को सरकारी एंबुलेंस से लादकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चकिया के लिए भेजा, जहां पहुंचने पर चिकित्सकों ने भोला को मृत घोषित कर दिया। बबुरी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



सड़क हादसे के बाद मौके पर जुटी भीड़ व पुलिस।

## अलीनगर थाने में फरियादियों के लिए स्थापित हुआ प्याऊ

**नियामताबाद।** अलीनगर थाने में गुरुवार को थानाध्यक्ष शेषधर पांडेय ने गर्मी में फरियादियों को पानी की दिक्कत ना हो इसके लिए थाने में ही प्याऊ की शुरूआत कराई। वहीं पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए कि मटके का पानी खत्म होने से पहले उसमें फिर से पानी भर दिया करें। इस थाना परिसर में आम जनों को हमेशा ठंडा पानी उपलब्ध हो सके। आपको बता दें कि अलीनगर थाना परिसर में फरियादियों के लिए पानी की व्यवस्था नहीं थी। थाना परिसर में प्रतिदिन सैकड़ों महिला-पुरुष आते हैं जिससे पानी पीने की किल्लत उत्पन्न होती रहती थी। नवागत थाना प्रभारी ने चार्ज लेते ही देखा तो तुरंत उसको ठीक करने का आदेश दिया। इस दौरान शेषधर पाण्डेय ने बताया कि थाना परिसर में प्रतिदिन सैकड़ों महिला-पुरुष आते हैं कोई सक्षम होता है तो वह पानी खरीद सकता है लेकिन गरीब व्यक्ति पानी की बोतल नहीं खरीद सकता है ऐसे में सभी को हर समय ठंडा पानी मिल सके इसके लिए एक छोटा सा प्रयास किया गया है।

## संक्षेप

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर हुई बैठक

**शहाबगंज।** ब्लाक परिसर में गुरुवार को संचारी रोग नियंत्रण अभियान में आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों की बैठक हुई। बैठक को प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. निलेश मालवीय ने आंगनबाड़ी कार्यकतीर्यों को संचारी रोग नियंत्रण हेतु हर घर दस्तक कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होनें बताया कि गांव को स्वस्थ रखने में आशा,एएनएम के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों का महत्वपूर्ण स्थान है।इस अभियान में सभी लोग आपस में मिलकर कार्य करें।उन्होनें कहां कि रोगों की जड़ गंदगी की वजह है। इस लिए गांव की साफ सफाई के बारे ग्रामीणों को जानकारी दे। दस्तक अभियान में आशा व आंगनबाडी.अपने अपने गांव में घर घर जाकर मिलेरिया, फाइलेरिया, सर्दी, जुखाम,टीवी व कुपोषित बच्चों को चिन्हित करें।इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इसलिए सभी लोग सामुहिक रुप से मिलकर योजना को सफल बनाये। बैठक में स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अमर सिंह, महेश प्रसाद कुरील, शशी यादव,गीता तिवारी, सावित्री, लीलावती सहित आदि स्वास्थ्य कर्मी आंगनवाड़ी कार्यकर्ती उपस्थित रहीं।

### एडीएम ने पांच अपराधियों को किया जिला बदर

**चंदौली।** जिले में कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बने पांच अपराधियों को अपर जिला मजिस्ट्रेट की न्यायालय ने जिला बदर की सजा सुनाई है। अपराधियों को निर्धारित अवधि तक जिले से दूर रहने का फरमान सुनाया गया है। इस अवधि के दौरान यदि जिले में पाए गए और कठोर कार्रवाई की जा सकती है। एडीएम कोर्ट ने मुगलसराय थाना के दुलहीपुर गांव निवासी छोटक सोनकर, अलीनगर के गंजख्वाजा के जयप्रकाश उर्फ मुन्ना, आलमपुर के अभिषेक यादव, धीना थाना के डेढ़गांवा के दिलीप सिंह और इलिया के खरौझा के पारस यादव को जिला बदर करने का फैसला सुनाया है। उक्त अपराधी कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बने हुए थे। तमाम तरह की आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे। वहीं उनकी मौजूदगी से शांतिभंग की भी आशंका बनी हुई थी। ऐसे में एडीएम कोर्ट ने उनके खिलाफ जिला बदर का आदेश दिया है।

### आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा भारतः दर्शना सिंह

**बबुरी।** देश की तरक्की का रास्ता गांव से होकर गुजरता है। यहां का कण कण सोना है। मात्र आवश्यकता है तो उसे तपाने की। उक्त बातें भगत पूरा गांव में राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह ने स्वागत समारोह में कही। उन्होंने कहा कि देश आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। बिना भेदभाव के सबका साथ सबका विकास के साथ प्रदेश व केंद्र सरकार कार्य कर रही हैं। नारी सुरक्षा नारी सशक्तिकरण व तमाम योजनाएं चलाई जा रहे हैं। जिसका लाभ सभी को मिल रहा है 2024 तक किसी गरीब के पास कच्चा आवास नहीं होगा। शुद्ध पेयजल के लिए बड़े पैमाने पर नल जल योजना चलाई जा रही है। उक्त अवसर पर सूर्यमुनि तिवारी, राजेंद्र सिंह, विमल कुमार सिंह, बसंत लाल गुप्ता, हुकुम सिंह आदि लोगों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम आदर्श राइस मिल के प्रांगण में टुनटुन सिंह के द्वारा आयोजित किया गया था।

### कोविड-19 के छह नए मरीज मिले

**चंदौली।** जांच लैब से प्राप्त परिणाम में 6 व्यक्तियों का रिपोर्ट पॉजिटिव प्राप्त हुआ है। इनमें 02 महिला एवं 04 पुरुष शामिल हैं। कोविड-19 पॉजिटिव मरीज जनपद के ब्लाक नियामताबाद, चकिया एवं चन्दौली के रहने वाले है। इसके अलावा एक व्यक्ति के स्वस्थ होने की सूचना भी प्राप्त हुई है। जनपद में कोविड जॉच हेतु आज कुल 569 नमूने संग्रहित किये गए। इस प्रकार जनपद चन्दौली में कोविड के कुल 18499 केस व इनमें एक्टिव केस की संख्या 12 है। अब तक 18103 स्वस्थ हो चुके हैं।

### फुटिया व पड़या में आग से पांच बीघा गेहूं जला

**चंदौली।** सदर कोतवाली क्षेत्र के फुटिया गांव में गुरुवार को अज्ञात कारणों आग लग गई। अगलगी की इस घटना में लगभग 2 बीघा खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई है। फसल जलने पर कारणों का पता नहीं चल पाया है। फसल जलता देख मौके पर ग्रामीण पहुंचकर आग पर काफी प्रयास के बाद काबू पाया। बताया जा रहा है कि लगभग 2 बीघा खड़ी गेहूं की फसल जली है। उधर, पड़या गांव के सिवान में लगी आग से तीन बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गयी। इसमें दो बीघा गुरुचरण यादव व एक बीघा संतोष यादव का गेहूं जलकर राख हो गया। ग्रामीणों द्वारा किसी तरह आग पर काबू पाया गया।

### श्रीराम ने की लोक कल्याणकारी राज्य की स्थापना

**डीडीयू नगर।** क्षेत्र के कोरी गांव में श्रीरामचरितमानस अध्यात्म प्रचार सत्संग समिति द्वारा श्रीराम कथा का तीन दिवसीय कथा का समापन हुआ। इस मौके पर देवरिया से पधारे महाराज अखिलेश मणि शांडिल्य ने कहा कि राम राज्य में एक ऐसी अद्भुत छवि रहा। भगवान श्रीराम ने एक ऐसे राज्य की स्थापना किया। जिसमें समता, विषमता नहीं था। सभी वर्गों के लोग आपस में मिल जुलकर रहते थे। एक ऐसा राज्य था जिसमें भौतिक ताप नहीं था। प्रभु राम ने लोक कल्याणकारी राज्य की स्थापना किया। बाकी दुनिया के राजा किले में बैठकर राज्य करते थे। वही प्रभु श्रीराम जनता के दिलों में बैठकर राज्य करते थे। इसलिए बाकी राजा भूतपूर्व हो गए लेकिन श्रीराम अभूतपूर्व राजा है। इस मौके पर मानस मयंक व्यासजी, डा. अरुण कुमार सिंह, दीनदयाल तिवारी, सुरेंद्र यादव ,संजय सिंह, अशोक कुमार सिंह, टुनटुन राम, आदि लोग मौजूद रहे।

### सहकारी समिति के सभापति बने गुप्तेश्वर प्रकाश

**चंदौली।** सहकारी समिति चंदौली प्रबंध कमेटी का निर्वाचन गुरुवार को मुख्यालय स्थित सहकारी केंद्र पर हुआ। जिसमें प्रबंधक कमेटी के सभापति और उपसभापति सहित अन्य समितियों में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों को निर्वाचित घोषित किया गया। इसमें गुप्तेश्वर प्रकाश उपाध्याय को सभापति वकील यादव को उपसभापति बनाया गया। वहीं जिला सहकारी बैंक लिमिटेड के लिए राम मौर्य, प्रमोद कुमार, देवी चरण कुशवाहा, गुप्तेश्वर उपाध्याय का चयन हुआ। वही इफको फूलपुर के लिए राम प्रताप सिंह,उत्तर प्रदेश निर्माण श्रम समिति के लिए देवी शरण कुशवाहा,पीसी एफ के लिए उत्कर्ष सिंह व अभिनव कुमार सिंह का चयन किया गया। निर्वाचन अधिकारी ने सभी समिति के इसके बाद उपस्थित लोगों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

### तहसील के अधिवक्ताओं ने दूसरे दिन भी जताया विरोध

**सकलडीहा।** कानपुर अधिवक्ताओं के आन्दोलन का समर्थन करते हुए गुरुवार को सकलडीहा तहसील के अधिवक्ताओं ने दूसरे दिन भी विरोध जताया। इस दौरान अधिवक्ताओं जमकर भड़ास निकाला। कानपुर में अधिवक्ताओं के साथ हुई घटना को लेकर अधिवक्ताओं का आक्रोश थमने का नाम नही ले रहा है। दूसरे दिन भी अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार करते हुए विरोध जताया है। विरोध जताने वालों में बार अध्यक्ष अशोक कुमार मिश्र, महामंत्री रामअवध सिंह यादव, अजय कुमार सिंह, सुरेश यादव, नितिन तिवारी, पंकज सिंह, उपेन्द्र नारायण सिंह, शैलेन्द्र पांडेय, यशवंत यादव, अतुल तिवारी, सुरेन्द्र कांत मिश्रा, श्यामजी प्रसाद, जयनारायण, राजगोपाल सिंह,आनंद सहित अन्य उपस्थित रहे।

# एडीएम के समक्ष रखी फगुईयां के किसानों की समस्याएं

**की मुलाकात**

### फगुईनिया चंदौली में किसानों का आठवें दिन भी धरना जारी

**चंदौली।** उत्तर प्रदेश किसान न्याय मोर्चा का एक प्रति निधि मंडल संयोजक महेंद्र प्रसाद, उपाध्यक्ष शमीम मिल्की, इंद्रजीत शर्मा, चंद्रमा यादव राकेश कुमार मौर्य, धर्मदेव मौर्य आदि के नेतृत्व में अपर जिला अधिकारी चंदौली से मिला। इस दौरान चंदौली से मारूफपुर तक मार्ग चौड़ीकरण के लिए किसानों का मकान, दुकान व खेत उजाड़ने का विरोध किया। जिला प्रशासन से मांग किया कि किसानों को चार गुना मुआवजा तथा अन्य सुविधाएं नियमानुसार दिए बगैर कोई निर्माण कार्य किया जाए। इस संबंध में अपर जिलाधिकारी चंदौली ने परगना अधिकारी सकलडीहा से टेलीफोन से वार्ता कर तुरंत काम रुकवाने का निर्देश दिया और संबंधित ठेकेदार व इंजीनियर को तलब किया। इस अवसर पर धर्मदेव मौर्य मुन्नू यादव, कलावती देवी, कृष्णकांत यादव, सुशील यादव, रामबली यादव शाहजहां बेगम, रोहित यदुवंशी आदि उपस्थित थे। विदित हो कि फगुईआ में किसानों का धरना 8 दिन भी जारी रहा। धरना स्थल पर पहुंचे किसान मोर्चा के नेता शमीम मिल्की ने अपर जिलाधिकारी से हुई वार्ता की जानकारी दी। साथ ही किसानों को धरना प्रदर्शन जारी रखने का आह्वान किया। कहा कि अपने हक के लिए आप अपने संघर्ष को तेज करें और सकलडीहा चहनियां में भी धरना प्रदर्शन शुरू करें और तब तक जारी रखें जब तक की मांगे पूरी नहीं हो जाती। धरना में चंद्रमा यादव, वीरेंद्र यादव, प्रोफेसर शिवराम चौहान ने पहुंचकर जन आंदोलनों को समर्थन देने की घोषणा की। साथ ही 16 अप्रैल को धरनास्थल पर अंबेडकर जयंती मनाने का निर्णय लिया गया है। इसमें क्षेत्रीय किसानों व्यापारियों दुकानदारों से ज्यादा भारी से भारी संख्या में अपील की गई है। धन्यवाद ज्ञापन सुशील यादव ने प्रषित किया।



कलेक्ट्रेट में एडीएम से मुलाकात कर लौटती किसान न्याय मोर्चा की टीम।

## सीएमओ ने पीएचसी शहाबगंज का किया निरीक्षण

**शहाबगंज।** प्राथमिक स्वास्थ केंद्र का गुरुवार की दोपहर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.युगल किशोर राय ने औचक निरीक्षण किया। अचानक सीएमओ के पहुंचने से स्वास्थ्य कर्मियों में हड़कंप मच गया। सीएमओ ने उपस्थिति रजिस्टर, दवाखाना, वार्ड, टीकाकरण आदि का निरीक्षण किया। प्राथमिक स्वास्थ केंद्र में तैनात डाक्टरों अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति रजिस्टर से उपस्थित की जांच किया। सीएमओ ने सर्वप्रथम दवाखाना का निरीक्षण किया। वहां तैनात फार्मासिस्ट से दवाओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। काउंटर पर दवा लेने आये मरीजों से दवाओं की वितरण के बारे में पूछा। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के अंदर व बाहर सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। कोविड के बढ़ते प्रभाव के मद्देनजर टीकाकरण में तेजी लाने को कहा, इनके अलावा वार्ड नं पैथोलॉजी कक्ष में जाकर अवलोकन किया। इस अवसर प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. निलेश मालवीय, डा.संजय कुमार, डा.कांती त्रिपाठी, सुनीता पांडेय, फार्मासिस्ट रावेन्द्र सिंह, हरिद्वार, प्रेमलता, सोनू, साजन सहित आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# उपजाः वैभव मिश्रा अध्यक्ष व महामंत्री बने मोहन पांडेय



चकिया में उपजा के नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण।

**चकिया।** उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट एसोसिएशन तहसील इकाई चकिया का वार्षिक चुनाव गुरुवार की दोपहर लक्ष्मी लान में जिलाध्यक्ष दीपक सिंह और चुनाव अधिकारी कमलेश गिरी जिला महामंत्री गौरव श्रीवास्तव की देखरेख में संपन्न हुआ, जिसमें सर्वसम्मति से वैभव मिश्रा को अध्यक्ष पद की कमान सौंपी गई और वही महामंत्री पद पर मोहन पांडेय का चयन किया गया। नवागत तहसील इकाई के अध्यक्ष वैभव मिश्रा ने कहा कि पत्रकार हित के लिए कार्य करूंगा और उपजा संगठन द्वारा जिस विश्वास से यह पद दिया गया है उसकी पूरी निष्ठा से निर्वहन करुंगा इसके अलावा उपाध्यक्ष पद पर ज्ञान प्रकाश द्विवेदी राकेश केसरी अंबुज मोदनवाल कोषाध्यक्ष के पद पर चंद्रशेखर यादव कनिष्ठ उपाध्यक्ष रिसल जायसवाल मंत्री विकास चंद्र पांडे संगठन मंत्री योगेंद्र कुमार और सूचना मंत्री मिथिलेश ठाकुर को बनाया गया। इस दौरान शीतला प्रसाद राय, प्रेमशंकर तिवारी, विजय विश्वकर्मा, लोकेश पांडेय, गोविंद प्रसाद केसरी, आशुतोष मिश्रा, अमित द्विवेदी आदि पदाधिकारी सदस्य मौजूद रहे।

# चूल्हे की चिंगारी से रिहायशी मड़ई जली, गृहस्थी खाक



बकौड़ी में अगलगी से जला रिहायशी मड़ई को देखता भुक्तभोगी परिवार।

**कन्दवा।** थाना क्षेत्र के बकौड़ी गांव में बुधवार की देर रात चूल्हे से निकली चिंगारी से श्रीबिंद के रिहायशी घर में आग लग गई। इससे 3 हजार नकदी सहित घर गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। ग्रामीणों के अथक प्रयास से आग पर काबू पाया गया। बकौड़ी निवासी श्रीबिन्द घर की महिलाएं बुधवार की देर शाम खाना बनाने का काम किया। वही सभी खाना खाने के बाद सोने चले गए। देर रात चूल्हे से निकली चिंगारी से अचानक आग लग गई। इससे आग ने विकराल रूप धारण कर रिहायशी मड़ई को खाक कर दिया। महिलाओं ने शोर मचाया तो मौके पर पहुंचे गांव वालों ने किसी तरह आग पर काबू पाया।लेकिन तब तक तीन हजार रुपए नकदी सहित घर गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। इससे गरीब परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गया। ग्रामीणों ने गरीब परिवार को अहेतुक राशि दिलवाने की मांग की है।

## टैंकर पलटने से चालक की मौत मचा कोहराम

**नियामताबाद।** अलीनगर थाना क्षेत्र के वार्ड नं 9 अलीनगर निवासी गुंगई पाल पुत्र भोला पाल 32 वर्ष की बुधवार की देर रात छत्तीसगढ़ में टैंकर पलटने से मौत हो गयी। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक चार भाइयों में तीसरे नंबर पर था। जानकारी के अनुसार भोला पाल रसीद नामक टैंकर मालिक की गाडी. चलाता था। बुधवार को छत्तीसगढ़ का लोड लगा था जहां से खाली करके आ रहा था जिसके साथ खलासी सहित एक अन्य व्यक्ति भी साथ में था। रात मे लगभग 10 बजे गाडी. अनियंत्रित हो गयी जिसमें से भोला कूदकर भागना चाहा, लेकिन अनियंत्रित होकर गाडी. पलट गयी। जहां उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। वही दो अन्य दूसरे गेट से कूद गये। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक को एक बच्चा है पत्नी गर्भवती भी है। लोगों ने बताया की भोला बहुत ही हंसमुख और मिलनसार लड़का था। जिसको लेकर क्षेत्र में शोक व्याप्त है।

# समाज की एकता व सद्भाव के लिए आगे आएं लोगः अब्दुल समद

**चंदौली।** जन सहयोग संस्था के अध्यक्ष अजीत कुमार सोनी की अगुवाई रक्तदान का सिलसिला जारी है। इस कड़ी में समाजसेवी अब्दुल समद ने संस्था के आह्वान पर अनजान मरीज की मदद के लिए चंदौली ब्लड बैंक में रक्तदान किया। उन्होंने रमजान के महीने में मानवीय संवेदनाओं को प्राथमिकता देते हुए रक्तदान कर आपसी भाईचारा व सौहार्द को प्रगाढ़ता प्रदान की। रक्तदान के बाद अब्दुल समद ने कहा कि ईश्वर ने केवल मानव का सृजन किया है।

धर्म ईश्वर की प्राप्ति व मानव सेवा का एक सशक्त माध्यम है। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण इसी धर्म के नाम पर समाज को बांटने का काम कतिपय लोगों द्वारा किया जा रहा है। कहा कि समाज के प्रबुद्ध व संभ्रांत नागरिकों को आपसी एकता व सद्भाव को बनाए रखने के लिए आगे आना चाहिए, ताकि समाज में आ रहे बिखराव व विघटन को रोका जा सके। अध्यक्ष अजीत कुमार सोनी ने कहा कि रक्तदान के जरिए जरूरतमंद लोगों की मदद का सिलसिला ऐसे ही जारी रहेगा। उन्होंने संस्था के उन तमाम साथियों व सदस्यों का आभार जताया, जो वक्त जरूरत पर अनजान लोगों की मदद के लिए आगे आ रहे हैं। कहा कि रक्तदान के साथ ही संस्था ज्ञान दान की दिशा में प्रभावी कदम उठा रही है ताकि समाज को शिक्षित बनाकर उसे सशक्त बनाया जा सके।



ब्लड बैंक चंदौली में रक्तदान करते अब्दुल समद।

# इशरत की उम्मीदवारी से खुला नामांकन का खाता

**पर्चा दाखिला**

### तीसरे दिन चेयरमैन के एक उम्मीदवार समेत कुल 17 नामांकन हुए

**चंदौली।** नगर निकाय चुनाव-2023 की प्रक्रिया गतिमान है। गुरुवार नामांकन स्थल सदर तहसील में सैयदराजा नगर पंचायत अध्यक्ष उम्मीदवार इशरत खातून ने निर्दल प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन किया। इसके साथ ही चेयरमैन पद के लिए उम्मीदवारी करने वाली वह पहली प्रत्याशी बनी। इसके अलावा सैयदराजा नगर के अलग-अलग वार्डों से निर्दल चुनाव लड़ रहे 11 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन कर चुनावी रण में ताल ठोकी।

चंदौली नगर पंचायत की बात करें तो चेयरमैन पद के किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन कर अपनी दावेदारी पेश नहीं की है। वहीं पांच निर्दल सभासद उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। नगर पंचायत चंदौली से अध्यक्ष पद के लिए श्याम लाल शास्त्री, रत्ना सिंह, अनिल कुमार सेठ, राजीव कुमार पांडेय, संतोष सिंह व मनीष दुबे ने नामांकन फार्म लिया। वहीं एक भी प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल नहीं किया। सैयद राजा नगर पंचायत से अध्यक्ष पद के लिए शाहनवाज मजूद दिन बेगम, फातिमा बीवी, मंजू देवी, रीता देवी व पुष्पा देवी ने नामांकन फॉर्म दिया। इस तरह नामांकन के तीसरे दिन कुल 17 नामांकन हुए, जिसमें सैयदराजा चेयरमैन पद के लिए एक तथा वार्ड सभासद के लिए कुल 11 नामांकन पत्र जमा हुए। इसके अलावा चंदौली नगर से चुनाव लड़ रहे सभासद पत्र के उम्मीदवारों के पांच नामांकन पत्र जमा हुए। इसके अलावा सैयदराजा नगर पंचायत के चेयरमैन पद के नौ फार्म तथा सभासद पद के लिए 20 उम्मीदवारों ने फार्म लिया इसके अलावा चंदौली चेयरमैन पद के 10 तथा सभासद पद के लिए 13 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र लिया। नगरीय निकाय चुनाव-2023 के मद्देनजर गतिमान नामांकन प्रक्रिया के दौरान सदर तहसील परिसर में गहमागहमी रही। नामांकन स्थल पर सुरक्षा की दृष्टि से प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह भारी पुलिस फोर्स के साथ तैनात रहे। इस अवसर पर सदर एसडीएम दिग्विजय प्रताप सिंह, सकलडीहा एसडीएम मनोज कुमार पाठक आदि उपस्थित रहे।



सदर तहसील से नामांकन फार्म प्राप्त करते उम्मीदवार।

# जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों व योजनाओं की प्रगति को देखा

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जनपद में संचालित निर्माण कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण की प्रगति, ओडीएफ प्लस हेतु सोख्ता गड्ढा व नाली निर्माण की प्रगति एव मिशन कायाकल्प के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालयों में बाउंड्री वॉल,फर्नीचर, सीडब्लूएसएन शौचालय आदि की प्रगति पर चर्चा की। इस दौरान जिलाधिकारी ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियो को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में अभी तक आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य अनारम्भ है वहां अगले 03 दिवस के अन्दर निर्माण कार्य प्रत्येक दशा में प्रारम्भ कराकर उनके फोटोग्राफ्स उपलब्ध कराए जाय।

विगत वर्षो के जो आंगनबाड़ी केंद्र अभी भी अपूर्ण है उन पर तेजी से कार्य कराते हुए अवशेष कार्यों को अविलम्ब पूर्ण कर लिया जाय। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी एवं संबन्धित खण्ड विकास अधिकारियो,एडीओ पंचायत को निर्देशित करते हुए कहा कि लक्ष्य के सापेक्ष सोख्ता गड्ढा एवं नाली निर्माण आदि शत-प्रतिशत कार्य माह मई के अन्त तक प्रत्येक दशा में पूर्ण करा लिए जाय। जिला पंचायत राज अधिकारी अपने स्तर से इसकी नियमित मानिटरिंग करते रहे। परिषदीय विद्यालयों में मिशन कायाकल्प योजनान्तर्गत कराए जाने वाले कार्यों बाउंड्री वॉल, फर्नीचर, सीडब्लूएसएन आदि कार्यों को माह जून तक हर हाल में पूर्ण करा लिया जाय। लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत विद्यालयों में बाउंड्री वॉल सहित अन्य निर्धारित कार्य निर्धारित समय सीमा के अन्दर प्रत्येक दशा में पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित हो। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी, डीसी मनरेगा, जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास, जिला पंचायत राज अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्पोर्ट्स

## संजू सैमसन पर धीमी ओवर गति के लिए लगा 12 लाख का जुर्माना



**चेन्नई।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया। आईपीएल में धीमी ओवर गति फिर से बड़ा मुद्दा बनता जा रहा है क्योंकि अधिकतर मैच चार घंटे से अधिक समय तक खिंच रहे हैं। आईपीएल ने बयान में कहा, यह टीम का आईपीएल आचार संहिता के तहत धीमी ओवर गति से जुड़ा पहला अपराध है, इसलिए कप्तान संजू सैमसन पर 12 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। राजस्थान में आखिरी गेंद तक खिंचे इस मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को तीन रन से हराया था। राजस्थान की यह चार मैचों में तीसरी जीत है जबकि चेन्नई को इस सत्र में अपनी दूसरी हार का सामना करना पड़ा। आपको बता दें कि बुधवार को महेंद्र सिंह धोनी-रवींद्र जडेजा की विस्फोटक पारियों के बाद भी चेन्नई सुपर किंग्स को इंडियन प्रीमियर लीग-16 में करारी हार झेलनी पड़ी।

# केकेआर का सामना अब सनराइजर्स हैदराबाद से, निगाहें जीत की हैट्रिक पर




**कोलकाता।** रिंकू सिंह की तूफानी पारी के बाद उत्साह से लबरेज कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का सामना जब शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद से होगा तो उसकी निगाहें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में लगातार तीसरी जीत दर्ज करने पर टिकी होंगी। इस सत्र के अपने पहले मैच में मोहाली में पंजाब किंग्स से हार का सामना करने के बाद केकेआर को दो नए नायक मिले जिन्होंने उसे अगले दोनों मैचों में जीत दिलाई।

पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ शार्दुल ठाकुर ने अपने बल्ले से कमाल दिखाया और 29 गेंदों पर 68 रन की तूफानी पारी खेलकर केकेआर को 81 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इसके बाद रिंकू सिंह ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ अंतिम पांच गेंदों पर छक्के जड़कर अपनी टीम को अप्रत्याशित जीत दिलाई थी। इस तरह से केकेआर की निगाहें जीत की हैट्रिक पूरी करने पर लगी हैं। नियमित कप्तान श्रेयस अय्यर और स्टार ऑलराउंडर शाकिब अल हसन की कमी केकेआर को खल रही है लेकिन अचानक ही वह मजबूत टीम के रूप में उभर कर सामने आई है। केकेआर की दोनों जीत में उसके स्टार ऑलराउंडर आंद्रे रसेल और कप्तान नितीश राणा की खास योगदान नहीं रहा और अब टीम प्रबंधन यह सुनिश्चित करने की कोशिश करेगा कि उसे ये जीत संयोग से नहीं मिली थी। रसेल ने पंजाब के खिलाफ पहले मैच में 19 गेंदों पर 35 रन बनाए थे लेकिन अगले दो मैचों में वह शून्य और एक रन ही बना पाए। जमैका का यह आक्रामक बल्लेबाज अब बड़ी पारी खेलने के लिए बेताब होगा। केकेआर ने अभी तक तीनों मैच में अलग-अलग सलामी जोड़ियां आजमाई हैं और फिर से इसमें बदलाव की संभावना है। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जेसन रॉय को अफगानिस्तान के रहमनुल्लाह गुरबाज के स्थान पर अंतिम एकादश में जगह मिल सकती है। जहां तक सनराइजर्स का सवाल है तो एडेन मार्कराम की अगुवाई वाली टीम हैरी ब्रूक, मयंक अग्रवाल और हेनरिक क्लासेन जैसे खिलाड़ियों की मौजूदगी में कागजों पर मजबूत नजर आती है। सनराइजर्स के पास सीमित ओवरों के कई विशेषज्ञ खिलाड़ी हैं लेकिन वे पहले दो मैचों में अपना प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे। सनराइजर्स ने पिछले मैच में राहुल त्रिपाठी की नाबाद 74 रन की पारी के दम पर पंजाब को आठ विकेट से हराया था। इस जीत से उत्साह से ओतप्रोत ब्रायन लारा की कोचिंग वाली सनराइजर्स की टीम केकेआर को कड़ी टक्कर देने के लिए मैदान पर उतरेगी। त्रिपाठी फिर से बीच के ओवरों में अहम भूमिका निभा सकते हैं जबकि सनराइजर्स को ब्रूक और क्लासेन से भी अच्छे योगदान की उम्मीद रहेगी। सनराइजर्स के पास वाशिंगटन सुंदर और मयंक मार्कंडेय के रूप में दो उपयोगी स्पिनर हैं। इसके अलावा उसके पास भुवनेश्वर कुमार और मार्को यानसन जैसे तेज गेंदबाज हैं जिससे वह केकेआर के सामने कड़ी चुनौती पेश कर सकता है। केकेआर अभी अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है और इस मैच में जीत से वह शीर्ष पर पहुंच सकता है।

## गंगापुर में अफसर रहें सजग

**वाराणसी।** नगरीय निकाय निर्वाचन में नगर पंचायत गंगापुर के सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम राजातालाब ने गुरुवार को अपने क्षेत्र में चुनाव संबंधी तैयारियों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने फ्लाईंग स्क्वॉड, स्टैटिक मानिटरिंग कमेटी और अध्यक्ष एवं सदस्यों पदों के रिटर्निंग अफसरों से तैयारियों की जानकारी ली। साथ ही आवश्यक निर्देश दिया जाति इलेक्शन को सफलतापूर्वक शांतिपूर्ण ढंग संपन्न कराया जा सके।

## दान में दिये गोवंशों का करें सत्यापन



**वाराणसी।** सीडीओ हिमांशु नागपाल ने गुरुवार को विकास भवन सभागार में ग्रामीणों क्षेत्र में स्थापित गोवंश आश्रय स्थलों समेत विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक की। उन्होंने गोवंश आश्रय स्थलों के नोडल अफसरों को नियमित भ्रमण एवं निरीक्षण रिपोर्ट पेश करने को कहा। ऐसे प्रत्येक स्थल पर नैपियर घास लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्यमंत्री निराश्रित एवं बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना के तहत इच्छुक पशुपालकों और कुपोषित परिवारों को दिये गये गोवंशों की सत्यापन कराने के निर्देश दिये।

## छह ग्राम सचिवों का वेतन रोका

**काशी विद्यापीठ।** स्थानीय ब्लॉक मुख्यालय सभागार में गुरुवार को पर बीडीओ डॉ. रक्षिता सिंह एक समीक्षा बैठक में विकास खंड के छह गांवों में विकास कार्यों की गति धीमी पाए जाने पर संबंधित ग्राम सचिवों का अप्रैल माह के वेतन रोक दिया। मीटिंग में एडीओ पंचायत राशिद अहमद, एडीओ सहकारिता शिल्पी मिश्रा आदि की उपस्थिति भी रही।

# क्या वनडे विश्व कप भी नहीं खेलेंगे जसप्रीत बुमराह ?

*29 वर्षीय तेज गेंदबाज बुमराह ने पिछले महीने न्यूजीलैंड में सर्जरी कराई थी*




## इयान बिशप ने दी चुनिंदा टूर्नामेंट में खेलने की सलाह..

**नई दिल्ली।** अपने क्रिकेट करियर के दौरान पीठ की चोटों से जूझने वाले वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाज इयान बिशप का मानना है कि जसप्रीत बुमराह अब अपने एक्शन में बदलाव नहीं कर सकते और उन्हें चोटों से बचने के लिए चुनिंदा टूनामेंट में ही खेलना चाहिए। बुमराह पीठ में दर्द के कारण पिछले साल सितंबर से कोई मैच नहीं खेले हैं और उनका इस साल अक्टूबर-नवंबर में भारत में होने वाले वनडे विश्व कप में खेलना भी संदिग्ध है। इस 29 वर्षीय तेज गेंदबाज ने पिछले महीने न्यूजीलैंड में सर्जरी कराई थी। बुमराह को अपने अनूठे एक्शन का फायदा भी मिला लेकिन इससे उनकी पीठ पर अधिक जोर पड़ता है जिससे वह अक्सर चोटिल हो जाते हैं। वेस्टइंडीज की तरफ से 43 टेस्ट और 84 वनडे खेलने वाले बिशप का मानना है कि करियर के इस मोड़ पर बुमराह के लिए एक्शन बदलना संभव नहीं होगा और उन्हें व्यस्त कार्यक्रम के बीच कुछ चुनिंदा टूनामेंट में ही खेलना चाहिए।

बिशप ने कहा, मुझे नहीं लगता कि तेज गेंदबाजों के कार्यभार प्रबंधन का कोई नुस्खा है क्योंकि हम इन बेहतरीन खिलाड़ियों के दिमाग और शरीर को लेकर फैसला नहीं कर सकते। इस पर फैसला स्वयं खिलाड़ी और उसके करीबी प्रशासकों को करना है लेकिन मैं संचालन संस्थाओं को एक सलाह दे सकता हूं कि आप इन खिलाड़ियों (जैसे बुमराह) को प्रत्येक टूनार्मेंट में नहीं खिला सकते हो। उन्होंने कहा, इतनी अधिक क्रिकेट चल रही है और ऐसे में खिलाड़ियों को सर्वाधिक महत्वपूर्ण टूनार्मेंट का चयन करना शुरू करना होगा। आप चाहते हैं कि बुमराह और जोफ्रा आर्चर जैसे गेंदबाज अपनी गति बनाए रखकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें।

तभी उनका महत्व भी है लेकिन उनको खिलाने में बेहद सावधानी बरतें। बिशप ने इसके साथ ही कहा कि भले ही भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हाल में टेस्ट श्रृंखला में अपनी घरेलू धरती पर पराजित किया लेकिन जून में लंदन के ओवल में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में परिस्थिति पूरी तरह से भिन्न होगी। भारत लगातार दूसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में खेलेगा। बिशप ने कहा, यह भारत में खेली गई श्रृंखला से पूरी तरह भिन्न होने जा रहा है लेकिन यह काफी प्रतिस्पर्धी मैच होगा। ऑस्ट्रेलिया ने श्रृंखला के आखिर में अच्छी फॉर्म हासिल की थी और वह बेहतर स्थिति के साथ इंग्लैंड जाएगा। उन्होंने कहा, ओवल में दोनों टीम के लिए समान परिस्थितियां होंगी। भारत को पिछले डब्ल्यूटीसी फाइनल में खेलने का अनुभव है। उम्मीद है कि वह अच्छी तैयारियों के साथ मैदान पर उतरेगा और आस्ट्रेलिया भी ट्रॉफी हासिल करने के लिए कसर नहीं छोड़ेगा इसलिए यह शानदार मैच होने वाला है। बिशप ने इस पर भी हैरानी जताई कि अच्छी प्रतिभा होने के बावजूद भारत पिछले 10 वर्षों से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का कोई टूनार्मेंट नहीं जीत पाया है। उन्होंने कहा, यह हैरानी भरा है। इस पर आश्चर्यचकित होना लाजमी है क्योंकि आपके पास प्रतिभा की कमी नहीं है।


# कार्यालय ग्राम पंचायत कुरथा
# विकास खण्ड रावर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र

पत्रांक/मेमो/टेंडर सूचना/2023-2024 दिनांक 11.04.2023

## अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत कुरथा में वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत मनरेगा, पंचम राज्य वित्त पन्द्रहवां वित्त योजना, स्वच्छ भारत मिशन, अन्य प्राप्त निधियों के अंतर्गत सामग्री मौरम, भस्सी, सीमेंट, ईंट, इण्टरलाकिंग ईंट, कोटा स्टोन, टाईल्स, सरिया, बोल्डर, स्टोन ब्लास्ट, डाला गिट्टी, बालु, लोहे से सम्बन्धित सामग्री रंगाई-पोताई, रिबोर सामग्री, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट/सोलर लाइट, टैंकर मरम्मत/क्रय, स्वच्छता सम्बन्धित किट इत्यादि सामग्री की आपूर्ति की आवश्यकता है। इच्छुक फर्म ग्राम पंचायत कुरथा के ग्राम सचिवालय से दिनांक 14.04.2023 से 17.04.2023 तक फार्म 1000/- रुपये जमा कर प्राप्त करें। शीलबंद निविदा दिनांक 18.04.2023 से 19.04.2023 को समय 2.00 बजे तक सचिवालय पर जमा कर सकता है। दिनांक 22.04.2023 समय 4.00 बजे निविदा खोला जाएगा। अन्य शर्तें फार्म के साथ संलग्न है।

कार्यालय ग्राम पंचायत कुरथा
विकास खण्ड रावर्ट्सगंज, जनपद-सोनभद्र


## बॉलीवुड न्यूज

### शहनाज गिल और जस्सी गिल ने की खूब मस्ती



**मुंबई।** सलमान खान की 'किसी का भाई किसी की जान' के ट्रेलर ने रिलीज होने के बाद से ही पूरे देश में हलचल मचा दी है। हर तरफ फैन्स फिल्म के ट्रेलर की ही चर्चा करते दिख रहें है। अब फिल्म की रिलीज के लिए लोगों की एक्साइटमेंट को डबल करते हुए फिल्म के मेकर्स ने 'किसी का भाई किसी की जान' कास्ट के मजेदार पलों को कैप्चर करते हुए एक बिहाइंड द सीन वीडियो जारी किया है। वीडियो में राघव जुयाल के साथ शहनाज गिल और जस्सी गिल को दिखाया गया है और दिखाया गया है कि कैसे वो 'बिल्ली बिल्ली' गाने की शूटिंग के दौरान मस्ती कर रहे हैं। बीटीएस वीडियो में शहनाज गिल और जस्सी गिल को फोरग्राउंड में घूमते हुए दिखाया गया है, जबकि बैकग्राउंड में फिल्म का बेहद लोकप्रिय गाना बिल्ली बिल्ली प्ले हो रहा है। वीडियो में राघव जुयाल को भी इस मस्ती में शामिल होते देखा जा सकता हैं और ऐसा लगता है कि मानों तीनों शुटिंग के बीच ब्रेक को खूब एंजॉय कर रहें है। जबकि यह गाना फिलहाल अपनी मस्ती और दिलकश बीट्स के साथ जनता के दिलों पर राज कर रहा है, वहीं गाने का यह मजेदार बीटीएस वीडियो देखने के बाद अब तो फिल्म की रिलीज के लिए उत्साह और बढ़ चुका है। सलमान खान प्रोडक्शन की किसी का भाई किसी की जान फरहाद सामजी द्वारा निर्देशित हैं। फिल्म में सलमान खान, वेंकटेश दग्गुबाती, पूजा हेगड़े, जगपति बाबू, भूमिका चावला, विजेंदर सिंह, अभिमन्यु सिंह, राघव जुयाल, सिद्धार्थ निगम, जस्सी गिल, शहनाज गिल, पलक तिवारी और विनाली भटनागर हैं। साथ ही सलमान खान की फिल्म के भी सारे एलिमेंट मौजूद है जैसे एक्शन, कॉमेडी, ड्रामा और रोमांस। ये फिल्म इस ईद 2023 पर रिलीज होने वाली है और यह दुनिया भर में जी स्टूडियोज की रिलीज होगी।

### स्टारप्लस ने की अपने नए शो 'तितली' की घोषणा



मुंबई। स्टारप्लस अपने दर्शकों के लिए लेकर आया है एक अलग और पहले कभी न देखी गई लव स्टोरी जिसका नाम है 'तितली'। इस शो के साथ दर्शकों को स्क्रीन पर जबरदस्त इमोशन्स के बीच एक परफेक्ट ओवरलैप देखने को मिलेगा। यह शो आपको रोमांस के बारे में फिर से सोचने पर मजबूर कर देगा कि क्या यह वाकई प्यार है? इसी के साथ वो एक नए टैलेंट को भी मौका देने वाले है। हालांकि स्टारप्लस एक ऐसा चैनल है जिसने पहले भी कई नए टैलेट्स को पेश किया है और आज तक इस पर कायम है। ऐसे में तितली के साथ स्टारप्लस एक बार फिर एक और टैलेंटेड एक्ट्रेस- नेहा सोलंकी को लॉन्च करने की पुष्टि की है। नेहा तितली की शीर्षक भूमिका निभाती नजर आएंगी। वह एक उभरती हुई एक्ट्रेस हैं और तितली के किरदार के रूप में असाधारण प्रदर्शन देने का वादा करती हैं। दर्शक इस किरदार के अलग-अलग रंग देखेंगे, जिसमें एक महत्वाकांक्षी युवा महिला से लेकर भावनात्मक रूप से कमजोर होने तक, सब शामिल है। तितली शो एक ट्विस्टेड लव स्टोरी है जहां तितली नाम की एक खुशमिजाज और जीवंत लड़की अपने आइडियल पार्टनर को खोजने और उसके साथ एक फेयरीटेल लाइफ जीने की तलाश में है। लेकिन क्या वह हमेशा के लिए खुश रहेंगी? वहीं स्टार प्लस अपने इस शो के साथ दर्शकों के लिए एक ट्विस्टेड लव-स्टोरी लाकर भारतीय टेलीविजन में एक नई छलांग लगाने वाला है जिससे उसका लेवल और बढ़ा जाएगा, जिसे पहले कभी टेलीविजन पर नहीं देखा गया है। तितली का निर्माण स्टोरी स्क्वायर प्रोडक्शंस द्वारा किया गया है।

## 121 कर्मियों की सौंपे गए नियुक्ति पत्र

**डीडीयू नगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश भर के 45 शहरों में 71 हजार नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र सौंपे । इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने नवनियुक्त कर्मियों को संबोधित भी किया। यह रोजगार मेला, रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। उम्मीद है कि रोजगार मेला, और रोजगार सृजन के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा तथा युवाओं को उनके सशक्तिकरण और राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा।इसी कड़ी में, पूर्व मध्य रेल के डीडीयू नगर में रोजगार मेला समारोह का आयोजन किया गया ।जहां रेलवे के साथ-साथ अन्य मंत्रालयों के लिए नवनियुक्त डीडीयू नगर में 121 नियुक्ति पत्र सौंपे गए। इस अवसर पर डीडीयू नगर में पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास एवं सहकारिता राज्य मंत्री, भारत सरकार बी.एल.वर्मा एवं सांसद दर्शना सिंह विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने नवनियुक्त कर्मियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामानाएं दीं ।

## संभ्रांत नागरिकों ने सिपाही को दी भावभीनी विदाई



कमालपुर में सिपाही को विदाई देते स्थानीय लोग।

**कमालपुर।** पुलिस चौकी से ट्रांसफर हुए सिपाही सादाब रैन की विदाई समारोह गुरुवार को आयोजित हुआ। इस दौरान व्यापारियों, सम्भ्रांत नागरिकों ने अंगवस्त्रम भेंट करने के साथ ही माला पहनाकर स्वागत किया। बताते हैं कि सिपाही सादाब रैन विगत तीन वर्षों से कमालपुर चौकी पर रहकर सभी जनों के समस्याओं के निराकरण के प्रति गंभीर व सक्रिय थे। ब्यापार मण्डल अध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्त ने कहा सिपाही रहते हुए भी सादाब कस्बा वासियों से लगाव रखता था। सिपाही सादाब ने कहा नौकरी की पहली पोस्टिंग मेरी कमालपुर में हुई और मुझे अपनो की तरह कस्बे के लोगों ने प्यार दिया। इस दौरान उपनिरक्षक राशिद खां, उपनिरक्षक हरिनाथ, यादव, हरेंद्र यादव, मनोज अग्रहरी, फरीदुद्दीन, शिवजी वर्मा, अशोक मौर्या, अरविंद वर्मा, रहमान अली, रबिंद उपाध्याय सहित दर्जनों लोग रहे।

## विद्यालयों के समय परिवर्तन हेतु शिक्षकों ने बीएसए को दिया ज्ञापन



**चंदौली।** जनपद में बढ़ती गर्मी व लू के दृष्टिगत गुरुवार को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का एक प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष अजय सिंह के नेतृत्व में बेसिक शिक्षा अधिकारी सत्येन्द्र कुमार सिंह से मिला। इस दौरान जिलाध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि जनपद में पिछले एक सप्ताह से अत्यधिक गर्मी व लू का प्रकोप जारी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय मे विद्यालय का समय प्रातः 8 से 2 बजे तक का है। अधिकांश परिषदीय विद्यालय ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित है, जहां पिछले कुछ दिनों से दोपहर 12 बजे के बाद मौसम प्रतिकूल हो गया है, जिससे बच्चों को छुट्टी के समय बीमार होने की संभावना बनी हुई है। जिला महामंत्री इम्तियाज खान ने कहा कि हीट वेव से बचाव हेतु शिक्षा निदेशक बेसिक ने 28 मार्च को उत्तर प्रदेश हीट एक्शन प्लान के अंतर्गत कार्यवाही किए जाने के संबंध में निर्देश जारी किया है। बच्चों के हित को ध्यान में रखते हुए विद्यालय का समय परिवर्तित कर सुबह सात बजे से 12 बजे तक किया जाए। इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री आदित्य सिंह, डा.ईश्वर चन्द्र त्रिपाठी, हर्षवर्धन सिंह, अखिलेश श्रीवास्तव, धीरज साह, कालिंदी पांडेय आदि उपस्थित रहे।

## शहाबगंज पुलिस ने नौ मवेशियों संग पशु तस्कर को पकड़ा

**शहाबगंज।** थाना क्षेत्र के टिरो गांव के रास्ते गुरुवार की भोर में पैदल पशुओं को बिहार ले जा रहे 9 गोवंश को पुलिस ने मुक्त कराया। वहीं एक पशु तस्कर को मौके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए तस्कर को पशु क्रूरता निवारण अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी रघुराज के नेतृत्व में थाना क्षेत्र में अवैध शराब तस्करी, पशु तस्करों के खिलाफ अभियान चल रहा है। स्थानीय पुलिस को गस्त के दौरान गुरुवार की भोर में सूचना मिली की पशु तस्कर टीर्रो गांव के रास्ते पैदल गोवंश लेकर जा रहे हैं। सूचना मिलने पर पुलिस टीम घेराबंदी कर तस्करों के आने का इंतजार करने लगी। कुछ ही देर में काफी संख्या में पशु आते दिखे। लाठी-डंडे से लैस तस्करों को पुलिस ने रोका तो वे भागने लगे। इस पर पुलिस ने दौड़ाकर एक तस्कर को धर दबोचा। वहीं नौ मवेशी भी बरामद किये। पुलिस क्षेत्राधिकारी रघुराज ने बताया कि पकड़ा गया पशु तस्कर सैयदराजा थाना क्षेत्र के धरौली निवासी अनिल कुमार पुत्र मिट्ठू शामिल है।


# कार्यालय ग्राम पंचायत लेड़ुआ विकास खण्ड चतरा जनपद सोनभद्र

पत्रांक: मेमो/टेण्डर सूचना/2023-24 दिनांक: 13.04.2023

## निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में चतुर्थ राज्य वित्त/पंचम राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/बी.आर.जी.एफ./जिला योजना अन्तर्गत/स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्य/मनरेगा/पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त एवं अन्य प्राप्त निधियों द्वारा धनराशि से निर्माण कराये जाने हेतु व्यापारकर विभाग आयकर में पंजीकृत फर्मों के द्वारा ग्राम पंचायत परिधि के अन्दर निम्न विवरणानुसार कार्यस्थल पर सामग्री आपूर्ति कराने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्म के लेटर पैड पर दिनांक 13.04.2023 से दिनांक 20.04.2023 से सायं 05.00 बजे तक सील बन्द लिफाफे में प्रस्तुत कर/निविदा बाक्स में डाल सकते है। जो दिनांक 24.04.2023 को सायं 03.00 बजे क्रय समिति/निर्माण कार्य समिति के सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी। ग्राम पंचायत बबुरी कार्यालय पर दिनांक 13.04.2023 से दिनांक 20.04.2023 को 04.00 बजे तक 500 रुपये जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का विवरण निम्नवत है:-

क्र. सं. सामग्री का विवरण मात्रा दर -

1. ईंट प्रथम श्रेणी प्रति लजार, 2. इन्टरलाकिंग ईंट प्रति हजार, 3. बालू, मोरंग, बालू सफेद, महीन बालू प्रति मी0, 4. ईंट मिट्टी 25 एम.एम./40 एम.एम. प्रति मी0, 5. एस्बेस्टेस सीट, पैन सीट, दरवाजा, टाईल्स व प्लास्टिक सीट इत्यादि। प्रति नग, 6. स्टोन ब्लास्ट प्रति मी0, 7. NP3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400, 450, 500, 600, 1000 एम. एम. प्रति नग, 8. सोलर लाईट पैनल/स्ट्रीट लाईट प्रति नग, 9. सीमेन्ट पोम्टलैण्ड व व्हाईट सीमेन्ट प्रति नग, 10. चौखट प्रति नग, 11. जी.आई. पाईप बी.आई. साकेट प्रति नग, 12. पी.वी.सी. पाईप साकेट 110, 140, 150 एम. एम. प्रति नग, 13. ग्राम पंचायत में खेल मैदान हेतु आवश्यक सामग्री प्रति नग, 14. हैण्ड पम्प सेट इण्डिया मार्का-2 प्रति नग, 15. चुना, ब्लीचिंग पाउडर, पेन्ट डिस्टेम्पर, आईपी क्लोराईट प्रति कि.ग्रा./ली., 16. साईन बोर्ड, 17. बेन्च का क्रय/मेज निर्माण प्रति नग, 18. आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री। प्रति नग, 19. सोलर वॉटर पम्प प्रति नग, 20. खण्डा प्रति मी., 21 सरिया प्रति कुन्तल, 22. स्टोन बोल्डर प्रति मी., 23. स्टोन पटिया प्रति नग, 24. ग्राम पंचायत मे रिबोर प्रति नग, 25. ग्राम पंचायत में टैंकर का क्रय प्रति नग, 26. ग्राम पंचायत में फागिंग मशीन/सेनिटाईजेशन प्रति नग, 27. स्वच्छता सम्बन्धित सामग्री प्रति नग, 28. समुदायिक शौचालय निर्माण की आवश्यक सामग्री प्रति नग, 29. स्टेशनरी की सामग्री प्रति नग, 30. कुलर प्रति नग, 31. कुर्सी, मेज, दरी प्रति नग, 32. एल.ई.डी. बल्ब प्रति नग, 33. बाल्टी, मग, गिलास, प्लेट, ट्रे प्रति नग, 34. पंचायत भवन हेतु कम्प्यूटर प्रिन्टर, यू.पी.एस. प्रति नग, 35. अन्य आवश्यक सामग्री आवश्यकतानुसार:-

**निविदा की प्रतिबन्ध एवं शर्तें** -1. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स विभाग में पंजीकृत होना अनिवार्य है तथा आयकर भी जमा होना चाहिए। निविदा प्रपत्र के साथ में समस्त दस्तावेज यथा जी.एस.टी., R9 पैन कार्ड, चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, कम से कम तीन वर्ष का आई.टी.आर. की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। 2. आपूर्ति दरें पी.डब्लू.डी. की स्वीकृत दर से अधिक नही होना चाहिए। 3. स्वीकृत आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत पर परिधि में कार्यस्थल पर ही सामग्री की आपूर्ति करना अनिवार्य होगा। 4. आपूर्तिकर्ता को 50000.00 की प्रतिभूति एन.सी.सी./एफ.डी. की मूल रूप में ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक कर जमा किया जाना अनिवार्य होगा, अन्यथा आपूर्ति आदेश निर्गत नही किया जायेगा। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एन.पी. पश्चात शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिलों का भुगतान किया जायेगा। 6. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद आपूर्तिकर्ता को सूचित किया जायेगा। 7. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव पंचायत के संयुक्त आदेश पर ही की जायेगी। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में संयुक्त रूप से होगा।

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी/ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत लेड़ुआ
वि. ख. चतरा, जनपद सोनभद्र

# संस्कृति की मजबूती से भारत बन सकता है विश्वगुरु : अभय

जनसंदेश न्यूज



पूविवि में आयोजित व्याख्यान को सम्बोधित करती कुलपति प्रो. मौर्य

**बैठक**

**दिन, माह की सटीक गणना का आधार पंचांग : प्रो. निर्मला एस. मौर्य**

**भारतीय कालगणना और वैज्ञानिक आधार विषय पर हुआ व्याख्यान**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के रज्जू भइया के आर्यभट्ट सभागार में वृहस्पतिवार को भारतीय कालगणना और वैज्ञानिक आधार विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर बतौर मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के धर्म जागरण प्रमुख अभय ने कहा कि भारत देश पर कई विदेशी आक्रांताओं ने आक्रमण किया किन्तु भारत ने कभी पराजय स्वीकार नहीं की बल्कि वह संघर्ष करता रहा। भारत को फिर से विश्वगुरु के रूप में आने के लिए अपनी संस्कृति को मजबूती से अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि जो भी आक्रांता आए वे देश में तो रहे हमारी संस्कृति को खत्म करने के चक्कर में उसमें विलीन होते गए। उन्होंने इस संबंध में शक, कुषाण समेत कई धर्म के लोगों का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय कालगणना को अगर देखा जाय तो वह सभी विदेशी कालगणनाओं की तुलना में सबसे अधिक परिशुद्ध और पुरातन है। उन्होने सभी सिक्षकों एवं विद्यार्थियों से सरकारी कार्यों को छोड़कर निजी जीवन में भारतीय कालगणना को अपनाने की अपील की। उनका मानना है कि पैमाना बदलकर देश की संस्कृति को पीछे किया गया लेकिन हमारी परंपराओं ने काल गणना को संरक्षित किया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा काल गणना ब्रह्मांड में स्थित सूर्य, चंद्रमा के आधार पर की जाती है। इसी आधार पर भारतीय पंचांग का निर्माण होता है। दिन, महीने की गणना का आधार भारतीय कैलेंडर यानी हमारा पंचांग ही है। हम वास्तु की ओर फिर से लौट रहे है।

उन्होंने कहा कि समाज इसी गणना से समुचित ढ़ंग से चल सकता है। उन्होंने हिंदी मास और भाष्कराचार्य के गणित के क्षेत्र में योगदान की भी विस्तार से चर्चा की। अतिथियों का स्वागत प्रज्ञा प्रवाह के विभाग संयोजक संतोष त्रिपाठी एवं विषय प्रवर्तन कार्यक्रम संयोजक एवं निदेशक वैदिक प्रबंध अध्ययन केंद्र प्रो. अविनाश पार्थडीकर ने किया। कार्यक्रम संचालन प्रज्ञा प्रवाह के जिला संयोजक डॉ. कीर्ति सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो. अजय द्विवेदी ने किया। इस मौके पर ब्रह्मेश शुक्ल, अवधेश पाण्डेय, आलोक, श्रीप्रकाश सिंह, मनोज तिवारी, ज्ञान प्रकाश उपाध्याय, संजीव सिंह कुतवन, शैलेंद्र निषाद, शिवनारायण पाठक, प्रो. बीबी तिवारी, प्रो. बीडी शर्मा, डॉ. मनोज मिश्र, डॉ. रसिकेश, डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. अमित वत्स, डॉ. इंद्रेश कुमार, डॉ. शशिकांत त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## सेंध काटकर सबमर्सिबल उठा ले गये चोर

**पवांरा।** पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा कानून-व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए पुलिस कर्मियों को सख्त हिदायत दे रहें हैं कि जिले में चोरी, छिनैती व लूट की घटना न हो और जिले की जनता अमन-चैन से रह सके लेकिन सजईकला,देवकीपुर में हुए इन्जन चोरी का पुलिस खुलासा कर नहीं पायी थी कि 12/13 अप्रैल की रात्रि चोर थाना क्षेत्र अन्तर्गत सजईकला खुर्द में रईसा बानो पत्नी मो. हनीफ के मशीन के कमरे का सेंध काटकर अन्दर घुस गये और सबमर्सिबल उठा ले गये। सुबह जब परिवार के लोग उठे और देखा कि पीछे से सेंध कटी है और सबमर्सिबल गायब है। पीड़िता रईसा बानो ने अज्ञात के खिलाफ चोरी की तहरीर दे दी है।




**संक्षेप**

### चेन स्नेचर को पकड़ने वाली महिला को किया गया सम्मानित



**बदलापुर।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के सरोखनपुर निवासी महिला के गले से चेन छींनकर भाग रहे स्नेचर को एक बहादुर महिला ने अपनी तत्परता दिखाते हुए उसे दौड़कर पकड़ लिया जिसकी प्रशंसा करते हुए पुलिस अधीक्षक ने उसे सम्मानित करवाया। बताते चलें कि सरोखनपुर निवासी दिनेश पाल की पत्नी कविता पाल मंगलवार की सुबह अपनी इलेक्ट्रॉनिक दुकान का शटर उठा रही थी कि इतने में एक बाइक पर सवार दो नकाबपोश उचक्के पहुंचे और उक्त महिला के गले से सोने की चेन छीनकर भागने लगे। महिला ने शोर मचाते हुए एक उचक्के को बाइक से खींचकर नीचे उतारते हुए पकड़ कर उसे पुलिस के हवाले कर दिया जबकि उक्त बाइक पर दूसरा उचक्का बाइक लेकर मौके से फरार हो गया। वहीं इस साहसी बहादुर महिला के कार्य को पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा ने प्रशंसा करते हुए कोतवाली पुलिस द्वारा महिला कविता पाल को माल्यार्पण कर सम्मानित करवाया है।

### लापरवाह ठेकेदार ने बिगाड़ी सड़क की सूरत



**थानागद्दी।** बराईं गांव में जल जीवन मिशन योजना के तहत पाइप बिछाने का कार्य जारी है। गांव में पानी के लिए पाइप खड़ंजों के नीचे पाइप को तो सकुशल डाला जा रहा है लेकिन लापरवाह ठेकेदार पाइप लाइन बिछाने के बाद सड़क को जर्जर हालत में छोड़ दे रहे हैं। ग्रामीण मुन्ना सिंह ने बताया की तीन महीने से लगभग डेढ़ सौ मीटर सड़क को जल निगम के ठेकेदार ने बिल्कुल जर्जर बना दिया। जिसकी शिकायत करने ठेकेदार, जेई एक तारीख देकर टरका देते है। गांव में जाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। चार पहिया तो जाना मुश्किल है, बाइक से जाने में भी रिस्क है, तनिक भी संतुलन खोने पर भारी चोट लग सकता है। प्रधान वोट बैंक के आधार पर कार्य पर प्राथमिकता देते है। अब तो आदत हो चुकी चलने की। बारिश में पैदल चलना भी दुभर हो जाता है। बाकी अफसरों की देन है मानकर कहकर मुस्कुरा दिया। इस बारे में जब जल निगम के जेई विपिन से बात करने की कोशिश की गयी तो फोन नहीं उठा।

### दहेज हत्या का वांछित चढ़ा पुलिस के हत्थे



पुलिस गिरफ्त में वांछित

**सुइथाकला।** गुरुवार को थाना क्षेत्र में दहेज हत्या का एक वांछित उस समय पुलिस के हत्थे चढ़ गया, जब पुलिस क्षेत्र भ्रमण कर रही थी। पुलिस मामले में आवश्यक कार्रवाई करते हुए उसका चालान न्यायालय भेज दिया। थाना क्षेत्र का बुमकहां गांव निवासी अरविन्द विन्द पुत्र सिकन्दर दहेज हत्या में वांछित था। पुलिस उपनिरीक्षक अनिल कुमार सिंह व हमराहियों के क्षेत्र भ्रमण के दौरान हत्थे चढ़ गया। मामले में थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कार्रवाई के साथ ही उसका चालान न्यायालय भेज दिया गया।

### पौधरोपण प्रहरी ने रेंजर पर लगाया गंभीर आरोप, थाने पर की शिकायत



**केराकत।** स्थानीय कोतवाली के पसेवा गांव निवासी कुंवर समर बहादुर सिंह गुरुवार को कोतवाली पहुंच रेंजर अमित कुमार पर गंभीर आरोप लगाते हुए पत्रक सौंप न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित ने बताया कि सामाजिक वानिकी बन विभाग जौनपुर के अंतर्गत कैंटील कार्ड के पद पर कार्यरत हूं। वर्तमान में ग्राम समाज नैपुरा में विभाग द्वारा लगाये गये वृक्षारोपण की देखरेख का कार्य करता हूं। पिछले 17 माह का वेतन रुका हुआ है जब भी वेतन रेंजर अमित कुमार से मांगता था तो बजट नहीं होने का हवाला देकर टाल देते थे। मगर अब मांगता हूं तो भद्दी भद्दी गालियां देते हुए फर्जी मुकदमे में फंसाकर जेल भेजने की धमकी देते हैं। यहां तक कि वन दरोगा लल्लन सिंह के द्वारा मेरे खिलाफ कोतवाली में झूठी तहरीर भी दी है। बहरहाल कौन झूठ बोल रहा है और कौन सही बोल रहा है यह तो जांच के बाद ही पता चल सकेगा। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

## निकाय चुनाव के मद्देनजर किया रूट मार्च



चुनाव के मद्देनजर पैदल भ्रमण करती पुलिस

जनसंदेश न्यूज

**केराकत।** स्थानीय निकाय चुनाव व आम्बेडकर जयंती के मद्देनजर गुरुवार को प्रशासन सड़क पर उतर आया। पुलिस उपाधीक्षक गौरव शर्मा व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक आदेश त्यागी की अगुवाई में पर्याप्त पुलिस बल के साथ समूचे नगर का पैदल भ्रमण किया गया। पुलिस उपाधीक्षक गौरव शर्मा ने बताया कि भ्रमण का उद्देश्य लोगों में सुरक्षा की भावना को प्रबल करने के साथ ही शान्ति और सौहार्द्र बनाए रखने का संदेश भी देना था। श्री शर्मा ने स्पष्ट किया कि चुनाव हार हाल में शांतिपूर्ण संपन्न हो इस निमित्त प्रशासन संकल्पित है। कहा कि किसी को भी कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी चाहे वह स्वयं को भले ही बहुत रसूखदार समझता हो।

## 25 शीशी नाजायज शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने बुधवार को खेताब चढ़ई नहर पुलिया के पास से एक युवक को 25 शीशी नाजायज शराब के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक ओम नारायण सिंह ने बताया कि बुधवार को पुलिस बल के साथ चोरारी बाजार में संदिग्ध वाहनों के व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली की खेताब चढ़ई नहर पुलिया पर एक युवक नाजायज शराब के साथ मौजूद है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से युवक को हिरासत में लिया। जमा तलाशी के दौरान एक झोले में उसके पास से 25 शीशी नाजायज शराब बरामद हुई। पूछताछ में उसने अपना नाम बबलू पटेल पुत्र अवध राज पटेल निवासी काजीपुर महदेवा थाना मड़ियाहूँ बताया। आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद पुलिस ने युवक का चालान न्यायालय भेज दिया।



# डीएम व कप्तान ने किया मतगणना केंद्र, स्ट्रांग रूम का औचक निरीक्षण



मतगणना स्थल व स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते जिला निर्वाचन अधिकारी व पुलिस अधीक्षक

**लिया जायजा**

**चुनाव के मद्देनजर तहसील मुख्यालय का दौरा**

**शाहगंज।** जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज कुमार झा ने पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा संग गुरुवार साढ़े बारह बजे तहसील मुख्यालय पहुंचे। वहीं नामांकन कक्ष के बाहर का टूटा फर्श देख कर तत्काल सही करने का नगर पालिका को निर्देश दिया। नामांकन कक्षों का निरीक्षण किया। नामांकन पत्रों की बिक्री हेतु नायब तहसीलदार कोर्ट, तहसीलदार कोर्ट, एसडीएम कोर्ट पहुंच जानकारी ली। तदुपरांत एसडीएम आफिस में बैठ पूरे नगरपालिका क्षेत्र में पड़ने वाले मतदान केंद्रों के बावत जानकारी लिया। इस बावत मतदान स्थल पर साफ-सफाई, पेयजलापूर्ति, विद्युत व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे, स्वास्थ्य चिकित्सा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। तदुपरांत आजमगढ़ मार्ग स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति में बन रहे स्ट्रांग रुम एवं मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार, पुलिस उपाधीक्षक चोब सिंह, अधिशाषी अधिकारी प्रदीप गिरी, मंडी सचिव गुलाब सिंह, प्रभारी निरीक्षक सदानन्द राय, नायब तहसीलदार संदीप गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# कंप्यूटर सिखाने के नाम पर ठगे गये दर्जनों छात्र-छात्राएं

जनसंदेश न्यूज



**धोखा**

**सरायख्वाजा पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाई की मांग**

**जौनपुर।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के सिद्दीकपुर में कंप्यूटर सिखाने के नाम पर दर्जनों छात्रों ने ठगे जाने का आरोप लगाया है। सरायख्वाजा पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग किया। छात्रों ने कहा है कि हजारों रुपए ठगे गए है और न्याय नहीं मिला तो जिला मुख्यालय पर धरने पर बैठेंगे।

जानकारी के अनुसार स्मार्ट वैल्यू नाम से एक कंप्यूटर प्रशिक्षण सेंटर चलाया जा रहा है जहां छात्रों को कंप्यूटर व नेटवर्किंग शिक्षा सिखाने के नाम पर प्रति छात्र से 13 हजार 900 रूपया वसूला गया। छात्रों का आरोप है कि जब एडमिशन ले लेते हैं तो उनसे एक सप्ताह बाद कहा जाता है कि आप एक लोगों को 3 लोगों को जोड़ना पड़ेगा। उसके बाद तब आप लोगों की शिक्षा का विस्तार होगा और तभी आप लोगों को महीने की ट्रेनिंग दी जाएगी। छात्रों को 3 लोगों को जोड़ने का दबाव दिया गया तो छात्रों ने कहा कि हम लोगों से कंप्यूटर सिखाने के नाम पर 13900 वसूला गया है और प्रवेश लेते समय इस तरह की कोई जानकारी नहीं दी गई थी तो छात्रों ने कहा कि या तो कंप्यूटर सिखाया जाएगा या पैसा वापस कर दिया जाए। संस्था के जिम्मेदारों ने उनसे कहाकि वे 3 लोगों को जोड़ेंगे तभी उनका पैसा वापस होगा। जिसके बाद पीड़ित छात्र खुशी यादव, मनमोहन विश्वकर्मा, सुरेखा प्रजापति, स्नेहा यादव, आकाश विश्वकर्मा, रामकुमार, सरोजा, चंद्रसेन, विष्णु यादव ने थाना प्रभारी अखिलेश मिश्रा को तहरीर देकर कंप्यूटर सेंटर पर कार्रवाई करने की मांग के साथ उनके हजारों रुपए वापस करवाने की मांग की। थानाध्यक्ष ने उन्हें आश्वासन देकर लौटा दिया इसमें हम जांच करेंगे। इस दौरान छात्रों ने कहा कि अगर कोई कार्रवाई नहीं होती तो हम लोग जिला मुख्यालय पर धरने पर बैठने के लिए बाध्य होंगे।

## दुर्घटना में घायल महिला की मौत

**सिरकोनी।** स्थानीय क्षेत्र के खरचलपुर गांव निवासी कमला देवी पत्नी छोटेलाल उम्र 70 वर्ष अपने घर से कबूलपुर बाजार जा रही थी। सुंगुलपुर गांव के हरिजन बस्ती के पास एक बाइक सवार ने टक्कर मार दी। मौके पर ही महिला अचेत हो गई और बाइक सवार यह सब देख कर मौके से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार जब महिला की बाइक से टक्कर हुई तो मौके पर आवाज सुनकर अगल बगल के लोग आ गए और उसी अचेतावस्था में स्कूल की आ रही बस पर लोगों ने लिटा कर कबूलपुर निजी अस्पताल में डॉक्टरों को दिखाया तो डॉक्टरों ने जवाब दे दिया। उन्हें लेकर लोग जिला अस्पताल में पहुंचे। महिला को देखते हुए डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया।

विगत तीन दिनों से जीवन और मृत्यु का खेल चल रहा था। अंत में महिला की मौत हो गई। महिला का शव पीएम के लिए भेज दिया गया। उसी के साथ मोटर साइकिल सवार के विरुद्ध जफराबाद थाने में गुरुवार को तहरीर दिया गया। महिला के भरे पूरे परिवार में तीन लड़के दो लड़कियां भी हैं।

# तालाब में नहाते समय डूबने से युवक की मौत

**दुखद**

**चार दोस्तों संग चौकियां धाम तालाब में कर रहा था स्नान, युवकों ने पी रखी थी शराब**

**जौनपुर।** लाइन बाजार के शीतला चौकियां धाम स्थित मंदिर के तालाब में गुरुवार की दोपहर दोस्तों संग स्नान करते समय एक युवक की डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है युवकों ने शराब पी रखी थी। युवक का शव तालाब से निकालने के लिए गोताखोर की मदद ली गई। मौके पर पहुंचें शीतला चौकियां चौकी प्रभारी रोहित मिश्रा ने गोताखोर बुलवाकर शव बाहर निकलवाया। एहतियातन तत्काल युवक को जिला अस्पताल भेजवाया जहां चिकित्सकों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। शव की शिनाख्त अजय यादव उम्र 23 वर्ष निवासी बबरखां थाना सरायख्वाजा के रूप में हुई। युवक के साथ आए अन्य युवकों से पुलिस पूछताछ करती रही।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार लगभग चार की संख्या में युवकों की टोली गुरुवार दोपहर लगभग तीन बजे चौकियां धाम मंदिर तालाब में स्नान कर रहे थे। स्नान करते समय तालाब में सुरक्षा के लिए लगे रेलिंग को पारकर दो युवक उस पार तालाब के मध्य की ओर चले गए। गहराई में जाते ही अजय का संतुलन बिगड़ गया और उसका हाथ पकड़े युवक से छूट गया। अचानक से वह तालाब में डूब गया। युवक के डूबते ही शोर मचने लगा। आसपास सैकड़ों लोग तालाब किनारे जुट गए। तैरना जानने वाले कुछ साहसी युवकों ने तालाब में छलांग लगाईं लेकिन डूबे युवक का पता नहीं लगा सके। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी रोहित मिश्रा ने तत्काल गोताखोर बुलवाया। गोताखोर ने शव को ढूंढकर बाहर निकाला। थानाध्यक्ष संजय वर्मा ने बताया की युवक की शिनाख्त हो गई है। परिजनों को सूचना दिया गया है। साथ में कुछ युवक थे छानबीन किया जा रहा है।

# ग्राम सभा सरेमूं और गोपालपुर में खुली बैठक कर बनाई गयी कार्य योजना

जनसंदेश न्यूज

**गौराबादशाहपुर।** विकास खण्ड धर्मापुर के ग्राम सभा सरेमूं और गोपालपुर में बुधवार वित्तीय वर्ष 2023-24 के जीपीडीपी की कार्य योजना बनाने हेतु ग्राम सभा की खुली बैठक आहूत की गई। बैठक का संचालन सचिव उमेश सोनकर द्वारा किया गया।

बैठक में शासन द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवास, व्यक्तिगत शौचालय, वृद्धा, विधवा, दिव्यांग पेंशन, सुमंगला कन्या योजना एवं विभिन्न प्रकार की योजनाओं एवं जन्म-मृत्यु पंजीकरण के बारे में सचिव उमेश सोनकर द्वारा ग्राम वासियों को विस्तार से जानकारी दी गई एवं साथ-साथ यह भी बताया गया कि ग्राम पंचायतों में 1 अप्रैल 2023 से से 30 अप्रैल तक पूरे माह संचारी रोग अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें गांव की साफ सफाई हेतु रोस्टर बनाकर सफाई कर्मियों द्वारा गांव में साफ सफाई का कार्य किया जा रहा है। सफाई कर्मचारियों द्वारा साफ-सफाई के साथ-साथ सभी ग्रामवासी की भी जिममेदारी है कि अपने घरों में पानी इकट्ठा न होने दें एवं अपने घरों की साफ सफाई की समुचित व्यवस्था करें। घर में जहां भी पानी इकट्ठा होता हो जैसे कूलर, फ्रिज और गड्ढे इत्यादि में पानी रुकता हो उसको हमेशा विशेष रूप से साफ सफाई करते रहे। विकासखंड के अंतर्गत गौशालाओं में संरक्षित पशुओं हेतु भूसा दान करने के लिए ग्राम वासियों से अनुरोध किया गया। इसके साथ-साथ अनेक प्रकार की योजनाओं के विषय में सचिव द्वारा जानकारी दी गई।

बैठक में ग्राम प्रधान गोपालपुर जिलेदार, ग्राम प्रधान सरेमूं रामजीत, ग्राम पंचायत के सभी सदस्य गण एवं ग्राम पंचायत से संबंधित सभी कर्मचारी, पंचायत सहायक अवधेश कुमार, रवि यादव, आशा बहुएं, कोटेदार, आंगनवाड़ी, समूह की कार्यकर्ती एवं सफाई कर्मी अजय कुमार, शिव सहाय एवं पुष्पा देवी इत्यादि उपस्थित रहे।



महिला की समस्या को सुनते ग्राम पंचायत अधिकारी उमेश कुमार सोनकर

# बीएसए ने बीस बच्चों का कराया दाखिला

जनसंदेश न्यूज

**चंदवक।** स्कूल चलो नामांकन अभियान के तहत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने चंदवक बाजार के एक मजरे में पहुंच कर सेवित एरिया में सर्वे के दौरान बीस बच्चों को माला पहना कर कापी पेंसिल देकर दाखिला किया। अभियान में छः से चौदह वर्ष के बच्चों का दाखिला होना है। इस अवसर पर बीईओ राजेश सिंह, प्रधानाध्यापक आलोक रघुवंशी, संजय यादव सहित अन्य लोग थे।



बच्चों का नामांकन करते बीएसए

# 88 अध्यक्ष सहित 507 लोगों ने क्रय किया नामांकन पत्र

**चुनाव**

**सदस्य पद के 9 प्रत्याशियों ने किया नामांकन**



**जौनपुर।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 के तीसरे दिन गुरूवार को जौनपुर नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष पद के लिए 6 अभ्यर्थियों द्वारा 12 सेट में, नगर पालिका परिषद शाहगंज के लिए 13 अभ्यर्थियों द्वारा 13 सेट में, नगर पालिका परिषद मुंगराबादशाहपुर 3 अभ्यर्थियों द्वारा 6 सेट में, नगर पंचायत गौराबादशाहपुर में 20 अभ्यर्थियों द्वारा 42 सेट में, नगर पंचायत कचगांव में 1 अभ्यर्थी द्वारा 1 सेट में, नगर पंचायत जफराबाद में 3 अभ्यर्थियों द्वारा 3 सेट में, नगर पंचायत खेतासराय में 7 अभ्यर्थियों द्वारा 9 सेट में, नगर पंचायत मछलीशहर में 6 अभ्यर्थियों द्वारा 15 सेट में, नगर पंचायत मड़ियाहूं में 4 अभ्यर्थियों द्वारा 11 सेट में, नगर पंचायत रामपुर में 9 अभ्यर्थियों द्वारा 13 सेट में, नगर पंचायत बदलापुर में 12 अभ्यर्थियों द्वारा 13 सेट में, नगर पंचायत केराकत में 4 अभ्यर्थियों द्वारा 4 सेट में नामांकन पत्र क्रय किया गया।

जौनपुर नगर पालिका परिषद में सदस्य के लिए 92 अभ्यर्थियों द्वारा 118 सेट में, नगर पालिका परिषद शाहगंज के लिए 53 अभ्यर्थियों द्वारा 66 सेट में, नगर पालिका परिषद मुंगराबादशाहपुर 28 अभ्यर्थियों द्वारा 40 सेट में, नगर पंचायत गौराबादशाहपुर में 24 अभ्यर्थियों द्वारा 27 सेट में, नगर पंचायत कचगांव में 4 अभ्यर्थियों द्वारा 4 सेट में, नगर पंचायत जफराबाद में 11 अभ्यर्थियों द्वारा 11 सेट में, नगर पंचायत खेतासराय में 17 अभ्यर्थियों द्वारा 17 सेट में, नगर पंचायत मछलीशहर में 42 अभ्यर्थियों द्वारा 42 सेट में, नगर पंचायत मड़ियाहूं में 77 अभ्यर्थियों द्वारा 125 सेट में, नगर पंचायत रामपुर में 35 अभ्यर्थियों द्वारा 45 सेट में, नगर पंचायत बदलापुर में 18 अभ्यर्थियों द्वारा 18 सेट में, नगर पंचायत केराकत में 18 अभ्यर्थियों द्वारा 18 सेट में नामांकन पत्र क्रय किया गया। अध्यक्ष पद के लिए कुल 88 अभ्यर्थियों द्वारा 142 सेट में एवं सदस्य पद के लिए 419 अभ्यर्थियों द्वारा 531 सेट में नामांकन पत्र क्रय किया गया। नगर पालिका परिषद जौनपुर में सदस्य के लिए 3, नगर पालिका परिषद शाहगंज के लिए 1, नगर पंचायत कचगांव के लिए 3 एवं नगर पंचायत जफराबाद के लिए 2 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र जमा किया गया। इस प्रकार सदस्य पद के लिए कुल 9 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र जमा किये गये।

# 31 अनुपस्थित अध्यापकों पर बीएसए ने की कार्रवाई

**स्पष्टीकरण मांगा**

**बीईओ व समन्यवको की टीम का जनपद के परिषदीय विद्यालयों में औचक निरीक्षण**

**अधिक से अधिक बच्चों को सरकारी स्कूलों में नामांकन का निर्देश**

**ज्ञानपुर।** जनपद में शिक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह के निर्देश पर बीईओ व समन्यवको की टीम ने जनपद के परिषदीय विद्यालयों में औचक निरीक्षण किया। शिक्षा विभाग की टीम के निरीक्षण में 31 शिक्षाकर्मी अनुपस्थित पाये गये।



बीएसए ने सभी अनुपस्थित अध्यापकों के अनुपस्थित दिवस के वेतन पर रोक लगाते हुए स्पष्टीकरण मांगा। नए शिक्षा सत्र में स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बेहतर नए नामांकन पर जोर दिया जा रहा है। लेकिन शिक्षक ही अनुपस्थित हो जा रहे हैं।

गुरुवार को नौ सहित पिछले 10 दिनों में कुल 31 शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशक अनुपस्थित मिले। बीएसए ने सभी का वेतन और मानदेय रोकते हुए स्पष्टीकरण मांगा। महानिदेशक शिक्षा ने अप्रैल में स्कूल चलो अभियान डोर टू डोर सर्वे कर अधिक से अधिक बच्चों को सरकारी स्कूलों में नामांकन का निर्देश दिया है। प्रशासन से लेकर शिक्षा विभाग के अफसर भी इसे प्रभावी बनाने की कोशिश कर रहे लेकिन कुछ शिक्षकों की मनमानी से विभागीय तैयारी को झटका लगा रहा है। इसी तरह तीन अप्रैल से अब तक कुल 31 शिक्षक शिक्षामित्र और अनुदेशक स्कूल से अनुपस्थित मिल चुके हैं। बीएसए भूपेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि अधिकारियों के निरीक्षण आख्या पर सभी पर कार्रवाई की गई। स्कूल में उपस्थित न होने पर सभी से स्पष्टीकरण भी मांगा गया है।

## एडीएम ने की आईजीआरएस की समीक्षा बैठक

**ज्ञानपुर।** जिलाधिकारी गौरांग राठी के कुशल निर्देशन में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वीरेंद्र कुमार मौर्य की अध्यक्षता में गुरूवार को आईजीआरएस की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में मुख्यमंत्री सन्दर्भ, जिलाधिकारी सन्दर्भ, ऑनलाइन प्राप्त सन्दर्भ, भारत सरकार पीजी पोर्टल सन्दर्भ, शासन, राजस्व परिषद निदेशालय सन्दर्भ, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, महिला हेल्प डेस्क, एंटी भू माफिया सहित आदि सन्दर्भों के कुल 32576 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसके सापेक्ष 31742 सन्दर्भ विभिन्न विभागों द्वारा निस्तारित किये गये तथा 832 लंबित सन्दर्भ व 02 डिफाल्टर सन्दर्भ के सम्बन्ध में अपर जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायत को निर्धारित समय में निस्तारित किये जायें। बैठक में एडीएम ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का निस्तारण ससमय किया जाय। उन्होंने कहा कि शासन के मंशानुरूप जनसामान्य की शिकायतों का निराकरण शीर्ष प्राथमिकताओं के अनुरूप किये जायें। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता एवं लापरवाही किसी भी दशा में बर्दास्त नहीं की जायेगी।

# आरओ, एआरओ सहित मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण

**तैयारी**

**विकास भवन सभागार में पीठासीन अधिकारियों को प्रशिक्षित करेंगे मास्टर ट्रेनर**

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, सकुशल, निष्पक्ष, सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से सम्पन्न कराने हेतु गुरुवार को विकास भवन सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी के निर्देशन में उपायुक्त मनरेगा राजाराम की अध्यक्षता में निर्वाचन संबंधी मास्टर ट्रेनर सहित आरओ, एआरओ को तीसरे चरण का प्रशिक्षण दिया गया।

उपायुक्त मनरेगा राजाराम ने बताया कि पारदर्शी व निष्पक्ष चुनाव कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसके लिए आप सभी आर.ओ., ए.आर.ओ. की हस्तपुस्तिका व जनपद स्तर पर तैयार पी.पी.टी. व हैंड आउट का बारीकी से अध्ययन कर लें। उन्होंने बताया कि आर.ओ. व ए.आर.ओ., मास्टर ट्रेनर की नामांकन दाखिला से लेकर मतगणना तक में महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसलिए निर्वाचन प्रक्रिया की पूरी जानकारी आपको होनी चाहिए। उन्होने प्रतीक आवंटन की प्रक्रिया व प्रारुप 13 पर विस्तार से चर्चा की।

डिस्ट्रिक्ट मास्टर ट्रेनर राकेश कुमार सिंह ने नामांकन प्रक्रिया से लेकर नाम वापसी तक के सभी बिन्दुओं पर पी.पी.टी. के माध्यम से विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने ने बताया कि आर.ओ.ए.आर.ओ. को दी जाने वाली सामग्री की पूरी व्यवस्था कर ली गई है। उन्होंने बताया कि आज जिन 25 मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया गया है वे सभी पीठासीन अधिकारियों को प्रशिक्षित करेंगे।

डिस्ट्रिक्ट मास्टर ट्रेनर ने नामांकन से संबंधित आर.ओ. को दिए जाने वाले सभी प्रपत्रों पर विस्तार से चर्चा की। उनके द्वारा नामांकन प्रक्रिया में भरे जाने वाले सभी प्रपत्रों को भरकर उसका डेमो दिया और सभी जिज्ञासाओं का उत्तर भी दिया गया।

## संक्षेप

### सहकारी क्रय-विक्रय समिति के चुनाव में बेचन सिंह सभापति, कैलाशनाथ सिंह उपसभापति निर्विरोध निर्वाचित



सहकारी क्रय-विक्रय समिति के चुने गये पदाधिकारी

**शाहगंज।** सहकारी क्रय-विक्रय समिति का चुनाव नगर पालिका परिषद के पीछे स्थित कार्यालय पर सकुशल सम्पन्न हुआ। चुनाव अधिकारी बीडीओ सोधी नन्दलाल की मौजूदगी में गुरुवार दोपहर सम्पन्न हुआ। ग्यारह सदस्यों ने निर्विरोध रुप से बेचन सिंह सभापति एवं उपसभापति पद पर कैलाशनाथ सिंह चुनें गये। इस दौरान उमेश तिवारी, संतोष सिंह, संजय सिंह, विजय सिंह, चिंता हरण शर्मा, भीम सिंह, हृदय नारायण, प्रमोद चौहान, धर्मेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### मतदाता जागरूकता का लिया निर्णय

**ओबरा।** सामाजिक संस्था सोनांचल सेवा मंच की बैठक चोपन रोड स्थित एक निजी अस्पताल में गुरुवार को हुई। अध्यक्षता कर रहे सुशील कुशवाहा अशोक कुमार यादव ने कहा कि नगर निकाय का चुनाव होने जा रहा है। किसी भी नगर के विकास के लिए अच्छे लोगों का इस पद पर रहना आवश्यक है। इसके लिए शत- प्रतिशत मतदान सुनिश्चित हो। कहा कि मंच कार्यकताओं द्वारा मतदाताओं के बीच में जाकर अधिक से अधिक मतदान करने को प्रेरित करेगा। सदस्यों ने सामाजिक समरसता को बढ़ाते हुए मंच की मजबूती के लिए कार्य करते हुए संगठन को समाज के लिए और उपयोगी बनाने के लिए बल दिया।

# सपा कार्यकर्ता हमेशा चुनौतियों का करते हैं सामना : डॉ. अवधनाथ पाल

**स्वागत**

**अगर मोदी खुद सुन ले अपना भाषण तो नहीं देंगे भाजपा को वोट : तूफानी सरोज**

**नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत**

जनसंदेश न्यूज

**जफराबाद/सिरकोनी।** स्थानीय क्षेत्र के विशुनपुर मझवारा गांव में बुधवार की देर रात को सपा के वरिष्ठ नेता रत्नाकर चौबे के आवास पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत समारोह का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. अवध नाथ पाल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता हमेशा चुनौतियों का सामना करते है। चुनौती से कभी भागते नहीं हमेशा डट कर सामना करते हैं। नगर निकाय चुनाव में समीकरण देख कर प्रत्याशी उतारे जायेगे और हम लोग नगर निकाय चुनाव को जीतेंगे।



नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत करते लोग

केराकत के विधायक तूफानी सरोज ने बात करते समय भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार से जनता त्रस्त है। 2024 के चुनाव में जनता मोदी के खिलाफ है। अगर मोदी 2014 के चुनाव का अपना भाषण खुद सुन लें तो वो खुद भाजपा को अपना वोट नहीं देंगे। जितने भी इन्होंने जनता से वादा किया है एक भी काम नहीं किया जो इनकी डिग्रियों की उपयोगिता को लेकर जो चल रहा है इसमें भाजपा के बड़े नेता को स्पष्ट करना चाहिए। देश के प्रधानमंत्री की प्रदेश भर में शिक्षा को लेकर जो बवाल मचा है कि डिग्री फर्जी है बड़े नेता को बयान देकर इस पर विराम लगाना चाहिए।

मोदी विदेश में गए और अपने भाषण में कहाकि हमें 600 करोड़ लोगों ने वोट दिया। उनको 60 करोड़ और 600 करोड़ में अंतर नहीं पता। अमित शाह ने अपने भाषण में कहाकि आप लोग 12 पास करके इंटरमीडिएट में जाएंगे तो आप लोगों को लैपटॉप मिलेगा। इनकों नहीं पता कि 12 और इंटरमीडिएट एक ही है। इन लोगों के हाथ में देश की बागडोर है देश का इतना पतन हो गया है। सही होने में 70 साल लगेंगे। इस मौके पर नंदलाल यादव, शिवसंत यादव, अनिल दुबे, घनश्याम यादव, अखिलेश यादव, बड़े लाल यादव, प्रदीप वर्मा, चंद्र प्रकाश चौहान आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में रत्नाकर चौबे ने सबका आभार व्यक्त किया।

# डॉ. अम्बेडकर जयंती पर शिक्षा विभाग का नामांकन महाअभियान

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** संविधान निमार्ता डॉ. अम्बेडकर के शिक्षा के लिए योगदान और प्रयासों को याद करते हुए बेसिक शिक्षा भदोही ने उनके जन्मदिवस को विशेष रूप से मनाने का निश्चय किया है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह ने बताया गया डॉ. अम्बेडकर की जयन्ती के सुअवसर पर जनपद भदोही के सभी विकास खण्डों में स्कूल चलो अभियान-2023 के अंतर्गत नामांकन का महाअभियान चलाया जाएगा। जिसमें सभी अध्यापक अपने सेवित क्षेत्रों में अभिभवाकों से संपर्क कर सभी बच्चों का नामांकन सरकारी विद्यालय में करेंगे। किसी भी संकल्प की सिद्धि तभी सम्भव है जब स्वप्रेरित होकर पूरा जनसमुदाय उसमें अपनी भूमिका निभाये, क्योंकि अकेला चना कभी भाड़ नहीं फोड़ता और इतिहास गवाह है कि क्रांति जब-जब हुई है पूरा जनसमुदाय एक संकल्प से संकल्पित होकर एक साथ खड़ा हुआ है। भदोही के सभी बच्चे विद्यालय तक पहुँचे इसके लिए सभी भदोही वासियों के साथ की जरूरत हैं। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने सभी अभिभावको से अपील की हैं कि अपने बच्चों का नामांकन नजदीकी सरकारी विद्यालय में करायें तथा रोज विद्यालय भेजने हेतु प्रेरित करें।



बीएसए भूपेंद्र नारायण सिंह

## संक्षेप

### बाइक की टक्कर से दो घायल

**सिरकोनी।** स्थानीय क्षेत्र के शिवपुर पुलिया के पास गुरुवार को दो बाइकों की टक्कर में दो युवक घायल हो गए। जानकारी के अनुसार संतोष कुमार उम्र 38 वर्ष व संदीप कुमार उम्र 30 वर्ष निवासी मुरादपुर किसी काम से केराकत जा रहा था। शिवपुर पुलिया के पास बाइकों की टक्कर से दोनों युवक घायल हो गए। मौके पर पहुँची एम्बुलेंस दोनों को लेकर नेहरू नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नेहरू नगर ले गयी। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला चिकित्सालय भेजा गया जहां एक की हालत नाजुक बताई जा रही है।

### अश्लील वीडियो बनाकर युवती को ब्लैकमेल करने का आरोपी गिरफ्तार

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र की एक युवती के मोबाइल फोन पर युवक द्वारा वीडियो कॉल से अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने तथा मना करने पर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। मामले के संबंध में युवती द्वारा दिए गए तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध 354, 504, 506 व 66ए आईटी एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही की गई। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देश पर गोपीगंज कोतवाली पुलिस द्वारा उक्त अभियोग से सम्बंधित आरोपी मुकेश मौर्य पुत्र दुखीराम मौर्य निवासी नेवाड़ी थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ को नई बस्ती कस्बा गोपीगंज से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए चालान किया गया।

### अगलगी की क्षति पूर्ति के लिए मुआवजे की मांग हेतु व्यापार मंडल ने की बैठक

**गोपीगंज।** नगर में व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं व्यापारियों के साथ गुरुवार को बैठक नगर अध्यक्ष श्रीकांत जायसवाल के आवास पर सम्पन्न हुई। जिसमें बुधवार को बर्तन के बड़े कारोबारी कमल कौशल के सदर महाल स्थित दुकान में विद्युत शॉर्ट सर्किट से आग लगने की वजह से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। घटना को लेकर नगर अध्यक्ष श्रीकांत जायसवाल ने प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन से भारी मुआवजे की मांग की है, जिसमें सभी पदाधिकारी गण एवं व्यापारियों ने सहमति जताई है। बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष रमाकांत गुप्ता, रतनलाल अग्रहरी, त्रिलोकीनाथ उमर, दिनेश कुमार, जगदीश उमर, संजय तिवारी, अभिषेक जयसवाल, मिथलेश कुमार, राकेश अग्रहरी, रमेश कौशल, जगदीश जयसवाल, प्रदीप गुप्ता, दीपक मोदनवाल, रितेश जयसवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

### अग्नि कांड की जांच में पहुंचे इलेक्ट्रिक इंस्पेक्टर

**गोपीगंज।** नगर के सदर मुहाल में बुधवार को बर्तन के थोक व्यापारी कमल कौशल के दुकान में विद्युत शार्ट सर्किट से दुकान में भीषण आग लग जाने से लाखों रुपए की क्षति हो गई है। व्यापारी का दुकान का सामान सहित घरेलू एसी टीवी, फ्रिज सहित गृहस्थी के सामान भी जलकर राख हो गया। अग्निकांड के दूसरे दिन गुरुवार को विद्युत विभाग के इलेक्ट्रिक इंस्पेक्टर दिनेश मौर्या व्यापारी की दुकान पर पहुंच कर जांच पड़ताल किए और अग्निकांड में अनुमानित क्षति पचहत्तर लाख राशि अंकित कर शासन से मुआवजे का भरोसा दिलाया है।

### 30 अप्रैल तक हर हाल में करा लें पंजीयन

**ज्ञानपुर।** मुख्य चिकित्साधिकारी डा. संतोष कुमार चक ने जनपद के समस्त संचालित सभी पंजीकृत निजी चिकित्सालय, नर्सिंग होम, पैथालाजी, एक्सरे को निर्देशित किया है कि सभी के पंजीयन प्रमाण पत्र की वैधता तिथि 30 अप्रैल को समाप्त हो जायेगी। सभी अपने चिकित्सालय का नवीनीकरण पंजीयन हेतु 30 अप्रैल से पूर्व सीएमओ कार्यालय में जमा कर दे। अन्यथा चिकित्सालय का पंजीयन वैधता तिथि के बाद स्वतः समाप्त हो जायेगी और यदि वैधता तिथि के बाद आपके चिकित्सालय का संचालन होता है तो यह मान जायेगा की बिना पंजीयन के अवैध रूप से चिकित्सालय का संचालन किया जा रहा है। जांच में यदि बिना पंजीकरण के चिकित्सालय का संचलन करते हुए पाये जाते है तो आपके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। जिसके लिए स्वंय जिम्मेदार होगे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**

**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**

पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. 8177008889

आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**

डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# तहसीलदार संघ ने डीएम के जरिए मुख्य सचिव को भेजा ज्ञापन

**मांग**

**जखनियां तहसीलदार पर हुए हमले के विरोध में तहसीलदार संघ लामबंद हुआ**

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** गाजीपुर जनपद के जखनिया तहसील के तहसीलदार रामजी की मा.उच्च न्यायालय इलाहाबाद में व्यक्तिगत उपस्थिति के दौरान हुए हमले के विरोध में गुरूवार को तहसीलदार भदोही के नेतृत्व में मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित जिलाधिकारी द्वारा प्रेषित किए जाने हेतु अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया।



मुख्य सचिव को संबोधित ज्ञापन डीएम प्रतिनिधि को सौंपते तहसीलदार संघ के लोग

ज्ञापन द्वारा अवगत कराया गया कि बसन्ती देवी बनाम उ.प्र. सरकार व अन्य में पारित आदेश गत 7 अप्रैल के समादर में रामजी पूर्व तहसीलदार जखनियाँ व वर्तमान तहसीलदार जमानियाँ को माननीय उच्च न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर शपथ पत्र प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया था। तत्क्रम में उ.प्र. राजस्व (प्रशासनिक) अधिकारी संघ जिला भदोही ईकाई को संज्ञान में आया हैं कि माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के उपरोक्त आदेश के अनुपालन के क्रम में गत 10 अप्रैल को व्यक्तिगत उपस्थिति हेतु रामजी, तहसीलदार जमानियों कोर्ट नं.-64 में उपस्थित हुए। सुनवाई के उपरान्त कोर्ट नं.-64 के दरवाजे पर कुछ अधिवक्ताओं द्वारा मारपीट की गयी। मारपीट के क्रम में उन्हें खींचकर लाबी में ले जाया गया तथा घूंसा, लात एवं थप्पड़ से पीटा गया। रामजी तहसीलदार जखनियां द्वारा अपने बचाव में चिल्लाने पर कोर्ट नं.-64 में उपस्थित न्यायाधीश को स्वयं आकर बीच बचाव करना पड़ा तथा रामजी को अपने चैंबर में ले जाया गया, तब जाकर किसी प्रकार से रामजी तहसीलदार जमानियों की जान बची।

# राजकेशर पाल निर्विरोध सभापति निर्वाचित हुए

**जौनपुर।** क्रय विक्रय सहकारी समिति लिमिटेड जौनपुर के सभापति/चेयरमैन का चुनाव देवचंदपुर स्थित कार्यालय पर संपन्न हुआ जहां सर्वसम्मति से भाजपा मंडल अध्यक्ष करंजकला राजकेशर पाल को निर्विरोध सभापति/चेयरमैन व उपसभापति मंजू पांडे पत्नी शैलेश पांडे निर्विरोध निर्वाचित हुए।



नवनिर्वाचित सभापति व सदस्यगण

11 सदस्य के रूप में शैलेंद्र सिंह, राधेश्याम विश्वकर्मा, अजय मिश्रा, जितेंद्र मिश्रा, सिद्धार्थ राय, विनय कुमार सिंह, दिव्यांशु सिंह, मनोज दुबे, नंदिनी राय, संजीव गौतम और मदन सोनी निर्विरोध सदस्य निर्वाचित हुए। इस अवसर पर करंजकला के प्रमुख प्रतिनिधि सुनील यादव मम्मन, पूर्व मंडल अध्यक्ष शरद सिंह, करंजकला के पूर्व प्रमुख जितेंद्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य श्याम बाबू यादव, सभासद अच्छेलाल मौर्य, सभासद मनीष श्रीवास्तव, प्रशांत सिंह दीपक, राधेश्याम पाल, शुभम सिंह, बलवंत सिंह, कपिल देव सिंह व अमित श्रीवास्तव उपस्थित रहे। खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद यादव व जिला अध्यक्ष भाजपा पुष्पराज सिंह ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को अपनी बधाई व शुभकामनाएं दी।

# क्रय विक्रय सहकारी संघ के चुनाव में वीरेंद्र शुक्ला निर्विरोध निर्वाचित

जनसंदेश न्यूज

**गोपीगंज।** क्रय विक्रय सहकारी संघ के चुनाव में वीरेंद्र शुक्ला निर्विरोध निर्वाचित हुए, श्री शुक्ला के निर्विरोध चुने जाने पर समर्थकों में हर्ष जताया हैं।

निर्वाचन अधिकारी दिनेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि 13 अप्रैल को सभापति पद के लिए दो नामांकन पत्र दाखिल होने के बाद शोभा सिंह पत्नी राजेंद्र सिंह ने अपना पर्चा उठा लेने की वजह से वीरेंद्र शुक्ला उर्फ वीरू को निर्विरोध सभापति चुना गया। शांति पूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न हो गया।

**चुनाव**

**समर्थकों में भारी उल्लास, फूल माला पहना कर किया स्वागत**

बताया जाता है कि 30 वर्षों से राजेंद्र सिंह उर्फ मुन्नू सिंह का दबदबा था। निर्वाचित वीरेंद्र शुक्ला ने कहा कि समिति किसानों के हित के लिए हमेशा कार्य करती है, और आगे भी और भी बेहतर तरीके से कार्य करने के लिए मेरा पूरा प्रयास रहेगा। भाजपा शासन में किसी भी किसान को किसी भी प्रकार की खाद वितरण में कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। निर्वाचित होने के बाद उनके समर्थक खुशी से झूम उठे। जिसमें मुख्य रूप से विधायक विपुल दुबे, डीघ ब्लॉक प्रमुख मनोज मिश्रा, डॉक्टर राजेश सिंह, आशीष सिंह, अटकोटी सिंह, रिंकी सिंह, रमेश पांडेय, कलेक्टर सिंह, मुन्ना सिंह, पप्पू सिंह, अरुण मिश्रा, गब्बर सिंह, अश्वनी अग्रवाल सहित भारी संख्या में समर्थक मौजूद रहे। सभी में खुशियों की लहर रही एक दूसरे को माला पहनाकर, मिठाई बांटकर खुशियों का इजहार किया।



निर्वाचित अध्यक्ष वीरेंद्र शुक्ला का फूल माला पहना कर स्वागत करते साथी

# एक ही मस्जिद में लगातार 50वें साल किया तरावीह मुकम्मल

**उपलब्धि**

**मस्जिद के मुतवल्ली हाजी मुनीर अंसारी ने हाफिज तबरेज आलम को मोमेंटों देकर किया सम्मानित**

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** नगर के मोहल्ला बाजार सरदार खां में गुरुवार को तरावीह मुकम्मल हुई। हाफिज तबरेज आलम ने तरावीह मुकम्मल कराई। वें 50 वर्षों से लगातार एक ही मस्जिद में तरावीह की नमाज पढ़ाते चले आ रहे। तरावीह मुकम्मल होने के बाद मस्जिद के मुतवल्ली हाजी मुनीर अहमद अंसारी ने उनको मोमेंटों देकर सम्मानित किया और मुबारकबाद दी।


इस अवसर पर हाफिज तबरेज आलम ने कहा कि इस मस्जिद में तरावीह की नमाज को पढ़ाते हुए 50 साल हो गए। हिफ्ज करने के बाद जो यहां पर तरावीह की नमाज पढ़ाना शुरू किया तो फिर आज तक यही पर पढ़ाते रहे गए। उन्होंने कहा कि तरावीह सुनना सुन्नत है। तरावीह मुकम्मल हो जाने का यह मतलब नहीं कि आगे तरावीह न पढ़ी जाएं। ईद का चांद दिखने तक तरावीह व सूरह तरावीह पढ़ते रहें। इस समय रमजान का आखिरी अशरा चल रहा है। ऐसे में हर मोमिन को चाहिए कि वह ज्यादा से ज्यादा इबादत करें और अपनी गुनाहों से तौबा करें। हाफिज तबरेज आलम ने बारगाहे परवरदिगार में दोनों हाथों को फैलाकर मुल्क में अमनोअमान तथा मुसलमानों के कारोबार में खैरोबरकत आदि के लिए दुआएं की।



एक ही मस्जिद में लगातार 50वें साल तरावीह मुकम्मल करने पर हाफिज तबरेज को मुबारक बाद देते नमाजी

इस मौके पर विधायक जाहिद बेग, हाफिज अहसन, हाफिज हामिद, जमील अंसारी नेता, हाजी मुनीर अहमद अंसारी, हाजी जुलकैफ अंसारी, डॉ.अजहर आसिफ अंसारी, डॉ.अफरोज अंसारी, जावेद आलम अंसारी, फिरोज खां, परवेज आलम, अल्हाक अंसारी, मोईन हाशमी, फिरदौस आलम, मो.जकी, अशरफ अली सिद्दीकी, अकील अंसारी, खतीब आलम, मोअज्जम अली, शकील अहमद, अब्दुल वाहिद, सरफराज अंसारी, इरफान अहमद, शारिक मोईन, आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

# जयंती पर विशेष




बाबा साहेब के नाम से लोकप्रिय भीमराव रामजी अम्बेडकर एक न्यायविद, राजनीतिज्ञ, अर्थशास्त्री, लेखक, संपादक थे। वह एक दलित थे, जो जातिगत भेदभाव को झेले। उन्हें दूसरी जाति के बच्चों के साथ खाने या स्कूल में पानी तक पीने की इजाजत नहीं थी। उनका जीवन दृढ़ संकल्प का सर्वोच्च उदाहरण है और यह दर्शाता है कि कैसे शिक्षा किसी का भाग्य बदल सकती है। जातिगत भेदभाव की जकड़न में बचपन गुजारने वाला बच्चा, बड़ा होकर स्वतंत्र भारत के संविधान का निर्माता बना। बाबा साहेब का जीवन बाधाओं के विपरीत होने पर भी अपना लक्ष्य न छोड़ने का उदाहरण है।



# समानता की लड़ाई के महान योद्धा

डॉ अम्बेडकर ने शिक्षा को निरक्षरता, अज्ञानता और अंधविश्वास से सामाजिक रूप से पिछड़े लोगों की मुक्ति के लिए एक उपकरण के रूप में देखा। डॉ. अम्बेडकर लैंगिक समानता की लड़ाई लड़ने वाले योद्धा थे और विरासत एवं विवाह में महिलाओं के समान अधिकारों के लिए लड़े थे। डॉ. अंबेडकर के पास महिला सशक्तिकरण के लिए एक दृष्टिकोण था और वे भारत में महिलाओं की उन्नति के रास्ते में आने वाली बाधाओं को तोड़ने के लिए खड़े हुए थे। डॉ. अम्बेडकर की दूरदर्शिता, प्रेरक जीवन और विचार हमारे इस दृढ़ विश्वास को पुष्ट करते हैं कि राष्ट्र को पूर्ण प्रतिबद्धता, सकारात्मक सोच, विवेकपूर्ण योजना, इष्टतम प्रयास, सामंजस्यपूर्ण पहल और अथक दृढ़ संकल्प के साथ संचालित किया जाना है। डॉ अम्बेडकर की यही प्रगतिशील सोच एक आधुनिक, लोकतांत्रिक और सामाजिक रूप से न्यायपूर्ण भारत के लिए संघर्ष में उनकी भूमिका को कई अन्य उत्कृष्ट राष्ट्रीय हस्तियों के सामने बहुत बढ़ा देती है जो स्वतंत्रता आंदोलन युग की महान लड़ाइयों के दौरान उनके समकालीन और विरोधी भी थे। यह अनिवार्य रूप से इसलिए अहम है कि उनके जीवन में संघर्ष, अध्ययन, और विचारों में प्रयोग द्वारा उजागर की गई गहरी और केंद्रीय समस्याएं आज भी जीवित हैं। भारतीय समाज के बारे में उनके द्वारा उठाए गए अक्सर गहन प्रश्न वर्तमान में भी मूल रूप से अनुत्तरित हैं। अंबेडकर की आत्मकथा 'वेटिंग फॉर अ वीजा' कोलंबिया विश्वविद्यालय पुस्तक के रूप में प्रयोग की जाती है। बाबा साहेब के जीवन एवं उनके किये गये कार्यों को जानना सबके लिये अति आवश्यक है। उनकी जीवन कथा तो हमसबके लिये प्रेरणास्पद है ही, किंतु उनके किये हुए कार्य सामाजिकता व देशप्रेम का अतुलनीय पाठ पढ़ाते हैं। 1935 में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गठन में डॉ अम्बेडकर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1955 में वापस, वे बेहतर सरकार के लिए मध्य प्रदेश और बिहार के विभाजन का प्रस्ताव रखने वाले पहले व्यक्ति थे। वह संस्कृत को भारतीय संघ की राजभाषा भी बनाना चाहते थे और उन्होंने दो बार 'लोकसभा' चुनाव में भाग लिया लेकिन दोनों बार जीतने में असफल रहे। उनकी आत्मकथा 'वेटिंग फॉर अ वीजा' कोलंबिया विश्वविद्यालय में पाठ्य पुस्तक के रूप में प्रयोग की जाती है। वह रोजगार और निर्वाचन क्षेत्र के आरक्षण के सिद्धांत के विरोधी थे और नहीं चाहते थे कि व्यवस्था बिल्कुल भी मौजूद रहे। वह पीएचडी अर्जित करने वाले पहले भारतीय थे। अम्बेडकर वह व्यक्ति थे जिन्होंने भारत के काम के घंटों को 14 से घटाकर आठ घंटे प्रतिदिन करने पर जोर दिया। वह भारतीय संविधान के 'अनुच्छेद 370' के मुखर विरोधी थे, जिसने जम्मू और कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा दिया था।1916 में, डॉ. बी.आर. अम्बेडकर ने बड़ौदा रियासत के रक्षा सचिव के रूप में काम किया। दलित होने के कारण काम आसान नहीं था। लोगों द्वारा उनका उपहास उड़ाया जाता था और अक्सर उनकी उपेक्षा की जाती थी। लगातार जातिगत भेदभाव के बाद, उन्होंने रक्षा सचिव के रूप में अपनी नौकरी छोड़ दी और एक निजी ट्यूटर और लेखाकार के रूप में नौकरी की। बाद में उन्होंने एक परामर्श फर्म की स्थापना की, लेकिन यह फलने-फूलने में विफल रही। कारण यह रहा है कि वह दलित थे। आखिरकार उन्हें मुंबई के सिडेनहैम कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड इकोनॉमिक्स में एक शिक्षक के रूप में नौकरी मिल गई। जैसा कि अम्बेडकर खुद जातिगत भेदभाव के शिकार थे, उन्होंने समाज में अछूतों की दयनीय स्थिति को ऊपर उठाने का प्रयास किया। उन्होंने ₹मूकनायक₹ नामक एक साप्ताहिक पत्रिका की स्थापना की, जिसने उन्हें भारत की असमानता की मान्यताओं की आलोचना करने में सक्षम बनाया। उन्हें भारत में जातिगत भेदभाव की प्रथा को खत्म करने का जुनून था, जिसके कारण उन्होंने ₹बहिष्कृत हितकर्णी सभा₹ की स्थापना की।



प्रो. साकेत कुशवाहा
कुलपति
राजीव गांधी विवि, अरुणांचल प्रदेश



## अछूतों के अधिकारों की लड़ी लड़ाई 'पूना पैक्ट' का गठन किया

संगठन का मुख्य लक्ष्य पिछड़े वर्गों को शिक्षा प्रदान करना था। 1927 में उन्होंने छुआछूत के खिलाफ लगातार काम किया। उन्होंने गांधी के नक्शेकदम पर चलते हुए सत्याग्रह आंदोलन का नेतृत्व किया। अछूतों को पीने के पानी के मुख्य स्रोत और मंदिरों में प्रवेश से वंचित कर दिया गया था। उन्होंने अछूतों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी। 1932 में, 'पूना पैक्ट' का गठन किया गया जिसने क्षेत्रीय विधान सभा और केंद्रीय परिषद राज्यों में दलित वर्ग के लिए आरक्षण की अनुमति दी। 1935 में, उन्होंने 'इंडिपेंडेंट लेबर पार्टी' की स्थापना की, जिसने बंबई चुनाव में चौदह सीटें हासिल कीं। 1935 में, उन्होंने 'द एनीहिलेशन ऑफ कास्ट' जैसी किताबें प्रकाशित कीं, जो रूढ़िवादी मान्यताओं पर सवाल उठाती थीं, और अगले ही साल, उन्होंने 'हू वेयर द शूद्रस?' नाम से एक और किताब प्रकाशित की। जिसमें उन्होंने बताया कि अछूत कैसे बनते हैं। भारत की स्वतंत्रता के बाद, उन्होंने रक्षा सलाहकार समिति के बोर्ड में और 'वायसराय की कार्यकारी परिषद' के लिए श्रम मंत्री के रूप में कार्य किया। काम के प्रति उनके समर्पण ने उन्हें भारत के पहले कानून मंत्री की कुर्सी दिलाई। वह भारत के संविधान की मसौदा समिति के पहले अध्यक्ष थे। उन्होंने भारत की वित्त समिति की भी स्थापना की। यह उनकी नीतियों के माध्यम से था कि राष्ट्र ने आर्थिक और सामाजिक दोनों तरह से प्रगति की। 1951 में उनके सामने 'द हिंदू कोड बिल' का प्रस्ताव रखा गया, जिसे बाद में उन्होंने अस्वीकार कर दिया और मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने लोकसभा की सीट के लिए चुनाव लड़ा लेकिन हार गए। बाद में उन्हें राज्यसभा के लिए नियुक्त किया गया और 1955 में उनकी मृत्यु तक वे राज्य सभा के सदस्य बने रहे।

## व्यक्तिगत स्वतंत्रता में प्रबल रूप से विश्वास करते थे

एक सामाजिक-राजनीतिक सुधारक के रूप में अम्बेडकर की विरासत का आधुनिक भारत पर गहरा प्रभाव पड़ा। स्वतंत्रता के बाद के भारत में उनके सामाजिक-राजनीतिक विचारों का पूरे राजनीतिक क्षेत्र में सम्मान किया जाता है। उनकी पहल ने जीवन के विभिन्न क्षेत्रों को प्रभावित किया है और जिस तरह से भारत आज सामाजिक-आर्थिक नीतियों, शिक्षा और सकारात्मक कार्रवाई को सामाजिक-आर्थिक और कानूनी प्रोत्साहन के माध्यम से देखता है यह बाबा साहेब के प्रभाव स्वरूप ही है। एक विद्वान के रूप में उनकी प्रतिष्ठा ने ही उन्हें स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री और संविधान का मसौदा तैयार करने वाली समिति के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया। वे व्यक्तिगत स्वतंत्रता में प्रबल रूप से विश्वास करते थे और जाति समाज की आलोचना करते थे। अम्बेडकर के राजनीतिक दर्शन ने बड़ी संख्या में राजनीतिक दलों, प्रकाशनों और श्रमिक संघों को जन्म दिया है जो पूरे भारत में सक्रिय हैं, खासकर महाराष्ट्र में। बौद्ध धर्म में उनके रूपांतरण ने भारत और विदेशों में बौद्ध दर्शन में रुचि को पुनर्जीवित किया। 1956 के अम्बेडकर के नागपुर समारोह का अनुकरण करते हुए आधुनिक समय में मानवाधिकार कार्यकर्ताओं द्वारा बड़े पैमाने पर रूपांतरण समारोह आयोजित किए गए हैं। कुछ भारतीय बौद्ध उन्हें बोधिसत्व के रूप में मानते हैं, हालांकि उन्होंने खुद कभी इसका दावा नहीं किया। भारत के बाहर, 1990 के दशक के अंत में, कुछ हंगेरियाई रोमानी लोगों ने अपनी स्थिति और भारत में पददलित लोगों के बीच समानताएं बनाईं। अम्बेडकर से प्रेरित होकर, उन्होंने बौद्ध धर्म अपनाना शुरू किया।

### अर्थशास्त्र पर उनकी तीन पुस्तकें

*अम्बेडकर एक अर्थशास्त्री के रूप में प्रशिक्षित थे और 1921 तक एक पेशेवर अर्थशास्त्री थे, जब वे एक राजनीतिक नेता बन गए। उन्होंने अर्थशास्त्र पर तीन पुस्तकें लिखीं:*

1- ईस्ट इंडिया कंपनी का प्रशासन और वित्त
2- ब्रिटिश भारत में प्रांतीय वित्त का विकास
3- रुपये की समस्या: इसकी उत्पत्ति और इसका समाधान

## विदेश में अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट करने वाले पहले भारतीय

अम्बेडकर विदेश में अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट करने वाले पहले भारतीय थे। उन्होंने तर्क दिया कि औद्योगीकरण और कृषि विकास भारतीय अर्थव्यवस्था को बढ़ा सकते हैं। उन्होंने भारत के प्राथमिक उद्योग के रूप में कृषि में निवेश पर जोर दिया।अम्बेडकर की दृष्टि ने सरकार को अपने खाद्य सुरक्षा लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद की। अम्बेडकर ने बुनियादी सुविधाओं के रूप में राष्ट्रीय आर्थिक और सामाजिक विकास, शिक्षा, सार्वजनिक स्वच्छता, सामुदायिक स्वास्थ्य, आवासीय सुविधाओं पर जोर देने की वकालत की। उनकी डीएससी थीसिस, रुपये की समस्या: इसकी उत्पत्ति और समाधान (1923) रुपये के मूल्य में गिरावट के कारणों की जांच करती है। इस निबंध में, उन्होंने संशोधित रूप में एक स्वर्ण मानक के पक्ष में तर्क दिया, और कीन्स द्वारा अपने ग्रंथ भारतीय मुद्रा और वित्त (1909) में समर्थित स्वर्ण-विनिमय मानक का विरोध किया, यह दावा करते हुए कि यह कम स्थिर था। उन्होंने रुपये के आगे के सभी सिक्कों को रोकने और एक सोने के सिक्के की ढलाई का समर्थन किया, जिसके बारे में उनका मानना था कि मुद्रा की दरें और कीमतें तय होंगी।

## दलितों और सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए समर्पित रहा पूरा जीवन

बी.आर. अम्बेडकर एक प्रमुख समाज सुधारक और एक कार्यकर्ता थे जिन्होंने अपना पूरा जीवन दलितों और भारत के अन्य सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों की बेहतरी के लिए समर्पित कर दिया। अम्बेडकर ने भारतीय समाज में एक बीमारी की तरह फैल चुके जातिगत भेदभाव के उन्मूलन के लिए लगातार संघर्ष किया। उनका जन्म एक सामाजिक रूप से पिछड़े परिवार में हुआ था, अम्बेडकर एक दलित थे जो जातिगत भेदभाव और असमानता के शिकार थे। हालाँकि, सभी बाधाओं के बावजूद, अम्बेडकर उच्च शिक्षा पूरी करने वाले पहले दलित बने। इसके बाद उन्होंने कॉलेज पूरा किया और लंदन विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने पूरी तरह से राजनीति में प्रवेश किया, जिसका उद्देश्य पिछड़े वर्गों के अधिकारों और समाज में प्रचलित असमानता के खिलाफ लड़ना था। भारत के स्वतंत्र होने के बाद, वह स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री और 'भारत के संविधान' के मुख्य वास्तुकार बने। बाद में 1956 में, उन्होंने बौद्ध धर्म को अपना लिया, क्योंकि वे इसे 'सबसे वैज्ञानिक धर्म' मानते थे।'

## भूमि सुधार और राज्य के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

1951 में, अम्बेडकर ने भारत के वित्त आयोग की स्थापना की। उन्होंने कम आय वाले समूहों के लिए आयकर का विरोध किया। उन्होंने अर्थव्यवस्था को स्थिर करने के लिए भूमि राजस्व कर और उत्पाद शुल्क नीतियों में योगदान दिया। उन्होंने भूमि सुधार और राज्य के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके अनुसार, जाति व्यवस्था, इसके विभाजन के कारण श्रमिक और पदानुक्रमित प्रकृति, श्रम के आंदोलन को बाधित करती है (उच्च जातियां निचली जाति के व्यवसायों को नहीं करती हैं) और पूंजी की आवाजाही नहीं हो पाती। राजकीय समाजवाद के उनके सिद्धांत के तीन बिंदु थे: कृषि भूमि पर राज्य का स्वामित्व, राज्य द्वारा उत्पादन के लिए संसाधनों का रखरखाव, और जनसंख्या में इन संसाधनों का न्यायोचित वितरण। उन्होंने एक स्थिर रुपये के साथ एक मुक्त अर्थव्यवस्था पर जोर दिया जिसे भारत ने हाल ही में अपनाया है। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था को विकसित करने के लिए जन्म नियंत्रण की वकालत की और इसे भारत सरकार द्वारा परिवार नियोजन के लिए राष्ट्रीय नीति के रूप में अपनाया गया है। उन्होंने आर्थिक विकास के लिए महिलाओं के समान अधिकारों पर जोर दिया।

## अगर आज बाबा साहेब अंबेडकर जिंदा होते तो क्या करते?

☛ आरक्षण पर शुरू से ही अपनी नजर रखते। इसके साथ ही आरक्षण नीति में कुछ बुनियादी बदलाव उनकी मांग होती। वे दूसरी पीढ़ी को आरक्षण का फायदा कतई भी नहीं लेने देते। क्योंकि अब यह जरूरत नहीं, बेजा फायदा था। ☛ आरक्षित कोटे से एक अवसर पाने वाले दलित परिवार बेहतर आर्थिक और शैक्षणिक स्तर हासिल कर चुके थे। बाबा साहेब इसे सामान्य वर्ग में आना ही मानते थे। ☛ गरीबी सिर्फ दलितों में नहीं थी। गांवों में लाखों परिवार भी उसी लंबी गुलामी की पैदाइश थे इसके अलावा भूमिहीन, गरीब और मजदूरी पर आश्रित है। अगर बाबा साहेब होते तो इसको नजर अंदाज कर ही नहीं सकते थे। ☛ वे पहले शख्स होते जो बीस साल बाद आर्थिक आधार पर सबका साथ, सबका विकास चाहते। तब ऊंची जाति के उपेक्षित और प्रतिभाशाली लोग भी सिर्फ उन्हीं की शरण में जाते और वे ही सर्वोत्तम न्यायसंगत रास्ता निकालते।वे अनुसूचित जाति, जनजाति के नौकरी प्राप्त अफसर-कर्मचारियों के संगठन बनाए जाने के खुलकर खिलाफ होते। वे कहते-आरक्षितों के संगठन बनाकर आरक्षण को राजनीतिक ढाल मत बनाइए। वर्ना हम दिशा भटक जाएंगे। आप मजबूत हो गए हैं तो दूसरे कमजोरों की सहायता कीजिए। ☛ डॉ अम्बेडकर के विचार थे कि एक महान आदमी एक प्रतिष्ठित आदमी से इस तरह से अलग होता है की वह समाज का नौकर बनने के लिए तैयार होता है। एक सफल क्रांति के लिए सिर्फ असंतोष का होना पर्याप्त नहीं है, जिसकी आवश्यकता है वो है न्याय एवं राजनीतिक और सामाजिक अधिकारों में गहरी आस्था। मनुष्य नश्वर है, उसी तरह विचार भी नश्वर है, एक विचार को प्रचार प्रसार की जरूरत होती है, जैसे कि एक पौधे को पानी की नहीं तो दोनों मुरझा कर मर जाते हैं। हमें बाबा साहेब के इन्हीं विचारों को अपनाना चाहिए। ये विचार व ये हिम्मत ही किसी भी व्यक्ति को जीवन की सही दिशा दिखलाते हुए उसके लिये प्रगतिशील मार्ग प्रशस्त करते हैं।



# शिक्षित बनो, संगठित रहो, आगे बढ़ो

बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर 20वीं सदी के सबसे बड़े विचारकों में एक हैं। वर्तमान सदी भी भारत में डॉ आंबेडकर के प्रभाव की सदी है। डॉ आंबेडकर की लोकप्रियता और स्वीकार्यता के पीछे उनका विशद अध्ययन, तार्किक लेखन और वंचित समूहों के लिए परिवर्तनकामी भूमिका है। शिक्षा का क्षेत्र भी उनके योगदान से अछूता नहीं है, लेकिन डॉ. आंबेडकर का मूल्यांकन करते वक्त इसकी कम बात होती है। उनके मशहूर नारे 'शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो' में शिक्षा पहले स्थान पर है। शिक्षा के बारे में उन्होंने कहा, 'शिक्षा वह है, जो व्यक्ति को निडर बनाये, एकता का पाठ पढ़ाये, लोगों को अधिकारों के प्रति सचेत करे। संघर्ष की सीख दे और आजादी के लिए लड़ना सिखाये।

डॉ आंबेडकर ने सबसे पहले बॉम्बे लेजिस्लेटिव काउंसिल में एक कानूनविद की हैसियत से 12 मार्च, 1927 को भारतीय समाज में शिक्षा के बारे में कुछ जरूरी सवाल उठाये। यह उनके लिए बेहद चिंता का विषय था कि हमारे देश ने शिक्षा के मामले में प्रगति नहीं की। वे कहते हैं, 'हम शिक्षा पर कम से कम उतनी राशि तो खर्च करें ही, जितनी हम लोगों से उत्पाद शुल्क के रूप में लेते हैं। उन्होंने उपाय सुझाया कि प्राथमिक शिक्षा पर अधिक से अधिक खर्च किया जाये। क्योंकि डॉ आंबेडकर ने शिक्षा के व्यावसायीकरण की समस्याओं को सौ साल पहले पहचान लिया था। वे कहते हैं 'शिक्षा तो एक ऐसी चीज है, जो सबको मिलनी चाहिए। शिक्षा विभाग ऐसा नहीं है, जो इस आधार पर चलाया जाये कि जितना वह खर्च करता है।



प्रो. निर्मला एस मौर्य
कुलपति
पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर

## लंदन में समझा व्हाइट कॉलर जॉब और ब्लू कॉलर जॉब

डॉक्टर भीमराव अंबेडकर भारत की जातिगत छुआछूत के खिलाफ ही नहीं बल्कि दुनिया भर में सभी प्रकार के भेदभाव के खिलाफ थे। डॉक्टर अंबेडकर जब लंदन में पढ़ रहे थे तब उन्होंने देखा कि यहां भारत की तरह जातिगत छुआछूत नहीं है लेकिन भेदभाव तो यहां भी है। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने देखा कि लंदन में व्हाइट कॉलर जॉब और ब्लू कॉलर जॉब प्रचलित हैं। व्हाइट कॉलर जॉब में लोग आराम से कुर्सी पर बैठकर मजे करते हैं और किसी प्रकार का कठिन परिश्रम नहीं करना पड़ता। लोग उनको को सलाम करते हैं। जबकि ब्लू कॉलर जॉब वाले व्यक्ति दिन-रात परिश्रम करते हैं धूप में रहते हैं और ऐसा करने के बाद भी सलाम करते हैं। यह व्हाइट कलर जॉब और ब्लू कॉलर जॉब जाति व्यवस्था पर आधारित नहीं थी। यह योग्यता पर आधारित थी। जब भीमराव अंबेडकर अपनी शिक्षा पूर्ण करके भारत वापस आए तो उन्होंने भारत में उच्च पद पर रहते हुए और भारत का संविधान लिखते हुए नीले रंग को अपनाया ताकि अंग्रेजों की तरह भारत में भी नीले कलर के कपड़े पहनने वाले व्यक्तियों को लन्दन की तरह भेदभाव का सामना ना करना पड़े।

## सामाजिक जनतंत्र के बिना सामाजिक चेतना का विकास संभव नहीं

डॉ. भीमराव अम्बेडकर भारत के आधुनिक निमार्ताओं में से एक माने जाते हैं। उनके विचार व सिद्धांत भारतीय राजनीति के लिए हमेशा से प्रासंगिक रहे हैं। दरअसल वे एक ऐसी राजनीतिक व्यवस्था के हिमायती थे, जिसमें राज्य सभी को समान राजनीतिक अवसर दे तथा धर्म, जाति, रंग तथा लिंग आदि के आधार पर भेदभाव न किया जाए। उनका यह राजनीतिक दर्शन व्यक्ति और समाज के परस्पर संबंधों पर बल देता है। उनका यह दृढ़ विश्वास था कि जब तक आर्थिक और सामाजिक विषमता समाप्त नहीं होगी, तब तक जनतंत्र की स्थापना अपने वास्तविक स्वरूप को ग्रहण नहीं कर सकेगी। दरअसल सामाजिक चेतना के अभाव में जनतंत्र आत्मविहीन हो जाता है। ऐसे में जब तक सामाजिक जनतंत्र स्थापित नहीं होता है, तब तक सामाजिक चेतना का विकास भी संभव नहीं हो पाता है।डॉ. अम्बेडकर जनतंत्र को एक जीवन पद्धति के रूप में भी स्वीकार करते हैं, वे व्यक्ति की श्रेष्ठता पर बल देते हुए सत्ता के परिवर्तन को साधन मानते हैं। वे कहते थे कि कुछ संवैधानिक अधिकार देने मात्र से जनतंत्र की नींव पक्की नहीं होती। उनकी जनतांत्रिक व्यवस्था की कल्पना में नैतिकता और सामाजिकता दो प्रमुख मूल्य रहे हैं जिनकी प्रासंगिकता वर्तमान समय में बढ़ जाती है। दरअसल आज राजनीति में खींचा-तानी इतनी बढ़ गई है कि राजनैतिक नैतिकता के मूल्य गायब से हो गए हैं। हर राजनीतिक दल वोट बैंक को अपनी तरफ करने के लिए राजनीतिक नैतिकता एवं सामाजिकता की दुहाई देते हैं, लेकिन सत्ता प्राप्ति के पश्चात इन सिद्धांतों को अमल में नहीं लाते हैं।



## समानता का अधिकार धर्म और जाति से ऊपर हो

डॉ. अम्बेडकर समानता को लेकर काफी प्रतिबद्ध थे। उनका मानना था कि समानता का अधिकार धर्म और जाति से ऊपर होना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को विकास के समान अवसर उपलब्ध कराना किसी भी समाज की प्रथम और अंतिम नैतिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। अगर समाज इस दायित्व का निर्वहन नहीं कर सके तो उसे बदल देना चाहिए। वे मानते थे कि समाज में यह बदलाव सहज नहीं होता है, इसके लिए कई पद्धतियों को अपनाना पड़ता है। आज जब विश्व एक तरफ आधुनिकता की ओर बढ़ रहा है तो वहीं दूसरी तरफ विश्व में असमानता की घटनाएँ भी देखने को मिल रही हैं। इसमें कोई दो राय नही है कि असमानता प्राकृतिक है, जिसके चलते व्यक्ति रंग, रूप, लम्बाई तथा बुद्धिमता आदि में एक-दूसरे से भिन्न होता है। लेकिन समस्या मानव द्वारा बनायी गई असमानता से है, जिसके तहत एक वर्ग, रंग व जाति का व्यक्ति अपने आप को अन्य से श्रेष्ठ समझ संसाधनों पर अपना अधिकार जमाता है। यूएनओ द्वारा इस संदर्भ में प्रति वर्ष नस्लीय भेदभाव उन्मूलन दिवस मनाया जाता है, जो आज भी समाज में व्याप्त असमानता को प्रकट करता है। भारत में इस स्थिति की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए संविधान के अंतर्गत अनुच्छेद 14 से 18 में समानता का अधिकार का प्रावधान करते हुए समान अवसरों की बात कही गई है। यह समानता सभी को समान अवसर उपलब्ध करा सकें, इसके लिए शोषित, दबे-कुचलों के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया। इस प्रकार अम्बेडकर के समानता के विचार न सिर्फ उन्हें भारत के संदर्भ में, बल्कि विश्व के संदर्भ में भी प्रासंगिक बनाते हैं।रंगो का वर्गीकरण दशकों पहले हो चुका है। सफेद रंग ईसाइयों का तो भगवा रंग हिंदुओं का, हरे रंग पर मुसलमानों का पेटेंट है। रंग देखते ही हम समझ जाते हैं कि कौन व्यक्ति किस धर्म का है लेकिन दलित तो कोई धर्म नहीं है फिर दलित समाज की पहचान नीले रंग से क्यों होती है। जवाब आसान है, क्योंकि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर हमेशा नीला रंग पहनते थे परंतु सवाल यह है कि विदेश से उच्च शिक्षा ग्रहण करके लौटे डॉक्टर अंबेडकर नीले रंग के कपड़े क्यों पहनते थे। क्या वो अपनी कोई अलग पहचान बनाना चाहते थे या इसके पीछे कोई बड़ा संदेश छुपा हुआ है।